दैनिक सच्चाई की जंग
# लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :268
प्रतापगढ़ | बुधवार , 31 जुलाई-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# योगी सरकार ने पेश किया 12,909 करोड़ का अनुपूरक बजट

## ● प्रस्तावित अनुपूरक बजट का आकार इस वर्ष के मूल बजट का 1.66 प्रतिशत

**▶▶ अनुपूरक बजट में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार पर विशेष फोकस**



**लखनऊ, (हि.स.)।** योगी सरकार ने प्रदेश के विकास को और गति देने, युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने के लिए विधानसभा में मंगलवार को 12 हजार 909 करोड़ 93 लाख का अनुपूरक बजट पेश किया। यह बजट वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि अनुपूरक बजट में राजस्व लेखा व्यय 4 हजार 227.94 करोड़ और पूंजी लेखा का व्यय 7,981.99 करोड़ रुपये है। प्रस्तावित अनुपूरक बजट का आकार इस वर्ष के मूल बजट का 1.66 प्रतिशत है।वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने अनुपूरक बजट में 7500.81 करोड़ औद्योगिक विकास, 2000 करोड़ ऊर्जा विभाग, एक हजार करोड़ परिवहन विभाग को नई बसें खरीदने के लिए बजट प्रस्तावित किया है। इसके साथ ही नगर विकास विभाग की अमृत योजना की सहायता के लिए 600 करोड़, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए 200 करोड़, ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपन जिम के लिए 100 करोड़, माध्यमिक शिक्षा विभाग के तहत 284 राजकीय इंटर कॉलेजों में लैब की स्थापना के लिए 28.40 करोड़, 1040 राजकीय इंटर कॉलेज में आईसीटी लैब की स्थापना के लिए 66.82 करोड़ की व्यवस्था अनुपूरक बजट में की गयी है। इसके अलावा संस्कृति विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए 74.90 करोड़, अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना के लिए 53.85 करोड़ रुपये दिये हैं। इनमें आवासीय एवं अनावासीय भवनों के अनुरक्षण के लिए 2.79 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे।वित्त मंत्री ने कहा कि प्रदेश में युवाओं को राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन समिति के गठन एवं योजना के संचालन के लिए 49.80 करोड़, विधानसभा सचिवालय के डाटा सेंटर के नवीनीकरण के लिए 3.25 करोड़, विधानसभा मंडप के डिजिटल कम्युनिकेशन सिस्टम और सहवर्ती उपकरणों के विस्तार के लिए 1.98 करोड़ और विधानसभा लाइब्रेरी परिसर में डिजिटल सीसीटीवी सर्विलांस व कैमरा प्रणाली की स्थापना, उपकरणों के विस्तार के लिए 2.45 करोड़ दिये हैं। वहीं अनुपूरक मांगों में 319.95 करोड़ रुपये नई मांगों और अन्य योजनाओं के लिए हैं।

### सपा के लोग महिलाओं के लिए खुद खतरा - मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ,(हि.स.)। उप्र विधानसभा मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू हुई। प्रश्नकाल के दौरान सपा की सदस्य डॉ रागिनी सोनकर ने महिलाओं व बच्चों के प्रति बढ़ रहे अपराध को लेकर सवाल उठाया।इस पर नेता सदन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जवाब देते हुए कहा कि 2016 की तुलना दहेज की घटना 23-24 में 17.5 फीसद कमी आई है। बलात्कार में 25.30 फीसद की कमी है। लेकिन 17 से 2024 में देखे तो महिला एवं बाल उत्पीड़न 24402 अभुयुक्त को सजा दिलाई गई।2022 2024 के मध्य 16718 को सजा दी गयी।उन्होंने कहा कि 2017 से पहले की सरकारें उतनी संवेदनशील नहीं थीं। अब पोर्टल को एक्टिव किया गया। महिला से जुड़े मामलों में पेंडिंग मामले को सुलझाने में यूपी देश में दूसरे स्थान पर है। यह सरकार महिला सुरक्षा के प्रति गंभीर है। एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन इसका प्रमाण है। जब गठन किया तो सपा ने ही सबसे ज्यादा विरोध किया। महिलाओं के खिलाफ अपराध में सपा कहीं न कहीं शामिल रहते हैं। सपा के लोग खुद महिलाओं के लिए खतरा हैं।नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के सवाल पर सीएम योगी ने कहा कि पहले तो नेता प्रतिपक्ष के पद पर चयन के लिए बधाई।

# लोकसभा में ध्वनिमत से वित्त वर्ष 2024-25 का केंद्रीय बजट पास

**▶▶ जम्मू और कश्मीर के लिए 2024-25 का बजट लोकसभा से हुआ पारित**

**▶▶ लोकसभा ने ध्वनिमत से पास किया 48.21 लाख करोड़ रुपये का बजट**




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** लोकसभा ने मंगवलार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 48.21 लाख करोड़ रुपये के केंद्रीय बजट को ध्वनिमत से पारित कर दिया है। लोकसभा ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बजट को भी ध्वनिमत से अपनी मंजूरी दे दी। इसके साथ ही उससे संबंधित विनियोग विधेयक संख्या-3 को भी सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा में बजट पर 27 घंटे चर्चा हुई, जिसमें 125 सदस्यों ने भाग लिया।इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का 5वां पूर्ण बजट पेश किया। सीतारमण ने लोकसभा में जम्मू-कश्मीर के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एक लाख 18 हजार 390 करोड़ रुपये का बजट किया। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह एक लाख 18 हजार 500 करोड़ रुपये था। इस वित्त वर्ष में इसमें 110 करोड़ रुपये की कमी आई है। सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट में किसी भी सेक्टर का बजट नहीं घटाया गया है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण ने बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कि केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.9 फीसदी और वित्त वर्ष 2025-26 तक 4.5 फीसदी से नीचे लाने का प्रस्ताव है। सीतारमण ने बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि हमने इस वित्त वर्ष में जम्मू-कश्मीर के लिए केंद्रीय बजट में 17 हजार करोड़ रुपये की पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान की है। इसमें जम्मू-कश्मीर पुलिस की लागत के वित्तपोषण के लिए 12 हजार करोड़ रुपये शामिल हैं।वित्त मंत्री ने लोकसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह वह बोझ है जिसे हम अपने कंधों पर लेना चाहते हैं, ताकि जम्मू-कश्मीर को विकास गतिविधियों पर पैसा खर्च करने में अधिक लचीलापन मिले। इसके बाद केंद्रीय बजट और जम्मू-कश्मीर के बजट को लोकसभा ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ ही संबंधित विनियोग विधेयक भी सदन ने पारित कर दिया।

## पेरिस ओलंपिक 2024



# एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं मनु भाकर




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** मनु भाकर मंगलवार को एक ही ओलंपिक खेल में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली भारतीय महिला बन गई, जब उन्होंने पेरिस ओलंपिक में दक्षिण कोरिया को 16-10 से हराकर 10 मीटर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में सरबजोत सिंह के साथ कांस्य पदक जीता।उन्होंने इससे पहले 2024 पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ भारत का खाता खोला था।मनु भाकर से पहले नॉर्मन प्रिचर्ड ने 1900 के ओलंपिक खेल में एथलेटिक्स में दो रजत पदक जीते थे। हालांकि तब भारत ब्रिटिश शासन के अधीन था। जबकि मनु ओलंपिक खेल में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली एथलीट बनीं हैं।प्रिचर्ड के बाद (आज से पहले) कोई भी भारतीय एथलीट एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने में कामयाब नहीं हुआ था।

# वायनाड भूस्खलन में 106 लोगों की मौत, कई घायल

## ● राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने वायनाड की घटना पर जताया दुःख , अनुग्रह राशि की घोषणा

**▶▶ राज्य में दो दिन का शोक**

**▶▶ राहुल-प्रियंका जाएंगे वायनाड**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केरल के वायनाड जिले के मेप्पडी, मुंडक्कई टाउन और चूरल माला में मूसलाधार बारिश के बीच आज सुबह हुए भूस्खलन में जानमाल की बड़ी क्षति हुई है। वायनाड जिले के ऊंचाई वाले गांवों में सैकड़ों घर जमींदोज हो गए हैं। भूस्खलन में अब तक 106 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है और 116 लोग घायल बताये जा रहे हैं। मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है और कई लोग अभी भी लापता हैं।भारी बारिश के दौरान रात करीब एक बजे मुंडक्कई कस्बे में पहला भूस्खलन हुआ। वहां बचाव अभियान जारी था कि सुबह करीब 4 बजे चूरलमाला स्कूल के पास दूसरा भूस्खलन हुआ। चूरलमाला टाउन में पुल ढहने के बाद क्षेत्र में लगभग 400 परिवार फंसे हुए हैं। यह पुल मुंडक्कई में अट्टमाला तक पहुंचने का एकमात्र रास्ता है और इसके ढहने से बचाव कार्य बुरी तरह प्रभावित हुआ है।वायनाड में भूस्खलन की घटना में कम से कम 106 लोगों की जान जाने के बाद केरल सरकार ने आज और कल राज्य में आधिकारिक शोक की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वायनाड में हुए भूस्खलन में मृतकों के परिजनों के लिए 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने इस आपदा पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री से बातचीत की है और केन्द्र की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।एनडीआरएफ और सेना दोनों ही बचाव कार्यों में जुटे हैं। भूस्खलन से पेड़ उखड़ गए हैं। लगातार पानी का बहाव जारी है और कई घर जमींदोज हो गए हैं। सैकड़ों लोगों के फंसे होने की आशंका है।केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि सभी सरकारी एजेंसियां बचाव कार्यों में शामिल हो गई हैं और स्वास्थ्य विभाग - राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने एक नियंत्रण कक्ष खोला है। आपातकालीन सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर, 9656938689 और 8086010833 भी जारी किए गए हैं।वायनाड जिले में बड़े पैमाने पर भूस्खलन के बाद आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों की देखरेख के लिए सीराम संबाशिव राव आईएएस को विशेष अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।भारतीय सेना की टुकड़ी चूरलमाला में भूस्खलन स्थल पर पहुंची है। रस्सियों का उपयोग करके, सैनिकों को चूरलमाला के वार्ड नंबर 10 में सहायता और बचाव प्रयासों को पूरा करने के लिए नदी के उस पार ले जाया जा रहा है जो उफान पर है।सेना ने बचाव कार्यों में सहायता के लिए रक्षा सुरक्षा कोर के 200 सैनिकों और एक मेडिकल टीम को तैनात किया। इसके अतिरिक्त, प्रयासों में सहायता के लिए सुलूर में वायु सेना स्टेशन से दो हेलीकॉप्टर भेजे गए हैं।एनडीआरएफ का कहना है कि उनकी टीमें वायनाड में विभिन्न स्थानों पर हैं। एनडीआरएफ की 3 टीमें पहले से ही वायनाड में हैं। हम बचाव कार्य करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। हम भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र के अंदरूनी हिस्सों तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी स्थिति का जायजा लेने के लिए बुधवार को वायनाड जाएंगे। राहुल गांधी वायनाड से सांसद हैं।

# संसद में भिड़ गए अनुराग-राहुल

## ● कहा- मुझे गाली दी, बीजेपी सांसद बोले- मैंने किसी का नाम नहीं लिया



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** लोकसभा में उस समय हंगामा हुआ जब भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने जाति जनगणना के मुद्दे पर कांग्रेस और राहुल गांधी पर परोक्ष कटाक्ष किया। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर पर केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान लोकसभा के अंदर उनका अपमान करने और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। ठाकुर के इस तंज पर कि जिनकी जाति का पता नहीं है, वे जाति जनगणना के बारे में बात करते हैं, गांधी ने कहा कि जो भी आदिवासी, दलित और पिछड़ों के मुद्दे उठाता है, उसे गाली दी जाती है। भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने कहा कि मैंने कहा था कि जो जाति के बारे में नहीं जानता, वह जनगणना की बात करता है। मैंने किसी का नाम नहीं लिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि जो भी आदिवासी, दलित और पिछड़े के मुद्दे उठाता है, उसे गाली दी जाती है। मैं इन गालियों को खुशी-खुशी स्वीकार करूंगा अनुराग ठाकुर ने मुझे गाली दी है और मेरा अपमान किया है। लेकिन मैं उनसे कोई माफी नहीं चाहता। मैं इन गालियों को खुशी से स्वीकार करूंगा...अनुराग ठाकुर ने मुझे गालियां दी हैं और मेरा अपमान किया है। लेकिन मैं उनसे कोई माफी नहीं चाहता। राहुल गांधी ने ठाकुर के भाषण को बीच में रोकते हुए कहा कि आप जितना चाहें मेरा अपमान कर सकते हैं, लेकिन आपको यह नहीं भूलना चाहिए कि हम संसद में जाति जनगणना विधेयक पारित कराएंगे।लोकसभा की कार्यवाही की अध्यक्षता कर रहे जगदंबिका पाल ने सदन को व्यवस्थित करने की कोशिश की। हालाँकि, सांसद अपना असंतोष व्यक्त करते रहे। शोर-शराबे के बीच राहुल गांधी ने कहा कि इस देश में जो भी दलितों के लिए बोलता है, उनके लिए लड़ता है, उन्हें दूसरों से गालियां खानी पड़ती हैं. मैं सारी गालियां खुशी-खुशी खा लूंगा...महाभारत में अर्जुन की तरह, मैं सिर्फ देख सकता हूं%% मछली की आँख, हम जातीय जनगणना करा देंगे, आप मुझे जितनी बार चाहें गाली दे सकते हैं।

# किसी भी सेक्टर का बजट नहीं घटाया गया, साल 2047 तक हम विकसित भारत बनाएंगे-वित्त मंत्री




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि पूंजीगत व्यय के कारण कोविड के बाद हमने उच्च गति से विकास किया है और अब हमारा देश सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। सीतारमण ने कहा कि मैं सदन के प्रत्येक सदस्य को धन्यवाद देना चाहूंगी जिन्होंने यहां प्रस्तुत बजट पर अपनी बात रखी और इसमें रुचि ली। मैं सदन के लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली इस सरकार को लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक कार्यकाल देने के लिए यह लोगों के विश्वास और उस प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है जिसके साथ प्रधानमंत्री देश का नेतृत्व कर रहे हैं और इसलिए स्थिरता का निर्माण कर रहे हैं और जन-केंद्रित नीतियों के साथ आ रहे हैं। हम सभी 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण के लिए मिलकर काम करेंगे।लोकसभा में अपने जवाब में वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार का खर्च तेजी से बढ़ा है. आज यह रु. 48.21 लाख करोड़. %23-24 के दौरान इसके 7.3त्न और %23-24 के पूर्व वास्तविक आंकड़ों के मुकाबले 8.5त्न बढ़ने का अनुमान है। जम्मू-कश्मीर में 15-59 वर्ष के आयु वर्ग में बेरोजगारी दर वास्तव में कम हो गई है, 2020-21 में 6.4त्न से घटकर 2021-22 में 5.7त्न और 2022-23 में 4.4त्न हो गई है। माननीय प्रधान मंत्री द्वारा मुझ पर जताए गए भरोसे से मैं बहुत अभिभूत हूं और यह मुझे और भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार में चोरी से मचा हड़कंप

## ▶▶ जांच समिति ने नकली चाबियों को लेकर किया हैरान करने वाला दावा




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार में चोरी की संभावना जताई गई है। जगन्नाथ मंदिर की जांच समिति ने इस बात का संदेह जताया कि पूर्व में नकली चाबियों के जरिए कीमती सामान की चोरी संभव है। समिति की बैठक में तमाम मेंबर्स ने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि चोरी के लिए डुप्लीकेट चाबी का इस्तेमाल किया गया था। डुप्लीकेट चाबियों के खराब होने के बाद ताले टूटने के बाद, यह स्थापित हो गया है कि कीमती सामान चुराने का एक आपराधिक मकसद और इरादा था।समिति के सदस्य जगदीश मोहंती ने पुरी में पैनल के अध्यक्ष बिश्वनाथ रथ द्वारा बुलाई गई बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि डुप्लीकेट चाबी का मुद्दा एक धोखा था क्योंकि चोरी के प्रयास से इनकार नहीं किया जा सकता है। प्रशासन के पास उपलब्ध दो डुप्लीकेट चाबियां खराब होने के बाद समिति के सदस्यों ने 14 जुलाई को रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष के तीन ताले तोड़ दिए। 2018 में, आंतरिक कक्ष की मूल चाबियाँ गायब होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद पिछली नवीन पटनायक सरकार को उड़ीसा एचसी के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति रघुबीर दास द्वारा जांच का आदेश देना पड़ा।राजस्थान कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मोहंती ने कहा कि समिति सरकार को आपराधिक जांच शुरू करने की सिफारिश करने के लिए अधिकृत नहीं है। भीतरी कक्ष में तीन लकड़ी की अलमारियाँ, एक स्टील की अलमारियाँ, दो लकड़ी की पेटियाँ और एक लोहे की पेटी थी। मंदिर प्रशासन के सूत्रों ने कहा कि केवल एक लकड़ी की अलमारी बंद पाई गई। 11 मई को ओडिशा में चुनाव पूर्व अभियान के दौरान, पीएम मोदी ने डुप्लिकेट चाबियों की मौजूदगी को लेकर पिछली बीजेडी सरकार पर जमकर हमला बोला था। मोदी ने पूछा था कि असली चाबियों का गायब होना एक गंभीर मामला है और डुप्लीकेट चाबियों का होना और भी चिंताजनक है। क्या डुप्लीकेट चाबियों का इस्तेमाल भगवान के आभूषणों की हेराफेरी के लिए किया गया था।

# चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत, वीवीपेट पर्चियों के ईवीएम मशीन से मिलान की पुनर्विचार याचिका खारिज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपेट पर्चियों के ईवीएम मशीन से 100 फीसदी मिलान कराने की मांग वाली पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपंकर दत्ता की बेंच ने अपने फैसले में कहा कि याचिका में दिए गए आधार पर विचार करने के बाद हमारा य़ह मानना है कि 26 अप्रैल के फैसले पर पुनर्विचार का कोई मामला नहीं बनता।दरअसल इसी 26 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपीएटी और ईवीएम मशीन की पर्चियों का 100 फीसदी मिलान करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था। इसके साथ ही याचिका में चुनाव को बैलट पेपर से कराए जाने की भी मांग की गई थी, जिसको सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। पुनर्विचार याचिका अरुण कुमार अग्रवाल द्वारा दायर की गई थी, जिन्होंने पहले भी इस मुद्दे पर जनहित याचिका दायर की थी।

## देशभर के वकीलों के लिए राहत

# बार काउंसिल ऑफ इंडिया रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में हजारों रुपये नहीं वसूल सकताः सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** वकीलों के लिए एक राहत भरी खबर है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया और राज्यों के बार काउंसिल वकीलों के रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में हजारों रुपये नहीं वसूल सकते । चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि एडवोकेट एक्ट के मुताबिक वकीलों से उनके रजिस्ट्रेशन के लिए सामान्य वर्ग के लिए 750 रुपये और एससी-एसटी वर्ग के लिए 125 रुपये हैं। ऐसे में बार काउंसिल इससे ज्यादा रजिस्ट्रेशन फीस नहीं वसूल सकते ।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एडवोकेट एक्ट की धारा 24((1) (एफ) के मुताबिक किसी वकील से जितनी फीस तय है उससे ज्यादा कोई राशि नहीं वसूली जा सकती है। इसके मुताबिक सामान्य वर्ग के वकीलों से राज्य बार काउंसिल 600 रुपये और बार काउंसिल ऑफ इंडिया 150 रुपये वसूल सकती है जबकि एससी-एसटी वर्ग के वकीलों के लिए राज्य बार काउंसिल 100 रुपये और बार काउंसिल ऑफ इंडिया 25 रुपये वसूल सकती है।सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि संसद ने वकीलों के रजिस्ट्रेशन की फीस तय की है और ऐसे में बार काउंसिल इसका उल्लंघन नहीं कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि ये आदेश पहले से रजिस्टर्ड वकीलों के लिए लागू नहीं होगा बल्कि अब जो भी नए वकील रजिस्ट्रेशन कराएंगे उनके लिए लागू होगा। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई थी जिसमें राज्यों के बार काउंसिल की ओर से वकीलों के रजिस्ट्रेशन के लिए कई गुना ज्यादा फीस मांगने को चुनौती दी गई थी।

# पंजाब में रोकी गई सोमनाथ एक्सप्रेस में बम होने की सूचना, मची अफरा-तफरी

**फिरोजपुर (आरएनएस)।** जम्मू से जोधपुर जाने वाली सोमनाथ एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 9226 में बम होने की सूचना के बाद अफरा-तफरी मच गई। जिसके बाद गाड़ी को फिरोजपुर के कासु बेगू रेलवे स्टेशन पर रोका गया। जिसके बाद पुलिस बल के ट्रेन की चेकिंग के लिए बुलाया गया।

# दिल्ली के कोचिंग सेंटर में हुए हादसे के बाद योगी सरकार सख्त

## प्रयागराज में 60 से अधिक कोचिंग संस्थानों में अग्नि शमन विभाग ने की छापेमारी, 11 संस्थान को जारी हुआ नोटिस



**प्रयागराज।** दिल्ली के ओल्ड राजेन्द्र नगर स्थित एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट कार्यालय में जलभराव से घटित जनहानि सम्बन्धी दुर्घटना के बाद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भी सतर्क और सक्रिय है। शासन की तरफ ऐसी दुर्घटनाओं से बचाव के लिए अपेक्षित सावधानी एवं सुरक्षा सुदृढ़ किये जाने के उद्देश्य से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। निर्देश जारी होने के बाद प्रयागराज में भी प्रशासन की तरफ से ताबड़तोड़ कार्यवाही हो रही है।

नई दिल्ली की एक कोचिंग में हुए हादसे के बाद कोचिंग संस्थानों के भवनों में सुरक्षा के लिए तय किए गए मानकों की जांच शुरू हो गई है । यूपी में कोचिंग संस्थान के हब कहे जाने वाले प्रयागराज में अग्नि शमन विभाग की तरफ से ताबड़तोड़ छापेमारी और कार्यवाही की जा रही है। चीफ फायर ऑफिसर प्रयागराज राजीव कुमार पांडे बताते हैं कि शासन के निर्देश पर कोचिंग संस्थानों में नेशनल बिल्डिंग कोड के मानकों का अनुपालन कराने और वस्तुस्थिति जानने के लिए लगातार कार्यवाही हो रही है। एफएसओ राजेश पांडे की अगुवाई में शहरी क्षेत्र के कोचिंग संस्थानों में दो टीमें बनाकर कार्यवाही की गई है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग से टीम गठित कर कार्यवाही की जा रही है। अब तक जिले में 60 कोचिंग संस्थानों पर छापेमारी की गई है जिसमें 11 कोचिंग संस्थानों में मानक पूरे न होने पर उन्हें नोटिस भेजा गया है।

### विकास प्राधिकरण ने भी कार्यवाही के लिए कसी कमर

**प्रयागराज।** नई दिल्ली की घटना के बाद प्रयागराज के बहुमंजिला इमारतों में जांच शुरू हो गई है। अग्निशमन विभाग के अलावा प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने भी भवनों की जांच शुरू कर दी है। पीडीए के विशेष कार्याधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय की टीम ने सिविल लाइंस क्षेत्र की बहुमंजिला इमारतों की जांच की, इमारतों के बेसमेंट की उपयोगिता देखी। जांच के दौरान बेसमेंट का उपयोग होते मिलने पर भवनों के कागजातों को देखा। बुधवार से शहर के कोचिंग संस्थानों के बेसमेंट उपयोग की जांच होगी। गौरतलब है कि योगी सरकार की तरफ से सोमवार को निर्देश जारी हुए कि सभी प्राधिकरण अपने क्षेत्र में निर्माणों के बेसमेंट में खासतौर से पार्किंग के स्थान पर जारी अवैधानिक गतिविधियों के नियंत्रण एवं मानक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किये जाने के संबंध में सघन जांच कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करें। बिना मानचित्र स्वीकृति अथवा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत जो भी बेसमेंट निर्मित हैं उन्हें तत्काल चिन्हित कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। ऐसे स्थल या निर्माण जहाँ बेसमेंट हेतु मानचित्र स्वीकृत हैं, वहाँ यह सुनिश्चित किया जाय कि मानसून में खुदाई न की जाय और यदि अपरिहार्य परिस्थितियों में खुदाई किया जाना आवश्यक हो, तो समुचित मानक सुरक्षा उपायों के साथ ही की जाय, जिससे वहाँ किसी प्रकार की जान-माल का खतरा उत्पन्न न हो। मानसून उपरान्त भी यदि खुदाई की जाती है, तो ऐसे स्थलों पर सुरक्षा उपायों का विशेष ध्यान रखा जाय, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो सके । कृत कार्यवाही का विवरण सूची सहित शासन को तीन कार्य दिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। इतना ही नहीं योगी ने साफ कर दिया है कि यदि किसी प्रकार की घटना घटित होती है, तो उसका उत्तरदायित्व निरीक्षण हेतु गठित दल, प्राधिकरणों / विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों एवं समस्त विनियमित क्षेत्र के सक्षम प्राधिकारी का होगा।

### डीआईओएस की दो टीमें जांच के लिए मुस्तैद

**प्रयागराज।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की तरफ से भी अब कोचिंग संस्थानों पर शिकंजा कसा जा रहा है।


डी आई ओ एस प्रयागराज पी एन सिंह बताते हैं कि जनपद में कुल 138 कोचिंग संस्थान रजिस्टर्ड हैं । इन संस्थानों में छात्र संख्या की जानकारी लेने के साथ साथ जीएसटी न जमा करने वाली कोचिंग पर कार्यवाही की जाएगी। जिले की सभी कोचिंग संस्थानों की जांच के लिए दो टीमों का गठन किया गया है जो बुधवार से अपना अभियान चलाएंगी।

# संरक्षित कृषि से रोका जा सकता है भूमि का क्षरण- डॉ मगन सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सोसाइटी ऑफ वायालॉजिकल साइंसेज और रूरल डेवलपमेंट प्रयागराज उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में ऑनलाइन दसवीं डॉक्टर गोपाल पांडेय व्याख्यानमाला संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत डॉ हेमलता पंत आयोजक सचिव ने किया। डॉ देवेंद्र स्वरूप, वैज्ञानिक पशुपालन, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर ने कार्यक्रम का की संपूर्ण जानकारी एवं मुख्य वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ मगन सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक, शस्य विज्ञान ,राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल हरियाणा थे। डॉक्टर मगन सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि संरक्षित कृषि एक ऐसी कृषि प्रणाली है जो कृषि योग्य भूमि के




नुकसान को रोक सकती है जबकि क्षरित भूमि को पुनर्जीवित कर सकती है। इसमें किसी प्राकृतिक संसाधन का सावधानी पूर्वक उपयोग किया जाता है जिससे उनका क्षरण रोका जा सके। इस कृषि की शुरुआत वर्ष 2000 के आस पास हुई। इस कृषि प्रणाली को अपनाने से पर्यावरण एवं संसाधन दोनों का संरक्षण होता है। कार्यक्रम में डॉक्टर मगन सिंह को डॉक्टर गोपाल पांडेय स्मृति सम्मान से सम्मानित भी किया गया। इस व्याख्यानमाला में धन्यवाद ज्ञापन पियूष रमन पांडेय विषय वस्तु विशेषज्ञ, शस्य विज्ञान ,कृषि विज्ञान केंद्र, अरुणाचल प्रदेश ने किया।

कार्यक्रम में डॉ अर्चना उदय सिंह, डॉ मनोज कुमार सिंह (कौशांबी), डॉ नौशाद आलम, डॉ ओंकार, डॉ सुजाता गुप्ता, डॉ ज्योति वर्मा, डॉ आरती गुप्ता, डॉ दीप्ति मुंडल, डॉ दीपा, डॉ नरेंद्र वर्मा, डॉ विजय रंजन, डॉ पल्लवी राय, डॉ आनंद सिंह, डॉ नवनीत, डॉ बबीता चौधरी, डॉ अनीता, डॉ अमित मौर्य, डॉ ढाखम जेम्स सिंह, डॉ प्रदीप, डॉ कमलेश सिंह, डॉ विनय जान, डॉ विनी जॉन सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालय के प्राध्यापक वैज्ञानिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग अतुल कुमार ने किया।

# शिव मंदिर की शोभा बढ़ा रहा फलों का राजा आम

**घूरपुर (प्रयागराज)।** क्षेत्र के पूरे खगन गांव में शिव मंदिर के बगल आम का पेड़ लोगों को धूप से राहत देने के साथ-साथ सुंदर फलों से लदा हुआ है। जिससे मंदिर की सुंदरता में चार चांद लग रहा है। सावन के महीने में अधिकांश तर आम पककर गिर जाते हैं किंतु यह अलग किस्म का पेड़ सावन महीने में भरपूर आम से लदा हुआ है। जो भी मंदिर पर पूजा करने आता है आम की सुंदर छटा को निहारता ही रह जाता है ।यह आम का पेड़ गांव के बड़े बुजुर्ग भगवती प्रसाद पटेल के दरवाजे पर बने शिव मंदिर प्रांगण में स्थित है। भगवती प्रसाद पटेल के बेटे धवल सिंह पटेल ने बताया कि यह आम जितना देखने में सुंदर है उतनी ही सुंदर इसकी मिठास भी है।



# आधार कार्ड बनाने और अपडेट कराने में की जा रही है जमकर अवैध वसूली

## 250 रुपये बनाने के तथा अपडेट के लिए 300 रूपये लिए जा रहे

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** हंडिया तहसील के थाना उतरांव क्षेत्र के महरुपुर गाँव में आधार कार्ड बनाने और अपडेट कराने के नाम पर भोले भाले गरीब लोगों से जमकर वसूली की जा रही है। आधार कार्ड बनवाने में ढाई सौ रुपए जहाँ लग रहा है वही आधार कार्ड अपडेट करने में गरीबों को 300 रुपये देना पड़ रहा है। मामले में जिम्मेदार लोगों से शिकायत तो की गयी लेकिन गोरख धंधा करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है। आपको बता दे कि सैदाबाद ब्लॉक के ग्राम सभा महरुपुर हाईवे के किनारे एक व्यक्ति के द्वारा मकान में जहां गुरुवार को नया आधार कार्ड बनाया जाता है वही दिन में इस समय आधार को अपडेट भी किया जा रहा है। मंगलवार को वहां मौजूद लोगों ने बताया कि आधार कार्ड बनवाने का जहां ढाई सौ रुपए लग रहा है वही अपडेट करने का 300 रुपये लिया जा रहा है। वहीं लोगों ने बताया कि यह गोरख धंधा काफी



दिनों से चल रहा है। पहले सोहनलाल इंटर कॉलेज के पास सलेमपुर में बनता था। अब महरुपुर हाईवे के किनारे बनाकर क्षेत्रीय लोगों का शोषण किया जा रहा है।

आपको यह भी बताते चले की इनायत पट्टी, बसगित, चांदोपारा ,महुआकोठी, बलीपुर, उतरांव, सैदहा, सरायबंशी, अतरौरा,ढोरहा,मोतिहां,नौ बाजार, समोधीपुर आदि दर्जनों गांव के लोग यहां पर आकर आधार बनवाते हैं और अपडेट करा रहे हैं। जहां उनकी जेब काटी जा रही है। हमारे संवाददाता द्वारा आज मंगलवार को वहां पहुंचकर हकीकत जानना चाहा तो यह गोरख धंधा करा रहा एक महरुपुर गाँव निवासी ब्यक्ति ने खबर न छापने की धमकी दी। हालांकि संवाददाता द्वारा अवैध वसूली की शिकायत तहसीलदार और एसडीएम हंडिया से करके कार्रवाई की मांग की गई। लेकिन स्थानीय लोगों ने बताया कि शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। यहां गरीबों से अवैध वसूली की शेयर सबको जाता है। इसीलिए कई सालों से चल रहा यह वसूली केन्द्र बंद नहीं किया जा रहा है। आधार कार्ड बनाने के नाम पर गरीबों का खून चूसा जा रहा है।

# किसान की बाइक चोरी सीसीटीवी खंगाल रहीं पुलिस

**नारीबारी (प्रयागराज)।** थाना शंकरगढ़ क्षेत्र में सुबह किसान अपने खेत की खेतवाई करने मोटर साइकिल रोड़ के किनारे खड़ी कर चला गया वापस आया तो मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी थी। आस-पास देखकर पुलिस को सूचना दी।

थाना शंकरगढ पुलिस चौकी नारीबारी के गडैया लोनीपार निवासी किसान अवध विहारी सिंह उर्फ़ छोटे लल्ला पुत्र राम आधार सिंह मंगलवार को सुबह साढ़े पांच बजे नारीबारी - शंकरगढ रोड़ गडैया लोनीपार पेट्रोल पंप से कुछ दूर अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर खेत देखने चले गए,आधें घंटे बाद वापस आए तो मोटरसाइकिल गायब थी। आस-पास देखकर नारीबारी पुलिस को सूचित किया मौके पर नारीबारी पुलिस पहुंच कर आस-पास लगें सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के सहारे चोरों की पहचान करने में जुटी है। भुक्तभोगी ने नारीबारी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मोटरसाइकिल में ही कागजात भी रखें थें।

# नीति निर्माण में समाज शास्त्र की गौण भूमिका चिंताजनक- प्रो. आनंद कुमार

## ईश्वर शरण पीजी कॉलेज में ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स का उद्घाटन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** ईश्वर शरण पीजी कॉलेज प्रयागराज द्वारा यूजीसी एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की महत्वाकांक्षी शिक्षक प्रशिक्षण परियोजना मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी) के तत्वावधान में ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स 'कंटेंपरेरी पर्सपेक्टिव इन सोशियोलॉजिकल इंक्वायरी' के उद्घाटन सत्र एवं प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता समाज शास्त्री, शिक्षाविद प्रो. आनंद कुमार भूतपूर्व अध्यक्ष समाज शास्त्र विभाग जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली ने किया।

उन्होंने 'राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में समाज शास्त्र की महत्ता' विषय पर अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि हमारा समाज एक प्राचीन संस्कृति का वारिस है। 1947 से हम स्वराज निर्माण या राष्ट्र निर्माण पर निकले हैं, इसमें समाज विज्ञान विज्ञान एवं राजनीति सबका योगदान होता है। नीति निर्माण एवं योजनाओं में समाज



शास्त्र की गौण भूमिका रही है यह चिंताजनक है लेकिन राष्ट्र निर्माण में समाज शास्त्र की मुख्य भूमिका है और वह अपनी इस भूमिका का सम्यक रूप से निर्वहन करता रहा है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के मौलिक पहलुओं की चर्चा करते हुए राष्ट्र निर्माण क्या है, समाज विज्ञान में समाज शास्त्र कहां है।

द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता प्रो. कुमार सुरेश शैक्षिक प्रशासन विभाग न्यूपा नई दिल्ली द्वारा 'सोशियोलॉजी फॉर द 21वीं सेंचुरी ग्लोबल कॉन्टेक्स्ट एंड इंडियन इंपरेटिव्स' विषय पर अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि 21वीं सदी समाज शास्त्र के लिए गंभीर चुनौती की सदी है। आज हम वैश्वीकरण, उत्तर आधुनिकता, सूचना समाज, ज्ञान मूलक समाज, नागरिक समाज और कृत्रिम बुद्धिमता के समाज में रह रहे हैं। उन्होंने अगस्त काम्ट से लेकर दुर्खीम, मिड, ब्लूमर और भारतीय समाज शास्त्रियों श्री निवास, श्यामा चरण दुबे, रामकृष्ण मुखर्जी, डीपी मुखर्जी डीएम धनार्ग, योगेंद्र सिंह आदि समाज वैज्ञानिकों को उपरोक्त संदर्भ में महत्व को रेखांकित किया। उद्घाटन सत्र में अतिथियों का स्वागत एवं रिफ्रेशर कोर्स की रूपरेखा कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विकास कुमार ने प्रस्तुत की। प्रशिक्षण केंद्र के सहायक निदेशक डॉ. मनोज कुमार दुबे ने एमएमटीटीसी केंद्र की रूपरेखा तथा उपलब्धियां की चर्चा की।कार्यक्रम का संचालन सहायक संयोजक डॉ. विवेक कुमार यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रतिभागी शिक्षक डॉ. सुजीत कुमार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों डॉ. धीरज चौधरी, डॉ. आनंद सिंह, डॉ. अरविंद कुमार मिश्र, डॉ. गायत्री सिंह एवं देश के विविध क्षेत्र विविध राज्यों से लगभग 100 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब इलाहाबाद अरूणिमा ने की आंगनबाड़ी सेवा




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था लायंस क्लब द्वारा पूरे देश में चलाई जाने वाली आंगनबाड़ी सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत आज लायंस क्लब की शाखा लायंस क्लब इलाहाबाद अरूणिमा के तत्वावधान में आंगनबाड़ी सेवा के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय, कटरा, प्रयागराज प्रांगण में स्थित आंगनबाड़ी में 50 बच्चों को स्वल्पाहार वितरित किया गया। बच्चे बहुत खुश थे। इसके पश्चात होमियोपैथी चिकित्सा के डॉ एस.के. शुक्ला, होम्योपैथिक चेयरपर्सन ने सभी बच्चों एवं स्टाफ मेम्बर्स का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। लायन श्रीश श्रीवास्तव, आंगनबाड़ी चेयरपर्सन लायन डॉ ए..डी. दुबे, संतोष तिवारी के अतिरिक्त आंगनबाड़ी संचालिका सुनीता उपस्थित मौजूद थीं।

# घरवालों की डांट से नाराज होकर दो सगे भाई पहुंचे दिल्ली

## घर से 60 हजार लेकर भागे, बदमाशों ने किया लूटने का प्रयास

**प्रयागराज।** करैली थाना क्षेत्र के रहने वाले दो सगे भाइयों ने घरवालो की डांट के बाद नाराज होकर घर से बिना बताये चले गये। दोनो के अचानक से लापता होने के बाद पूरा परिवार दोनों की तलाश करने लगे। दोनों भाई घर से 60 हजार रुपये भी ले गये। दिल्ली पहुंचने पर दोनों से लूट की कोशिश की गयी, लेकिन स्टेशन पर रहे यात्रियों ने उन्हें लूटने से बचा लिया। लोगों ने सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने उनके घरवालो का नंबर लेकर जानकारी दी। जिसके बाद घरवालों ने राहत की सांस ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार करेली थाना क्षेत्र के सी ब्लॉक में रहने वाले जीशान इकबाल दुबई की कंपनी में नौकरी करते हैं। दोनों बच्चे इलाहाबाद पब्लिक स्कूल में पढ़ते हैं। एक कक्षा 9 और दूसरा कक्षा सात का छात्र है। घरवालों के मुताबिक शनिवार को दोनों सुबह घर से स्कूल जाने को निकले और वापस घर नहीं



लौटे। परेशान होकर तलाश में काफी खोजबीन की गयी। इसके बाद सोशल मीडिया पर दोनों बच्चों की फोटो वायरल होने लगी।घरवालों ने बताया कि अचानक दिल्ली से एक फोन आया कि दोनों बच्चे स्टेशन पर हैं। उनके पास काफी रुपए हैं। कुछ लड़के उनका पैसा लूटने की कोशिश में थे, लेकिन बच्चो के शोर मचाने पर स्टेशन पर यात्रियों ने लुटने से बचा लिया।

घरवालों ने बताया कि उनके एक रिश्तेदार दिल्ली जामिया कॉलेज में प्रोफेसर हैं। जब उन्हें इसकी जानकारी दी गयी तो वह मौकेपर पहुंचकर बच्चों को अपने साथ ले गये। उन्होंने बताया कि घर में डांट पड़ी थी। जिसके बाद दोनों स्कूल के लिए निकले थे। लेकिन स्कूल न जाकर वह दोनों प्रयागराज जंक्शन पहुंच गये। दोनों बच्चे ट्रेन से दिल्ली पहुंच गए। बच्चों के स्कूल से न लौटने पर बौखला कर पूरे शहर में बच्चों को तलाश करने लगे। वहीं दोनों दिल्ली पहुंचकर रेलवे स्टेशन के बाहर भटक रहे थे। तभी बच्चों के पास रुपए देख स्टेशन पर दोनों से कुछ लोगों ने छीना-झपटी शुरु कर दी। शोर मचाने पर कुछ यात्री पहुंचे और उन्हें बचा लिया। दोनों भाइयों को लोगों ने बैठा लिया और घरवालों का मोबाइल नंबर लेकर फोन पर जानकारी दी। जिसके बाद घरवालों को राहत मिली।

# कलेक्ट्रेट के स्ट्रांग रूम में रखे जाएंगे पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर

## किसी भी प्रकार की लीकेज रोकने के लिए रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**प्रयागराज।** अगले माह होने वाली पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा के पेपर रखने का इंतजाम कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार के प्रथम तल पर स्ट्रांग रूम में किया गया है। यहां डबल लाक में पेपर रखे जाएंगे। पेपर की एक-दो नहीं, बल्कि पांच स्तरीय सुरक्षा होगी। डिजिटल लाक को खोलने के लिए संबंधित जिम्मेदार अधिकारी के मोबाइल पर पासवर्ड आएगा, जिससे पेपर के बक्से का लाक खुल सकेगा। यह परीक्षा इसी वर्ष 17 एवं 18 फरवरी को हुई थी। पेपर आउट होने के कारण परीक्षा रद कर दी गई थी। अब 23, 24, 25 एवं 30 व 31 अगस्त को परीक्षा प्रस्तावित हुई है। परीक्षा में जिले में लगभग 23 हजार अभ्यर्थी एक पाली में शामिल होंगे। एडीएम सिटी मदन कुमार ने बताया कि संगम सभागार के प्रथम तल पर पेपर रखने के लिए स्ट्रांग रूम बनाया जाएगा। जिसमें कुल 10 सेट पेपर रखे जाएंगे। पिछली बार जिले में पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए कुल 126 केंद्र बनाए गए थे। तब दो लाख 78 हजार 976 अभ्यर्थी थे। इस बार कुछ अभ्यर्थी कम हुए हैं, जो अन्य स्थानों पर जाब में आ चुके हैं, मगर परीक्षा केंद्र आधे से भी कम हो गए हैं। ऐसे में यह परीक्षा कराना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती हो सकती है।

एडीएम व डीसीपी रैंक के प्रशासन व पुलिस के अफसर इसकी सुरक्षा के नोडल अधिकारी होंगे। उनके साथ मजिस्ट्रेट और एसीपी, इंस्पेक्टर व पुलिस कांस्टेबल तैनात रहेंगे।

फरवरी में हुई पुलिस भर्ती परीक्षा में लगाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों का मानदेय आ गया है। लगभग एक करोड़ 10 लाख रुपये अधिकारियों, कर्मचारियों और कक्ष निरीक्षकों आदि को दिए जाएंगे। अब आगामी परीक्षा के लिए अलग से मानदेय दिया जाएगा।

परीक्षा के लिए जिले में कुल 56 केंद्र बनाने का प्रस्ताव तैयार हुआ है, जिसमें विश्वविद्यालय परिसर के भी कई विभाग हैं। एमएनएनआइटी को भी सेंटर बनाने का प्रस्ताव है।

डीआइओएस पीएन सिंह ने बताया कि तीन एडीआइओएस ने करीब 40 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। वहां पर पूर्व में निर्धारित छात्र संख्या व बैठने की व्यवस्था को भी देखा। अन्य केंद्रों का निरीक्षण अगले दिन किया जाएगा। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी के साथ आइ-रेश कैप्चरिंग मशीन व फेस रिकग्नेशन मशीन भी लगाई जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर तलाशी के लिए पुरुष के साथ महिला कांस्टेबल भी तैनात होंगी। परीक्षा में किसी प्रकार की डिवाइस, थर्मस, टप्स, स्मार्ट वाच, मोबाइल आदि प्रतिबंधित रहेगा।

# सृष्टि शर्मा बनीं कैप्टेन एवं श्री शर्मा तथा जिज्ञासा वाईस कैप्टेन

**प्रयागराज।** आर्य कन्या इंटर कॉलेज, प्रयागराज में प्रबंधक पंकज जायसवाल के संरक्षण एवं प्रधानाचार्या श्रीमती अर्चना जायसवाल के दिशा निर्देशन से छात्र परिषद का गठन किया गया।

कक्षा 11 एवं 12 की छात्राओं का बैज-अलंकरण कर उनको उनके कार्यों से अवगत कराया गया।

सृष्टि शर्मा को विद्यालय का कैप्टेन एवं श्री शर्मा तथा जिज्ञासा को विद्यालय का वाईस कैप्टेन नियुक्त किया गया। छात्र परिषद का कार्य विद्यालय में अनुशासनात्मक कार्यो के अतिरिक्त छात्र-छात्राओं को यथासंभव सुविधा सहायता एवं सेवाएं प्रदान करना है। छात्र परिषद की सभी छात्राओं को यह शपथ दिलाई गई कि वह अपना कार्य पूरी ईमानदारी एवं कर्मठता के साथ करेगी तथा अपने पद का दुरुपयोग नहीं



करेंगी ।प्रबंधक पंकज जायसवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र परिषद केवल छात्र संगठन नहीं बल्कि यह देश का उज्जवल भविष्य है। आज के युवाओं के चरित्र निर्माण का आधार है। यह घने अंधेरे में आती रोशनी की किरण है। विद्यालय की सभी छात्राओं से यह अपेक्षा की जाती है कि वे भविष्य में राष्ट्र निर्माण में अपना पूर्ण सहयोग देगी।

प्रधानाचार्या अर्चना जायसवाल ने कहा कि छात्र शक्ति समाज को सुधारने और उसे मजबूत करने वाली घटकों में से एक है। आप सभी छात्राओं से यही अपेक्षा की जाती है कि आप अपनी शिक्षिकाओं का पूर्ण सहयोग करेंगी एवं विद्यालय के अनुशासनात्मक एवं कार्यात्मक सभी कार्यों में हिस्सा लेंगी ।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या श्रीमती आशा श्रीवास्तव, नीना प्रजापति, ऋतु अरोरा, वंदिता अस्थाना, अनुपमा श्रीवास्तव, सलोनी अग्रवाल, रैहा इदरीश, विभा सिंह, नीलम श्रीवास्तव, वंदना मिश्रा आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# युवक कांग्रेस और अधिवक्ताओं ने सौंपा बोर्ड ऑफ़ रेवेन्यू के अध्यक्ष को ज्ञापन

**प्रयागराज।** आज यूपी रेवन्यू बोर्ड के चेयरमैन के नाम ज्ञापन युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में अधिवक्ताओ ने दिया।

अधिवक्ताओं का कहना है कि पिछले लगभग 10-15 दिनों से बोर्ड में हड़ताल है जो की पूरी तरह से नियम विरूद्ध है। आम अधिवक्ता और वाद कारियो का लगातार अहित और शोषण करने वाली इस बार को और सीट पर नहीं बैठने वाले मेम्बर को चेतावनी दी गई की तत्काल रूप से आप अपने न्यायालय में बैठिए और लगातार हड़ताल करने वालों से अपनी मिलीभगत तोड़िये नहीं तो युवा कांग्रेस आपके ख़िलाफ़ आंदोलन को बाध्य होगी और उच्च न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाएगी आपको जवाब देना होगा।

उन्होंने कहा कि इस तरह के हड़ताल जिसका संबंध ना तो वादकारियो के



हित में है ना ही आम अधिवक्ताओं के हित में। इसकी धमक सदन में विपक्ष के नेता गणों द्वारा सुनायी देगी। ज्ञापन सौपने में युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष और यूपी बोर्ड ऑफ़ रेवन्यू के अधिवक्ता जितेश कुमार मिश्र, अधिवक्ता देवधर तिवारी, चंद्रिका पांडेय, ओम प्रकाश दुबे, निशांत रस्तोगी, नमन श्रीवास्तव, इमरान अली, सुनील यादव, विनय पांडे, अतिक ख़ान, सुमेश आदि उपस्थित रहे।

# सरकारी संरक्षण में खूब फल फूल रहा है कूटरचित रजिस्ट्री का खेल

**प्रयागराज।** नगर के सदर तहसील में कूटरचित रजिस्ट्री व बैनामा बनाने व कब्जा करने वाले माफिया अतीक अहमद के गुर्गों को पकड़कर खुलासा करने से पुलिस बचती है, जबकि अन्य मामलों में माफियाओं पर सख्त कार्रवाई भी हो रही है, मगर जमीनों की कूटरचित रजिस्ट्री या फर्जी वसीयत के खुलासे से आखिर क्यों बचती है। यह जानने के लिए बहुत जद्दोजहद के बाद तमाम विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी चौकाने वाली है। मामला राजस्व विभाग का है। अति विश्वस्त सूत्रों की मानें तो पुलिस प्रशासन के सभी आलाधिकारी जानते हैं कि बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा होता है, लेकिन राजस्व विभाग के चपरासी, बाबू, सब रजिस्ट्रार, तहसील के चपरासी, बाबू, अमीन, लेखपाल, क़ानूनगो, नायब, तहसीलदार, एसडीएम व और बड़े अधिकारियों की गर्दन फंस सकती है। इसीलिए एसटीएफ, क्राइम ब्रांच, एसओजी कोई खुलासा नहीं करती है, और न ही सीबीआई के पास इस अति गंभीर मामले को जाने देती है, और न ही कूटरचित दस्तावेजों की कोई फॉरेन्सिक जाँच कराई जाती है। वरना 24 घण्टे के अन्दर सारे भू-माफियाओं, ठगों व भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे विभागीय अधिकारी, कर्मचारी पकड़ जाएँ और वर्षो से बदस्तूर चल रहे जमीन, मकान के कूटरचित दस्तावेज बनाने वाले गैंग का खुलासा हो जाए। मुख्यमंत्री योगी के अलावा किसी की हैसियत नहीं है जो फर्जीवाड़े के इस काकस को तोड़ सके, क्योंकि जिले का कोई अधिकारी नहीं चाहेगा कि इन खरतनाक भू - माफियाओं का खुलासा हो जिस कारण भ्रष्टाचार में डूबे सरकारी लोगों पर भी कार्रवाई हो

# एनडी कान्वेंट स्कूल एण्ड कॉलेज में विद्यार्थियों के नेतृत्व क्षमता को सशक्त बनाने हेतु बैज अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** भरवारी स्थित एन0डी0 कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में एक इन्वेस्टर सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को विभिन्न पदों पर नियुक्त कर उनकी नेतृत्व क्षमता को मान्यता दी गई। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना था। समारोह की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा के प्रेरणादायक भाषण से हुई। उन्होंने छात्रों को उनकी नई जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया और उन्हें पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। बैज समारोह में स्कूल कैप्टन ब्वॉयज आलोक केसरवानी ,स्कूल कैप्टन गर्ल अंशिका, हेड ब्वॉय विकल्प त्रिपाठी, हेड गर्ल श्रेयांशी ,स्पोर्ट्स कैप्टन ब्वॉय रितेश दिवाकर, स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल सिमरन, डिसिप्लिन कैप्टन ब्वॉयज सच्चिदानंद, डिसिप्लिन कैप्टन गर्ल गौरी शुक्ला, एक्टिविटी कैप्टन बाय विजय पांडे एक्टिविटी कैप्टन गर्ल सेजल गौतम को बैच पहना कर के सम्मानित किया गया वहीं ब्लू हाउस कैप्टन ब्वॉयज वंश केसरवानी, ब्लू हाउस कैप्टन गर्ल गरिमा पाल, रेड हाउस कैप्टन ब्वॉय नमन ,रेड हाउस कैप्टन गर्ल श्रेया कुशवाहा , येलो हाउस कैप्टन ब्वॉयज विराट, येलो हाउस कैप्टन गर्ल श्रेया केसरवानी ,ग्रीन हाउस कैप्टन ब्वॉयज हर्षित, ग्रीनहाउस कैप्टन गर्ल मौली को प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने अपने प्रस्तुतियों के माध्यम से नेतृत्व और जिम्मेदारी के महत्व को बखूबी दर्शाया। संस्थान के अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि यह समारोह केवल पदों का वितरण नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी नव नियुक्त छात्रों को शुभकामनाएं दीं और पद, गोपनीयता की शपथ दिलवाई और उन्हें ईमानदारी, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा जी ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने नव नियुक्त छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।यह इन्वेस्टर सेरेमनी छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें भविष्य में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर संस्थान के कोऑर्डिनेटर नितेश सिंह, सचिन त्रिपाठी, मनोज गुप्ता, राहुल सिंह यादव, रंजीत सिंह, मयंक जायसवाल, सुमन कुशवाहा, शैलेंद्र सिंह, पीटीआई नारायण, रुचि, गायत्री चावला, बद्री, विशाल शुक्ला आदि उपस्थित रहें।

## सामुदायिक भवन में रह रहे दिव्यांग सफाई कर्मी को अराजकतत्व कर रहे परेशान

**चायल, कौशाम्बी।** नेवादा विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय बरियांवा के प्रांगण में बने सामुदायिक भवन में रह रहे दिव्यांग सफाई कर्मी को अराजकतत्व परेशान कर रहे हैं। वह उसे वहां रहने नहीं देना चाहते हैं। मंगलवार को पीड़ित ने अराजकतत्वों के खिलाफ चौकी में शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की है।

बरियांवा गांव में तैनात सफाईकर्मी पंकज कुमार एक पैर से दिव्यांग है। वह ग्राम प्रधान की सहमति से प्राथमिक विद्यालय परिसर में बने सामुदायिक भवन में रहता है। उसी सामुदायिक भवन में पंचायत सहायक मित्र का कार्यालय भी है। जिसमें कम्प्यूटर आदि सामान रखा हुआ है। उन सभी की देखभाल भी करता है। गांव के ही कुछ दबंग उससे रहने के लिए प्रति माह पांच सौ रुपया मांग रहे हैं। उसके इंकार करने पर दबंग गाली गलौच कर उसकी फर्जी शिकायत करने की धमकी दे रहे हैं। मंगलवार को पीड़ित सफाई कर्मी ने मामले की शिकायत चौकी समेत खंड शिक्षा अधिकारी से करते हुए अराजकतत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# नौगिरा में हर मंगलवार को हेल्थ एंड वैलनेस की दी जाएगी जानकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सैनी, कौशाम्बी।** स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को विकास खंड सिराथू के नौगिरा में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम कक्षा लीडर का पुनर्गठन किया गया। जिसमें कक्षा आठ से सुप्रिया कुशवाहा,आकाश कुमार कक्षा छह से छवि कुशवाहा, उमेश कुमार कक्षा सात से प्रीति प्रजापति राज कश्यप चुने गए।

आयुष्मान भारत के अंतर्गत स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में जाने वाली किशोरियों की स्वास्थ्य और कल्याण पर आधारित पाठ्यक्रम पर कार्यक्रम संपन्न हुआ। शिक्षक विकास कुमार ने किशोर और किशोरियों की किशोरावस्था की विलक्षण गुण और किशोरावस्था के दौरान होने वाले परिवर्तन जैसे सामाजिक , भावनात्मक , संवेगात्मक , विकास पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए चर्चा परिचर्चा कर जानकारी प्रदान किया। शिक्षक ने स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम को सक्रिय रूप से पुनर्गठन क्रियान्वित करने के लिए स्कूल के बच्चों की एक समिति बनाते हुए कक्षा लीडर नियुक्त किया। जो हर मंगलवार को स्कूल कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों को इस संबंध में जानकारी देते हुए आपसी विचार विमर्श करते हुए एक दूसरे के अनुभवों को साझा करेंगे। इस मौके पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक व अनुदेशक मृत्युंजय सिंह और समस्त बच्चे उपस्थित रहे।

# दुग्ध डेयरी मे पेराई कर क्षेत्र के दुधिया बेखौफ ढंग से करते है बिक्री



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बेनीराम कटरा, कौशाम्बी।** नेवादा विकास खड अन्तर्गत इन दिनों दुग्ध डेयरी मे पेराई कर क्षेत्र के दुधिया बेखौफ ढंग से बिक्री करते हैं। बताया जाता है कि इन दिनों नेवादा विकास खड के अधिकांश डेयरियो से क्षेत्र के दुधिया सम्पर्क करके गाँव गिराव से शुद्ध दूध लाकर अपने करीबी डेयरी मे जाकर उक्त दूधो की पेराई करा कर कस्बो तथा आसपास औने पौने दामो मे तथा आंखो मे धूल डाल कर लिप्त हो रहे हैं। वहीं पैसे अधिक कमाने की ललक मे इन दूधियो को ऊचा नीचा कुछ नहीं समझ में आता है इनहे तो बस पैसे अधिक से अधिक कमाई करने की चाह बनी रहती है और तो और सबसे मजे की बात तो ये है कि सूत्र बताते हैं कि कभी कदापि यदि इससे सम्बधिंत यदि क्षेत्र में आते हैं तो वह खाना पूरित व जेब गरम कर वापस चले जाया करते हैं मुख्य रूप से ये गोरख धंधा फकीराबाद पावर हाऊस पटेल कालेज तथा आदि जगह मौजूद डेयरियो पर देखा जा सकता है।

# दुष्कर्म के वांछित आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक अभिषेक गुप्ता मय हमराह पुलिस बल द्वारा बीएनएस से संबन्धित वांछित गुलशेर ग्राम मझियावां थाना कोखराज को गिरफ्तार किया गया।

### दो वांछित आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस थानाध्यक्ष बृजेश करवरिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा सीएलए एक्ट से संबन्धित वांछित रामचन्द्र निवासी खटांगी थाना एयरपोर्ट को मंझनपुर डायट मैदान के पास से गिरफ्तार किया गया। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस उपनिरीक्षक अंकित कुमार पाण्डेय मय हमराह



पुलिस बल द्वारा वांछित धर्मराज कोरी निवासी समसपुर थाना चरवा को गिरफ्तार किया गया।

### छः वारण्टी आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक रामजी उपाध्याय मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी भीखू निवासी नारा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया गया। थाना कौशाम्बी पुलिस उपनिरीक्षक विमल कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी कृष्ण प्रसाद निवासी चाकवन थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक नीतेश कुमार त्रिपाठी मय हमराह पुलिस बल द्वारा आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित वारंटी रग्गू निवासी चन्दूपुर थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया गया। थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक भन्टूराम मय हमराह पुलिस बल द्वारा एससी एसटी एक्टसे सम्बन्धित वारंटी इब्राहिम निवासी पट्टी परवेजाबाद बड़ागांव थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक विनोद सिंह यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी शफील अहमद, अतीक अहमद निवासीगण नगियामई थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 81 वाहनों का ई-चालान किया गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 18 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 07, थाना महेवाघाट से 01, थाना कोखराज से 01, थाना सैनी से 06, थाना कड़ाधाम से 03) कुल 18 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान

# अधिशासी अधिकारी ने अजुहा में गौशाला का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अजुहा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत अजुहा की अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने नगर पंचायत अजुहा ने स्थित गौशाला का निरीक्षण करते हुए जिम्मेदारो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

नगर पंचायत अजुहा की अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने मंगलवार को कस्बे में स्थित गौशाला का निरीक्षण करते हुए जिम्मेदारों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने सम्बन्धी दिशा निर्देश दिए। गौशाला के निरीक्षण के दौरान ईओ रश्मि सिंह ने केयर टेकर को निर्देश देते हुए कहा कि गोवंश को हरे चारे की समुचित व्यवस्था कराई जाए। साथ ही गोवंश का नियमित टीकाकरण व बीमार पशुओं को त्वरित इलाज आदि के विशेष दिशा निर्देश दिए। इस दौरान ईओ के साथ लेखा लिपिक साकेत चंद्र श्रीवास्तव सहित नगर पंचायत कर्मी साथ रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी व भाजपा जिलाध्यक्ष ने जनपद स्तरीय खरीफउत्पादकता गोष्ठी का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

- **किसानों को मोटे अनाज का मिनी किट तथा पीएम कुसुम योजनातर्गत लाभार्थियों को चयन प्रमाण पत्र किया गया वितरित**
- **किसानों को खेती में उन्नत तकनीक अपनाने के लिए किया गया जागरूक**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** अध्यक्ष जिला पंचायत कल्पना सोनकर, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने उदयन सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत, जिलाधिकारी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने कुल 46 किसानों को श्रीअन्न (मोटे अनाज) का मिनी किट वितरित किया। इसके साथ ही पीएम कुसुम योजनातर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में चयनित लाभार्थियों- अशोक कुमार, सुरसती, शिवभवन, नसीम अहमद, बेनीलाल निर्मल एवं मानसिंह को चयन प्रमाण पत्र भी वितरित किया। अध्यक्ष जिला पंचायत ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि किसान हमारे देश की अर्थव्यवस्था के रीढ़ हैं। किसान देश के भाग्य विधाता हैं। किसान धूप,ठंड एवं बरसात की परवाह किए बिना पूरी लगन के साथ खेत में कार्य करते हुए फसल उपजाते हैं। किसान देश के अन्नदाता है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि इस गोष्ठी का उद्देश्य किसानों को जागरूक करना है कि खरीफ की फसलों का प्रबंध किस प्रकार कर अधिक से अधिक पैदावार किया जाय। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर किसानों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री ने 2047 तक देश को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है, देश विकसित तभी होगा जब किसान आर्थिक रूप से सक्षम हो, इस दिशा में केन्द्र तथा प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने किसानों से कहा कि मोटे अनाजों का अधिक से अधिक उत्पादन करें, मोटे अनाज स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। सरकार ने मोटे अनाजों के अधिक से अधिक उत्पादन के लिए क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। उन्होंने किसानों से कहा कि अपने फसलों में कम से कम कीटनाशकों तथा रासायनिक खादों का प्रयोग करें।

खेती के उन्नत तकनीकों को अपनाए, इससे कम लागत में अधिक से अधिक पैदावार होंगी। उप कृषि निदेशक सतेंद्र कुमार तिवारी द्वारा किसानों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं यथा-कृषि यंत्रीकरण योजना एवं इन-सीटू योजना, पीएम कुसुम योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, भारत सरकार द्वारा 10 हजार कृषक उत्पादन संगठनों के गठन की योजना तथा मृदा परीक्षण आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिक,किसान विज्ञान केंद्र डॉ0 अजय कुमार द्वारा किसानों को कम लागत में अधिक पैदावार करने, खेती में उन्नत तकनीकों को अपनाने, फसलों में होने वाले रोग एवं रोगों से बचाव की विस्तृत जानकारी दिया गया। इसके साथ ही उनके द्वारा धान की बेहन किस प्रकार तैयार किया जाय, अधिक पैदावार वाली धान की किस्म,धान की फसल में होने वाले रोग एवं रोगों से बचाव के तरीके तथा धान के फसल प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी भी दी गई। उन्होंने किसानों को अधिक से अधिक मोटे अनाज का उत्पादन करने एवं नैनो यूरिया का उपयोग करने के प्रति भी जागरूक किया।कृषि वैज्ञानिक,नैनी एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट डॉ0 शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा किसानों को बीज शोधन तथा पेड़ों एवं फलों में लगने वाले कीड़ों एवं उपचार के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। गोष्ठी में किसान विनोद कुमार यादव निवासी-सैयद सरावां ने बताया कि वे उद्यान विभाग द्वारा संचालित फलदार बागरोपण योजना का लाभ लेकर 05 बीघा में नींबू की खेती करते हैं।

इस वर्ष नींबू की खेती से 13 लाख रुपए की आमदनी हुई हैं। किसान सुभाष ने अपने अनुभव को साझा करते हुए धान की उन्नत खेती कैसे करें के विषय में विस्तार से जानकारी दी। किसान नेहा यादव एवं दुर्गेश कुमार साहू ने ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव के विषय में अपने अनुभव को साझा किया। गोष्ठी में जिला कृषि अधिकारी संतराम तथा जिला कृषि रक्षा अधिकारी इंद्रजीत यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं किसान भाई उपस्थित रहें।

# एम0डी0ए0/आई0डी0ए0 कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु दवा का शत प्रतिशत करायें सेवन- सीडीओ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिले में 10 अगस्त से 02 सितम्बर तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान की सफलता के लिए मुख्यचिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मुख्य विकास अधिकारी रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एम0डी0ए0/आई0डी0ए0 की द्वितीय अन्तर्विभागीय समन्वयक समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उप मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ0 एचपी मणि, उप मुख्यचिकित्साधिकारी (वी0बी0डी0) डॉ0 राहुल सिंह, उप मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ0 सुनील कुमार सिंह मौजूद रहें। बैठक को सम्बोधित करते हुए सीडीओ ने कहा कि सभी सामूहिक जिम्मेदारी निभाने और आईडीए, एमडीए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शत-प्रतिशत लोगों को दवा का सेवन कराने को कहा। जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया कि दवा सेवन के लिए अभियान के दौरान उन लोगों को चिन्हित करें जिन्होंने पहले भी दवा का सेवन से इंकार किया है। ऐसे लोगों को दवा के प्रति भ्रांतियों को दूर कर दवा के सेवन कराने के साथ लोगों को जागरूक करने के लिए भी कहा। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया से सुरक्षित रहने के लिए



इवेरमेक्टीन डीईसी और एल्बेंडाजोल की खुराक आयु के हिसाब से अलग अलग निर्धारित है। इसलिए सभी को स्वास्थ्य कर्मी के सामने ही दवा का सेवन करना है।

इसमें गर्भवती महिला बच्चे बूढ़े और गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को दवा नही खिलानी है। उन्होंने कहा कि दवा का सेवन खाली पेट न करें दवा सेवन करने से पहले कुछ न कुछ खा पी लें। उप मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ0 एचपी मणि ने कहा कि आम तौर पर फाइलेरिया के लक्षण स्पष्ट रूप से नहीं दिखाई देते लेकिन बुखार बदन में खुजली, पुरुषों के जननांग और उसके आसपास दर्द और सूजन की समस्या,पैरों में हाथों में सूजन जैसे लक्षण अगर महसूस हो तो तुरंत स्वास्थ्य केंद्रों पर आकर संपर्क करें। उन्होंने बताया कि क्यूलैक्स मादा मच्छर के काटने से फाइलेरिया रोग होता है। फाइलेरिया रोधी दवा के सेवन से जो भी बीमारी का जो भी जीवाणु हैं वह मर जाते हैं। उप मुख्यचिकित्साधिकारी (वी0बी0डी0) डॉ0 राहुल सिंह ने बताया कि फाइलेरिया के लक्षण 5 से 15 साल बाद प्रकट होते हैं इसलिए जिनको फाइलेरिया के लक्षण नहीं है उन्हें भी इस दवा का सेवन अवश्य करना चाहिए। बैठक में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, डीपीओ सुरेश गुप्ता सहित डब्ल्यूएचओ के डॉ निशांत कुमार, सहयोगी संस्थाओं, पीसीआई के डिस्ट्रिक कोआडिनेटर बालेन्द्र सिंह, अजय त्रिपाठी मलेरिया सुपरवाइजर, रवि कुमार विश्वकर्मा मलेरिया निरीक्षक, कुमार राहुल मलेरिया निरीक्षक, धीरेन्द्र कुमार सिंह सहायक मलेरिया अधिकारी, संत लाल मिश्रा वरिष्ठ प्रयोगशाला प्रविधिज्ञ, राधिका सिंह प्रयोगशाला प्रविधिज्ञ, मौजूद रहे।

# मंझनपुर थाना पुलिस द्वारा दोअभियुक्तों के विरुद्ध कुर्की उद्घोषणा की गई कार्यवाही



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पर पंजीकृत पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित फरार हासिम उर्फ मोटका, अख्तर निवासीगण ग्राम मकदूमपुर मजरा बहादुरपुर थाना मंझनपुर फरार चल रहे है कि जिस कारण उक्त आरोपीगण के विरुद्ध न्यायालय द्वारा 12 जून, 2024 को छठॅ जारी किया गया था इसके बाद भी आरोपी लगातार फरार चल रहे हैं इसके उपरांत न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण के विरुद्ध अंतर्गत धारा 82 सीआरपीसी कुर्की उद्घोषणा की नोटिस 12 जुलाई, 2024 को जारी की गई जिसके तामिला के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर संतोष कुमार शर्मा मय फोर्स के ग्राम मकदूमपुर मजरा बहादुरपुर थाना मंझनपुर पहुंचकर धारा 82 सीआरपीसी की नोटिस आज 29 जुलाई, 2024 को फरार 2 आरोपिगणों के घर पर ग्रामवासियों के समक्ष घर पर चस्पा की गई व डुग्गी पिटवाकर उक्त संबंध में गांव में मुनादी करवायी गयी तथा फरार आरोपी गणो के घरो के दरवाजो पर नोटिस चस्पा कर उद्घोषणा की गई।

# पति से फोन पर विवाद के बाद नव विवाहिता ने लगाई फांसी, कोहराम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी कौशाम्बी।** करारी कोतवाली के अगियौना गांव में सोमवार की शाम एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दिया है। आरोप है की पति से किसी बात को लेकर फोन पर विवाद के बाद पत्नी ने खुदखुशी कर जान दे दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया।

करारी थाने के अगियौना गांव बच्चा लोधी पुत्र भगवत लोधी ने तीन महीने पूर्व अपनी बेटी कल्पना उम्र (18) की शादी हिन्दू रीती रीवाज से करारी क्षेत्र के ही मुकीमपुर गांव के उमेश कुमार पुत्र मित्ते से की थी। कल्पना की छोटी बहन ने बताया की ससुराल से तीन दिन पहले वह मायके आई थी। पति से फोन पर किसी बात को लेकर विवाद हुआ। सोमवार की शाम घर में कोई नही था। कल्पना अकेले थी। शाम 5 बजे कल्पना ने छत के रोशन दान सरिया में साड़ी के कपड़ा से फांसी लगा लिया।

जब उसके पिता घर पहुंचे तो अंदर से दरवाजा बंद था। आवाज देने पर जब अंदर से दरवाजा नही खुला तो छत के ऊपर चढ़कर देखा तो कल्पना का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुट गई। परिजनों ने आरोप लगाया की कल्पना की उसके पति से फोन पर बातचीत हुई थी। उसी फोन पर पति ने गाली गलौज किया था। फोन पर किस बात को लेकर विवाद हुआ यह स्पष्ट नही हो सका। आरोप है की उन्ही सब बातों से क्षुब्ध होकर कल्पना ने फांसी लगाकर जान दे दिया है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। इधर घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

संक्षिप्त खबरें

## एसपी ने पिकेट से नदारत 3 सिपाहियों को किया निलम्बित

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत मोहनगंज बाजार में पुलिस पिकेट पर 03 पुलिसकर्मियों को अनुपस्थित पाये जाने पर किया गया निलम्बित।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग हेतु सख्त निर्देश दिये थे' । इसी क्रम में आज दिनांक 30.07.2024 को चौकी मोहनगंज, थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत मोहनगंज बाजार में पुलिस पिकेट पर 'पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान' श्रावण मास पर कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे पुलिस टीम को चेक किया गया था '03 पुलिस कर्मियों को चेकिंग ड्यूटी पर अनुपस्थित पाकर' तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनके विरुद्ध जाँच आसन्न की गई है । निलम्बित सिपाहियों में 1- उ0नि0 हरेन्द्र, पीएनओ- 902110249,2- मुख्य आरक्षी अमानत अंसारी, पीएनओ - 052440768 3- आरक्षी प्रशान्त कुमार, पीएनओ - 192612962 शामिल हैं।

## डीएम ने ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण



**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजीव रंजन ने अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा के साथ संयुक्त रूप से पूरेकेशवराय स्थित ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये कहा। उन्होंने गोदाम में लगे सील लॉक को देखा एवं सम्बन्धित अधिकारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये तथा गोदाम में लगी सिक्योरिटी को मुस्तैदी से तैनात रहने के निर्देश दिये।

## अपहरण,दुष्कर्म का अभियुक्त गिरफ्तार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** पुलिस ने अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।'पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार' के निर्देशन में थाना हथिगवां के उ0नि0 राहुल कुमार मय हमराह देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों, पेण्डिग विवेचना के दौरान, मुखबिर की सूचना पर 'मु0अ0सं0-117¢2024 धारा 363¢366¢376 भा0द0वि0 व 3¢ 4 पॉक्सो एक्ट थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित अभियुक्त राजकुमार गौतम पुत्र जगन्नाथ प्रसाद निवासी शाहपुर उचकी पट्टी थाना बिसनपुर जनपद कुशीनगर' को थाना क्षेत्र के बरीधा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया ।

## पुलिस ने अपहरण के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**पट्टी प्रतापगढ।**अपहरण के वांछित अभियुक्त को पट्टी पुलिस ने उड़ैयाडीह से गिरफ्तार कर लिया।पट्टी थाने के एस आई अतर सिंह ने मुखबिर खास की सूचना पर अपहरण के वांछित अभियुक्त अजय यादव निवासी उडैयाडीह को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया। एस आई अतर सिंह ने बताया कि न्यायालय से अभियुक्त के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। न्यायालय के आदेश पर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

## 10 लाख से अधिक के चोरी की जांच करने पहुंचे फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट

**कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के नरियावां शिव चरण का पुरवा निवासी दीपेंद्र तिवारी दीपू सोमवार को रात में पत्नी के साथ छत पर सो रहे थे। अज्ञात चोरों ने नगदी जेवरात, व कीमती अन्य समान करीब 10 लाख रुपए चोरी कर ली है। मंगलवार को सुबह जानकारी होने पर 112 को सूचना देकर घटना की जानकारी दी। पीड़ित मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। फोन पर महेशगंज इंस्पेक्टर क्राइम परमात्मा तिवारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। हल्का दरोगा और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की एक टीम मौके पर गई थी। जिसने फिंगर प्रिंट्स कलेक्ट किए हैं। घटना की जांच की जा रही है जल्दी आरोपियों को पकड़ कर चोरी की खुलासा की जाएगी।

## वृद्ध महिला लापता, थाने में की गई शिकायत

**पट्टी प्रतापगढ।** गाजियाबाद में कॉलोनी का किराया वसूलने गई वृद्ध महिला लापता हो गई। महिला के पुत्र ने थाने पर शिकायत की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रमईपुर नवादा गांव के रहने वाले सुखी का आरोप है कि एक कॉलोनी गाजियाबाद में है। जिसे उसने किराए पर दे रखा है। उसकी मां गंगा देवी किराया वसूलने के लिए गई हुई थी। जहां से वह रविवार को घर आने के लिए निकली पर वह घर नहीं पहुंची। गायब वृद्ध महिला की फोटो लेकर उसका बेटा सुखई कोतवाली पहुंचा। साथ ही पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## मारपीट और धमकी देने में तीन नामजद

**कुंडा प्रतापगढ।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के भरतगढ़ गांव निवासी प्रमोद कुमार ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि 27 जुलाई की रात करीब 9रू30 बजे मोहल्ले के ही कुछ लोग रंजिशन उसके घर पहुंचे। साथ ही गाली देते हुए उसे पीटने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो वह आरोपित धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित प्रमोद की तहरीर पर पुलिस ने महेश, श्रवण, शनि सोनकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सभासदों पर दर्ज मुकदमे को लेकर पुलिस अधीक्षक से मिला प्रतिनिधिमंडल



**प्रतापगढ़।** सभासद एसोसिएशन,'प्रतापगढ़ का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष राम चरित्र वर्मा के नेतृत्व में संगठन जिला उपाध्यक्ष मो0 साजिद,जिला महासचिव राकेश कुमार पटेल,जिला कोषाध्यक्ष रमेश मौर्य,जिला मीडिया प्रभारी अख्तर अली अंसारी,सभासद प्रतिनिधि तबारक हुसैन इदरीसी,सभासद दीपक जयसवाल,सभासद शमसाद अहमद,सभासद दशाराम पटेल के साथ पुलिस अधीक्षक,प्रतापगढ़ श्री डॉ अनिल कुमार से मिलकर चुनावी रंजिश के तहत सभासदों पर दर्ज मुकदमें से अवगत कराया गया तथा निष्पक्ष जांच की मांग की गई। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा निष्पक्ष जांच कराने आश्वास दिया गया।

# पुलिस ने किया जहर खुरानी की घटना का खुलासा

▶▶ पीड़ित ही निकला मास्टरमांइड,तमंचा के साथ गिरफतार

लोकमित्र ब्यूरो

**दिलीपपुर,प्रतापगढ़।** पुलिस ने जहर खुरानी की धटना का खुलासा करते हुये पीडित को ही मास्टरमांइड बताते हुये उसे तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। गिरोह के 6 अन्य अभियुक्तों को किया चिन्हित किया है।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा उक्त घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों को चिन्हित कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री आनन्द कुमार राय के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष उ0नि0 विवेक मिश्रा के नेतृत्व में उ0नि0 श्री दुर्गेश कुमार मय हमराह उ0नि0 सुरेश कुमार यादव द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग व विवेचना के दौरान, मु0अ0सं0 135¢24 धारा 140(4), 309(4), 123 बीएनएस से संबंधित ट्रक मय माल के साथ कुछ व्यक्ति देवनमउ गांव के पास चिलबिला से पट्टी जाने वाली सड़क पर लेकर खड़े हैं कि सूचना मुखबिर द्वारा पाकर कि पट्टी चिलबिला मार्ग पर ग्राम देवनमऊ हाइवे पर स्थित सफेदा की बगिया के पास से एक ट्रक व 03 व्यक्ति खड़े हैं जिन्हें पकड़ने का प्रयास किया गया तो 02 व्यक्ति भौगोलिक स्थिति का लाभ लेकर भाग निकले जबकि 01 व्यक्ति कुलदीप सिंह पुत्र कमलेश सिंह उर्फ मुन्ना नि0 गोपालापुर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को 01 अवैध तमन्चा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 के साथ गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में उसने बताया कि मैं व मेरे अन्य साथी 1. मो0 इरफान पुत्र मो0 इलियास 2. इम्तियाज उर्फ कल्लू पुत्र मोहसिन निवासीगण कुटिलिया थाना जेठवारा जनपद प्रता. 3 रवि सिंह उर्फ रामसमुझ पुत्र महेश सिंह निवासी जमालापुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर 4. शमशाद पुत्र अजात निवासी पूर्वी सहोदरपुर थाना कोतवाली नगर प्रता., 5. बृजेश शर्मा उर्फ पिंटू शर्मा पुत्र दयाशंकर शर्मा निवासी मिसिद्दीपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रता., 6 बंटी तिवारी पुत्र वीरेंद्र प्रसाद तिवारी निवासी सुभाषपुर पाली थाना मडियाहू जनपद जौनपुर आपस में मिलकर षड्यंत्र कर इरफान के 14 चक्का ट्रक यूपी 96 टी 1675 पर लदे गेहूं की बोरी को गबन करने की योजना बनाई इरफान व इम्तियाज उर्फ कल्लू ने शितांशु गुप्ता पुत्र मुन्नालाल गुप्ता निवासी बाबूगंज बाजार थाना कुण्डा प्रतापगढ़ से 500 बोरी गेहूं लादकर विजय रोलर फ्लोर मिल हैदराबाद पहुंचाने हेतु 'दिनांक 20.07.2024 को रात्रि में बाबूगंज कुंडा से चित्रकूट के रास्ते हैद्राबाद पहुंचने के लिए निकलना था परन्तु हम लोगो द्वारा पुर्व से सुनियोजित योजना के क्रम में मो0 इरफान व इम्तियाज उर्फ कल्लू बताये हुए रास्ते से हैदराबाद न जाकर दो दिन उक्त ट्रक को मय माल के साथ अपने घर पर कुटिलिया गांव जेठवारा में खड़ा कर दिये और वही पर कुछ माल गेहूं उतार कर रख लिये व बटी तिवारी उपरोक्त द्वारा योगेश दुबे पुत्र राजकुमार दुबे निवासी नाहरपुर थाना बरसठी जनपद जौनपुर के बरसठी में स्थित गोदाम को जिसे सचिन पटेल पुत्र सभापति पटेल निवासी साहो पट्टी थाना मडियाहू जनपद जौनपुर ने योगेश दूबे उपरोक्त के गोदाम को ¢4000 किराए पर लिया था, उक्त माल के गबन के लिए रुपए का लालच देकर सचिन पटेल से गेहू रखने के लिए उक्त गोदाम को ले लिया।'

मो0 इरफान व इम्तियाज द्वारा योजनाबद्ध तरीके से दिनांक 23.07.2024 को अपने ट्रक को मय माल के साथ भूपियामऊ चौराहे पर रात्रि में बारह बजे के लगभग पहुंचे, जहां से पूर्व नियोजित योजना के अनुसार मै व मेरे साथी शमशाद व बृजेश उर्फ पिंटू शर्मा व इम्तियाज उर्फ कल्लू उक्त ट्रक को लेकर बरसठी जौनपुर में स्थित गोदाम में माल उतारने के लिए निकले। मो0 इरफान भूपियामऊ के पास ही उत्तर गया ताकि उसकी लोकेशन ट्रेस ना हो सके।

हम लोग रास्ते में पड़ने वाले टोल प्लाजा से बचने के लिए टोल प्लाजा से पहले निकले हुए रास्ते से ट्रक का नम्बर प्लेट हटा कर दिनांक 23.07.2024 समय करीब 6.00 से 7.00 बजे के बीच बरसठी जौनपुर स्थित गोदाम पर पहुंचे, जहाँ पर पहले से ही बंटी तिवारी व रवि सिंह पूर्व नियोजित योजना के अनुसार उक्त गोदाम पर मौजूद थे। बटी तिवारी व रवि सिंह की मदद से हम लोगों ने ट्रक पर लदे हुए गेहू की बोरी को उक्त गोदाम पर उतरवाने लगे। हम लोगों द्वारा उक्त गोदाम में करीब 350 से 400 बोरी माल उतारा ही था कि स्थानीय लोगों के विरोध करने पर शेष बोरी माल लेकर ट्रक के साथ मैं व इमित्याज उर्फ कल्लू, शमशाद व बृजेश शर्मा उर्फ पिन्टू शर्मा मौके से भाग निकले।

हम लोग ट्रक लेकर फत्तनपुर थाने से दो तीन किमी पहले रूक कर रवि सिंह व बंटी तिवारी व मो0 इरफान का इंतजार कर रहे थे, अगले दिन 24.07.2024 की रात में उन लोगो के आ जाने के पश्चात हम लोगो का माल फस जाने के कारण हम लोगों ने अपने आप को बचाने के लिए फत्तनपुर में लूट की झूठी योजना बनाई जिससे किसी को हम लोगों पर संदेह न हो, उक्त योजना में मो0 हरफान ने बताया कि मैं नींद की गोली का ओवरडोज ले लूंगा जिससे मैं अचेत हो जाउंगा, बृजेश शर्मा उर्फ पिंटू शर्मा व शमशाद मुझे ऐसी जगह पर छोड़ देंगे जहां पर आसानी से लोग मुझे देख लेंगे व शीघ्र ही पुलिस को सूचित कर देंगे जिससे मुझे शीघ्र ही समुचित इलाज मिल सके। बंटी तिवारी ने बताया कि मैं उक्त गोदाम में पड़े हुए माल के संबंध में कागजात बनवाकर उक्त माल को छुड़ा लूंगा। तब तक उक्त ट्रक को शेष बचे माल के साथ कही छुपा दिया जाय। योजना के अनुसार में व इम्तियाज उर्फ कल्लू व रवि सिंह उर्फ राम समुड़झ उक्त ट्रक के साथ शेष बचे हुए माल के साथ लेकर जामताली के पास बगीचे में छुपा दिए और यही से कुछ माल शमशाद व पिन्टू शर्मा अपने साथ लेकर चले गये।

'दिनांक 24¢25.07.24 की रात्रि में 03:00 बजे के करीब बृजेश शर्मा उर्फ पिंटू शर्मा व शमशाद द्वारा मो0 इरफान के नींद के गोली का ओवरडोज लेने के पश्चात मो0 इरफान को थाना दिलीपपुर क्षेत्र के रसोईया तिराहे के पास बृजेश शर्मा उर्फ पिंटू शर्मा के बुलेट से ले जाकर जमीन पर लिटा दिया,

जहां राहगीरों द्वारा पुलिस को सूचना देने पर उसके समुचित इलाज हेतु जिला अस्पताल प्रतापगढ़ भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सको द्वारा उसे स्वरूप रानी प्रयागराज रेफर कर दिया गया।' आज मैं वह पिटू शर्मा व शमशाद उक्त बचे हुए माल को बेचने जा रहे थे कि आप लोगों द्वारा मुझे पकड़ लिया गया। मौके से भागे हुए साथियों के संबंध में पूछने पर उसके द्वारा बताया गया कि जो दो व्यक्ति मौके से भागे है उनका नाम शमशाद व बृजेश शर्मा उर्फ पिंटू शर्मा उपरोक्त है।

## हत्या के प्रयास का अभियुक्त गिरफ्तार,लाठी बरामद

**उदयपुर,प्रतापगढ़।** पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।श्रीमान पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार' के निर्देशन में आज दिनांक 30.07.2024 को थानाध्यक्ष मनीष कुमार त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 सचिन कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 154¢24 धारा 191(2), 191(3) 190, 115(2), 109, 110, 352, 324(4), 324(5), 333 बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त - विजय वर्मा पुत्र तुलसीराम वर्मा नि0ग्राम कोड़री सरुआ थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़घ् को थानाक्षेत्र के वीर बाबा का चबूतरा के सामने बाग से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के पास से 01 अदद लाठी बरामद किया गया ।थाना कोतवाली देहात के उ0नि0 सर्य प्रताप सिंह' मय हमराह का0 कमलेश कुमार, का0 राजेश कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, अ0सं0- 81¢2023 धारा 3¢5एं¢8 यू0पी0 गोवध निवारण अधि0 व 11(1)घ,पशु क्रुरता अधि0 से संबंधित 'वारण्टी अभियुक्त विजय कुमार पुत्र सधई निवासी ग्राम टेऊंगा थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ' को उसके घर पास से गिरफ्तार किया गया ।

# पुलिस ने किया चोरी की घटना खुलासा , दो अभियुक्त गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुये दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार' के निर्देशन में चोरी की घटनाओं का त्वरित अनावरण व अपराध में संलिप्त अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु दिये दये सख्त निर्देश के क्रम में 'अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी व क्षेत्राधिकारी लालगंज के कुशल नेतृत्व' में दिनाँक 29.07.2024 को 'थाना संग्रामगढ़ के उ0नि0 प्रभाशंकर सचान' मय हमराह उ0नि0 विनय वर्मा, का0 मन्दीप सिंह, का0 धनन्जय श्रीवास्तव द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी व चेकिंग के दौरान थाना संग्रामगढ़ में पंजीकृत मु0अ0सं0- 169¢2024 धारा 303(2), 317(2), 317(4) बीएनएस तथा मु0अ0सं0- 170¢2024 धारा 305,331(4), 317(2), 317(4) बीएनएस से संबंधित अभियुक्तों की जानकारी मुखबिर द्वारा मिली कि अभियुक्तगण मानिकपुर से रामपुर दाबी के रास्ते रजैसा चौराहे होते हुये काशीपुर बाभन की बखरी के रास्ते होते हुये पुरे बुद्धिधर कॉलेज से चुराये हुये सामान को बेचने के लिए बिना नम्बर प्लेट की टीवीएस स्पोर्ट मोटर साइकिल से सामान को बोरी में लेकर प्रतापगढ़ जा रहे है। मुखबिर की इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर काशीपुर चौराहे पर चेकिंग के दौरान बिना नम्बर प्लेट की टीवीएस स्पोर्ट मोटर साइकिल पर सवार 02 व्यक्ति को पुलिस हिरासत में लेकर चोरी घटना के समय का सीसीटीवी विडियो दिखाकर पहचान की गयी तथा '02 अभियुक्तों 01- समीर अहमद पुत्र सिराज अहमद उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम पूरे अली नक्कीपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़, 02- बिलाल अहमद पुत्र अफ्ताब अहमद उम्र करीब 28 वर्ष ग्राम अलीगंज थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़' को गिरफ्तार किया गया । बरामद मोटरसाइकिल को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया है ।बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0- 169¢2024 धारा 303(2) बीएनएस तथा मु0अ0सं0- 170¢2024 धारा 305,331(4) बीएनएस दोनों अभियोग में धारा 317(2), 317(4) बी0एन0एस0 की बढ़ोत्तरी की गई है ।गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ' में बताया गया कि हम लोगों ने अपने साथियों के साथ मिलकर दिनांक 27¢28.07.2024 की रात्रि में बीडी इंटर कॉलेज व स्नात्कोत्तर महाविद्यालय पूरे बुद्धि धर ग्राम पुरेली मखदुमपुर थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ के सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर, माउस, बिजली के केबल, रूपये व मिश्रा ऑटो मोबाइल्स पेट्रोल पम्प बाबागंज के जनरेटर की बैटरी को चुराये थे । हम लोगों का एक समूह है जिसमें हम दोनों के अलावा लल्लू पुत्र बल्लू व उसका भाई तबरेज पुत्र बल्लू निवासीगण पूरे अली नक्कीपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ तथा फिरोज पुत्र बबलू हत्था निवासी मीकगढ़वा थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ व शेरा पुत्र इकबाल निवासी ममरखापुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ है । हमारे समूह का लीडर शेरा उपरोक्त है, कब कहाँ चोरी करनी है इसकी योजना शेरा बनाता है और हम सभी को बुलाकर सबका काम बाँटता है तथा चोरी की घटना करने के बाद चोरी के सामान को शेरा द्वारा हम लोगों में बाँट दिया जाता है और चोरी के सामान को बेचने के बाद जो धनराशि प्राप्त होती है उसे शेरा अपने पास माँगता है और फिर सबका हिस्सा बाँट देता है । बरामद पैसे व सामान उन्ही चोरी में से है शेष पैसे खर्च हो गये है । हम दोनों लोग चोरी में जेल जा चुके हैं लेकिन हम चोरी , गैंगेस्टर व आर्म्स एक्ट के मामले में जेल गये हैं । बिसाल अहमद का बाँया पैर ट्रेन से गिरने के कारण कट गया था जिसकी वजह से कई बार चोरी करते समय या चोरी का सामान बेंचते समय पुलिस द्वारा पकड़े गये हैं ।

## वर्दी का फर्ज भीषण गर्मी और लू के बीच चौराहों पर डटे है ट्रैफिक पुलिस



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** सूरज की तपिश अब सुबह से हर किसी को झुलसाने लगी है। दोपहर होने तक तो ये भीषण गर्मी आग के शोलों से कम नहीं है। आग उगलती गर्मी में अगर सड़क पर कोई अपनी ड्यूटी निभाता नजर आता है, तो वह हैं ट्रैफिक पुलिस। मंगलवार को गर्मी अधिक थी, हर कोई धूप से बचने की जुगत में था, इस गर्मी में अगर कोई चौराहे पर दिखा तो वह ट्रैफिक पुलिस भगवा चौराहे पर जाम की स्थिति पैदा न हो इसलिए कड़ी धूप में टीपी दीन दयाल चौराहे पर खड़े होकर ट्रैफिक को निकलवा रहे थे। ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी काफी मुश्किलों भरी होती है। बिजी सड़कों और वीवीआइपी मूवमेंट के बीच धूप हो या बारिश हर परिस्थिति में ट्रैफिक पुलिस के जवानों को सड़क पर खड़े होकर ही अपनी ड्यूटी निभानी पड़ती है। ट्रैफिक पुलिस की वजह से सड़कों पर यातायात सुचारू रूप से चलता रहे। ट्रैफिक पुलिस दीन दयाल ने कहा ही हमारा दायित्व है कि हम चौराहे पर यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए ईमानदारी से ड्यूटी करें ताकि लोगों को किसी भी तरह से परेशानी का सामना न करना पड़े।

## शोहदे की हरकत से परेशान छात्रा ने कॉलेज जाना बंद किया

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।**कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी बेटी क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में पढ़ती है। विद्यालय आते-जाते समय गांव का ही एक शोहदा छेड़खानी करता है। कभी उसका बैग पकड़कर खींच लेता है तो कभी साइकिल पकड़कर रोक लेता है। शोहदा घर से बेटी की साइकिल व कपड़े चोरी कर ले गया। इसके बाद धमकी दी कि वह उसकी बेटी को भी उठा ले जाएगा। शोहदे की धमकी के बाद छात्रा ने विद्यालय जाना छोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। सीओ अजीत सिंह का कहना है कि शिकायत मिली है। जांच कराकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सुविधायें बच्चों एवं महिलाओं को उपलब्ध करायें-जिलाधिकारी

● जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय पोषण समिति की बैठक सम्पन्न



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कल सायंकाल कैम्प कार्यालय के सभागार में जनपद स्तरीय कन्वर्जेन्स/पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आपूर्ति पोषाहार, बच्चे के पोषण स्तर में सुधार, एनआरसी प्रगति विवरण, वीएचएसएनडी, खाद्यान्न वितरण सम्बन्धी सूचना, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, पोषण वाटिका आदि के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के अन्तर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जाये और निरन्तर मानीटरिंग करके सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधायें बच्चों एवं महिलाओं को उपलब्ध करायें।

आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण अभियान के तहत कराये जा रहे कार्यो को बेहतर ढंग से कराये, कार्यो में शिथिलता बरती जायेगी तो उनकी जिम्मेदारी तय करते हुये उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में रिपोर्ट के आधार पर पाया गया कि सैम 4000 और मैम 12126 बच्चे चिन्हित किये गये जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि उनकी देखभाल के लिये सभी व्यवस्थायें दुरूस्त की जाये। उन्होंने कहा कि बच्चों का चिन्हांकन कर लंबाई, वजन, स्वास्थ्य परीक्षण आदि सही से होना चाहिए। एनआरसी में सैम बच्चों को भर्ती कराया जाये एवं उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाये। उन्होने निर्देश दिये कि पोषण टैक्रर पोर्टल पर सभी बच्चों का डाटा ससमय फीड करायें, इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिये। बैठक में पाया गया कि ई-कवच पोर्टल पर 4000 सैम बच्चे के सापेक्ष मात्र 25 सैम बच्चों की फीडिंग हुई है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि ई-कवच पोर्टल पर शत् प्रतिशत फीडिंग करायी जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि एनआरसी का निरीक्षण कर मानक के अनुसार सभी व्यवस्थाये है या नही उसकी आख्या उपलब्ध करायें जिससे आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

बैठक में जिलाधिकारी ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों, मुख्य सेविकाओं को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी अपने अपने कार्यो एवं दायित्वों का शत् प्रतिशत निर्वहन करें, कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नहीं आवा यही साल मोरो गांव बदरा, नाही भरे लोटवा गिलास गगरा

**प्रतापगढ़।** आधा सावन बीत गया और बारिश न होने से बच्चे, बूढ़े और जवान हर कोई करने लगा है त्राहिमाम त्राहिमाम । धान की फसल कहीं खेतों में लगी तो कहीं नर्सरी में ही पडीं है। किसान बारिश के इंतजार में आसमां को टकटकी लगाकर निहारते रहते हैं।



संविलित परिषदीय विद्यालय , कांपा मधुपुर के बच्चों ने भीषण गर्मी , उमस एवं बिजली कटौती से परेशान होकर स्कूल प्रांगण में पढ़ाई शुरू हुई । जिसमें पंखुड़ी कार्यपुस्तिका की एक कविता ष् मोरो गांव नहीं आए अबकी साल बदरा ष्को बच्चों ने बादल मामा को बुलाकर बालगीत गाया और कुछ नहीं तो मामा को धमकाते हुए कहा भी कि अबकी हम ननिहाल फिर नहीं आएंगे नही तो हमारे गांव में जल्दी से बादल मामा बारिश करवा दे । विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष डा0विनोद त्रिपाठी ने जिलाधिकारी, प्रतापगढ़ से आग्रह किया है कि सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ही जनपद स्तर पर भीषण गर्मी एवं उमस का मौसम चल रहा है! प्रातरू 8 बजे के पहले से ही दोपहर तक लाइट कटौती की जा रही है! किस प्रकार दोपहर 12 से 2 के बीच कक्षाओं में बिना लाइट के विद्यार्थियों और शिक्षकों की दुर्गति हो रही है, स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, बच्चे उल्टी कर रहे है, छात्र उपस्थिति प्रभावित हो रही है, निरंतर पसीनो से भीगे रहने के कारण विद्यार्थियों व शिक्षको को नजले जैसी बीमारियों के संक्रमण की आशंका बढ़ रही है।।अभिभावकों का कहना है कि विघालय समयावधि 7,30 से 12,30 होना चाहिए! समयावधि कम नही करवाया जा सकता तो विद्युत विभाग को 8 से 2 तक विद्युत आपूर्ति के लिए तो आदेशित तो करवाया जा सकता है।

## चुनावी वाहनों के भुगतान हेतु कागजात 3 अगस्त तक जमा करें

**प्रतापगढ़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने अवगत कराया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में प्रयुक्त हल्के ध् भारी वाहनों के किराये भाड़े की धनराशि का मांग पत्र मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ को भेजा जाना है। जिन वाहन स्वामियों द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में प्रयुक्त हल्के ध् भारी वाहनों की लॉग बुक , बैंक खाता विवरण अभी तक जमा न किये गये हो तो दिनांक 03 अगस्त 2024 तक सम्बन्धित वाहन की लॉग बुक, रिलीज आर्डर, वाहन रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति, बैंक खाते की छायाप्रति कार्यालय परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 विकास भवन, प्रतापगढ एवं कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रतापगढ़ में उपलब्ध करा दें। यदि निर्धारित तिथि तक सम्बन्धित वाहन स्वामियों द्वारा लॉगबुक जमा नही की जाती है तो किरायेध्भाड़े की धनराशि का भुगतान किया जाना सम्भव नही होगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित वाहन स्वामी का होगा।

संक्षिप्त खबरें

## लकडी की गोमती तोड चोरों ने पार किया सामान



**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे के मंझनपुर रोड बस स्टॉप के पास लकड़ी की गोमती तोड़कर चोरों ने गोमती में रखा सामान पार कर दिया । मामले की जानकारी पर दुकानदार ने घटना की सूचना पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे के वार्ड नंबर एक नया नगर निवासी दयाशंकर दिव्यांग है। मंझनपुर रोड स्थित बस स्टॉप के पास लकडी की गोमती में पान, गुटका बेचकर भरण पोषण करता था। सोमवार की शाम व दुकान बंद करके घर चला गया। रात के समय अज्ञात चोरों ने गोमती को पीछे से तोडकर उसमे रखा करीब एक हजार का सामान समेट ले गए । दूसरी घटना दो दिन पूर्व मंझनपुर रोड निवासी विनोद साहू के घर के बाहर खड़ी लोडर गाड़ी की बैटरी चोर खोल ले गए। विनोद साहू ने बताया कि मामले की तहरीर सिराथू चौकी प्रभारी को देने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के चलते व्यापारियों में दहशत बनी हुई है।

## आकाशीय बिजली गिरने से खेत में खाद डाल रहे युवक की मौत



**अजुहा, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कानेमई गांव में आकाशीय बिजली गिरने से खेत में खाद डाल रहे युवक की मौत हो गई , हादसे की सूचना पर मृतक के घर में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।सैनी कोतवाली क्षेत्र के कानेमई गांव ने मंगलवार की शाम अचानक आकाशीय बिजली गिरने से खेत में खाद डाल रहे श्यामबाबू पुत्र राम सावरिया चपेट में आ गया । आसपास मौजूद लोगों ने हादसा देखा तो युवक के घरवालों को खबर दी जिसके बाद मौके पर पहुंचे स्वजन आनन फानन में इलाज के लिए नजदीक के चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया , युवक की मौत की खबर पर घर परिवार में कोहराम मच गया , सूचना पर पहुंची पुलिस ने औपचारिकता पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा , वही हादसे की खबर पर राजस्वकर्मी भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल के बाद रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंपी ।

## बैजनाथ धाम के लिए काजू गाँव से रवाना हुआ कावड़ियो का जत्था



**कौशाम्बी।** सावन माह के आठवे दिन चायल तहसील के काजू गांव से कावड़ियों का एक जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। गांव के गणमान्य लोगों ने कावड़िए के जत्थे का स्वागत करते हुए विदा किया।चायल तहसील क्षेत्र के काजू गांव से मगलवार को कांवड़ यात्रा के लिए कावड़ियों का एक जत्था रवाना हुआ। ये कावंडिए सुल्तानगंज से जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए बाबा बैजनाथ जी को जल चढ़ाएंगे। इस मौके पर लाल चंद्र केशरवानी छत्रधारी केशरवानी प्रेम चंद्र केशरवानी अरुण कुमार केशरवानी सत्यम, प्रितेंद्र,रवि प्रजापति,अजीत साहू मान सिंह ठाकुर, नंकेश सिंह, राजकरण यादव, अतुल केशरवानी, आयुष, बबलू,पप्पू चौरसिया मुंशी वर्मा,आदि लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मौसा-भांजा घायल



**तिल्हापुर मोड़, कौशाम्बी।** करारी कोतवाली क्षेत्र के समरो तिराहा के समीप सोमवार देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मौसा और भांजा घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दौड़कर उन्हें उठाकर घटना की सूचना परिजनों को दी। जानकारी पाकर पहुंचे परिजनों ने घायलों को तिल्हापुर मोड़ के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

पिपरी कोतवाली क्षेत्र के तिल्हापुरमोड़ बाजार निवासी राकेश कुमार पुत्र अंबिका प्रसाद सोमवार को पेरई गांव निवासी अपने मौसा गुलजार पुत्र रतऊ के साथ बाइक से मंझनपुर गया था। देर शाम लौटने के दौरान समरो तिराहा के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही चालक समेत पीछे बैठे बुजुर्ग बाइक समेत सड़क पर गिरने से राकेश कुमार का दायां पैर टूट गया। जबकि पीछे बैठे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दौड़कर घायलों को उठा कर घटना की सूचना परिजनों को दी। जानकारी पाकर पहुंचे परिजन घायलों को इलाज के लिए तिल्हापुर मोड़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## ग्राम प्रधान ने पुत्रों संग बारजा गिराने का विरोध करने पर युवक को पीटा

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के सुधवर गांव में मंगलवार की सुबह मकान का बारजा गिराने का विरोध करने पर ग्राम प्रधान ने पुत्रों और साथी संग एक युवक को जमकर पीट दिया। पिटाई से उसे काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल ने पुलिस चौकी सैयद सरावां जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।पुलिस चौकी सैयद सरावां क्षेत्र के सुधवर गांव निवासी सुशील कुमार पुत्र श्रीनाथ मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके अनुसार मंगलवार की सुबह ग्राम प्रधान अपने दो पुत्रों और एक साथी के साथ उसके घर पहुंचे और मकान का बारजा रास्ते की ओर अधिक बढ़े होने का विरोध करने लगे। ग्राम प्रधान ने बारजा को गिराने के लिए कहा। उसके इंकार करने पर वह सभी तैश में आकर उसके घर का बारजा गिराने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर उन चारों ने सुशील को जमकर पीट दिया। पिटाई से उसे काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल ने पुलिस चौकी जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार गोंड की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सहायक आयुक्त,खाद्य ममता चौधरी ने बताया कि जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति द्वारा अपमिश्रित खाद्य पदार्थ,नकली,अधोमानक एवं मिथ्याछाप औषधियों के निर्माण एवं विक्रय की रोकथाम के लिए स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन रणनीति तैयार करके लागू किया जाना । समिति द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए जनपद में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों का सहयोग प्राप्त किया जाएगा। खाद्य पदार्थ एवं औषधि में मिलावटी और अधोमानकता के प्रति जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाए जाने के उद्देश्य से उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की जानकारी दिए जाने के लिए महत्वपूर्ण सूचना,तथ्यों को प्रसारित एवं प्रचारित किया जाएगा। आम जनमानस को गुणवत्तापरक,स्वास्थ्यवर्धक व सुरक्षित खाद्यध् पेय पदार्थों के संबंध में जानकारी के लिए विभिन्न सूचना माध्यमों एवं शिविर आयोजित कर जागरूक किया जाना है। सहायक आयुक्त खाद्य ने बताया कि जनपद के समस्त चिकित्सालियों में संचालित होने वाली मेस व कैंटीन द्वारा मरीजों को परोसे जाने वाले भोजन की आपूर्ति करने वाली संस्थाओं को लाइसेंसध् पंजीकरण से आच्छादित किए जाने एवं उन संस्थाओं का इट-राइट कैंपस प्रमाणन करने के लिए अग्रिम कार्यवाही की जानी है। जनपद के समस्त संचालित शीत गृहों को लाइसेंसध्पंजीकरण से आच्छादित किया जाना है। जनपद के समस्त कोटेदारों को लाइसेंसध्पंजीकरण से आच्छादित किया जाना है। जनपद की समस्त माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में संचालित रसोईध्कैंटीन आदि को लाइसेंसध्पंजीकरण से आच्छादित एवं इट राइट स्कूलध् इट राइट कैंपस प्रमाणन कराया जाना है। जनपद के समस्त आबकारी की दुकानों को लाइसेंस से आच्छादित किया जाना है। जनपद की समस्त थोक व फुटकर औषधि प्रतिष्ठान,जो की फूड हेल्थ सप्लीमेंट,बेबी फूड, बेबी मिल्क पाउडर,न्यूट्रीशनल सप्लीमेंट्स आदि का व्यापार करते हैं,उन्हें लाइसेंस, पंजीकरण से आच्छादित किया जाना है। जनपद के समस्त खाद्य गोदाम एवं फोर्टीफाइड राइस से संबंधित समस्त राइस मिलों को लाइसेंस से आच्छादित किया जाना है। अपर जिलाधिकारी ने सहायक आयुक्त,खाद्य को निर्देशित किया कि संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय कर लाइसेंस, पंजीकरण तथा प्रमाणन कराने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने सहायक आयुक्त,खाद्य को नियमानुसार नियमित रूप से सैंपलिंग कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।

## गुरुकुल महाविद्यालय में यज्ञ और वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



● सीडीओ व डीआईओएस ने किया पौधरोपण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू में स्थित गुरुकुल वैदिक संस्कृत महाविद्यालय में मंगलवार को यज्ञोपरान्त महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी डा रवि किशोर त्रिवेदी ने सपत्नीक यजमान बनकर तथा विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद यादव ने गुरुकुल की यज्ञशाला में यज्ञ किया। तत्पश्चात गुरुकुल प्रांगण में अधिकारियों ने आम के पौधों का रोपड़ करते हुए उन्हें संरक्षित किए जाने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर सीडीओ रवि किशोर त्रिवेदी ने कहा कि पर्यावरण को बचाए रखने के लिए पौधरोपण जरूरी है। जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद यादव ने कहा कि पेड़ पौधों से हमे आक्सीजन मिलता है । इस मौके पर आचार्य अशर्फीलाल शास्त्री , शिरोमणि शास्त्री ने यज्ञ सम्पन्न कराया। इस अवसर पर गुरुकुल महाविद्यालय के संरक्षक अजय श्रीवास्तव, मैनेजर दिलीप श्रीवास्तव , प्रधानाचार्य मिनिकेतन शास्त्री, आचार्य नवीन श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक और शिक्षिका , जिला आर्य प्रतिनिधि सभा कौशाम्बी के मन्त्री पं. तीव्र चन्द्र शर्मा, गुरुकुल के विद्यार्थी भानु शास्त्री, अभिषेक पाण्डेय आदि सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सड़क चौड़ीकरण के दौरान मारपीट के नौ आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली क्षेत्र के चरवा खुर्द में गुरुवार की शाम सड़क चौड़ीकरण को लेकर दबंगों ने युवक के घर में घुस तोड़फोड़ के बाद हमला कर दिया। इससे युवक को गंभीर चोटें आई थी। घायल युवक की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार को नौ आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई है।

कस्बा के चरवा खुर्द निवासी अमरजीत पुत्र गंगा प्रसाद त्रिपाठी के मुताबिक उनके घर के सामने गुरुवार को नगर प्रशासन की तरफ से सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा था। रास्ते के विवाद को लेकर अधिशाषी अधिकारी सुभाषचंद्र सिंह और नगर पंचायत अध्यक्ष जगनारायण के समझाने से कई लोग अपने बने चबूतरो को काटने के लिए तैयार हो गए थे। आरोप है कि अमरजीत का पड़ोसी चबूतरा काटने को तैयार नहीं हो रहा था। गुरुवार शाम सड़क चौड़ीकरण के दौरान मजदूरों के चबूतरा काटने पर पड़ोसी अपने परिजनों के साथ गाली गलौज कर लाठी डंडा लेकर उनके घर पर चढ़ तांडव करने लगे। आरोप है पिटाई के बाद घर के सामने रखी कुर्सियां तोड़ फोड़ डाली थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को समझा बुझाकर शांत कराया था। घायल अमरजीत के तहरीर पर पुलिस ने उदयराज उर्फ राजू, रितेंद्र कुमार पुत्र रघुराज, अभय कुमार पुत्र शिव नरेश, हंसराज, शिव शरण, शिवलाल, रुद्र प्रताप पुत्र राम सुमेर, प्रितेश कुमार पुत्र रुद्र प्रताप, शनि उर्फ वीरू पुत्र हंसराज समेत अज्ञात साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरु कर दिया है।

## सड़क दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के रसूलाबाद कोइलहा गांव में एक सप्ताह पूर्व सड़क पार कर रहे एक अधेड़ को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दिया था।हादसे में वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए मुंडेरा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई।घायल की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रसूलाबाद कोइलहा गांव निवासी शिवमूरत कुशवाहा (55) पुत्र रामनारायण कुशवाहा किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। परिजनों के अनुसार रविवार को वह जीटी रोड पार कर खेत जा रहा था।इसी दौरान रोड पार करते समय प्रयागराज से कानपुर की तरफ जा रही अनियंत्रित कार ने उसे टक्कर मार दिया।हादसे में शिवमूरत गम्भीर रूप में घायल हो गया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए मुंडेरा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई।घायल की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पट्टीदारों ने बंटवारे को लेकर मंदिर में युवक पर किया हमला, घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली क्षेत्र के सझिया गांव में सोमवार की शाम भूमि बंटवारे को लेकर मंदिर में पूजा करने गए युवक पर पट्टीदारों ने लाठी डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

हाथ में कुल्हाड़ी लगने से युवक लहूलुहान हो गया। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल के भाई ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। मामले में पुलिस चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गई है।

सझिया गांव निवासी सतीश कुमार उर्फ दीपक पांडेय पुत्र राम अभिलाष पांडेय पूर्व प्रधान हैं।उनके मुताबिक पट्टीदार से पुश्तैनी बंटवारे को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है। सोमवार शाम उनका छोटा भाई पंकज पांडेय डाकघर के समीप पुराने घर स्थित मंदिर में पूजा करने गया था। आरोप है कि रंजिशन पट्टीदार उसे मंदिर में ही गाली गलौज करने लगे। भाई के विरोध करने पर उन्होंने लाठी डंडा और कुल्हाड़ी से हमला कर उसे घायल कर दिया। धारदार कुल्हाड़ी लगने से पंकज का हाथ लहूलुहान हो गया। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल ने अपने भाई के साथ थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस घायल को मेडिकल के लिए भेज मनीष, ज्ञानेंद्र पुत्र रामानुज पांडेय, यश पांडेय पुत्र मनीष पांडेय और रामानुज पांडेय पुत्र राम सुमेर पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला समेत उसके भाई को पीटा

**मनौरी, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के रसूलाबाद उर्फ कोइलहा गांव में दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता की जमकर पिटाई कर दी। जानकारी मिलने के बाद बहन के घर पहुंचे भाई को भी जमकर पीट दिया। इससे दोनों को काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। विवाहिता ने थाने जाकर आरोपी ससुरालियों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।रसूलाबाद उर्फ कोइलहा गांव की सुनीता देवी ने बताया कि उसकी शादी मुकेश कुमार उर्फ कुल्लू के साथ हुई है। शादी के बाद से ही पति समेत ससुरालीजन कम दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। वह लोग दो लाख रुपया नकद दहेज में मां कर रहे हैं। सुनीता के इंकार करने पर उसकी पिटाई कर मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगाने की धमकी दे रहे हैं। सोमवार को ससुरालीजन इसी बात को लेकर सुनीता को जमकर पीट दिया। पिटाई करने के बाद उसे कमरे में बंद कर दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद बहन की ससुराल पहुंचे भाई को भी उन लोगों ने पीट दिया। इससे दोनों को काफी चोटें आई। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर आरोपी पति समेत ससुरालियों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# सैनी बास अड्डे का हाल बेहाल........!

● बस अड्डे पर नहीं रोकी जाती बस , बस अड्डे पर लग गंदगी का अंबार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** जनपद के प्रमुख बस अड्डा जो सैनी कस्बे में जहां से प्रतिदिन हजारों सावरिया आवागमन करती है लेकिन सैनी बस स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का हाल-बदहाल है। प्रयागराज की ओर से आने वाली बसें, बस अड्डे के बाहर से ही निकल जाती हैं और सवारियां इंतजार ही करती रहती हैं। सवारियों को कानपुर , फतेहपुर , खागा आदि जाने के लिए सैनी थाने के पास खड़े रहकर ही बस में सवार होना पड़ता है। सड़क के किनारे सवारी भरने से जाम की नौबत भी बनती है और दुर्घटनाओं की आशंका भी रहती है।



बस में बैठने के लिए सवारियों को बस के पीछे भी दौड़ना पड़ता है। साथ ही सैनी बाद अड्डे पर नियमित साफ सफाई न होने के कारण चारो ओर गंदगी का अंबार लगा है , बस अड्डे पर लगा हैंडपंप भी खराब पड़ा है, पानी का पाइप फटा हुआ है जिससे गंदा पानी बहता रहता है जिसके कारण बस अड्डे का हाल बेहाल है। और जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं देते।

### क्या कहते है लोग

सैनी के भोला पटेल का कहना है कि प्रयागराज की ओर से आने वाली बस सैनी बस अड्डे पर न खड़ी होकर सैनी ने थाने के पास खड़ी होती है जिससे सैनी चौराहे पर अक्सर जाम की स्थिति रहती है साथ ही सावरियो को खड़े रहकर बस का इंतजार करना पड़ता है । बस को बस अड्डे पर होकर जाना चाहिए ।

राहुल सोनकर का कहना है कि सैनी बस स्टॉप पर परिसर व शौचालय में नियमित साफ सफाई नहीं होती है जिससे बस अड्डे के आसपास बड़ी बड़ी घास उग आई है साथ ही पानी का पाइप फटा होने से गंदा पानी बहता रहता है जिससे उठ रही दुर्गंध से स्थानीय लोगो सहित सावरियो का हाल बेहाल रहता है।

उमेश कुमार का कहना है कि बास अड्डे के पास नेशनल हाईवे का ओवरब्रिज बनने के बाद बस चालक मनमानी पूर्वक बस रोकते है जिससे बस अड्डे पर इंतजार कर रही सवारियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है । साथ ही बस अड्डे में लगा हैंडपंप भी खराब पड़ा है । शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते ।

बंगाली कश्यप का कहना है कि सैनी बस अड्डा जनपद का प्रमुख बस अड्डा है इस पर जिम्मेदार अधिकारियों को विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि इस बस अड्डे से प्रतिदिन हजारों सावरिया आवागमन करती है।

### क्या कहते है एआरएम

सभी बस सैनी बस अड्डे के अंदर से होकर जाती है , बस अड्डे में कोई दिक्कत नही है , बस अड्डे का शौचालय जीर्ण अवस्था में है जिसके निर्माण के लिए कई बार उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा गया है।

**एआरएम मंझनपुर हरिमोहन श्रीवास्तव**

## घर व जमीन में कब्जा करने का विरोध करने पर दबंगों ने दी धमकी

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति का आरोप है कि गांव के कुछ दबंग उसके घर व जमीन में कब्जा कर रहे है जिसका विरोध करने पर दबंग पीड़ित अभद्रता करते हुए धमकी दे रहे है , पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के कोरियो का मजरा धतई का पुरवा गांव का रहने वाले बासदेव पुत्र छेदी लाल ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर गांव के कुछ लोगो पर आरोप लगाते हुए बताया कि उसके घर व जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं , जिसका विरोध करने पर दबंग गाली गलौच करते हुए धमकी दे रहे है , पीड़ित ने मामले में पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूला युवक, मौत



**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के कंथुवा गांव में एक 22 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से झूल गया।घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो उनके होश उड़ गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।जानकारी के अनुसार कड़ा के कंथुवा निवासी दिनेश पाल के 22 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार पाल ने मंगलवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से झूलकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली।घटना के बाद परिजनों में हड़कम्प मच गया।सूचना पाकर मौके पर पहुंची कड़ाधाम पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और प्रारंभिक लिखा पढ़ी के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया।चर्चा है कि घरेलू कलह के चलते युवक ने यह आत्मघाती कदम उठाया है। अब वास्तविकता क्या है यह तो पुलिसिया जांच के बाद ही पता चल पाएगा। फिलहाल घटना को लेकर गांव में तमाम तरह की चर्चाएं हैं।

# साहब अभी मैं जिंदा हूं.........!

● ग्राम विकास अधिकारी ने कागजों पर घोषित कर दिया मृत

● बुजुर्ग अपने को जिंदा साबित करने को काट रहा आफिस के चक्कर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ा विकास खण्ड के एक गांव के 65 साल के एक बुजुर्ग को ग्राम विकास अधिकारी ने कागजों में मृत घोषित कर दिया।जिसके चलते बुजुर्ग की पेंशन बंद हो गई।अब बुजुर्ग खुद को जिंदा साबित करने के लिए अधिकारियो के आफिस के चक्कर काट रहा है लेकिन उसकी कोई सुनवाई नही हो रही।



मामला सिराथू तहसील क्षेत्र के सौरई बुजुर्ग गांव का है।जहाँ के 65 वर्षीय चंद्रपाल पुत्र स्व शिव मोहन को गांव के ग्राम विकास अधिकारी विकास कुमार ने महज पेंशन बंद करने के लिए कागजों में मृत घोषित कर दिया।जिसके बाद से चंद्रपाल की पेंशन बंद हो गई।जिसके बाद बुजुर्ग चंद्रपाल अपना जीवित प्रमाण पत्र बनवाने के लिए और खुद को जिंदा साबित करने के लिए अधिकारियो के आफिस के चक्कर काट रहा है।चंद्रपाल अब अधिकारियो के आफिस के चक्कर काट काट कर थक चुका है, लेकिन कोई उसकी सुनवाई नही कर रहा है।बुजुर्ग चंद्रपाल ने आरोप लगाया है कि वह खुद को जिंदा साबित करने के लिए ग्राम विकास अधिकारी विकास कुमार के पास पहुंचा तो ग्राम विकास अधिकारी विकास कुमार ने उससे अभद्रता की और उसको भगा दिया जिसके बाद से वह बहुत परेशान है और खुद को जिंदा साबित करने के लिए अधिकारी के आफिस के चक्कर काट रहा है।चंद्रपाल ने बताया कि वह देवीगंज बाजार में एक छोटी सी पान की गोमती रखकर अपना जीवकोपार्जन कर रहा है।एक साल से अधिक के समय से पेंशन बंद होने के चलते बुजुर्ग को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बुजुर्ग की पत्नी सोनिया देवी ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

## सम्पादकीय


# दुकानदारों के नाम सार्वजनिक समाज में विभेद पैदा

कांवड़ यात्रा के मार्ग पर दुकानदारों के नाम सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शित करने के उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड प्रशासन के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है।दो जजों की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि खाना बेचने वालों को यह बताना जरूरी है कि वे किस तरह का खाना दे रहे हैं, लेकिन उस पर मालिक या कर्मचारियों का नाम सार्वजनिक करने के लिए जोर नहीं डाला जा सकता। पीठ ने विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है।उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से स्पष्टीकरण दिया गया कि आदेश का अनुपालन स्वैच्छिक है, लेकिन इसे बलपूर्वक लागू किया जा रहा है। प्रमुख विपक्षी दलों द्वारा इसकी निंदा की गई तथा इसे विभाजनकारी कदम बताया। इस आदेश से समानता के अधिकार, अस्पृश्यता, भेदभाव का निषेध तथा कोई भी व्यापार करने के अधिकार का हनन कहा गया। वर्षो से चली आ रही यात्रा पर पहले कभी इस तरह के कोई आदेश नहीं जारी किए जाते रहे हैं।कांवड़ मार्ग में आने वाले ढाबे/रेहड़ी स्वयं प्रचार करते हैं कि उनके यहां शुद्ध वैष्णव भोजन मिलता है। दूसरे फूड सेफ्टी एंड स्टैंर्डड एक्ट (एफएसएसएआई) व स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट जैसे कानून पहले ही मौजूद हैं। जो खाद्य पदाथरे की गुणवत्ता सुनिश्चत करने का काम करते हैं। बाजार में मिलने वाले भोज्य पदार्थ स्वच्छ हों, उनमें किसी तरह की मिलावट या गंदगी न हो, यह जांचना स्थानीय प्रशासन का काम है।सवाल सिर्फ कांवड़ श्रद्धालुओं का ही नहीं है बल्कि यह हर उपभोक्ता का अधिकार है कि उसे शुद्ध-स्वच्छ खाना मिले। बीते कुछ सालों से राज्य सरकारें कांवड़ यात्रा में विशेष रुचि ले रही हैं, जबकि इन्हीं राज्यों में और भी तीर्थ स्थल हैं, जो बुरी तरह उपेक्षित हैं या वहां किसी तरह की सुविधाओं का ख्याल नहीं रखा जाता। हम सिर्फ धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र ही नहीं हैं बल्कि हमारी संस्कृति हमें सहिष्णुता व भाई-चारा भी सिखाती है।इस तरह के आदेशों से कारोबार बाधित होता है और नीचे के वर्ग को रोजगार या दिहाड़ी से हाथ धोना पड़ता है। साथ ही समाज में विभेद पैदा होगा। इस आदेश का सबसे ज्यादा नुकसान छोटे व गरीब दुकानदारों को होता, जो रोज कमाने-खाने वाले हैं। राज्य सरकारों को अदालत के हस्तक्षेप से पूर्व ही विचारपूर्वक निर्णय लेने की आदत डालनी होगी।

## सुविचार

**सत्य का दरवाजा इतना छोटा और तंग होता है कि उसमें दाखिल होने से पहले सर को झुकाना पड़ता है।**


# प्रधानमंत्री मोदी के 5 ट्रिलियन डॉलर के सपने को पूरा करने का रास्ता उत्तरप्रदेश से ही जाता है



अशोक भाटिया

भाजपा की मुख्यमंत्री परिषद की बैठक दो दिन पहले ही समाप्त हुई है। बैठक में कई राज्यों की योजनाओं पर चर्चा हुई। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के प्रयासों पर चर्चा की। इसमें भाजपा शासित राज्यों के 13 मुख्यमंत्रियों और 15 उपमुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया था । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अगर केंद्र और राज्य सरकारें जन कल्याण के लिए समन्वित प्रयासों के साथ काम करें तो सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विरासत का संरक्षण और विकास की विरासत का निर्माण विकसित भारत की अवधारणा के लिए महत्वपूर्ण है। सभी को इस ओर ध्यान देते रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों, विकास कार्यक्रमों में जनभागीदारी बढ़ाने औरसरकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने पर चर्चा की।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखते हुए, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के लिए 'यूपी फॉर यूपी, यूपी फॉर इंडिया, यूपी फॉर ग्लोबल' की कल्पना के बारे में बताया मुख्यमंत्री ने कहा है कि अब उत्तर प्रदेश का समय है । उत्तर प्रदेश अपनी सभी क्षमताओं का उपयोग करते हुए देश के बहुआयामी विकास के सबसे महत्वपूर्ण आधार के रूप में स्थापित होगा । यूपी की क्षमता के अनुरूप क्षेत्रवार अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीति तय करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए 2027 तक की समयसीमा तय की है ।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि ÷वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन जायेगा ।योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना हमारा मिशन है । इसके लिए अधिकारियों को मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेंगे साथ ही इसके लिए हमारे मुख्य क्षेत्र विनिर्माण, आईटी और आईटीईएस, धार्मिक पर्यटन और कृषि हैं । इसके हमें ऊर्जा, स्वास्थ्य, शहरी विकास, शिक्षा, खाद्य प्रसंस्करण और एमएसएमई जैसे क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।गौरतलब है कि आज आप उत्तर प्रदेश के किसी भी शहर में आज दिन या रात को जाएं तो आपको एक दशक पहले की तुलना में अभूतपूर्व अंतर दिखाई देगा ।

नोएडा से लेकर आगरा और कानपुर से लेकर बनारस तक, आपको हर जगह चमचमाते बाजार, मॉल और व्यवसायिक प्रतिष्ठान दिखाई देंगे । यूपी में किसी से भी बात करें, निश्चित रूप से वह अब यही कहता है कि यूपी आगे बढ़ रहा है और कानून-व्यवस्था बिल्कुल ठीक है । नए उत्तर प्रदेश में आपका स्वागत है, जो बड़ी संख्या में पर्यटकों और निवेशकों को आकर्षित कर रहा है ।यहां आर्थिक गतिविधियां तीव्र गति से संचालित की जा रही है।यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिल्कुल सही कहते हैं कि उनका राज्य बीमारु श्रेणी से बाहर निकलकर अब सक्षम राज्य बनने की ओर




अग्रसर है । उनकी यह टिप्पणी नीति आयोग द्वारा जारी उस रिपोर्ट के बाद आयी, जिसमें कहा गया कि भारत में 2015-16 से 2019-21 के बीच 13प्रधानमंत्री 5करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी की रेखा से ऊपर उठकर बाहर निकलेप्रधानमंत्री गरीबों की संख्या में सबसे अधिक गिरावट वाले राज्यों में यूपी शीर्ष पर है ।यूपी में गरीबी में सर्वाधिक कमी वाले जिले महराजगंज (29. 64त्न), गोंडा (29. 55त्न), बलरामपुर (27. 9त्न), कौशांबी (25. 75त्न), लखीमपुर खीरी (25. 33त्न), श्रावस्ती (24. 42त्न), जौनपुर (26. 65त्न), बस्ती (23. 36त्न), गाजीपुर (22. 83त्न), कुशीनगर (22. 28त्न) और चित्रकूट (21. 40त्न) है ।

जो लोग यूपी को जानते हैं वे आपको बताएंगे कि इन जिलों की हालत पहले बहुत खराब थीप्रधानमंत्री इसलिए यदि राम और कृष्ण की जन्मस्थली यूपी से दिल को छू लेने वाली ऐसी सुखद खबर आ रही है तो यह न केवल राज्य बल्कि पूरे देश के लिए एक शुभ संकेत है ।बीमारू राज्य शब्द का प्रयोग अक्सर बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश को संदर्भित करने के लिए किया जाता रहा है । आमतौर पर इसका अर्थ यह होता है कि ये राज्य आर्थिक विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कुपोषण, सड़क, बिजली, पानी समेत अन्य सभी सूचकांकों में पिछड़े हुए हैं । भारत को यदि 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है तो इसके लिए बडी आबादी वाले उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय को बढाना भी अति आवश्यक हैप्रधानमंत्री यह भी सत्य है कि नए परिसीमन के चलते उत्तर प्रदेश पूर्व के मुकाबले राजनीतिक रूप से आज अधिक महत्वपूर्ण हो गया है ।

भारत के आर्थिक लक्ष्यों की प्राप्ति में बड़ी भूमिका के निर्वाहन में यूपी, समाज के विभिन्न स्तरों के साथ राजनीतिक नेतृत्व के जरिए योगदान दे सकता है। यदि उत्तर प्रदेश नेतृत्व करे तो इसमें कोई शक नहीं कि भारत एक प्रमुख राजनीतिक शक्ति बन सकता है ।

यूपी को आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अनुसंधान एवं विकास, आईपी और एआई के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन, रक्षा उत्पादों के निर्माण और फार्मास्यूटिकल्स सरीखे उद्योगों पर ध्यान केंद्रित करना होगा ।नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने दावा किया कि 2015-2016 से 2019-2021 तक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में उत्तर प्रदेश में गरीबों की संख्या में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई । राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक से पता चला है कि इस अवधि के दौरान 13. 5 करोड़ लोगों में से अकेले यूपी में 3. 43 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले । यह एक चौंका देने वाली संख्या है ।36 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और 707 प्रशासनिक जिलों पर केंद्रित रिपोर्ट उत्तर प्रदेश में सबसे तेज गति से गरीबों की संख्या में कमी का इशारा करती है । गरीबी कम होने के मामले में बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान जैसे राज्य यूपी के बाद ही आते हैं । सरकार ने दावा किया है कि रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि राज्य भर के गांवों में गरीबों की संख्या तेजी से घटी है । इतना ही नहीं स्वास्थ्य, शिक्षा, जीवन की गुणवत्ता सरीखे मानकों पर भी बेहतरीन परिणाम दिखे हैं।नीति आयोग की रिपोर्ट पर आगरा के उद्यमी और रोटरी क्लब के प्रमुख मनीष मित्तल कहते हैं कि पूरे उत्तर प्रदेश में उत्साहजनक माहौल है । राज्य सभी क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है ।मेरा विश्वास करें, हमारा व्यवसाय अच्छा चल रहा है और हम आर्थिक विकास में एक लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार हैं । काम के इच्छुक लोगों के लिए काम की कोई कमी नहीं है ।

नीति आयोग की रिपोर्ट कहती है, पोषण से वंचित गरीबों की संख्या 2015-16 में 30. 40त्न से घटकर 2019-21 में 18प्रधानमंत्री 45त्न रह गई हैप्रधानमंत्री इसमें कहा गया है कि बच्चों और किशोरों की मृत्यु दर में भी सुधार हुआ है, जो 2015-16 में 3. 81त्न से गिरकर 2019-21 में 2. 20त्न हो गई है ।राज्य में मातृ स्वास्थ्य में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है । मातृ मृत्यु दर 2015-16 में 25. 20त्न से घटकर 2019-21में 15. 97त्न हो गई है ।

इसके अलावा, खाना पकाने के ईंधन तक पहुंच नहीं रखने वाले गरीबों का प्रतिशत 2015-16 में 34. 24त्न के मुकाबले 2019-21 में 17. 95त्न था । इसके अलावा पीने के पानी से वंचित लोगों की संख्या 2015-16 में 2 । 09त्नके मुकाबले 2019-21 में 0. 93त्न हो गई । इसमें कोई दो राय नहीं कि कभी विकास के पैमाने पर पिछडे यूपी में आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चौतरफा विकास हो रहा है।खैर, आज दुनिया भी यह मानने लगी है कि उत्तर प्रदेश अब गरीब और बीमारू राज्य नहीं है, बल्कि एक ऐसा राज्य है जहां पिछले छह वर्षों में 5प्रधानमंत्री 5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं । यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है । यह दुख की बात है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस, सपा और बसपा की सरकारें गरीबी तो दूर कर नहीं पाई, लेकिन खोखला नारा जरूर देकर गई । सपा के नारे जातिवाद और अराजकता के चंगुल में फंसकर भ्रष्टाचार के प्रतीक बन गए जबकि बसपा शासन में यूपी विकास की दौड़ में अन्य राज्यों से काफी पीछे रह गया ।उत्तर प्रदेश में पिछले सात वर्षों में जो विकास और जनकल्याण के कार्य दिखे हैं, वे पहले भी हो सकते थे । लेकिन , पिछली सरकारों में इच्छाशक्ति का अभाव स्पष्ट दिख रहा थाप्रधानमंत्री उन्होंने किसानों और व्यापारियों का भरपूर शोषण किया, युवाओं के साथ अन्याय भी किया और महिलाओं की सुरक्षा को गंभीर खतरे में डाला।जैसा कि हमने ऊपर बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2027 तक 1 ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य बनाया है । यह राज्य समेत यहां के निवासियों की क्षमताओं को बेहतर संभावनाओं में बदलने का एक सुअवसर ।भारत समेत दुनियाभर में गरीबी कम करने, जीवन स्तर में सुधार के लिए सबसे शक्तिशाली और टिकाऊ यदि कोई रास्ता है तो वो आर्थिक विकास ही है, और मिशन 1 ट्रिलियन में यूपी को बदलने की क्षमता है और प्रधानमंत्री मोदी भारत की आर्थिक स्थिति को 5 ट्रिलियन तक पहुंचाने का लक्ष्य जिसका रास्ता उत्तरप्रदेश से ही होकर जाने वाला है।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# छात्रों की जान से खेलते कोचिंग संस्थान और नाकारा प्रशासन

देश की राजधानी दिल्ली में एक नामी गिरामी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में अचानक पानी भर जाने से तीन छात्रों की दुःखद मौत जहाँ बेहद हृदयविदारक है, वहीं राजधानी दिल्ली के नाकारा रिश्वतखोर पंगु प्रशासन की धूर्तता भरी कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान है। जो प्रतिभावान युवा भारतीय प्रशासनिक सेवा में चुन कर आईएस आईपीएस बनकर देश को चलाने वाले सिस्टम का अंग बनने का सपना संजो कर अपने घर परिवार शहर से सैकड़ों हजारों किलोमीटर दूर कोचिंग करने आए थे उनको कोचिंग संस्थानों की अधिकाधिक कमाई करने और सिस्टम की घातक लापरवाही के कारण असमय अपनी जान गंवानी पड़ी। इस हादसे से समूचे देश में विशेष कर छात्रों में आक्रोश और नाराजगी है, क्योंकि यह हादसा बहुत हृदय विदारक व तीन परिवारों को उनके चिरागों को बुझा कर जीवन भर के लिए ऐसे दुख में धकेलने वाला है जिसकी कोई भरपाई नहीं हो सकती है। कितने शर्मसार करने वाली बात है कि राजधानी दिल्ली के बीचोंबीच जहां कानून व्यवस्था के राज की गारंटी मानी जाती है और देश के दूर दराज के प्रदेशो से हजारों की संख्या में युवा बेहतर कोचिंग संस्थान में पढ़ कर उच्च पदों पर आसीन होने का सपना लेकर आते हैं यहां भारी भरकम फीस चुकाने के बाद भी उन्हें इतना असुरक्षित स्थानों पर पढने और रहने की जगह मुहैया करायी जा रही है जहां कभी अग्निकांड में कभी करंट आने से कभी सीवर के खुले ढक्कन से गिरने से तो अब बेसमेंट में अचानक पानी भर जाने से जान गंवानी पड़ती है। जाहिर है कि बेशक हम विकास के बड़े बड़े दावे करे विदेशी राजनेताओं को दिखाने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च कर फर्जी सजावट और दिखावा करें लेकिन हकीकत में भ्रष्टाचार से लबरेज़ सरकारी मशीनरी और लालची कार्पोरेट और बंदरबांट कर रहे राजनीतिक दबंगों के बीच तिरोहित जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। राजेंद्र नगर के कोचिंग संस्थान का हादसा भी इसी सब का एक उदाहरण है। आप को विदित रहे कि 27 जुलाई शनिवार की शाम राजेंद्र नगर के एक कोचिंग सेंटर को लाइब्रेरी में अचानक भारी मात्रा में पानी भर जाने से तीन छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। मरने वालों में 2 छात्राएं और 1 छात्र शामिल है।

मृतक छात्रा श्रेया यादव यूपी के अंबेडकर नगर जिले की रहने वाली थी, वहीं तान्या सोनी तेलंगाना की रहने वाली थी। मृतक छात्र की पहचान केरल के एर्नाकुलम निवासी नवीन दल्विन के रुप में हुई है। इस हादसे के बाद एक तरफ जहां राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है, तो दूसरी तरफ दोषारोपण का खेल भी। कुछ राजनेता कोचिंग संस्थान को दोषी ठहरा रहे हैं, तो कुछ दिल्ली सरकार को दोषी मान रहे हैं। हकीकत यह है कि अधिक कमाई के लालच में कोचिंग संस्थान के संचालक बहुत तंग जगहो पर बड़ी संख्या में बच्चों को एडमिशन दे कर नाकारा सिस्टम को चौथ देकर कोचिंग सैंटरल चलाते हैं उनमे से अधिकांश के पास फायर व दूसरे सरकारी विभागों की एनओसी तक नहीं होती है हादसे वाले कोचिंग सेंटर में भी बेसमेंट में लाइब्रेरी और क्लास चलाकर सैकड़ों छात्रों के जीवन से खिलवाड़ की जा रही थी। गौरतलब है कि हर साल हजारों की संख्या में देश भर से छात्र बेहतर एक्सपर्ट्स से परिक्षा उपयोगी गाइडेंस व कोचिंग लेकर देश की तमाम सरकारी नियुक्ति परिक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं । ऐसे में सेलेक्शन और बेहतर भविष्य का सपना आंखों में संजोए छात्र बड़े ही उत्साह से प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रतिष्ठित और बड़े नाम धारी कोचिंग संस्थाओं में एडमीशन भी लेते हैं। इन कोचिंग संस्थानों में एडमिशन के लिए छात्रों से लाखों रुपए फीस ली जाती है। उन्हें बेहतर पढ़ाई का माहौल सुविधाओं व सलेक्शन का भरोसा दिया जाता है, बावजूद इसके ये संस्थान मूल भूत सुरक्षा संबंधी नियमों की भी उपेक्षा करते हैं। मौजूदा हादसा कोई पहला मामला नहीं है, इसके पहले भी इस तरह की घटनाएं सामने आई हैं।पिछले दिनों 14 अप्रेल को कोटा के एक कोचिंग सेंटर में आग का हादसा हुआ आठ छात्र झुलस गए जबकि एक छात्र चौथी मंजिल से कूद कर जान गंवा दिया।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज सहज तरीके से अपने कामों को करते चलेंगे तो काम का ज्यादा बोझ नहीं रहेगा। आज आप बच्चों की गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रखें। समय रहते उचित कदम उठाने से परिस्थितियों संभल जाएंगे। किसी पुराने मित्र का सहयोग मिलेगा जिससे आप काफी खुश रहेंगे। जीवन साथी आपसे प्रभावित होंगे, जिससे आपसी रिश्ता मजबूत होगा। |
| वृष | आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। समाज सेवा कर रहे लोगों को आज स्थानीय लोगों के द्वारा सम्मानित लिया जायेगा, जिससे उनका हौसला बढ़ेगा। आज दोस्तों से पूरी मदद मिलेगी। खास काम के सिलसिले में बातचीत भी होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह लेना आपके लिए बहुत ही लाभदायक भी रहेगा। पौष्टिक भोजन को करे जिससे आपकी सेहत में सुधार होगा। |
| मिथुन | आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन...काम करने में लगा रहेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आयेंगे। इवेंट मनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट आज कुछ क्रिएटिव कर सकते हैं। |
| कर्क | आज आपका दिन ठीक- ठाक रहेगा। कामकाज से जुड़ी चुनौती आज आपके सामने आएगी ,साथ ही आप इसमें सफल भी होंगे। आज कार्यक्षेत्र में व्यवसायिक गतिविधियों में सुधार आएगा और सहयोगी तथा कर्मचारियों के साथ चल रहा कोई पुराना मतभेद दूर होगा। ऑफिशियल मामलों में थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। अपना आत्मबल जगाने की कोशिश करना जारी रखना होगा जिससे विपरीत स्थितियों का आप सामना कर सकेंगे। |
| सिंह | आज आपका दिन काफी बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यस्तता के बावजूद घर परिवार में उचित सामंजस्य बनाकर रखेंगे। आज आप खुद को मजबूत रखेंगे। कोई महत्वपूर्ण फैसला लेने में भी सक्षम रहेंगे। परिवार वालों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का अवसर मिलेगा। प्राइवेट कर्मचारियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज मीडिया से जुड़े व्यवसाय में लाभदायक स्थिति बनेगी। |
| कन्या | आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज किसी खास प्रयोजन को लेकर यात्रा संबंधी प्रोग्राम बन सकता है। घर में नजदीकी संबंधियों का आगमन होगा और घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज घर के बड़े बुजुर्गो क स्नेह व आशीर्वाद अवश्य लें तथा उनका मान-सम्मान व आदर बनाए रखेंगे। सोसाइटी में किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रखेंगे, जिसका इम्प्रैशन लोगों पर साफ दिखेगा। |
| तुला | आज का आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा। |
| वश्चिक | आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको महसूस होगा की परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आपको ऐसी जगह से महत्वपूर्ण बुलावा आएगा, जहां से आपने कभी कल्पना भी नहीं की हो। जीवन साथी की वजह से आपकी कोई योजना या कोई कार्य बन सकता है , लेकिन धैर्य बनाए रखें। आपको पैसे की जरूरत होगी, वह आपको किसी करीबी से मिल जाएगा। |
| धनु | आज आपके दिन की शुरुआत शांत मन होगी। आज आपके धन-धान्य में वृद्धि होने के योग हैं। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। किसी रिश्तेदार के घर दावत पर जाएंगे, जहां सभी लोग एंजॉय करते हुए नजर आएंगे। आपके कुछ खास काम में आज रूकावट आ सकती है, लेकिन शाम तक काम पूरा हो जायेगा। आज आपको फिजूल की बातों में पड़ने से बचना चाहिए। इस राशि की महिलाएं ऑनलाइन कोई रेसिपी सीख सकती |
| मकर | आज आपको नया अनुभव मिलने वाला है। आज थोड़ी-सी मेहनत से आपको बड़ा मुनाफा होगा। दोस्तों के साथ देवी मां के दर्शन के लिए मंदिर जाएंगे। बुजुर्गो की सेवा करें जिनका आशीर्वाद आपको मिलेगा, आप जल्द ही सफल होंगे। घुटनों की बीमारी का आज सफल इलाज होगा, दर्द से राहत मिलेगी। संतान से आपको खुशी मिलेगी। साथी को चॉकलेट गिफ्ट करने से उन्हें खुशी मिलेगी। |
| कुम्भ | आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। छात्र-छात्राओं को अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी खाली समय मिले अपने काम को पूरा कर ले। कुछ नए विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी , जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा। मित्रों की सहायता से आपको आय के साधन मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमाने में कामयाब रहेंगे। |
| मीन | आज का दिन आपके लिए दिन बदलाव से भरा रहने वाला है। आपको धन लाभ के एक से अधिक माध्यम मिलेंगे।प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छे परिणाम मिलने की उम्मीद है। आज आपकी वाणी में मधुरता का भाव रहेगा। राजनीति में सफलता प्राप्त होगी, सभा को संबोधित करने का मौका मिलेगा। |

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### सावन

सखी बता री कैसा सावन।
प्रियतम तो परदेश बसे,
विरह आग झुलसावे,
मन चकोर व्याकुल हो तड़पे,
बदरा और रिझावे,
चम चम चम चम बिजली चमके,
मेघ करे जलप्लावन।
सखी बता री कैसा सावन।।
चमक धमक से मन घबड़ाए,
मेरे हित सूना सूना,
रिमझिम ही तो प्यास जगाए,
बढ़ा रहा ये दुख दूना,
काली रात और सेज कंटीली,
याद पिया की पावन।
सखी बता री कैसा सावन।।

### सावनी कजली

झूला झूल रही ब्रज में, ब्रज रानी सुनो।
राधिका दीवानी सुनो ना।
प्रेम अमृत की, एक नई कहानी सुनो।
राधिका दीवानी सुनो ना।।
था ये कान्हा को ज्ञात,
लेके चले हैं जमात, 2
कुछ होना था, ये भी छेड़खानी सुनो।
राधिका दीवानी सुनो ना।।
थी जो रेशम की डोर,
मोहन देखते उस ओर, 2
टूटी रस्सी, छलिया की मेहरबानी सुनो।
राधिका दीवानी सुनो ना।।
राधा गोद में प्रभु की,
लीला खूब थी नटवर की, 2
सखियां हो रही थीं, देख पानी पानी सुनो।
राधिका दीवानी सुनो ना।।

**डॉ. अनिल कुमार पांडेय**
**(पांडेय अकेला)**
**कैमूर, बिहार**

### अकेले ही मंज़िल तय करनी होती है

हम और आप दोनों महज याद
बनकर के एक दिन रह जायेंगे,
और दोनों कोशिश करके दुनिया
में अच्छी यादें छोड़ कर भी जायेंगे।
सबकी नकल करी जा सकती है,
पर चरित्र, व्यवहार, संस्कार और
ज्ञान की नकल नहीं हो सकती है,
इनमें सब वास्तविकता दिखती है।
शरीर में काम यदि श्वास का होता है
मित्रता में काम विश्वास का होता है,
पर इंसान तो बुद्धि अपने पास और
धन दूसरों के पास ज्यादा समझता है।
किसी की मौजूदगी से यदि कोई
व्यक्ति स्वयं के दुःख भूल जाता है,
तो यह उसके होने की सार्थकता है,
कष्ट में यदि साथ दें तो उदारता है।
मदद सबकी की जाय मगर बदले
में आशा किसी से मत रखी जाय,
सेवा का सही मूल्य भगवान देता है,
इंसान से आशा ही क्यों की जाय।
दुनिया में कुछ भी असम्भव नहीं है,
बस स्वयं आत्मविश्वास होना चाहिये,
हारी हुई जंग भी जीत लेते हैं लोग,
केवल इरादे मजबूत होना चाहिये।
अकेले ही मंज़िल तय करनी होती है,
हर सफ़र में हमसफ़र नहीं मिलते हैं,
आदित्य सहारा तो ईश्वर का होता है,
परंतु इंसान इंसान के सहारे होते हैं।



**कर्नल आदि शंकर मिश्र**
**आदित्य**
**लखनऊ**

## अनमोल वचन

सच्चे लोग दिल में उतनी जगह नहीं बना पाते है, जितनी जगह मतलबी और चापलूस लोग बना लेते है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में इण्डिया गठबंधन ने किया प्रदर्शन

**▸▸जेल में स्वास्थ्य से खिलवाड़ का लगाया आरोप , सौंपा ज्ञापन**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** आम आदमी पार्टी के आह्वान पर आप जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी और मोदी सरकार द्वारा जेल में उनके स्वास्थ्य के साथ किए जा रहे खिलवाड़ के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष नीरज त्रिपाठी के निर्देशन में सुरेश कुमार सरोज अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष एवं अश्वनी उपाध्याय कांग्रेस सेवा दल के नेतृत्व में सभी प्रमुख पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही अवैध गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आप जिला कार्यालय से सदर चौराहा,भैरोपुर,कपूर चौराहा,चौक घंटाघर,श्रीराम चौराहा,राजापाल चौराहा,पुलिस लाइन चौराहा,अम्बेडकर चौराहा होते हुए जिला मुख्यालय पर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद,तानाशाही नहीं चलेगी, अवैध गिरफ्तारी बंद करो, सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग बंद करो, अरविंद केजरीवाल को रिहा करो, अरविंद केजरीवाल को जेल में प्रताड़ित करना बंद करो,जुमलेबाजी बंद करो, झूठ बोलना बंद करो, अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करना बंद करो, मोदी तेरी तानाशाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी, लोकतंत्र की हत्या बंद करो, सरकारी तंत्र का दुरुपयोग बंद करो, आदि नारों से सड़कें गुंजायमान रहीं। कार्यक्रम में दिनेश उपाध्याय के साथ भास्कर तिवारी जिला महासचिव,मो0फरीद जिला कार्यकारिणी,राम नयन वर्मा जिलाध्यक्ष पंचायत प्रकोष्ठ,भोले शंकर शुक्ला प्रदेश सचिव पंचायत प्रकोष्ठ,देवीदीन गौतम जिलाकार्यकारिणी,भोलेनाथ गुप्ता जिलाकार्यकारिणी,मो0शफीक वार्ड अध्यक्ष,इकलाख अहमद अध्यक्ष विधानसभा,शिव चरन पटेल वार्ड अध्यक्ष, दिलावर जिलाकार्यकारिणी,राजाराम यादव जिलाकार्यकारिणी,मो0 सलमान जिलाकार्यकारिणी,वैभव सोशल मीडिया,राहुल यादव यूथविंग जिलाध्यक्ष,मनोज सिंह प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष,अश्वनी उपाध्याय कांग्रेस सेवा दल,सुरेश कुमार सरोज अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष,मो0दिलशाद,सतीश कुमार,मो0शाहिल,आशीष सरोज,विवेक गौतम,रितेश सरोज,नितिन,निशांत,मकरन्द शुक्ला जिला अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ कांग्रेस आदि लोग उपस्थित रहे।

# बिहारेश्वरनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए बैठक आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार/ प्रतापगढ़**-बाघराय थाना क्षेत्र के बिहार बाजार के हिंदू नगर स्थित बाबा भोलेनाथ के प्राचीन मंदिर बिहारेश्वरनाथ धाम में हर वर्ष नागपंचमी के दूसरे दिन होने वाले जलाभिषेक को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत हर-हर महादेव व जय श्री राम के नारों से हुई। बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारियों ने जलाभिषेक में शामिल होने वाले विभिन्न गांवों के प्रतिनिधियों की बातों को सुना और सभी से आग्रह किया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शांति पूर्ण ढंग से कार्यक्रम को सफल बनाएं।

साथ ही जो भी कार्यक्रम कर रहे हैं, वह अपने कमेटी के पदाधिकारियों से डीजे,झांकी व अन्य कलाओं जिसको वह प्रदर्शित करने के लिए बुक किये हों वह जलाभिषेक कमेटी के समक्ष पेश करें, ताकि जलाभिषेक यात्रा में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो।

कमेटी ने कहा कि वह सभी सूचना बिहारेश्वर नाथ धाम के मुख्य कमेटी को उपलब्ध कराएं। बैठक रजत केशरी के स्टार मशीनरी स्टोर पर हुई। बैठक के दौरान राजू केशरवानी, मनोज केशरवानी,आशीष,प्रकाश,हर्ष,वंश,कमलेश,अर्जुन,अंकित,रवि,अतीश,सुरेश,सौरभ,शेष नारायण त्रिपाठी,मोनू,विनीत सहित सैकड़ों शिवभक्त मौजूद रहे।

# महिला के साथ मारपीट को लेकर चार के खिलाफ केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने कमरे में बंद कर महिला के साथ मारपीट की घटना को लेकर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के देल्हूपुर गड़रियन का पुरवा गांव की रेशमा बानो पुत्री इंसान अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि मुकदमें में समझौता करने को लेकर सत्ताईस जुलाई को दोपहर में गांव निवासी रज्जब ने अपनी मां हजीरा बेगम पत्नी नसीमुल तथा भाई इमरान के साथ मिलकर एकराय होकर उसे कमरे में बंद करके जमकर मारापीटा। पीडिता का यह भी आरोप है कि एक दरोगा ने भी आरोपियो के दबाव में उसे गाली दी और मुकदमें मे समझौते का दबाव बनाया। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद रज्जब समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सावन के दूसरे मंगलवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में उमड़े श्रद्धालु



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सावन के दूसरे मंगलवार को भी बाबा घुइसरनाथ धाम में जलाभिषेक को लेकर शिवभक्तों की भारी भीड़ रही। वहीं मन्दिर परिसर में जगह जगह रूद्राभिषेक करते श्रद्धालु भगवान शिव की भक्ति में रमे दिखे। सुबह मन्दिर का कपाट खुलते ही हर हर महादेव के जयकारों के जयघोष के बीच श्रद्धालुओं ने बाबा घुइसरनाथ को जलाभिषेक किया। इससे पूर्व भोर में मन्दिर के महन्त मयंक भाल गिरि के संयोजन में भगवान घुइसरनाथ जी की आरती हुई। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर जगह जगह पुलिस की मुस्तैदी बनी दिखी। वहीं मंदिर में गर्भगृह में जलाभिषेक को लेकर मंदिर समिति के स्वयंसेवी श्रद्धालुओं की व्यवस्था सुचारू बनाने में तन्मयता से जुटे नजर आये। श्रद्धालुओं ने बाबा घुइसरनाथ जी को जलाभिषेक के साथ ही मंदिर परिसर में तिरूपति बाला जी महराज के साथ ही रामजानकी, हनुमान जी आदि मन्दिरों में भी पूजन अर्चन किया। उधर दर्शन पूजन को आये श्रद्धालु मेले में भी लुफ्त उठाते देखे गये।

# महिला के साथ छेडछाड व धमकी को लेकर दो पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने महिला के साथ छेडछाड व अश्लील हरकत तथा गालीगलौज व धमकी को लेकर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली के एक गांव की पीड़िता का पति रोजगार के सिलसिले में मुम्बई में रहता है। यहां गांव में वह अपने बच्चों के साथ रहती है। पीड़िता का आरोप है कि तेईस जून की रात नौ बजे वह गांव के बाग में शौच के लिए गयी थी। इसी बीच गांव के विपिन मिश्र व संतोष मिश्र ने उसे पकड़ लिया और बदनीयती से अश्लील हरकत करते हुए छेडछाड किया। आरोपियों ने पीडिता के कपड़े भी फाड़ डाले। पीडिता ने घटना को लेकर कई बार तहरीर दिया लेकिन कार्रवाई के नाम पर पुलिस हीलाहवाली करती रही। अफसरों की फटकार पर पुलिस ने सोमवार की रात आरोपी विपिन व संतोष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# श्री केशव का तुलसी की मंजरियों से पूजन करने से पाप नष्ट हो जाता है -धर्माचार्य ओम प्रकाश पांडे



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** कामदा एकादशी की बहुत-बहुत बधाई बहुत-बहुत मंगल कामनाएं। दिनांक 31 जुलाई बुधवार को समस्त भक्तों की श्रावण मास कृष्ण पक्ष की कामदा एकादशी है।

धर्मराज युधिष्ठिर के पूछने पर भगवान श्री कृष्ण ने कहा हे राजन ! पूर्व काल में ब्रह्मा जी से यही प्रश्न नारद जी ने पूछा था। ब्रह्मा जी ने कहा था हे नारद सुनो मैं संपूर्ण लोगों के हित की इच्छा से तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दे रहा हूं। श्रावण मास में जो कृष्ण पक्ष की एकादशी होती है उसका नाम कामदा है ।

उसके स्मरण भाव से वाजपेय यज्ञ का फल मिलता है। उस दिन श्रीधर, हरि ,विष्णु, माधव और मधुसूदन आदि नामों से भगवान का पूजन करना चाहिए।

, भगवान श्री कृष्ण के पूजन से जो फल मिलता है वह गंगा, काशी, नैमिषारणय तथा पुष्कर क्षेत्र में भी सुलभ नहीं है। सिंह राशि के बृहस्पति होने पर तथा व्यतीपात और दंडयोग में गोदावरी स्नान से जिस फल की प्राप्ति होती है वही फल भगवान श्री कृष्ण के पूजन से मिलता है।

जो समुद्र और वन सहित समूची पृथ्वी का दान करता है तथा जो कामदा एकादशी का व्रत करता है वह दोनों समान फल के भागी माने गए हैं। जो ब्याई हुई गाय को अन्य सामग्रियों सहित दान करता है उस मनुष्य को जिस फल की प्राप्ति होती है वहीं कामदा का व्रत करने वालों को मिलता है। इसलिए हर श्रेष्ठ सावन मास में भगवान श्रीधर का पूजन जो करता है उसके द्वारा गंधर्व और नागो सहित संपूर्ण देवता की पूजा हो जाती है। कामदा एकादशी का व्रत करने वाला मनुष्य रात्रि में जागरण करने से न तो कभी भयंकर यमराज का दर्शन करता है और न कभी दुर्गति में पड़ता है। लालमणि ,मोती ,वैधूयघ् और मूंगे से पूजित होकर भी भगवान विष्णु संतुष्ट नहीं होते जैसे तुलसी दल से पूजित होने पर होते हैं। तुलसी की मंजरियों से जिसने श्री केशव का पूजन किया है उसके जन्म भर का पाप निश्चय ही नष्ट हो जाता है ।तुलसी का दर्शन करने पर सारे पाप समुदाय का नाश कर देती है ,स्पर्श करने पर शरीर को पवित्र बनाती है, प्रणाम करने पर रोगों का निवारण करती है। जल से सीचने पर यमराज को भी भय पहुंचाती है ।आरोपित करने पर भगवान श्री कृष्ण के समीप ले जाती है, भगवान के चरणों में चढ़ाने पर मोक्ष रूपी फल प्रदान करती है उस तुलसीदेवी को नमस्कार है।

जो मनुष्य एकादशी के दिन-रात दीपदान करता है उसके पुण्य की संख्या चित्रगुप्त भी नहीं जानते। एकादशी के दिन भगवान श्री कृष्ण के सम्मुख जिसका दीपक जलता है उसके पिता स्वर्ग लोक में स्थित होकर अमृतपान से तृप्त होते हैं।घी अथवा तिल के तेल से भगवान के सामने दीपक जलाकर मनुष्य देह त्याग के पश्चात करोड़ों दीपकों से पूजित हो स्वर्ग लोक में जाता है ।

भगवान श्री कृष्ण कहते हैं हे राजन तुम्हारे सामने मैंने कामदा एकादशी की महिमा का वर्णन किया है। अतः मानव को इस का व्रत अवश्य करना चाहिए। यह स्वर्ग लोक तथा महान पुण्य फल प्रदान करने वाली है ।जो मनुष्य श्रद्धा के साथ इसके महत्व का श्रवण करता है वह सब पापों से मुक्त हो श्री विष्णु लोक में जाता है।

ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास कृपापात्र श्री श्री 1008 स्वामी श्री इंदिरा रमणाचार्य पीठाधीश्वर श्री जीयर स्वामी मठ जगन्नाथ पुरी। रामानुज आश्रम संत रामानुज मार्ग शिव जी पुरम प्रतापगढ़।

नोटरू-- पारणा 1 अगस्त को प्रातः काल 8,06 तक

कामदा एकादशी का व्रत करिए भगवान की कृपा होगी जहां बरसात नहीं हो रही है वहां निश्चित जलवृष्टि होगी।

# उडैयाडीह आयुर्वेदिक अस्पताल में बुजुर्गों के लिए लगा स्वास्थ्य शिविर



**बेलखरनाथ धाम (प्रतापगढ़)।** बुजुर्गों के लिए आयुर्वेदिक अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बुजुर्गों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. जयराम यादव के दिशा-निर्देश पर मंगलवार को आयुष आरोग्य मंदिर उडैयाडीह के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. आशीष कुमार त्रिपाठी ने स्वास्थ्य शिविर में आए बुजुर्गों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही रक्तचाप, मधुमेह, रक्ताल्पता, एवं अन्य बीमारियों की स्क्रीनिंग की तथा औषधि वितरित की। इस दौरान उन्हें दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहार, विहार, योग आदि के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। शिविर में कुल 58 मरीजों का परीक्षण किया गया। इनमें 39 पुरुष एवं 19 महिला मरीज मौजूद रहीं। स्वास्थ्य शिविर में मुहम्मद नसीम, जगदेव, सुभाष, इस्लाम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# व्यापार तथा किसानों के लिये अहितकर प्रस्तावित बाईपास का संसद में गूंजा मुद्दा

- **राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने रायबरेली-प्रतापगढ़ मुख्य मार्ग को यथावत बनाये रखने पर दिया जोर**
- **बावन किलोमीटर प्रस्तावित बाईपास को सांसद ने निरस्त करने की उठाई आवाज**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के रायबरेली प्रतापगढ़ मुख्य मार्ग के लिए प्रस्तावित बावन किलोमीटर लम्बे बाईपास के निर्माण कराए जाने का विचाराधीन मुददा संसद में गूंजा है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने इस प्रस्तावित बाईपास को व्यापारिक तथा कृषि क्षेत्र समेत आम लोगों के हित के पूरी तरह विपरीत करार दिया है। उन्होने प्रस्तावित बाईपास को जिले की लालगंज समेत कई बाजारों में व्यापारिक कारोबार के साथ समीपवर्ती कृषि उपजाऊ जमीन के भी प्रभावित होने की बात कही है। उन्होनें राज्यसभा में इस प्रस्तावित बाईपास को लेकर कहा कि अर्जुनपुर से रानीगंज बावन किलोमीटर के फोरलेन को लेकर यह बाईपास वाया अझारा, लालूपुर, सगरा सुंदरपुर, भोपियामऊ, रानीगंज के लिये कतई उपयोगिता नहीं रखता है। उन्होनें संसद में कहा कि इस प्रस्तावित बाईपास को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा चिन्हीकरण के नाम पर अभी से ही बाजारों में तोडफोड की कार्रवाई शुरू होने से बड़ी संख्या में व्यापारियों और बाजारों में जीवन बसर कर रहे आम लोगों में भय का माहौल बन गया है। उन्होनें कहा कि इस प्रस्तावित बाईपास को रायबरेली प्रतापगढ़ के फोरलेन से सम्बद्धीकरण की बात कही जा रही है। जबकि अभी रायबरेली प्रतापगढ़ का मुख्य मार्ग फोरलेन है ही नहीं। उन्होनें कहा कि इस प्रस्तावित बाईपास से जहां बाजार में छोटे व मध्यम वर्ग के व्यापारी अपनी रोजमर्रा की कमाई खो बैठेंगे वहीं उन्होनें सरकार का ध्यान आकृष्ट किया कि प्रस्तावित बाईपास को लेकर किसानों की सिंचित उपजाऊ महत्वपूर्ण कृषि योग्य जमीन भी प्रभावित होगी और बडी संख्या में गरीब तबके का किसान इस दायरे मे आने वाली अपनी उपजाऊ जमीन को खो बैठेगा।

उन्होनें बताया कि किसानों को उपजाऊ जमीन पर अपनी आलू, धान, गेहूं की महत्वपूर्ण फसलों की हो रही खेती से भी हाथ धोखा पड़ेगा। वहीं उन्होनें कहा कि जिले की कई बाजारों खासकर लालगंज अझारा, सगरा सुंदरपुर, मोहनगंज, लीलापुर व रानीगंज कैथौला जो अर्से से पुरानी बाजारें हैं। इनके अस्तित्व पर भी गहरा प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

उन्होनें सरकार से कहा कि इस प्रस्तावित बाईपास की विचाराधीन कार्रवाई को जनहित में अविलम्ब निरस्त किया जाये। वहीं उन्होनें यह भी सुझाव दिया है कि रायबरेली प्रतापगढ़ के मुख्य मार्ग को मौजूदा स्वरूप में ही आवागमन के लिए बनाया रखा जाय।

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने अपने वक्तव्य में इस बात पर भी जोर दिया कि रायबरेली-प्रतापगढ़ के इस मार्ग पर जहां आवश्यकता हो स्थानीय बाईपास बनाया जाये। उन्होनें सदन में इस बात पर जोर दिया कि प्रस्तावित बाईपास के नाम पर बाजारों और वहां बने आम वर्ग के रिहायशी मकानों के ध्वस्तीकरण और तोडफोड की कार्रवाई पर फौरन सरकार रोक लगाये जाने का भी निर्देश प्रदान करे। उन्होनें कहा कि प्रस्तावित बाईपास से प्रतापगढ़ जिले की सिंचित उपजाऊ जमीन का बहुत बड़ा भूभाग प्रभावित होने से बचाया जाना चाहिए। राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी द्वारा दिये गये वक्तव्य की जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से दी गयी। वहीं मंगलवार को प्रस्तावित बाईपास के मुददे पर प्रमोद तिवारी के वक्तव्य की जानकारी यहां व्यापारियों को हुई तो उनके चेहरे भी खिल उठे दिखे। कमोवेश रानीगंज कैथौला, सगरा सुंदरपुर बाजार में भी व्यापारियों तथा बाजार में निवास कर रहे आम लोगों में राहत व खुशी का माहौल देखा गया।

# अपनी ही जमीन पर घर नहीं बना पा रहा है बुजुर्ग रामकिशोर

- **राजस्व टीम की रिपोर्ट के बाद भी मदद करने में विफल साबित हो रहा है तहसील प्रशासन**
- **तहसील अफसरों से निराश बुजुर्ग ने अब ज़िला स्तरीय अधिकारियों से लगाई है न्याय की गुहार**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बेलखरनाथ धाम (प्रतापगढ़)।** लोगों को सुलभ न्याय दिलाने का मुख्यमंत्री का निर्देश प्रतापगढ़ में हवा हवाई साबित हो रहा है। तहसील और पुलिस विभाग सिर्फ मामले को टरकाने और मैनेज करने में ही लगे हैं। ऐसा ही एक मामला दिलीपपुर थाना क्षेत्र के पूरे लोकमन गांव का सामने आया है जहां एक बुजुर्ग महीनों से राजस्व व पुलिस विभाग के चक्कर काट रहा है लेकिन उसकी फरियाद नहीं सुनी जा रही है।

बता दें कि दिलीपपुर थाना क्षेत्र के पूरे लोकमन गांव निवासी रामकिशोर दुबे काफी वृद्ध हैं। उनका इकलौता लड़का परदेश में रहकर किसी तरह से अपने मां-बाप के आर्थिक संकट को दूर कर रहा है। रामकिशोर पूर्वजों की आबादी, जहां वह काफी समय से काबिज रहे, वहां उन्होंने एक मकान का निर्माण शुरू किया। चारों तरफ जब दीवार बन गई तो पड़ोसी शास्त्री चंद दुबे ने विवाद शुरू कर दिया। आबादी से सटी एक भूमि, जिसमें रामकिशोर भी हिस्सेदार हैं, की नाप कराकर उनका काम रोक दिया। उप जिलाधिकारी के यहां पीड़ित ने प्रार्थना पत्र दिया तो राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि की पैमाइश की, जिसमें पाया गया कि रामकिशोर अपनी आबादी की ही भूमि पर भवन निर्माण कर रहे हैं, मात्र एक धुर भूमि बाग के हिस्से में पड़ रही है, जिसमें कि वह स्वयं भी हिस्सेदार हैं। राजस्व टीम ने उप जिलाधिकारी को रिपोर्ट सौंप दी। इसके बाद भी विपक्षी शास्त्री चंद दुबे व उनके परिवार के लोग छत नहीं पडने दे रहे हैं। वह जब काम शुरू करते हैं विपक्षी गण उन्हें चारों तरफ से लाठी डंडों से घेर लेते हैं। इस मामले की शिकायत पीड़ित ने उप जिलाधिकारी तनवीर अहमद, सीओ आनंद राय और दिलीपपुर थाना अध्यक्ष विवेक मिश्रा से प्रार्थना पत्र देकर की।लेकिन किसी ने उनकी फरियाद नहीं सुनी। स्थिति यह है कि वह दूसरे के घर में शरण लेने को मजबूर हैं। इस मामले में एसडीएम तनवीर अहमद का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है वह उचित कार्रवाई कराएंगे। तहसील अफसरों से निराश पीड़ित ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मदद की गुहार लगाई है। देखना है कि जिले के आला अफसर इस बुजुर्ग की फरियाद को कितनी गंभीरता से लेते हैं।

# वांछित धराया, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मुकदमें में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। कोतवाली के दरोगा सचिन कुमार ने मुखबिर की सूचना पर वांछित विजय वर्मा पुत्र तुलसीराम वर्मा निवासी कोड़री सरूआ को थाना क्षेत्र के वीर बाबा का चबूतरा के पास से सुबह गिरफ्तार किया। दरोगा ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# मामूली बात पर गोली मारने की दी धमकी, मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने मारपीट की घटना को लेकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना के महेशपुर गांव के धीरज यादव पुत्र स्व. रामसजीवन यादव, ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाते हुए बताया कि उसने अपने घर के पीछे सब्जी आदि की खेती की है। उसी में आम व करौंदा का पेड़ भी लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि उन्नीस जुलाई को समय लगभग साढ़े नौ बजे उसकी मां जब सब्जी तोड़ने के लिए गई तो पड़ोस के राजेन्द्र यादव के बेटे सब्जियों को तोड़ रहे थे और करौंदे की डाल को भी तोड़ दिया था। जब पीड़िता की मां आरोपियों के घर उलाहना देने गई तो उसे धक्का देकर भगा दिया। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित जब आरोपी के घर गया तो उसे गोली मार देने की धमकी दी और गाली गलौज करते हुए लात घूसे से मार कर भगा दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# संचारी रोग नियंत्रण को विद्यालयों में चलाया गया सफाई अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ नवनीत सेहारा के आदेशानुसार जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ ओमकार राणा के निर्देशन व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह के संयोजन में जनपद प्रतापगढ़ के सभी शिक्षण संस्थाओं में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत संचारी रोगों से बचाव व नियंत्रण पर विशेष साफ सफाई अभियान का आयोजन किया गया।.राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह के निर्देशन व योगेश सिंह,प्रतीक सिंहअरविंद कुमार विश्वकर्मा, दिवाकर सिंह पटेल के संयोजन में, राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य गीता यादव व उप प्रधानाचार्य डॉ मो अनीस के निर्देशन में,पीबी इंटर कालेज प्रतापगढ़ सिटी प्रतापगढ़ के प्रधानाचार्य डॉ अनूप सिंह के निर्देशन में, एपीएस इंटर कालेज भदोही एमपी मिश्रा के निर्देशन में,शंकर विद्यालय इंटर कालेज कटैया प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में,अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य आजाद अहमद के निर्देशन में,तुलसी इंटर कालेज बाबूगंज जमेठी कुंडा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अनुपम ओझा के निर्देशन में,इस्लामिया इंटर कालेज रामपुर बजहा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अंसार अहमद के निर्देशन में, ग्राम विकास इंटर कालेज देल्हूपुर प्रतापगढ़ डॉ राधे श्याम मौर्य,अमर जनता इंटर कालेज कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडेय के निर्देशन में,राजकीय उमावि रसूलपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अशोक कुमार के निर्देशन में, आरएसबी इंटर कालेज सुंदरगंज प्रतापगढ़ में आरपी यादव के निर्देशन में, पीपीएस इंटर कॉलेज दाउदपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह के निर्देशन में,

राजकीय बालिका इंटर कालेज शीतलमऊ प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य के निर्देशन में, राजकीय बालिका इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य के निर्देशन में,पंडीडीयूजीएम इंटर कालेज महुली प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य राहुल सिंह के निर्देशन में, पं डीडीयूजीएमआई कुराडीह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य विशाल वर्मा के निर्देशन में,छत्रधारी इंटर कालेज लखपेड़ा कोटा भवानी गंज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ डीपी सिंह के निर्देशन में, राजकीय उमावि बेधनगोपालपुर में प्रधानाचार्य रेखा द्विवेदी के निर्देशन में,भद्रेश्वर इंटर कालेज डेरवा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य वीएन सिंह के निर्देशन में, राजकीय उमावि दमदम प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य रमेश कुमार के निर्देशन में,राजकीय बालिका इंटर कालेज खरवई प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य शिखा श्रीवास्तव के निर्देशन में, राजकीय उमावि पुरैला में प्रधानाचार्य सीमा के निर्देशन में, पीपी एस इंटर कालेज दाउदपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य राहुल सिंह के निर्देशन में,श्री गौरी शंकर पांडेय इंटर कालेज कंधई मधुपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य जीपी पांडेय के निर्देशन में, राजकीय उमावि देवरी हरदो पट्टी प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ केएल ओझा के निर्देशन में,राजकीय उमावि वाजिदपुर में प्रधानाचार्य अशोक कुमार के निर्देशन में, राजकीय उमावि कांपा मधुपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य नीरू श्रीवास्तव के निर्देशन में,राजकीय उमावि शीतलपट्टी में प्रधानाचार्य उमेश कुमार के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किए गए.।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कोहडौर,प्रतापगढ़।** 'पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार' द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में 'थाना कोहड़ौर के उ0नि0 निकेत भारद्वाज मय हमराह हे0कां0 लाल बाबू शुक्ला, कां0 प्रवीण कुमार' द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, 'मु0नं0 10149ध्21 धारा 323, 504, 506, 427 भादवि' से संबंधित वारण्टी अभियुक्त 'मनोज कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 लालता प्रसाद नि0ग्राम मदाफरपुर थाना कोहड़ौर जनपद प्रतापगढ' को उसके घर से गिरफ्तार किया गया ।

## वृद्ध महिला को पोते ने पीट कर किया घायल

**पट्टी प्रतापगढ।** पारिवारिक विवाद में पहुंची वृद्ध महिला को पोते ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल महिला ने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्र के वेसार गांव निवासी चनरा देवी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके बेटों में आपस में विवाद हो रहा था। इस दौरान वह भी पहुंच गई तो पोते ने उसे डंडे से पीट कर लहू लुहान कर दिया। घायल महिला ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## सब्जी खरीदने बाजार आए युवक की बाइक चोरी

**पट्टी प्रतापगढ** ।बाजार में सब्जी खरीदने आए युवक की बाइक चोरी हो गई। घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। कोतवाली क्षेत्र के रसुलहा गांव निवासी ज्ञानचंद विंद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसका भाई जितेंद्र कुमार उसकी बाइक लेकर उडैयाडीह बाजार में सब्जी खरीदने आया था। सब्जी खरीदने के बाद वापस लौटा तो देखा कि जहां उसने बाइक खड़ी थी, वहां से बाइक गायब थी। बाजार में उसने खोजबीन की पर बाइक का पता नहीं चला। पीड़ित ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ बाइक चोरी का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अक्षिता पांडेय पुत्री मनमोहन पांडेय निवासी 105 प्रकाश भवन सिविल लाइन प्रतापगढ़ मेरा हाई स्कूल का फॉर्म भरते समय जन्मतिथि जन्म तिथि भूल से 5 मार्च 2009 की जगह 6 मार्च 2009 भर उठी है

अक्षिता पांडेय
पुत्री मनमोहन पांडेय
निवासी 105 प्रकाश भवन
सिविल लाइन प्रतापगढ़

फर्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
एम0एन0आर0 392/24
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन गिरीशचन्द्र मिश्रा उम्र लगभग 40 साल सुत जगदीश नारायण मिश्रा निवासी ग्राम देवली पोस्ट साहबगंज तहसील लालगंज जिला प्रतापगढ़ वर्तमान निवास चकबनतोड़ रोड/प्रभाव एकेडमी के पीछे परगना व तहसील सदर जिला प्रतापगढ़ 2. श्रेयश कुार मिश्र उम्र 15 साल अवयस्क सुत गिरीशचन्द्र मिश्रा संरक्षक पिता स्वयं
बनाम
हरखास आम
अं0धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
तारीख पेशी 07.08.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 07.08.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# डीएम व एसपी ने बाढ प्रभावित क्षेत्र में चौपाल लगाकर लिया तैयारियों का जायजा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**राजापुर, चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार को तहसील राजापुर क्षेत्र अंतर्गत बाढ से प्रभावित होने वाले सरधुवा इण्टर कॉलिज में चौपाल लगाकर बाढ की तैयारी के बारे में जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष जनपद में बाढ आती है। जिससे लगभग 34 ग्राम पंचायत प्रभावित रहती हैं। जिसमें ग्राम पंचायत सरधुवा ज्यादा प्रभावित रहता है। जिसमें सभी व्यवस्थाएं स्कूल में की जाती है। उन्होंने कहा कि अर्की मोड पर ज्यादा पानी भर जाता है। रोड के दोनों और बैरिकेटिंग कर रोक दिया जाता है एवं बाढ चौकी भी बनाई जाती है। बाढ के बाद सबसे ज्यादा स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी होती है। उन्होंने उपस्थित सभी विभागों से तैयारी के बारे में वार्ता की। साथ ही खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जब यमुना का पानी बैक होता है तभी बाढ आती है। बाढ के बाद इसकी साफ सफाई सुनिश्चित कराएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सबसे महत्वपूर्ण भूमिका स्वास्थ्य विभाग की होती है जो आवश्यक मेडिकल किट होती है वह चिन्हित स्थलों पर रखें। सहयोग के लिए पीएसी कैंप लगाए जाते हैं। सभी स्वास्थ्य सम्बन्धी व्यवस्थाएं उपलब्ध रहती है। उन्होंने कहा कि संक्रमण को रोकने के लिए हमें अलर्ट रहना होगा। उन्होंने कहा कि सभी प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रहनी चाहिए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ से पूर्व पशु का टीकाकरण कर लिया जाए। ग्राम पंचायत स्तर पर भूसा का टेंडर कराकर स्टोर भी रखा जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि विद्युत सम्बन्धी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहनी चाहिए। सहायक अभियंता ने बताया कि विद्युत के लिए टावर अलग से बनाए गए हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ के समय पैकिंग के माध्यम से वितरण कराये। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ के समय बच्चों के लिए चिन्हित स्कूलों में पठन-पाठन कराए एवं बच्चों के लिए मीड-डे-मील की भी व्यवस्था कराए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ में लापरवाही न करें। उन्होंने अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि 18 बाढ चौकियां बनती हैं। कहा कि बाढ चौकिया पर बैनर भी लगवाए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी राजपुर को निर्देशित किया कि नाविको से वार्ता करें कि अपने बच्चों से वोटिंग न कराए। उन्होंने कहा कि नाविकों से वार्ता कर रिपोर्ट प्रेषित करें।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सभी विभागों से समन्वय बनाकर बाढ राहत में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि बाढ राहत चौकी भी बनती है एवं प्रत्येक चौकिया के लिए दो-दो आरक्षी नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने थाना प्रभारी सरधुवा को निर्देशित किया कि भ्रमण कर चिन्हित स्थलों, बैरियर को देखें। उन्होंने कहा कि नौजवान रील बनाने के लिए पानी में घुसेंगे फिर कोई घटना होती है तो हमें सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि दोनों बैरियर की तरफ से दो पाली में ड्यूटी लगाइए किसी प्रकार की जन-धन हानि नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जानवर संपत्ति न डूबने पाये, स्थानीय स्तर पर पुलिस बल भी होती है तो कोई भी समस्या हो तत्काल सूचना दें। उन्होंने ग्रामीणवासियों से अनुरोध किया कि इसमें आप लोगों का भी सहयोग होना चाहिए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आप सभी लोग अपने घरों दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए जिससे कि सुरक्षा में काफी सहयोग मिलेगा। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सरधुवा इण्टर कॉलिज के प्रांगण में पीपल और पलाश का पौधारोपण भी किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा आदि मौजूद रहे।

## रोजगार मेले में 109 का हुआ चयन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** साकेत महिला महाविद्यालय दहिला मऊ प्रतापगढ़ में रोजगार मेले का आयोजन हुआ जिसका संयोजन संजय पांडे ने किया। जिसमें 109 छात्रो,छात्राओं का चयन किया गया। जिसमें क्रेश क्राप में 19, टी डी यस में 5, डीसेन्ट में 28, गुड विल इंडिया मैनेजमेंट में 23, बजाज कैपिटल में 34 कंपनियों ने चयन किया है।कार्यक्रम में जिला सेवा आयोजन कार्यालय के अनुभव त्रिपाठी अभिषेक पांडे संतलाल पाल प्रफुल्ल कुमार द्विवेदी शुभम श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में साकेत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर नीलमा श्रीवास्तव ने छात्रों को शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के संस्थापक अरविंद श्रीवास्तव ने कंपनियों एवं सेवायोजन कार्यालय के कर्मचारीयो के प्रति आभार ज्ञापित किया।

## व्यापार मण्डल की बैठक आज

**प्रतापगढ़।** व्यापार मण्डल द्वारा 31 जुलाई दिन बुधवार को सांय 6 बजे जिला व्यापार मण्डल की इकाई कटरा गुलाब सिंह बाजार व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा व्यापारी सम्मेलन गोपी गार्डन गेस्ट हाउस में अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उ0 प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश के वरिष्ठ महामंत्री रमेश चन्द्र अग्रहरि का आगमन होगा। इसमें कटरा गुलाब सिंह बाजार में चयनित की गई नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की घोषणा की जाएगी।

## गमगीन माहौल में दोनों भाईयों के शव का हुआ अंतिम संस्कार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घरेलू कलह से आजिज आकर रविवार की देर शाम महिला ने अपने दो बच्चों के साथ नदी में छलांग लगा दिया था। ग्रामीणों की तत्परता से महिला तो बच गयी लेकिन उसके दोनों बेटों का शव सोमवार को दोपहर बरामद हुआ। पीएम के बाद मंगलवार दोपहर दोनों भाईयों का शव घर लाया गया तो कोहराम मच गया। गांव के समीप एक चिता पर दोनों भाईयों के शव का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। कोठा नेवढ़िया गांव निवासी रामनाथ वर्मा रोजगार के सिलसिले में मुम्बई में रहता है। उसकी पत्नी श्यामा देवी अपने दो बेटों अनिकेत 12 व अंकित 07 के साथ गांव में परिवार के साथ रह रही थी। उसका ससुर से विवाद चल रहा था। विवाद इतना बढ़ा कि रविवार को वह अपने दोनों बेटों को लेकर शाम करीब साढ़े सात बजे पूरे तुला उपाध्याय सई घाट पर पहुंची और अचानक बच्चों के साथ नदी में कूद गयी। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने महिला को तो बचा लिया लेकिन दोनों बच्चे नदी में बह गये थे। सोमवार की दोपहर बनियानार घाट के पास दोनों भाईयों का शव नदी से बरामद हुआ था। पीएम के बाद मंगलवार दोपहर दोनों भाईयों का शव घर लाया गया। इधर मुम्बई से पिता भी गांव पहुंच गया था। एक साथ दोनों बेटों का शव देख वह दहाड़े मार रो पड़ा। गमगीन माहौल में परिवार के लोगों ने गांव समीप एक चिता पर दोनों भाईयों के शव का अंतिम संस्कार किया। इस दौरान शांति सुरक्षा को लेकर पुलिस भी मौजूद रही। एसओ मनीष तिवारी का कहना है कि पुलिस की मौजूदगी में दोनों भाईयों का अंतिम संस्कार हो गया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी करते पकड़ा गया युवक

**कुंडा प्रतापगढ़।**संग्रामगढ थाना क्षेत्र के पूरे बासुदेव गांव निवासी गोविन्द सरोज परिवार के साथ घर में सो रहा था। आधी रात के बाद चोर कमरे का ताला तोड़कर घर के भीतर दाखिल हुए। वे सामान समेट रहे थे तभी परिजनों की नींद खुल गई। उन्होंने शोर मचाते हुए एक युवक को पकड़ लिया और पिटाई के बाद पुलिस को सौंप दिया। दूसरी घटना में नया का पुरवा लालूपटी गांव निवासी शिवलाल और लल्ला प्रसाद विश्वकर्मा के घर घुसे चोरों ने घर में रखा सामान समेट ले गए। पीड़ितों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। एसओ सत्येन्द्र भदौरिया ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## सूने घर का ताला तोड़ कर जेवरात चोरी

**प्रतापगढ़।** थाना रानीगंज अंतर्गत गांव बीठलपुर में अज्ञात चोर सुने घर का ताला तोड़ कर लाखों रुपए का जेवरात उठा ले गए। पीड़िता ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।इस संबंध में रानीगंज थाना क्षेत्र के गांव संडीला निवासी प्रमोद कुमार यादव पुत्र राम दुलार का आरोप है कि वह आर्मी में नौकरी करता है। उसने बीठलपुर में भी मकान बनवाया है। वहा पत्नी व बच्चे रहते हैं। वह दिल्ली में रहता है। उसके पत्नी व बच्चे दिल्ली आए थे। उधर चोरों ने बीठलपूर में सूना घर देखा तो ताला तोड़ दिया। साथ ही साथ मकान में रखा लाखो रुपए का जेवरात उठा ले गए। भाई ने देखा तो जानकारी दी। इसके बाद उसने पुलिस को तहरीर देकर करवाही की मांग की है।

## डिप्लोमा इंजीनियर्स ने मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** प्रमुख अभियंता परियोजना सिंचाई लखनऊ द्वारा की जा रही मनमानी के विरोध में सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर सिंचाई मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी मो जसीम को सौंपा। इस दौरान सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के बैनर तले एकजुट होकर समस्त अभियंताओं ने काला फीता बांधकर कलेक्टरेट में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। सभी इंजीनियर्स ने प्रमुख अभियंता परियोजना एवं विभागाध्यक्ष सिंचाई पर मांगों का निस्तारण न कर प्रताडित करने का भी आरोप लगाया है। पदाधिकारियों ने कहा कि समयबद्ध समस्याओं का निस्तारण न होने पर आगामी 22 अगस्त से प्रमुख अभियंता सिंचाई के लखनऊ कार्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

इस मौके पर उप महासचिव इं रूपेश पांडेय, जनपद अध्यक्ष इं अभिषेक मिश्रा, जनपद सचिव सर्वजीत कुमार, विशेष आमंत्रित सदस्य इं गुरु प्रसाद, इं डीपी मिश्रा, इं भीखमचंद, इं रवि कुमार, इं फूल सिंह, इं जसीराम, इं हिमाशू, इं विवेक यादव, इं चंद्रकांत गुप्ता, इं जय प्रकाश, इं आशीष मौर्य, इं देवेंद्र शुक्ल, इं राहुल सिंह, इं अजय कुमार, इं नवनीत सिंह, इं कुलदीप कुमार, इं अवधेश कुमार, इं प्रदीप कुमार, इं दिलीप कुमार, इं राममूरत, इं संतोष कुमार, इं विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## छापेमारी कर पुलिस ने बरामद किया तीस लीटर शराब, तीन गिरफ्तार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक गांव में छापेमारी करके तीस लीटर अवैध शराब के साथ तीन महिलाओं को गिरफ्तार करके मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के दरोगा राजेश कुमार यादव ने मुखबिर की सूचना पर चांदीपुर भदारी कला में अवैध देशी शराब बनाते हुए तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके पर करीब नब्बे किलो लहन एवं शराब बनाने विभिन्न उपकरणों की भी बरामदगी किया। दरोगा राजेश यादव ने बताया कि गिरफ्तार तीनों महिलाओं के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

## टैबलेट पाकर छात्र छात्राओं में खुशी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजनान्तर्गत मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय सांगीपुर में छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरण किया गया। प्राचार्य डॉ. चन्द्रप्रकाश के संयोजन में मुख्य अतिथि जिपंस गीता द्विवेदी ने महाविद्यालय की ओर से एक सौ बारह छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरण किया। मुख्य अतिथि ने छात्र छात्राओं को टैबलेट के जरिए बेहतर शैक्षणिक कार्य के लिये प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. राकेश कुमार शुक्ल, डॉ. सीमा देवी, डॉ. विष्णु प्रताप सिंह, डॉ. मेवालाल यादव, डॉ. राहुल द्विवेदी, देवेन्द्र प्रताप सिंह, महेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

## उप निर्वाचन के मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण 01 एवं 02 अगस्त को

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक नवनीत सेहारा ने बताया है कि जनपद प्रतापगढ़ की ग्राम पंचायतों के प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के आकस्मिक रूप से रिक्त स्थानों/पदों के उप निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु नियुक्त मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण 01 अगस्त एवं द्वितीय प्रशिक्षण 02 अगस्त को क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्था संस्थान अफीम कोठी में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक तथा अपरान्ह 2 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक होगा।

## हरी झण्डी दिखाकर फसल बीमा जागरूकता बाइक रैली को किया गया रवाना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** किसानों को खरीफ फसलों में होने वाली नुकसान से कवर करने के मकसद से मंगलवार को उप कृषि निदेशक राजकुमार ने फसल बीमा योजना प्रभारी प्रीति राज की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार प्रसार के लिए कृषि भवन से जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उप कृषि निदेशक ने बताया कि बाईक रैली करने का उद्देश्य ब्लॉक स्तर पर कार्यरत बीमा कंपनी एवं सीएससी प्रतिनिधियों द्वारा किसान भाइयों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सम्बन्ध में जागरूक करना है। इस मौके पर विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ रंजीत सरोज, प्रीति राज, जिला समन्यवक समीर पाल, स्टेनो विजय बहादुर आदि मौजूद रहे।

### ● क्या है फसल बीमा

उप निदेशक कृषि राजकुमार ने बताया कि प्राकृतिक आपदा, कीट या बीमारी के कारण किसी भी अधिसूचित फसल के बर्बाद होने की स्थिति में किसानों को बीमा का लाभ और वित्तीय समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री फसल योजना की शुरुआत की गई थी। फसल का नुकसान होने की घटना के 7 दिन के भीतर राज्य सरकार की ओर से इस प्रावधान के लिए घोषणा करनी होती है। जब कि 15 दिन के भीतर बीमित क्षेत्र में बीमा कंपनी व राज्य सरकार की संयुक्त समिति प्रभावित किसानों की फसल का निर्धारण करती है। इसके बाद मुआवजा की घोषणा होती है।

### ● क्या लगेंगे पेपर

किसी भी किसान को फसल बीमा करने के लिए निकट के सीएससी केन्द्र पर जा कर अपना आधार कार्ड, बैंक खाते की जानकारी, खसरा-खेतौनी, फसल बोने का स्वप्रमाणित घोषणा पत्र, मोबाइल नंबर और फसल सम्बन्धी जानकारी दर्ज कर बीमा करा सकते हैं।

### ● कैसे मिलेगा योजना का लाभ

फसल बीमा योजना के तहत पंजीकृत किसानों को ओलावृष्टि, प्राकृतिक आपदा, जल भराव, प्राकृतिक आगजनी जैसी घटना होने पर कृषि विभाग और बीमा कंपनी द्वारा संयुक्त सर्वे होने के बाद बीमा कंपनी द्वारा भुगतान किया जाता है। किसान को बीमा करने के बाद उसका एक प्रिंट दिया जायेगा। जिसमे कितनी राशि उसको देनी है। यह लिखा रहता है किसान को फसल और रकबे के अनुसार प्रीमियम घटता और बढ़ता है।

उसके अतरिक्त किसी को अलग से कोई चार्ज नहीं देना होता है। फसल बीमा के लिए कोई भी किसान सीएससी केन्द्र, कृषि विभाग, बैंक या नामित बीमा कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर अपना बीमा करवा सकते हैं।

## भागवत कथा सुनने से जीवात्मा को प्रदान होती है शांति - कथा व्यास



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन भव्य कलश शोभायात्रा हाथी, घोड़ा, गाजे-बाजे के साथ मुख्य मार्गो में निकाली गई। कथा व्यास ने कहा कि भागवत सुनने मात्र से समस्त पापों से मुक्ति मिलती है।

मुख्यालय के तरौंहा स्थित रामलीला मैदान में राष्ट्रीय रामायण मेला के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष स्व राजेश करवरिया की पुण्यतिथि मंगलवार से श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ गाजे-बाजे, शोभायात्रा के साथ हुआा। प्रथम दिवस पर भागवत कथा व्यास बदरी प्रपन्नाचार्य ने भागवत का महत्व बताते हुए कहा कि भागवत की कथा सुनने से जीवात्मा को शांति प्रदान होती है। इसके अलावा परिवार का कल्याण होता है।

यह कल्पवृक्ष के समान है। भगवान शिव ने पार्वती को पहली बार भागवत कथा सुनाया था। भोलेनाथ ने समस्त संसार को इस कथा के माध्यम से संदेश दिया कि मृत्यु को मंगलमय बनाती है। राजा परीक्षित को मृत्यु का जब भय सताने लगा तो वह शुकदेव के पास गए। उन्होंने सात दिन तक भागवत कथा श्रवण कराया। छठवे दिन राजा परीक्षित को मृत्यु का भय दूर हो गया। सातवे दिन जब तक्षक नाग ने उन्हे डसा तो उनकी मौत हो गई और जीवात्मा को दिव्य रथ से स्वर्ग ले जाया गया।

कथा के बाद आरती व प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर मुख्य यजमान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम करवरिया, रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया, प्रद्युम्न उर्फ लालू दुबे, राजाबाबू पांडेय, करुणाशंकर द्विवेदी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजय करवरिया, माघेन्द्र द्विवेदी, आत्माराम करवरिया, मनोज गर्ग, वेदरतन करवरिया, शैलेन्द्र करवरिया, इन्द्रदत्त गर्ग, राजेश भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## यौन उत्पीड़न और स्वच्छता पर जागरूकता शिविर आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मेडिकल कालेज के सभागार में छात्राओं के हित में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न तथा स्वच्छता, मासिकधर्म और सेनेटरी नैपकिन के सन्दर्भ में आयोजित जागरूकता शिविर का शुभारम्भ अपर जनपद न्यायाधीश / सचिव डीएलएसए विनय आर्या एवं प्राचार्य डा0 विश्वजीत दास ने किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर जनपद न्यायाधीश विनय आर्या ने कहा कि महिलाओं का उत्पीड़न तथा कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न सरकारी कार्यालयों निजी क्षेत्र, गैर सरकारी संगठनों और असंगठित क्षेत्र के निवारण हेतु निवारण निषेध एवं निदान अधिनियम-2013 कानून बना है जिसमें अपराधी को सजा हो सकती है। इस अधिनियम में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को रोकने के लिये नियोक्ता को जिम्मेदार बनाया गया है तथा इस अधिनियम का अनुपालन न करने वाले नियोक्ताओं पर 50,000 रूपये तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। इतना ही नहीं यदि कोई महिला जॉच के बाद दोषी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराना चाहती है तो नियोक्ता द्वारा उसको सहायता प्रदान की जाए। उन्होने बालिकाओं/महिलाओं के मासिक धर्म पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बालिकाओं को मासिकधर्म एवं स्वच्छ सेनेटरी पैड इस्तेमाल करने के बारे में माताओं को जानकारी देने की आवश्यकता है, जिससे असाध्य कैंसर जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। यौन उत्पीड़न एवं सनेटरी पैड जागरूकता शिविर में छात्राओं को जानकारी देने के लिए प्राचार्य द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम बनाई गई थी। इसमें डा0अम्बेडकर रंजन, आचार्य मेडिसिन विभाग, डा0 श्रुति सिंह, आचार्य आब्स एण्ड गायनी विभाग तथा डा0 नेहा सचान, आचार्य कम्युनिटी मेडिसिन विभाग ने महिलाओं एवं छात्राओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

जागरूकता शिविर में विधिक विषय से सम्बन्धित जानकारी असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सल योगेश द्विवेदी एवं बालेन्दु बहादुर सिंह ने उपस्थित महिला अधिकारियों एवं छात्राओं को कानूनी जानकारी दी।

जागरूकता शिविर में मेडिकल कालेज के आचार्य सहायक आचार्य, छात्राएं, मंडलीय चिकित्सालय के डा. एके सिन्हा, कर्मचारीगण, वरिष्ठ सहायक दीपक कुमार श्रीवास्तव, पीएलवी जय प्रकाश सरोज, ओम प्रकाश एवं कालेज के समस्त स्टाफ ने भी सहयोग प्रदान किया।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# यौन उत्पीड़न और स्वच्छता पर जागरूकता शिविर आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मेडिकल कालेज के सभागार में छात्राओं के हित में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न तथा स्वच्छता, मासिकधर्म और सेनेटरी नैपकिन के सन्दर्भ में आयोजित जागरूकता शिविर का शुभारम्भ अपर जनपद न्यायाधीश / सचिव डीएलएसए विनय आर्या एवं प्राचार्य डा0 विश्वजीत दास ने किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर जनपद न्यायाधीश विनय आर्या ने कहा कि महिलाओं का उत्पीड़न तथा कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न सरकारी कार्यालयों निजी क्षेत्र, गैर सरकारी संगठनों और असंगठित क्षेत्र के निवारण हेतु निवारण निषेध एवं निदान अधिनियम-2013 कानून बना है जिसमें अपराधी को सजा हो सकती है। इस अधिनियम में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को रोकने के लिये नियोक्ता को जिम्मेदार बनाया गया है तथा इस अधिनियम का अनुपालन न करने वाले नियोक्ताओं पर 50,000 रूपये तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। इतना ही नहीं यदि कोई महिला जॉच के बाद दोषी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराना चाहती है तो नियोक्ता द्वारा उसको सहायता प्रदान की जाए। उन्होने बालिकाओं/महिलाओं के मासिक धर्म पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बालिकाओं को मासिकधर्म एवं स्वच्छ सेनेटरी पैड इस्तेमाल करने के बारे में माताओं को जानकारी देने की आवश्यकता है, जिससे असाध्य कैंसर जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। यौन उत्पीड़न एवं सनेटरी पैड जागरूकता शिविर में छात्राओं को जानकारी देने के लिए प्राचार्य द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम बनाई गई थी। इसमें डा0अम्बेडकर रंजन, आचार्य मेडिसिन विभाग, डा0 श्रुति सिंह, आचार्य आब्स एण्ड गायनी विभाग तथा डा0 नेहा सचान, आचार्य कम्युनिटी मेडिसिन विभाग ने महिलाओं एवं छात्राओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

जागरूकता शिविर में विधिक विषय से सम्बन्धित जानकारी असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सल योगेश द्विवेदी एवं बालेन्दु बहादुर सिंह ने उपस्थित महिला अधिकारियों एवं छात्राओं को कानूनी जानकारी दी।

जागरूकता शिविर में मेडिकल कालेज के आचार्य सहायक आचार्य, छात्राएं, मंडलीय चिकित्सालय के डा. एके सिन्हा, कर्मचारीगण, वरिष्ठ सहायक दीपक कुमार श्रीवास्तव, पीएलवी जय प्रकाश सरोज, ओम प्रकाश एवं कालेज के समस्त स्टाफ ने भी सहयोग प्रदान किया।

# डिप्लोमा इंजीनियर्स ने मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** प्रमुख अभियंता परियोजना सिंचाई लखनऊ द्वारा की जा रही मनमानी के विरोध में सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर सिंचाई मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी मो जसीम को सौंपा। इस दौरान सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के बैनर तले एकजुट होकर समस्त अभियंताओं ने काला फीता बांधकर कलेक्टरेट में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। सभी इंजीनियर्स ने प्रमुख अभियंता परियोजना एवं विभागाध्यक्ष सिंचाई पर मांगों का निस्तारण न कर प्रताडित करने का भी आरोप लगाया है। पदाधिकारियों ने कहा कि समयबद्ध समस्याओं का निस्तारण न होने पर आगामी 22 अगस्त से प्रमुख अभियंता सिंचाई के लखनऊ कार्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

इस मौके पर उप महासचिव इं रूपेश पांडेय, जनपद अध्यक्ष इं अभिषेक मिश्रा, जनपद सचिव सर्वजीत कुमार, विशेष आमंत्रित सदस्य इं गुरु प्रसाद, इं डीपी मिश्रा, इं भीखमचंद, इं रवि कुमार, इं फूल सिंह, इं जसीराम, इं हिमाशू, इं विवेक यादव, इं चंद्रकांत गुप्ता, इं जय प्रकाश, इं आशीष मौर्य, इं देवेंद्र शुक्ल, इं राहुल सिंह, इं अजय कुमार, इं नवनीत सिंह, इं कुलदीप कुमार, इं अवधेश कुमार, इं प्रदीप कुमार, इं दिलीप कुमार, इं राममूरत, इं संतोष कुमार, इं विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# भागवत कथा सुनने से जीवात्मा को प्रदान होती है शांति - कथा व्यास



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन भव्य कलश शोभायात्रा हाथी, घोड़ा, गाजे-बाजे के साथ मुख्य मार्गों में निकाली गई। कथा व्यास ने कहा कि भागवत सुनने मात्र से समस्त पापों से मुक्ति मिलती है।

मुख्यालय के तरौंहा स्थित रामलीला मैदान में राष्ट्रीय रामायण मेला के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष स्व राजेश करवरिया की पुण्यतिथि मंगलवार से श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ गाजे-बाजे, शोभायात्रा के साथ हुआ। प्रथम दिवस पर भागवत कथा व्यास बदरी प्रपन्नाचार्य ने भागवत का महत्व बताते हुए कहा कि भागवत की कथा सुनने से जीवात्मा को शांति प्रदान होती है। इसके अलावा परिवार का कल्याण होता है।

यह कल्पवृक्ष के समान है। भगवान शिव ने पार्वती को पहली बार भागवत कथा सुनाया था। भोलेनाथ ने समस्त संसार को इस कथा के माध्यम से संदेश दिया कि मृत्यु को मंगलमय बनाती है। राजा परीक्षित को मृत्यु का जब भय सताने लगा तो वह शुकदेव के पास गए। उन्होंने सात दिन तक भागवत कथा श्रवण कराया। छठवे दिन राजा परीक्षित को मृत्यु का भय दूर हो गया। सातवे दिन जब तक्षक नाग ने उन्हे डसा तो उनकी मौत हो गई और जीवात्मा को दिव्य रथ से स्वर्ग ले जाया गया।

कथा के बाद आरती व प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर मुख्य यजमान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम करवरिया, रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया, प्रद्युम्न उर्फ लालू दुबे, राजाबाबू पांडेय, करुणाशंकर द्विवेदी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजय करवरिया, माघेन्द्र द्विवेदी, आत्माराम करवरिया, मनोज गर्ग, वेदरतन करवरिया, शैलेन्द्र करवरिया, इन्द्रदत्त गर्ग, राजेश भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने बाढ प्रभावित क्षेत्र में चौपाल लगाकर लिया तैयारियों का जायजा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**राजापुर, चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार को तहसील राजापुर क्षेत्र अंतर्गत बाढ से प्रभावित होने वाले सरधुवा इण्टर कॉलिज में चौपाल लगाकर बाढ की तैयारी के बारे में जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष जनपद में बाढ आती है। जिससे लगभग 34 ग्राम पंचायत प्रभावित रहती हैं। जिसमें ग्राम पंचायत सरधुवा ज्यादा प्रभावित रहता है। जिसमें सभी व्यवस्थाएं स्कूल में की जाती है। उन्होंने कहा कि अर्की मोड पर ज्यादा पानी भर जाता है। रोड के दोनों और बैरिकेटिंग कर रोक दिया जाता है एवं बाढ चौकी भी बनाई जाती है। बाढ के बाद सबसे ज्यादा स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी होती है। उन्होंने उपस्थित सभी विभागों से तैयारी के बारे में वार्ता की। साथ ही खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जब यमुना का पानी बैक होता है तभी बाढ आती है। बाढ के बाद इसकी साफ सफाई सुनिश्चित कराएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित



किया कि सबसे महत्वपूर्ण भूमिका स्वास्थ्य विभाग की होती है जो आवश्यक मेडिकल किट होती है वह चिन्हित स्थलों पर रखें। सहयोग के लिए पीएसी कैंप लगाए जाते हैं। सभी स्वास्थ्य सम्बन्धी व्यवस्थाएं उपलब्ध रहती है। उन्होंने कहा कि संक्रमण को रोकने के लिए हमें अलर्ट रहना होगा। उन्होंने कहा कि सभी प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रहनी चाहिए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ से पूर्व पशु का टीकाकरण कर लिया जाए। ग्राम पंचायत स्तर पर भूसा का टेंडर कराकर स्टोर भी रखा जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि विद्युत सम्बन्धी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहनी चाहिए। सहायक अभियंता ने बताया कि विद्युत के लिए टावर अलग से बनाए गए हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ के समय पैकिंग के माध्यम से वितरण कराये। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ के समय बच्चों के लिए चिन्हित स्कूलों में पठन-पाठन कराए एवं बच्चों के लिए मीड-डे-मील की भी व्यवस्था कराए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ में लापरवाही न करें। उन्होंने अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि 18 बाढ चौकियां बनती हैं। कहा कि बाढ चौकिया पर बैनर भी लगवाए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी राजपुर को निर्देशित किया कि नाविको से वार्ता करें कि अपने बच्चों से वोटिंग न कराए। उन्होंने कहा कि नाविकों से वार्ता कर रिपोर्ट प्रेषित करें।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सभी विभागों से समन्वय बनाकर बाढ राहत में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि बाढ राहत चौकी भी बनती है एवं प्रत्येक चौकिया के लिए दो-दो आरक्षी नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने थाना प्रभारी सरधुवा को निर्देशित किया कि भ्रमण कर चिन्हित स्थलों, बैरियर को देखें। उन्होंने कहा कि नौजवान रील बनाने के लिए पानी में घुसेंगे फिर कोई घटना होती है तो हमें सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि दोनों बैरियर की तरफ से दो पाली में ड्यूटी लगाइए किसी प्रकार की जन-धन हानि नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जानवर संपत्ति न डूबने पाये, स्थानीय स्तर पर पुलिस बल भी होती है तो कोई भी समस्या हो तत्काल सूचना दें। उन्होंने ग्रामीणवासियों से अनुरोध किया कि इसमें आप लोगों का भी सहयोग होना चाहिए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आप सभी लोग अपने घरों दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए जिससे कि सुरक्षा में काफी सहयोग मिलेगा। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सरधुवा इण्टर कॉलिज के प्रांगण में पीपल और पलाश का पौधारोपण भी किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा आदि मौजूद रहे।

# हरी झण्डी दिखाकर फसल बीमा जागरूकता बाइक रैली को किया गया रवाना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** किसानों को खरीफ फसलों में होने वाली नुकसान से कवर करने के मकसद से मंगलवार को उप कृषि निदेशक राजकुमार ने फसल बीमा योजना प्रभारी प्रीति राज की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार प्रसार के लिए कृषि भवन से जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उप कृषि निदेशक ने बताया कि बाईक रैली करने का उद्देश्य ब्लॉक स्तर पर कार्यरत बीमा कंपनी एवं सीएससी प्रतिनिधियों द्वारा किसान भाइयों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सम्बन्ध में जागरूक करना है। इस मौके पर विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ रंजीत सरोज, प्रीति राज, जिला समन्यवक समीर पाल, स्टेनो विजय बहादुर आदि मौजूद रहे।

## ● क्या है फसल बीमा

उप निदेशक कृषि राजकुमार ने



बताया कि प्राकृतिक आपदा, कीट या बीमारी के कारण किसी भी अधिसूचित फसल के बर्बाद होने की स्थिति में किसानों को बीमा का लाभ और वित्तीय समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री फसल योजना की शुरुआत की गई थी। फसल का नुकसान होने की घटना के 7 दिन के भीतर राज्य सरकार की ओर से इस प्रावधान के लिए घोषणा करनी होती है। जब कि 15 दिन के भीतर बीमित क्षेत्र में बीमा कंपनी व राज्य सरकार की संयुक्त समिति प्रभावित किसानों की फसल का निर्धारण करती है। इसके बाद मुआवजा की घोषणा होती है।

## ● क्या लगेंगे पेपर

किसी भी किसान को फसल बीमा करने के लिए निकट के सीएससी केन्द्र पर जा कर अपना आधार कार्ड, बैंक खाते की जानकारी, खसरा-खेतौनी, फसल बोने का स्वप्रमाणित घोषणा पत्र, मोबाइल नंबर और फसल सम्बन्धी जानकारी दर्ज कर बीमा करा सकते हैं।

## ● कैसे मिलेगा योजना का लाभ

फसल बीमा योजना के तहत पंजीकृत किसानों को ओलावृष्टि, प्राकृतिक आपदा, जल भराव, प्राकृतिक आगजनी जैसी घटना होने पर कृषि विभाग और बीमा कंपनी द्वारा संयुक्त सर्वे होने के बाद बीमा कंपनी द्वारा भुगतान किया जाता है। किसान को बीमा करने के बाद उसका एक प्रिंट दिया जायेगा। जिसमे कितनी राशि उसको देनी है। यह लिखा रहता है किसान को फसल और रकबे के अनुसार प्रीमियम घटता और बढ़ता है।

उसके अतिरिक्त किसी को अलग से कोई चार्ज नहीं देना होता है। फसल बीमा के लिए कोई भी किसान सीएससी केन्द्र, कृषि विभाग, बैंक या नामित बीमा कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर अपना बीमा करवा सकते हैं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अज्ञात अधेड़ की मौत

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के जुनैदपुर काजीपुर गांव में सोमवार को पैदल सफर कर रहे अधेड़ को वाहन ने कुचल दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी तो शव पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।जुनैदपुर काजीपुर गांव में सोमवार की सुबह कुछ लोग मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। इस बीच कानपुर - प्रयागराज जीटी रोड पर करीब 55 वर्षीय अधेड़ की लाश पर नजर पड़ी। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक शव सिर्फ नीले रंग की लुंगी पहने हुए था। लोगों की मिली सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने लोगों और सोशल मीडिया के जरिए लाश की पहचान कराने का प्रयास किया। काफी समय बीतने के बाद भी शव की पहचान नहीं हो सकी तो पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

# चित्रकूट की पुरातात्विक, प्राकृतिक, सांस्कृतिक विरासत एवं जैव विविधता को संरक्षित एवं संवर्धित करने होगा होगा विचार मंथन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** दीनदयाल शोध संस्थान के सहयोग से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार एवं सोसाइटी ऑफ अर्थ साइंटिस्ट्स भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर द्वारा चित्रकूट संभावित यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क की स्थापना के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 1 से 3 अगस्त तक आरोग्यधाम में किया जा रहा है। आरोग्यधाम में कार्यशाला का शुभारंभ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा किया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य चित्रकूट (एमपी और यूपी) को भारत के पहले जियोपार्क के रूप में विकसित करने और यूनेस्को द्वारा उसे मान्यता प्रदान कराने की संभावना और क्षेत्र के दायरे का आंकलन करने के लिए किया जा रहा है। चित्रकूट (एमपी और यूपी) सांस्कृतिक, भूवैज्ञानिक एवं ऐतिहासिक रूप से जैवविविधता केन्द्रों, कला और शिल्प के साथ जियोपार्क के रूप में मान्यता प्राप्त होने के यूनेस्को के मानदंडों के लगभग करीब है। कार्यशाला में अभय महाजन कार्यशाला संरक्षक एवं संगठन सचिव दीनदयाल शोध संस्थान, डॉ महेंद्र सिंह सदस्य विधान परिषद, बेन्नोबोअर प्रमुख प्राकृतिक विज्ञान यूनेस्को दिल्ली, प्रतिमा बागरी राज्य मंत्री नगरी विकास एवं आवास, धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संस्कृति एवं पर्यटन, अहिरवार दिलीप राज्य मंत्री वन एवं पर्यावरण, सुरेंद्र सिंह अहिरवार क्षेत्रीय विधायक चित्रकूट, सतीश त्रिपाठी सोसाइटी ऑफ साइंटिस्ट्स, कार्यक्रम संयोजक अश्विनी अवस्थी के साथ वरिष्ठ वैज्ञानिक, शैक्षणिक और सामाजिक संगठन, राजनीतिक कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी, वन और पर्यटन प्राधिकरण, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधि प्रतिभाग कर विचार-विमर्श करेंगे। चित्रकूट में जियोपार्क की स्थापना होने से यहाँ का सामाजिक-आर्थिक विकास तीव्र होगा। साथ ही सांस्कृतिक और पर्यावरणीय रूप से प्रभावी होगा और मानव जीवन की स्थितियों और ग्रामीण पर्यावरण में सुधार होगा। यह स्थानीय लोगों को अपने क्षेत्र एवं उसकी विरासत पर गर्व करने की भावना पर बल देगा। इससे क्षेत्र के साथ सार्वजनिक पहचान मजबूत होगी और क्षेत्र की भूवैज्ञानिक, प्राकृतिक, पुरातात्विक, सांस्कृतिक और औद्योगिक विरासत की बेहतर समझ को गति मिलेगी। जियोपार्क की स्थापना भू-संसाधनों की रक्षा करते हुए राजस्व के नए स्त्रोत ( भू-पर्यटन, भू-उत्पाद) सृजित करके नवीन स्थानीय उद्यमों, छोटे व्यवसायों, पर्यटन गतिविधियों और व्यवसायों, जियोट्रेल्स तथा रोजगार के नवीन अवसरों के सृजन को प्रोत्साहित करेगा।

# भवंस मेहता महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** भवंस मेहता महाविद्यालय, भरवारी में स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम के आरंभ में हिंदी विभाग के डॉ.सी.पी. श्रीवास्तव ने महाविद्यालय के गौरव में अतीत पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान के प्रो0 पंकज कुमार श्रीवास्तव ने महाविद्यालय में नए नामांकित छात्र छात्राओं को नवीन पाठ्यक्रम की जानकारी दी। महाविद्यालय में संचालित एन.सी.सी. के गतिविधियों के बारे में एन.सी.सी . के पूर्व प्रभारी प्रो. अरुण कुमार सिंह ने बच्चों को जानकारी दी। डॉ0 धर्मेंद्र कुमार अग्रहरी ने एन.एस.एस. की विभिन्न गतिविधियों के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया।

महाविद्यालय के अर्थशास्त्र के प्राध्यापक डॉ राहुल कुमार राय ने विद्यालय में महाविद्यालय में संचालित रॉवर्स और रेंजर्स के बारे में जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के खेलकूद प्रभारी डॉ.योगेश कुमार योगेश मिश्रा ने बच्चों को महाविद्यालय में होने वाले खेलकूद की गतिविधियों के बारे में जानकारी दीऔर उत्साहपूर्वक खेल खुद की गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया।

महाविद्यालय के मुख्य अनुशासन अधिकारी प्रोफेसर विवेक कुमार त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को अनुशासन किस तरह से किसी संस्था के लिए उपयोगी होता है इस पर जोर देते हु अनुशासित रूप से महाविद्यालय में रहकर अध्ययन करने की बात कही। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रमोद श्रीवास्तव ने बच्चों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के गौरव में अतीत एवं विज्ञान और तकनीक के साथ उत्तरोत्तर विकसित हो रहे महाविद्यालय की गरिमा को बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा किअपने अभिभावकों के सपना को पूरा करने के लिए पूरे मन योग से पढ़ें और अपने माता-पिता ,समाज और महाविद्यालय को गौरवान्वित करें ।इस दीक्षारंभ कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षानिकतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संत शिरोमणि रविदास पीठ ट्रस्ट की गांव चलो अभियान के तहत एक दिवसीय बैठक सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** संत शिरोमणि रविदास पीठ की गांव चलो अभियान के तहत चरवा में एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे चरवा नगर पंचायत के सभासद अरुण कुमार गौतम के घर में इस बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में राज किशोर बौद्ध जी ने ट्रस्ट के उद्देश्यों को लोगो को बताया।ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जो हमारा आधार है उसे मजबूत करना है और हमारा आधार है, शिक्षा, तो हमे शिक्षा ग्रहण करना है और लोगो को शिक्षित कराना जरूरी है और हमे अपने जीवन शैली को सही रखना है।आप सभी संगठन को आगे बढ़ाए। ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश गौतम ने बताया की हमे सब को मिल जुलकर रहना है अगर हम मिलजुल कर नही रहेंगे तो हम आगे नहीं बढ़ सकते है यदि पूरा समाज संत शिरोमणि रविदास पीठ से जुड़ जाए तो समाज को एक नई दिशा मिलेगी। ट्रस्ट के राष्ट्रीय महासचिव सतीश गोयल ने कहा की ट्रस्ट के माध्यम से गरीब बच्चो की पढ़ाई व गरीब लड़कियों की शादी कराया जायेगा। ट्रस्ट के वरिष्ठ मार्गदर्शक समाजसेवी घनश्याम गौतम एडवोकेट जी ने कहा कि समाज में जो कुरीतिया है वो समाप्त हो परंतु जब कुरूतियो को समाप्त करने के आंदोलन में आगे आने की बात होती है तो लोग पीछे हटने लगते है समाज में बुजुर्ग, युवा,बच्चे,महिलाए हो जिसकी जहां पर जरूरत हो अपना योगदान शत प्रतिशत देना चाहिए।यह भी कहा कि यदि हमे सामाजिक ज्ञान को जानना है सीखना है तो हमे अपने महापुरषों को जानना व पढ़ना जरूरी है। राष्ट्रीय सलाहकार शिव लाल केशकर ने गीत के माध्यम से लोगो को समझने का प्रयास किया और कहा की जिस समाज का साहित्य नही है उस समाज का कोई अस्तित्व नहीं है। हमे अपने महापुरषों के साथ साथ हमे अपने माता पिता की की भी पूजा करना चाहिए।महिलाओं को पढ़ने का अधिकार नहीं था ये तो हमारे महापुरुषों की देन है। प्रदेश सचिव अमरेन्द्र गौतम ने कहा की साथियों समाज में यदि किसी के साथ अन्याय और अत्याचार हो रहा है उनके साथ पूरा संत शिरोमणि रविदास पीठ न्याय दिलाने के लिए खड़ा रहेगा। कार्यक्रम में मनीष कुमार,राहुल गौतम, संक्रान्ति राव,गणेश गौतम,पुष्पराज अंबेडकर,मोनू गौतम,शिवपूजन गौतम, डा अजय गौतम,दिनेश कुमार,संदीप गौतम, छेदी लाल गौतम,अजय गौतम,रामराज गौतम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायतें



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की जा रही है। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

## मारपीट करने वाले आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

कौशाम्बी। थाना मंझनपुर पर पंजीकृत कमलेश उर्फ अशोक कुमार निवासी अरजलीपुर थाना मंझनपुर को न्यायालय सीजेजेडी जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को 3000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादक: कृष्णानन्द त्रिपाठी

# एनिमल ब्रीडिंग रिसर्च ऑर्गनाइजेशन का प्रमुख सचिव ने किया दौरा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सलोन रायबरेली।** क्षेत्र के बगहा गांव में स्थित एनिमल ब्रीडिंग सेंटर व रिसर्च ऑर्गनाइजेशन में प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव पशुधन, मत्स्य व दुग्ध विकास विभाग रवीद्र कुमार ने दौरा किया। मंगलवार को पशु प्रजनन अनुसंधान केंद्र पहुंचे प्रमुख सचिव ने अनुसंधान केंद्र का भ्रमण किया और अनुसंधान में चल रही गतिविधियों को परख कर उनका अवलोकन किया। प्रमुख सचिव के एनिमल ब्रीडिंग सेंटर में भ्रमण के दौरान राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड डेयरी सर्विसेज नई दिल्ली के प्रबंध निदेशक और अब्रों इंडिया के सचिव डॉ. सी0 पी0 देवानंद ने उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रमुख सचिव ने ऑडियो और वीडियो के माध्यम से एनिमल ब्रीडिंग रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के मुख्य उद्देश्य पर चर्चा की और कहा की उच्च वंशावली के सांडों और अत्याधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों का



उपयोग कर देश में उच्च नस्ल की गाय व भैंस की दुधारु नस्लों का बढ़ावा दिया जा सकता है। अच्छी नस्ल की गाय व भैंसों से किसान अधिक मात्रा में दूध का उत्पादन कर सकता है। एनिमल ब्रीडिंग सेंटर की टीम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा हम सभी अच्छी नस्ल की गायों और भैंसों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए प्रतिबद्ध है।
वहीं प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश सरकार रवीद्र जी ने पशु प्रजनन अनुसंधान संस्थान और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के पशुपालन और दुग्ध उत्पादन के विकास के क्षेत्र में किए गए कार्यो की सराहना की। इस दौरान उन्होंने हिमीकृत वीर्य उत्पादन केंद्र का अवलोकन भी किया। और पशु पालन किए जाने वाले मानकों की तारीफ की। तथा उच्च गुणवत्ता वाला हिमीकृत वीर्य उत्पादन करने के लिए संस्थान का आभार व्यक्त किया।
इस दौरान डॉ. नीरज गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद, डॉ. वीके सिंह, अपर निदेशक, ए०एच०, उत्तर प्रदेश, डॉ. अनिल कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी रायबरेली, उप जिलाधिकारी अभिषेक कुमार, पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप कुमार, डॉ सीटी पटेल, महाप्रबंधक शिव पूजन पांडेय सहित एबीसी की टीम ने ऑर्गनाइजेशन का भ्रमण किया और समीक्षा बैठक में उपष्ठित रहे।

# निजी टेलीकॉम कंपनियों की मनमानी के विरुद्ध इंनौस ने किया प्रदर्शन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** इंकलाबी नौजवान सभा ने आज जुलाई के शुरुआती दिनों में निजी टेलीकॉम कंपनियों द्वारा बढ़ाए गए रिचार्ज के दामों के विरुद्ध आक्रोश प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियो ने जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस निकाला। प्रदर्शन कारियो को संबोधित करते हुए इंकलाबी नौजवान सभा के जिला सचिव उदय पटेल ने कहा कि एक दशक पहले देश में यही टेलीकॉम कंपनियों ने जनता को आजन्म इन कमिंग काल और फ्री डेटा की सुविधाएं देकर अपने जाल में फंसा लिया। सरकार ने निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाने और उनके एकाधिपत्य को स्थापित करने के लिए भारत संचार निगम लिमिटेड को तबाह कर दिया । और आज वही कंपनियां रिचार्ज का मनमाना दाम वसूल रही हैं, ट्राई उनके लिए एक सेफ्टी गार्ड की भूमिका में खड़ी हो गई।उन्होंने कहा कि आप को अब अनचाहे भी डेटा खरीदने के लिए बाध्य कर दिया गया और जुलाई माह में 30ः तक की रिचार्ज में वृद्धि कर दी गई।
इंकलाबी नौजवान सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलाम अहमद सिद्दीकी ने कहा कि बीएसएनएल में वर्ष 2010 में ढाई लाख लोग कार्य रत थे और आज वह संख्या 57000 है, बीएसएनएल को प्रतिस्पर्धा योग्य बनाने के लिए उसे एक विशेष पैकेज दिए जाने और तत्काल रिक्त सभी पदो पर भर्ती किए जाने की जरूरत है।
सरकार खुद उसकी दुर्दशा की पटकथा लिखने के बाद अब चोर दरवाजे से उसके पुनरुद्धार के नाम पर टाटा के साथ ज्वाइंट वेंचर कर उसके निजीकरण का रास्ता साफ कर रही है। भाकपा(माले) नेता अहसन खान ने कहा कि इंटरनेट आज छात्रों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं, कामकाजी महिलाओ, पुरुषो और विभिन्न तरह के व्यवसाय और देश दुनिया की खोज खबर रखने वालों की हर पल की जरूरत है और सरकार की पूंजीपति परस्त नीतियां जनता के सभी हिस्सों को इस से वंचित कर रही हैं और टेलीकॉम कंपनियों के मालिक आज दोनो हाथ से बेखौफ जनता को लूट रहे हैं। इन नीतियों में बदलाव और सरकारी क्षेत्र को फिर से खड़ा करने की जरूरत है। बाद में बढ़े हुए रिचार्ज टैरिफ को तत्काल वापस लिए जाने, निजी कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाने, बीएसएनएल को विशेष पैकेज देकर प्रतिस्पर्था योग्य बनाने तथा उसके रिक्त सभी पदो को भरने की मांगो वाला भारत के संचार मंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।
कार्यक्रम में गोविंद कुमार, शिवम सहित दर्जनों नौजवानों ने हिस्सा लिया।

# राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के तहत कांग्रेसियों ने किया वृक्षारोपण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के तहत अभय त्रिवेदी के संयोजकत्व में आर.के.पुरम न्यू राना नगर में वृक्षारोपण किया गया।शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव की अगुवाई में शहरी क्षेत्र के सभी वार्डो में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे, जिस गति से पेड़ों की कटाई हो रही है, उससे दुगना गति से हमें पेड़ो को लगाना होगा, तभी हम अपने जीवन को बचा सकते है।इस अवसर पर कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम, मनोज मिश्रा, सै.अरषद अली, विजय पटेल सहित उपस्थित लोगों ने यह प्रण किया कि न सिर्फ हम सभी को पेड़ लगाना है, बल्कि उन लगाये गये पेड़ों का वर्ष भर संरक्षण भी करना है ताकि पेड़ लगाने का मकसद पूरा हो सकें।


# आरएसएम के बैनर तले वित्त एवं लेखाधिकारी और बीईओ बछरावां के खिलाफ चौथे दिन दिया गया धरना प्रदर्शन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** शिक्षकों का एरियर निकालने व बीईओ बछरावां के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों की मांगों पर सहमति बन गई है। चौथे दिन राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। वित्त एवं लेखाधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की सहमति के बाद आरएसएम ने धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया है। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में लगभग 1500 से अधिक शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कार्मिकों के अवशेष देयकों का भुगतान नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि जिले में अंतर्जनपदीय शिक्षकों की वार्षिक वेतन वृद्धि, डीए, बोनस बाधित वेतन का भुगतान, एमआरसी शिक्षकों की वार्षिक वेतन वृद्धि का भुगतान बकाया है। इस संबंध में वित्त एवं लेखाधिकारी ने कहा कि 100 शिक्षकों का हर सप्ताह में एरियर निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि महीने में 25 से 05 तारीख तक वेतन का कार्य होता है। इसके बाद के समय में एरियर का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार एरियर को रिजेक्ट करने की परंपरा को भी समाप्त किया जाएगा। अब कमियों को पूरा करने के लिए एक अलग से टिप्पणी करते हुए कमी को पूरा किया जाएगा। इससे शिक्षकों को बार-बार एरियर अप्लाई नहीं करना होगा। शिक्षकों का एरियर बिल भी समय से ब्लॉक आए, इसके लिए बीईओ को भी पत्र जारी किया जाएगा। वहीं, बीएसए शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि बीईओ बछरावां वरुण मिश्रा के खिलाफ कार्यवाही के लिए डीएम को भेज दिया गया है। डीएम से उनका पदस्थापना व जांच आख्या पर अग्रिम कार्यवाही करने के लिए कहा गया है। बता दें, बीईओ की नियुक्ति जिलाधिकारी की तरफ से की जाती है। ऐसे में उनके पदस्थापना व अन्य कार्यवाही उन्हीं के माध्यम से की जाती है। शिक्षक बछरावां वरुण कुमार मिश्रा के कार्यो से नाराज है। उनकी असंवैधानिक कार्यशैली, शिक्षकों का शोषण, सरकारी धन का दुरुपयोग और कार्यालयी भ्रष्टाचार की प्रशासनिक जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग कर रहे थे। मंगलवार को धरना प्रदर्शन का संचालन जिला महामंत्री संजय कनौजिया ने किया।धरने में प्रदेश संगठन मंत्री शिवशंकर सिंह, मधुकर सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, रवीन्द्र सिंह यादव, अमित सिंह, अनुराग मिश्रा, रणविजय सिंह, राजेश मौर्य, वीरेन्द्र बहादुर, संगीता, जयकरन, हरिमोहन यादव, अनूप सिंह, हरिशरण मौर्य, रामेश्वर नाथ, रवींद्र, सन्दीप सोनकर, धर्मेंद्र राम, नृपेंद्र सिंह, प्रतिमा सिंह, शशि देवी, आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# सुधांशु खेल जगत में मील का पत्थर साबित होगा - वीके शुक्ला

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शत्रोहन सोनकर के पुत्र सुधांशु सोनकर का आईपीएल में चयन होने पर जनपद के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्रमिक संघ के अध्यक्ष वी.के. शुक्ला ने सुधांशु को बधाई देते हुए कहा कि वह खेल जगत में मील का पत्थर साबित होगा। उ0प्र0 उद्योग प्रतिनिधि मण्डल के प्रान्तीय संगठन मंत्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि सुधांशु ने खेल जगत में अपना स्थान बनाकर जनपद का गौरव बढ़ाया। पूर्व डीजीसी ओपी यादव ने कहा कि अब प्राचीन कहावत का समय बदल गया, जब कहा जाता था कि पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे होगे खराब, वर्तमान समय में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा से देश में ही नहीं विश्व में अपना स्थान बना सकता है। वैश्य एकता परिषद के जिला उपाध्यक्ष पवन अग्रहरि ने कहा कि निश्चित ही एक दिन सुधांशु खेल जगत में सितारे की तरह चमकेगा। एबीडीएम के अध्यक्ष कमलेश चौधरी ने कहा कि एक मध्यम परिवार से निकलकर सुधांशु ने अपना अलग स्थान बनाया है। स्वर्णकार संस्थान के संरक्षक भौमेश



सोनी ने कहा कि सुधांशु एक दिन सचिन तेन्दुलकर, महेन्द्र सिंह धोनी, विराट कोहली आदि की तरह देश का नाम रोशन करेगा। चन्द्रगुप्त मौर्य संस्थान के अध्यक्ष सुशील कुमार मौर्य ने कहा कि सुधांशु ने अपने परिवार के साथ-साथ जनपदवासियों का नाम रोशन किया है। अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के अध्यक्ष आरके यादव ने कहा कि सुधांशु की खेल के प्रति लगन व निष्ठा ने उन्हें आईपीएल खेलने का अवसर दिया। कांवड़ संघ के अध्यक्ष अनुज बरवरी ने कहा कि सुधांशु युवा पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणाश्रोत का काम करेगे। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक मिश्रा, डा0 जितेन्द्र यादव, अनुज त्रिवेदी, मो0 शाकिब कुरैशी, अनुज त्रिवेदी, मो0 फुरकान, जय सिंह, हनुमान प्रसाद वर्मा, राजेश अग्निहोत्री आदि ने सुधांशु के चयन पर बधाई दी।

# शिक्षा पखवाड़ा के तहत मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** नयी शिक्षा नीति 2020 के वर्षगाँठ के रुप में शिशक्षा पखवाड़ाश् के अन्तर्गत बैसवारा इण्टर कॉलेज की शिक्षिका श्रीमती रीता चौरसिया द्वारा विद्यालय में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें निर्णायक मण्डल की भूमिका में श्रीमती कनकलता सिंह, सीमा वर्मा, सरिता जी प्रमुख रही । प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सानिया ने द्वितीय स्थान सादिया और तृतीय स्थान जिकरा ने प्राप्त किया एवं सांत्वना पुरस्कार के रुप में संतोषी को निर्णायक मण्डलों ने नामित किया।
पुरस्कार वितरण समिति में सोमेश सिंह, रणधीर सिंह, राजेन्द्र सिंह राठौर अभिनव सिंह एवं प्रतियोगिता को आयोजित कर रही श्रीमती रीता चौरसिया की मुख्य भूमिका रही, निसबा, अंशिका, आँचल ने भी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग लिया । प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने छात्राओं की इस प्रतिभा की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की और सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किये जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर शिक्षिका प्रियांशी, रीना, डॉ. शालिनी साहू शिक्षक साथी जीतबहादुर सिंह, देवेन्द्र वर्मा, सुनील, सन्तोष सिंह एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी राजेश बहादुर सिंह, धर्मेन्द्र सिंह एवं मोहित उपस्थिति रही।

# जिलाधिकारी ने सामुदायिक केंद्र का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने रतापुर स्थित एकता विहार कॉलोनी के सामुदायिक केंद्र का निरीक्षण किया। कॉलोनी और आसपास के लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए इस केंद्र के रखरखाव की जिम्मेदारी विकास प्राधिकरण की है। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिया कि शादी विवाह, जन्मोत्सव आदि अन्य मांगलिक कार्यक्रमो के दौरान यहां पर साफ सफाई, बिजली, पानी और सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह, विकास प्राधिकरण अभियंता एम अहमद सहित अन्य उपस्थित रहे।
फोटो न03

# इनर व्हील क्लब ने लाल कन्या ऋषि इंटर कॉलेज की छात्राओं को कैंसर के प्रति जागरूक किया



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** इनर व्हील क्लब द्वारा स्थानीय खाली सहाट में स्थित लाल कन्या ऋषि इंटर कॉलेज में कैंसर के प्रति जागरूकता लाने पर शंकुस कैंसर अस्पताल की डॉक्टर समीक्षा मिश्रा द्वारा छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम वर्मा को पौधा देकर किया गया। अध्यक्षा दीप्ति सिकरिया ने सभी छात्राओं, अध्यापिकाओं व क्लब की सदस्याओं का स्वागत व अभिनंदन किया। डॉक्टर ने प्रोजेक्टर पर छात्राओं को कैंसर का कारण तंबाकू ,मदिरा सेवन, पान व पान मसाला आदि को बताया और बच्चों से अपील की कि इनका सेवन न करें ना किसी को करने दें।
खास करके महिलाओं में होने वाले ब्रेस्ट कैंसर वी गर्भाशय कैंसर के प्रति छात्राओं को जानकारी दी बच्चों ने प्रण किया कि हम अपने परिवार, व पड़ोस और जानने वालों को पान मसाला धूम्रपान व मदिरा इनका सेवन न करें सभी को इसके लिए जागरूक करेंगे।पीडीसी ज्ञान लता गुप्ता ने भी बच्चों को ज्ञानवर्धक बातें बताई।कार्यक्रम अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। अध्यक्षा दीप्ति सिकरिया ने कार्यक्रम के समापन में डॉक्टर व प्रधानाचार्या को स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में पीडीसी ज्ञान लता गुप्ता ,अध्यक्षा दीप्ति सिकरिया ,सचिव विनीता राजपाल, अर्चना सिकरिया ,आशा सिंह व शालिनी श्रीवास्तव उपस्थित थीं।

# बड़ा कुआं का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी ने किला बाजार स्थित बड़ा कुआं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि सौन्दरीकरण कार्य के अंतर्गत इसका भी कायाकल्प किया जाए। उन्होंने ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह को निर्देश दिया कि इसकी साफसफाई का पूरा ध्यान रखा। इस बात का ध्यान रखा जाए की इसके आसपास कूड़ा करकट इकट्ठा न होने पाए। आसपास का गंदा पानी इसमें न जाने पाए इसकी भी व्यवस्था कराई जाए।
इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ईओ नगर पालिका के अतिरिक्त स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# दिन-रात अघोषित कटौती से ग्रामीण परेषान

**सलोन रायबरेली।** एक तरफ गर्मी लोगो के पसीने छुड़ा रही है,वही दूसरी तरफ सलोन नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र में बिजली का संकट बढ़ता जा रहा है। दिन-रात अघोषित कटौती से लोगों का जीना मुहाल हो गया है।कस्बे से लेकर गांव में रोजाना पांच से सात घंटे तक की अघोषित कटौती हो रही है। फाल्ट के कारण यह कटौती और बढ़ जाती है।तहसील मुख्यालय में 22 घंटे बिजली के आदेश हैं जबकि स्तर पर 18 घंटे तक बिजली की आपूर्ति के आदेश हैं। कस्बे में रात और दिन को मिलाकर दर्जनों बार बिजली गोल की जाती है। रोजाना 24 घंटे में करीब आठ घंटे बिजली गायब हो जाती है।मंगलवार अर्ध रात्रि से सुबह 7 बजे तक विद्युत कटौती से आम नागरिको को रतजगा करना पड़ा। यही हाल ग्रामीण क्षेत्रो का भी है।

# फिरोज गांधी कॉलेज में स्मार्टफोन पाकर खुश हुए छात्र/छात्राएं




**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** स्मार्टफोन पाकर खुश हुए छात्र/छात्रा प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण योजनान्तर्गत स्थानीय फिरोज गांधी कॉलेज रायबरेली में क्रमशः बीएड, एमकाम, एमएससी के बाद आज कालेज प्राचार्य प्रोफेसर मनोज कुमार त्रिपाठी के कर कमलो से परास्नातक हिंदी, अंग्रेजी व राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र/छात्राओं को टेबलेट वितरण कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। परास्नातक हिंदी के छात्र छात्राओ को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण प्रोफेसर संजय सिंह, डॉ किरण श्रीवास्तव, डॉ अजय सिंह चौहान, कार्यक्रम संयोजक डॉ आजेंद्र प्रताप सिंह व दयाशंकर द्वारा किया गया। अंग्रेजी विभाग के परास्नातक छात्रों को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण डा कविता दुबे, प्रोफेसर नीलांशु अग्रवाल व संजय कुमार द्वारा तथा राजनीति शास्त्र विभाग के परास्नातक के विद्यार्थियों को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण डॉ दिनकर त्रिपाठी व डॉ अभय सिंह आदि द्वारा किया गया। स्मार्टफोन योजना तकनीकी समन्वयक डॉ धनंजय सिंह डॉ विष्णु शरण आदि प्रोफेसर्स व तकनीकी शुभांगी आदि द्वारा स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर मनोज कुमार त्रिपाठी ने यह भी सूचना दी की अन्य विभागों के छात्र अपने विभाग से संपर्क स्थापित कर अपने वितरण की तिथि सुनिश्चित करके अपना टैबलेट/स्मार्टफोन शीघ्र प्राप्त कर लें।

# डीएम ने वंदन योजना के अंतर्गत शहरी निकायों के सौन्दरीकरण कार्य का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने वंदन योजना के अंतर्गत अपनी रायबरेली रमणीय रायबरेली के नाम से चल रहे सौन्दरीकरण कार्य के दौरान मुंशीगंज स्थित शहीद स्मारक स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने पर्यटन विभाग और संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि कार्य के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह लोगों के ऐतिहासिक,धार्मिक और सामाजिक भावनाओं से जुड़ी हुई योजना है।अतः इसमें पारदर्शिता का ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर विकास प्राधिकरण अभियंता, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) के अतिरिक्त पर्यटन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रंजिश में गाय को पीट पीटकर मार डाला

## गोपालक ने गांव के दो लोगों के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी

### पशु डॉक्टर ने मृत गाय का किया पोस्टमार्टम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** सनातनी गाय को माँ के रूप में पूजते हैं।योगी सरकार भी गो वंश की रक्षा को लेकर बेहद संवेदनशील है।

इसके बावजूद समाज मे कुछ ऐसे आततायी हैं जो रंजिश के चलते गोमाता की हत्या करने से भी गुरेज नही करते हैं।

खीरी थाने के पिपरांव गांव में एक गाय को इतना पीटा गया कि मंगलवार को उसकी मौत हो गयी।

खीरी थाना क्षेत्र के पिपरांव में एक गाय की हत्या कर दी गयी। हुआ यह कि रविवार को भैरो प्रसाद तिवारी पुत्र राम प्रताप तिवारी की गाय घर के पास चरने के लिए छोड़ी गई थी। गाय मालिक का आरोप है कि गांव के मुनिराज उर्फ रमेश सिंह और मंदीप उर्फ अमित सिंह ने रंजिश के चलते उसे लाठी डंडों से इतना पीटा की उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गयी। गोपालक उसे उठाने की कोशिश जरूर की लेकिन गाय उठ नही पाई। पीड़ित गोपालक ने खीरी थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ सोमवार को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है।

पिपरांव के आततायियों की पिटाई से गम्भीर रूप से चोटिल गाय ने



मंगलवार दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने जांच शुरू की है। पशु डॉक्टर ने मृत गाय का पोस्टमार्टम किया। रंजिश में की गयी गोहत्या की समूचे क्षेत्र में चर्चा है।

### कौन करेगा गौ माता की हिफाजत

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गो वंशों के संरक्षण के लिए बेशक तमाम कोशिश की गई है।गोहत्या को लेकर सख्त कानून बनाए गए हैं लेकिन गोहत्या के मामले अक्सर सुर्खियों में रहते हैं।सनातन को मानने वाले यदि गौ हत्या जैसे पाप से गुरेज नही कर रहे हैं तो इस पर सिर्फ अफसोस ही जाहिर किया जा सकता है।

# युवक ने ट्रेन के आगे कूद की आत्महत्या

**घूरपुर (प्रयागराज)।** घूरपुर थाना क्षेत्र के अमिलिया गांव के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या की खबर मिली है। दुर्घटना की खबर मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई ग्रामीणों द्वारा पुलिस को खबर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी।मामला प्रयागराज के अमिलिया गांव की है जहाँ पर एक व्यक्ति ने ट्रेन के एगे कूदकर जान दे दी। पुलिस के पहुंचने पर ग्राम वासियों ने युवक की पहचान की जिसमें सुखराम भारतीय पुत्र राम गरीब भारतीय अमिलिया दांदूपुर के रूप में उसकी पहचान हुई। मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी हुई है। युवक के शव को स्थानीय लोगों ने देख कर पुलिस को सूचना दी थी। अब मौके पर पहुँची घूरपुर पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुटी है

# भूमि विवाद में दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे

## मारपीट में दोनों तरफ के आधा दर्जन लोग घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** मांडा थाना क्षेत्र के अछोला गांव मे बीती रात्रि जमीनी विवाद मे दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले हैं। दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हो गये हैं। इसमें एक अधेड की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों पक्षों की तहरीर पर नामजद केस दर्ज कर पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है।मांडा थाना क्षेत्र के अछोला गांव की रहने वाली पानकली पत्नी राजेश कुमार ने तहरीर देकर बताया है कि पैसे के लेनदेन में विवेक, संदीप, कुलदीप व मुकेश आदि ने घर मे घुसकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे सहित लोहे की राड से मारपीट किया। जिससे तीन लोगो को बुरी तरह चोट लगी। दूसरे पक्ष से जगरानी पत्नी कन्हैया लाला ने पुलिस को तहरीर देकर , जमीनी



विवाद का हवाला दिया है।उंन्होने आरोप लगाया है कि अखिलेश,समर बहादुर,सदानंद,चेत कुमार व सुरेश कुमार ने भद्दी-भद्दी गालिया देते हुए घर मे तोड़फोड़ करते हुए मारपीट किया है। इस मारपीट में तीन लोग बुरी तरह घायल हो गये हैं। पुलिस ने जाँच पड़ताल के बाद दोनों पक्षो की तहरीर पर कुल नौ आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज सहित विभिन्न धाराओ में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। इस मारपीट में समर बहादुर नामक अधेड़ की हालत नाजुक बतायी गयी है।जिन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले मे दिघिया चौकी प्रभारी डॉ बाबूराम ने बताया कि दोनो पक्षो में हुई मारपीट में कई लोग घायल हुए हैं। इसमे एक अधेड़ की हालत गंभीर बनी है।

दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज कर जाँच की जा रही है।

# कायाकल्प की बाट जोह रहा प्राथमिक विद्यालय किहुंनी कला



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** विकास खंड कोरांव के ग्राम पंचायत किहुंनी कला में स्थित प्राथमिक विद्यालय का ऊबड़ खाबड़ परिसर ध्वस्त बाउंड्रीवाल कमरे के फर्श , शौचालय न वर्षो से पड़े गंदगी का ढेर कायाकल्प योजना के तहत विकसित होने की बाट जोह रहा है ।

प्राथमिक विद्यालय के दीवार पूरी तरह से दरार और जर्जर कमरों की फर्श टूट गई है । जिससे बच्चों के बैठने में असुविधा हो रही है । इसके अलावा विद्यालय बरसात में छत का पानी नीचे टपकटता है । चारों ओर से झाड़ियां उगी हुई है । साफ - सफाई की व्यवस्था नहीं है । जर्जर भवन होने से कक्षा एक से पांच तक बच्चों को पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बैठाकर शिक्षा दी जा रही है । वहीं सफाई कर्मी विद्यालय में कभी आते ही नहीं है । ऐसे में मामूली बारिश में जलभराव की स्थिति होने से शिक्षक व बच्चों को भारी दिक्कत होती हैं । वर्षो पूर्व जर्जर भवन पड़ा हुआ है । जगह-जगह टूटी बाउंड्रीवाल व फर्श से हर समय नौनिहानों पर खतरा मंडराता रहता है ।

ग्रामीणों का कहना है कि योगी सरकार विद्यालयों को कायाकल्प योजना से कान्वेंट विद्यालयों की तरह सवारने का प्रचार - प्रसार कर रही है । लेकिन आज भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है । जिससे दिक्कतें उठानी पड़ रही है ।

प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था पर पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है । लेकिन इस विद्यालय पर किसी की नजरें इनायत नहीं हो रही हैं । प्रधानाध्यापक ज्ञानेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि इस विद्यालय में 79 छात्र - छात्राएँ पंजीकृत है । जबकि पूर्व माध्यमिक विद्यालय 100 छात्र - छात्राएँ है । तीन कमरे है । इन्हीं कक्षाओं में प्राइमरी के बच्चों को बैठाया जाता है । कक्षा एक से तीन छठवी और चार सतवी तथा कक्षा पांच के बच्चे आठवीं क्लास में बैठाकर किसी तरह पठन-पाठन किया जाता है । जबकि प्राथमिक विद्यालय के लिए चार कमरों की आवश्यकता है । इस संबंध में कई बार अधिकारियों से कायाकल्प के लिए लिखित प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक देखने तक नहीं आए।

# मोहम्मद शम्स हेड बॉय और हरीम फातिमा हेड गर्ल चयनित

## इम्पीरियल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में अलंकरण समारोह आयोजित






**लोकमित्र ब्यूरो**

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** इम्पीरियल स्कूल आफ एक्सीलेंस मऊआइमा में मंगलवार को स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में हाउस मास्टर एवं मिस्ट्रेस का चयन हुआ।

इसमें हेड बॉय के रूप में मोहम्मद शम्स एवं हेड गर्ल हरीम फातिमा अब्बासी, स्पोर्ट्स कैप्टेन श्रेय मिश्रा, स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन नैना, कल्चरल हेड अरीबा खान, वाइस कल्चरल हेड हलीमा सदिया, हेड डिसीप्लिनेरियम अरशद फुजैल, असिस्टेंट डिसीप्लिनेरियन अभिचल यादव चुने गए।

हेड प्रीफेक्ट शाज़िब आफ़ताब, वाइस हेड प्रीफेक्ट नाज़िया यूनुस, ग्रीनहाउस कैप्टन अलीम अहमद सिद्दीकी, वाइस कैप्टन रुशिफा गुलाम, जूनियर वाइस कैप्टन गुलाम कादिर, रेड हाउस कैप्टन अमान जुलकरनैन,

वाइस कैप्टन रगद अंसारी, जूनियर वाईस कप्तान अभिनव कुमार, येलो हाउस कैप्टन मोहम्मद अन्सब, वाइस कैप्टन जैनब हाश्मी, जूनियर वाइस कैप्टन अभिचल यादव, ब्लू हाउस कप्तान माशूक अहमद, वाइस कैप्टन मरियम अहमद, जूनियर वाइस कैप्टन अबुज़र गफ्फारी को चुना गया तथा साथ में राज नंदनी, प्रखर सिंह, तिमी यादव, जागृति पटेल, रूद्र यादव, रूद्र प्रताप सिंह, सूर्यांश,

प्रीतेश कुमार, अभि कुशवाहा, सक्षम मौर्या, उत्कर्ष प्रांजल, अंश गुप्ता, स्मिता पटेल, जनेंद्र प्रताप सिंह, परी सोनी, माहि सिंह आदि को भी बैच प्रदान किया गया। सभी छात्रों को विद्यालय के डायरेक्टर नूरुद्दीन सैफी ने बैच लगाकर पदभार दिया तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या इवेंजलिन विल्सन ने बच्चों को धन्यवाद देते हुए प्रतिज्ञा दिलवाई।

इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य उपेंद्र राय, अब्दुल बासित, कुलदीप सिंह, कोपल जायसवाल, शाजिया ख़ानम, श्वेता शालिनी, सना अहमद समेत समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# टीसीआई से महेवा की सड़क जर्जर आवागमन में कठिनाई

**नैनी( प्रयागराज) ।** क्षेत्र के टीसीआई से महेवा गांव की तरफ जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो गई है। जिस पर लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाई महसूस हो रही है। बताया जाता है, कि टी.सी.आई तिराहे से महेवा की तरफ जाने वाली सड़क की दशा काफी खराब हो गई है। इस पर जगह-जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं । डामर का तो कहीं अता-पता नहीं रह गया है । सड़क पर के यह गड्ढे धीरे-धीरे खाई के रूप में तब्दील होते जा रहे हैं। इस गड्ढेयुक्त सड़क पर दुपहिया वाहन चालकों का तो चलना दूर रहा, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है ।

मालूम हो, कि महेवा के अलावा कई विद्यालय के बच्चों का आना-जाना इसी सड़क से होता है। इस गड्ढे युक्त सड़क पर दुपहिया वाहन चालक आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को होने के बावजूद भी उनके द्वारा इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# कार्यकारणी गठित, हुआ सपथ ग्रहण समारोह



**नैनी(प्रयागराज)।** श्री विश्वकर्मा धर्मशाला एवं मंदिर कल्याण ट्रस्ट संत नगर अरैल की कार्यकारिणी का चतुर्थ त्रिवर्षीय सामान्य निर्वाचन एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। जिसमें रवि शर्मा अध्यक्ष, राजीव कुमार विश्वकर्मा उपाध्यक्ष, सरोज विश्वकर्मा उपाध्यक्ष, निशा विश्वकर्मा उपाध्यक्ष, सुश्री सुनीता विश्वकर्मा महामंत्री, जमुना प्रसाद विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष, लता विश्वकर्मा संगठन मंत्री, एवं राज नारायण विश्वकर्मा लेखा परीक्षक पद हेतु निर्विरोध निर्वाचित हुए। समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर बधाई दी गई।

# चारा न पानी, गोशाला की यही कहानी

## भटक रहे बेसहारा गोवंश तोड़ रहे दम जिम्मेदार बने हुए हैं लापरवाह

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** गौशाला यानि बेसहारा गौवंशों का सहारा सरकार ने यह गौशालाएं बनवाई है । ताकि बेसहारा गौवंशों को चारा व पानी मिल सके । वे सड़कों पर घूमते - घूमते असहाय हादसे का शिकार न बने । सरकार की यह कवायद जमीनी स्तर पर कितनी फलीभूत हो रही है । इसका उदाहरण किहुंनी कला के मजरा गड़री, पवांरी में बनी गौशालाओं में देखा जा सकता है । सरकारी उपेक्षा क्या होती हैं । इनको देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है । गौशालाओं में ना चारा है और ना पानी ऐसे में टैक लगे गौवंश खुले आम घूम रहे हैं । जिससे आए दिन वाहनों के टक्कर लगने से उनकी मौत हो रही है । कोरांव तहसील में बेसहारा गौवंशों के लिए गौशालाएं बनवाई गई है । आशय यही कि बेसहारा गौवंश यहां रहेंगे तो उनको चारा पानी मिलता रहेगा । सड़कों पर इधर-उधर टहलते से हादसे की आशंका भी बनी रहेगी । उनकी जान जाने का खतरा भी रहता है । सरकार ने तो अपना काम कर दिया । लेकिन इसके जिम्मेदार लापरवाह हो गए हैं । हालत ऐसे हो गए हैं कि क्षेत्र में बनी गौशालाएं सिर्फ कागजों पर चल रही है । अव्यवस्था के शिकार गौशालाएं में भूले भटके गौवंश पहुंच भी जाएं तो वहां ना तो उनकों चारा मिलता है ना पानी ऐसे में उनकों फिर भी से सड़क की राह पकड़नी पड़ती है । उनका यह कदम ना सिर्फ उनके लिए परेशानी भरा होता है । बल्कि आमजन को भी इससे दिक्कत उठानी पड़ती है । लेड़ियारी, डीही खुर्द, कैथवल, नीबी, देईबांध, कटनहवा स्टेट राजमार्ग पर जाम लगता है । गोवंश के नाम पर कुछ लोग ने बोरिंग करा ली है । पर उस पानी से वह अपने खेतों की सिंचाई करते हैं ।

### ➪आए दिन वाहनों के टक्कर लगने से हो रही है गोवंशों की मौत

# बुनियादी सुविधाओं के लिए मोहताज हैं छिवकी के लोग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी ( प्रयागराज )।** क्षेत्र के छिवकी में विभिन्न समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। बुनियादी सुविधाओं के अभाव में यहां के लोगों को काफी दिक्कतें महसूस हो रही है। बताया जाता है, कि छिवकी गांव रेलवे लाइन के किनारे बसा हुआ है। इस गांव की आबादी हजारों की है। इस गांव में जाने के लिए विगत कई साल पहले सड़क का निर्माण कराया गया था। जो इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। इस पर जगह जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। सड़क पर के यह गड्ढे धीरे धीरे खाई के रूप में तब्दील हो गया है। इस गड्ढेयुक्त सड़क पर जलभराव होने से लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। यहां बनी नालियों की नियमित सफाई न कराए जाने से बजबजा रही है। नालियां पूरी तरीके से कूड़ा करकट से पट चुका है। गांव में सफाई व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। सफाई कर्मियों का कहीं भी अता पता नहीं रहता है। जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है। जिससे उठ रही दुर्गंध से यहां का वातावरण काफी प्रदूषित हो गया है। लोगों को शुद्ध हवा मिलना मुश्किल हो गया है। गांव में विगत कई साल पहले जो भी हैंडपंप लगाए गए थे। वह मरम्मत के अभाव में खराब हो गए हैं।

वह मात्र शोपीस बनकर खड़े हैं। गांव में बिजली की व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। बिजली कब आएगी, और कब जाएगी, इसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है, कि इस गांव में मामा भांजा का तालाब पावर हाउस से बिजली की सप्लाई की जाती है। पावर हाउस पर तैनात विद्युत कर्मियों की मनमानी तानाशाही रवैया के चलते आए दिन बिजली काट दी जाती है। रात में बिजली कटौती किए जाने से मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ जाता है। जिसके चलते लोगों को नींद हराम हो जाती है ।

बिजली के खंभों पर खींचे गए तार काफी जर्जर हो चुके हैं, जो आए दिन टूट कर गिर जाते हैं। जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है । इस गांव में जल निगम ट्यूबवेल के द्वारा पानी की सप्लाई की जाती है। जल निगम कर्मियों की लापरवाही के चलते यहां के लोगों को पेयजल की समस्या से भी जूझना पड़ता है।

# अघोषित बिजली कटौती से मचा हाहाकार

## किसानों का आय दोगुना करने का राग अलापती सरकार के मंसूबों पर पानी फेरता बिजली विभाग

**घूरपुर (प्रयागराज)।** इस समय क्षेत्र के गौहनियां पावर हाउस में बिजली की भयंकर कटौती की जा रही है। दिन में सारा दिन बिजली गायब रहती है। रात को 8ः00 बजे एक घंटे 2 घंटे के लिए आएगी फिर गायब हो जाती है। गौहनियां क्षेत्र में बारिश न होने के कारण वैसे ही किसानों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। उस पर बिजली की इस व्यवस्था से किसानो में भारी आक्रोश व्याप्त है। बरसात न होने पर किसान किसी तरह नलकूप से काम चला कर धान की रोपाई की व्यवस्था कर लेते थे लेकिन बिजली की इतनी ज्यादा कटौती से



किसानों में हाहाकार मचा है। अधिकांश किसानों की पानी के अभाव में धान की रोपाई नहीं हो पा रही है। गौहनियां क्षेत्र तरहार फिडर के खटंगिया, दौना, तातारगंज, चिल्ला गौहानी गांवों में 24 घंटे में सिर्फ 2 से तीन घंटे बिजली मिलती है। बाकी समय बिजली गायब रहती है। बिजली विभाग के अधिकारियों का फोन लगाने पर फोन नहीं उठता है किसी भी तरह अगर फोन उठ भी गया तो सप्लाई बाधित तार टूटने का बहाना बनाकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। कोई भी अधिकारी जिम्मेंदारी लेने को तैयार नहीं है पूर्णता बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है। अगर जल्द से जल्द बिजली की व्यवस्था सही नहीं हुई तो एक बड़ा जन आक्रोश देखने को मिल सकता है।

# कावड़ियो का जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना




**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** सावन के पवित्र महीने में भक्त लेड़ियारी बाजार से प्रयागराज गंगाजल लेकर बाबा बैजनाथ धाम के अलावा अन्य शिव मन्दिर में जाकर जलाभिषेक कर मनवाछिंत फल प्राप्त करने के लिए रवाना हुए हैं । महादेव शिव के अतिप्रिय सावन के दूसरे मंगलवार पर भक्तिमय माहौल है । शिवालयों में दर्शन - पूजन को सैकड़ों कांवरियों का जत्था भगवान शिव के जलाभिषेक को रवाना हुआ । इस दौरान बोल बम के जयकारे भी लगे । लेड़ियारी बाजार से बाबा बैजनाथ धाम मे जलाभिषेक करने के लिए कांवरियों का दल गाजा- बाजा के साथ नौजवान, जवान, महिलाओं व बुजुर्ग बच्चों की टोली बस द्वारा प्रस्थान हुआ । प्रयागराज दशा सुमेर घाट से गंगा स्नान के बाद जल लेकर बाबा के धाम जाएंगे । वहां से बाबा बासुकीनाथ , अयोध्या, काशी विश्वनाथ, गोरखपुर, मनगढ़, आदि 15 दिन के लिए गए हुए हैं । राहगीर का जलाभिषेक करते हुए वापसी काशी विश्वनाथ, विध्याचल का दर्शन कर लौटेंगे । इस मौके पर रमेश केशरी, कमलेश प्रजापति, राकेश कुमार, संत लाल, राजा केशरी, संतोष केशरी, सुशील कुमार, राम बाबू केशरी , मेही लाल, शांति देवी, सुशीला देवी, गीता देवी आदि सैकड़ों की संख्या में रहे ।

# पी एम श्री विद्यालय सोरों में नामांकन मेला प्रवेश उत्सव हुआ सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापपुर ।** 30 जुलाई 2024 को पी एम श्री उच्च प्रा0वि0 सोरों में नामांकन मेला एवं प्रवेशोत्सव सम्पन्न हुआ, जिसके मुख्य अतिथि ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण , सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत बच्चों द्वारा गाकर किया गया। ग्राम पंचायत सोरों में निवास करने वाले मुसहर जाति के लगभग 82 बच्चों का नामांकन जिला बे0 शि0 अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी जी द्वारा स्वयं अपने हाथों से किया गया । जिसे देखकर ग्रामवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। ज़िला बे0 शि0 अ0 प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज की रीढ़ है, जिसकी पहुंच समाज के प्रत्येक वंचित तबके तक सरल एवं सुलभ हो,विभाग एवं शासन की ऐसी ही मंशा है जिसको धरातल पर उतारने का पुनीत कार्य पी एम श्री उच्च प्रा0 वि0 विद्यालय सोरों के अध्यापकों एवं मैथिली ग़रीब कल्याण समिति के सदस्यों ने मिलकर किया जिसके लिए ये सभी बधाई के पात्र हैं। तत्पश्चात ज़िला बे0 शि0 अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी एवं खण्ड शि0 अधिकारी प्रतापपुर विश्वनाथ प्रजापति व खण्ड शि0अ0 फूलपुर प्रभाशंकर पांडेय एवं ग्राम प्रधानपति राजित राम यादव द्वारा मुसहर जाति के बच्चों को पुस्तकों का सेट, यूनिफॉर्म, बैग ,कॉपी, कलम वितरित किया गया। कार्यक्रम




के मुख्य अतिथि ज़िला बे0 शि0 अ0 श्री प्रवीण कुमार तिवारी जी, विशिष्ट अतिथि खण्ड शि0 अ0 फूलपुर प्रभाशंकर पांडेय जी एवं वि0 खण्ड प्रतापपुर के मुखिया विश्वनाथ प्रजापति जी, ग्राम प्रधानपति राजित राम को मेज़बानी कर रहे पी एम श्री उच्च प्रा0 वि0 सोरों के इं0 प्र0 अ0 अजीत प्रताप सिंह एवं उनकी टीम द्वारा बुके, अंगवस्त्रम एवं स्मृतिचिह्न भेंट किया गया। मैथिली ग़रीब कल्याण समिति के पदाधिकारी बालकेश्वर प्रजापति, रमेश सरोज, संदीप एवं राजेश सरोज व अन्य सदस्यों को भी बुके, अंगवस्त्रम आदि भेंटकर इस पुनीत कार्य हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ट ए आर पी सत्येन्द्र द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम से पूर्व सुबह ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज, खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतापपुर एवं मैथिली ग़रीब कल्याण समिति के सदस्यगण व इंचार्ज प्र0 अ0 मुसहर बस्ती में स्वयं जाकर बच्चों एवं अभिभावकों से मिलकर शिक्षा एवं स्कूल चलो अभियान के प्रति जागरूक किया एवं अपने समक्ष बच्चों के बाल भी कटवाए एवं उन्हें स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में जू0 शि0 संघ के ज़िला अध्यक्ष ि नोद पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह, ब्लॉक मंत्री दिलीप कुमार यादव, ब्लॉक अध्यक्ष प्रा0 शि0 स0 प्रतापपुर डॉ हरीशचंद्र, मंत्री अतीक अहमद, अटेवा प्रदेश प्रभारी आई टी सेल सैय्यद दानिश इमरान, टी एस सी टी प्रदेश महामंत्री सुदेश पांडे, पूर्व ए आर पी रविराज तिवारी, पूर्व समन्वयक दिनेश यादव,ब्लॉक स्काउट मास्टर अमरेन्द्र कुमार एवं ब्लॉक के समस्त शिक्षक संकुल, सैकड़ों शिक्षक एवं ग्रामवासी मौजूद रहे ।

# सरकारी बंजर भूमि पर दबंग महिलाओं द्वारा कब्जा

**नारीबारी (प्रयागराज)।** जनपद के विकास खंड शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरा में प्रदेश सरकार के नियमों को ताक पर रखकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। आरोप है कि देवरा ग्राम पंचायत के मजरा इटवा में बंजर भूमि तकरीबन 5 बिस्वा है उक्त भूमि पर दबंग महिलाओं द्वारा स्थाई व अस्थाई रूप से कब्जा कर लिया गया है।जिसमे विवाद होने के संभावना को देखते हुए ग्राम प्रधान द्वारा मिट्टी डलवा कर सार्वजनिक रूप से निर्माण कराने के लिए बोला गया जिसकी अगुवाई गांव के ही शिवेन्द्र नारायण तिवारी द्वारा किया जा रहा था किंतु दबंग महिलाओं द्वारा पहले से ही उक्त भूमि पर जबरन कब्जा किया गया है उक्त महिलाए आए दिन गाली गलौज करती है और फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकियां भी देती हैं। उक्त मामले की शिकायत कई बार चौकी नारीबारी में की गई साथ ही ग्राम प्रधान रत्नाकर सिंह से भी की गई और जब प्रधान और चौकी प्रभारी के आने के बाद उनको शांत कराया जाता है तो वो महिलाए उनके जाने के बाद और भी गालियां देने लगती है जिनपर ग्रामीणों द्वारा कार्यवाही की मांग की जा रही है

# पेट्रोल छिड़ककर माँ बेटी को जिंदा जलाने का प्रयास

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सहसों ।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के चकिया घरहरा गांव में बीती रात टीन शेड के नीचे सो रही विवाहिता पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगा दी । हमले में चारपाई पर सो रही माँ बेटी गंभीर रूप से झुलस गई। गंभीरावस्था में दोनो को इलाज के लिये एस0 आर0 एन0 में भर्ती कराया गया है।बताया जाता है कि सहसों पुलिस चौकी क्षेत्र के चकिया घरहरा गांव निवासी राजेश कुमार भारतीय मुंबई में काम करता है। घर पर उसकी पत्नी परिवारीजनो के साथ रहा करती है। बीती रात राजेश की पत्नी रानी देवी 40 वर्ष अपनी चार वर्षीय बेटी मेनका के साथ चारपाई पर सोई थी। रात्रि के 12. 20 बजे के करीब एक अज्ञात व्यक्ति रानी के पास गया और



ज्वलनशील पदार्थ उसके ऊपर डालकर माचिस की तीली जला कर उसके ऊपर फेंक कर फरार हो गया चीख पुकार मचते ही आसपास के तमाम लोग जुट गई। आग से झुलसी रानी व उसकी बेटी को तत्काल इलाज के लिये एसआर एन अस्पताल में भर्ती कराया । पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है ।

# तीन साल आपके संपर्क में रहा, गच्चा तो आपने भी दिया...

**▶▶ योगी आदित्यनाथ की चुटकी पर खेल गए शिवपाल**




**लखनऊ,एजेंसियां।** समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल यादव ने मंगलवार को योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधने के लिए उन पर पलटवार किया। दरअसल, उत्तर प्रदेश में चल रहे मानसून सत्र में अपने संबोधन के दौरान, योगी आदित्यनाथ ने माता प्रसाद पांडे पर कटाक्ष किया, जिन्हें समाजवादी पार्टी द्वारा विपक्ष का नेता नियुक्त किया गया था और शिवपाल यादव फिर से मौका चूक गए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं आपको नेता प्रतिपक्ष के रूप में आपके चयन के लिए बधाई देता हूं। इसके बाद शिवपाल पर तंज कसते हुए योगी ने कहा कि %एक अलग विषय है कि आपने चाचा को गच्चा दे ही दिया। चाचा बेचारा हमेशा ही ऐसे मार खा जाते है। उनकी नियति ही ऐसी है। क्योंकि भतीजा हमेशा भयभीत रहता है। हालांकि, इसपर शिवपाल यादव ने पलटवार करने में देर नहीं लगाई। उन्होंने कहा कि मुझे धोखा नहीं दिया गया। माता प्रसाद पांडे जी बहुत वरिष्ठ हैं... पहले हम विधानसभा में पीछे बैठते थे, लेकिन अब हम आगे आ गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि तीन साल आपके संपर्क में रहा, गच्चा तो आपने भी दिया। जब आपने धोखा दिया तो 2027 के विधानसभा चुनाव में आप पिछड़ गए। आपका डिप्टी सीएम फिर आपको गच्चा देगा। शिवपाल ने सीएम योगी की तरफ इशारा करते हुए कहा हमें गच्चा नहीं मिला है। हम लोग समाजवादी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी पर कड़ा प्रहार किया और राज्य में अपराध की घटनाओं के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने पार्टी को उसके पूर्व प्रमुख की टिप्पणी की भी याद दिलाई जिन्होंने बलात्कार के मामलों में आरोपी लड़कों को फांसी नहीं देने की वकालत की थी। महिला सुरक्षा से निपटने के लिए उठाए गए सरकार के कदमों पर प्रकाश डालते हुए योगी ने कहा कि यह भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार थी जिसने एंटी-रोमियो स्क्वॉड का गठन किया था। योगी ने कहा कि महिला और बाल अपराध निस्तारण में प्रदेश पहले नंबर पर है। प्रदेश के अंदर एक महिला थाना हर जनपद में स्थापित करने के साथ-साथ एक अतिरिक्त थाने की जिम्मेदारी भी महिला थानाध्यक्ष को उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि 2020 से हमारी सरकार प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान को आगे बढ़ा रही है। मिशन शक्ति के अंतर्गत पिछले 7 वर्षों में हम लोगों ने करीब डेढ़ लाख पुलिस कर्मी की भर्ती की है। 2017 से पहले कुल 10,000 महिला पुलिस भर्ती हुई थी।

# बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर का निर्माण कार्य शुरू



**प्रयागराज, (हि.स.)।** संगम तट पर बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर का निर्माण कार्य मंगलवार से शुरू हो गया। कम्पनी के इंजीनियरों ने पीडीए अधिकारियों की मौजूदगी में मंदिर के महंत बलवीर गिरि ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन किया।इसका टेंडर यूनिवस्तु बूट्स इंफ्रा लिमिटेड को मिला है। इसका पहला चरण दिसम्बर तक पूरा होने की उम्मीद है। इसमें करीब 40 करोड़ रुपये लागत का अनुमान है। अगले चरण का काम महाकुम्भ के बाद होगा।कॉरिडोर का निर्माण 11,186 वर्गमीटर (2.76 एकड़) में होगा। एजेंसी सबसे पहले चहारदीवारी बनाएगी। इसके साथ ही निर्माण के साथ-साथ कब्जा हटाने की भी प्रक्रिया होगी। वर्तमान में मंदिर और सामने के पार्क का जो परिसर है, लगभग उतने में ही कॉरिडोर का निर्माण होगा।अभी मंदिर में प्रवेश के लिए दो द्वार हैं।

कॉरिडोर बनने के बाद छह द्वार हो जाएंगे। तब प्रवेश अक्षयवट मार्ग से होगा। श्रद्धालु संगम स्नान करके निकलेंगे तो अक्षयवट मार्ग से मंदिर कॉरिडोर में दाखिल होंगे और दर्शन करके बांध की ओर से निकलेंगे। इससे पहले वह अक्षयवट का भी दर्शन कर सकेंगे। कॉरिडोर की चहारदीवारी पर पूजन सामग्री और प्रसाद की 40 दुकानें बनाई जाएंगी। इसके अलावा सिक्योरिटी रूम, किचन, सुविधा ब्लॉक और महंत भवन बनाए जाएंगे। मंदिर के गर्भगृह को छोड़कर अन्य काम दिसम्बर तक पूरा हो जाएगा।

# जिसकी वजह से हारे हैं, फिर उसी राह पर चल रहे

**● लव जिहाद कानून को लेकर अखिलेश ने साधा निशाना**



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि ये लव जिहाद जो कानून ला रहा है, उससे भाजपा से आप क्या उम्मीद करते हैं? ये नौकरी थोड़ी देंगे, इन्होंने महंगाई बढ़ाई, नौकरी नहीं दी और अभी भी वे उसी रास्ते पर हैं जिसकी वजह से वे हारे हैं। ये इस तरह का कानून इसलिए ला रहे हैं क्योंकि इनका साम्प्रदायिकता का दीया बुझने जा रहा है%' चाचा को गच्चा किसी ने नहीं दिया, ये दिल्ली वालों को गच्चा दे रहे हैं। ये %सह-योगी% हैं, जिन्होंने सहयोग दिया है।बता दें कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध (संशोधन) विधेयक, 2024 विधानसभा में पेश किया, जिसमें लव जिहाद मामलों में आजीवन कारावास की कठोर सजा का प्रस्ताव किया गया है।

जहां भाजपा ने इस कदम का स्वागत किया, वहीं विपक्ष नाखुश नजर आया और इसे भाजपा द्वारा नकारात्मक राजनीति करने के लिए विभाजनकारी कदम बताया। यह कहते हुए कि उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम, 2021 के तहत मौजूदा प्रावधान अपर्याप्त हैं, योगी सरकार ने मौजूदा विधेयक में संशोधन का प्रस्ताव दिया, जिसमें सजा को अधिकतम दस साल से बढ़ाकर आजीवन कारावास, जमानत देना शामिल है। यूपी सरकार द्वारा प्रस्तावित संशोधनों का भाजपा ने स्वागत करते हुए कहा है कि यह कदम सही दिशा में उठाया गया कदम है। समाचार एजेंसी आईएएनएस की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि, समाजवादी पार्टी ने इस कदम को ÷विभाजनकारी÷ करार दिया, जिसका उद्देश्य समाज में शत्रुता पैदा करना है।

यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार सुबह विधानसभा में पहुंचने पर संवाददाताओं से कहा कि प्रस्तावित संशोधनों का स्वागत किया जाना चाहिए क्योंकि यह ऐसी प्रथाओं के खिलाफ निवारक के रूप में कार्य करेगा। भाजपा नेता मोहसिन रजा ने कहा कि कानून में संशोधन से अवैध धार्मिक रूपांतरण से निपटने में मदद मिलेगी क्योंकि %लव जिहाद% के मामलों में वृद्धि हुई है, जहां बहरूपिये किसी लड़की से शादी करने के लिए अपनी पहचान छिपाते हैं और फिर उसे धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करते हैं।

## 31 दिनों में 4.66 लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**जम्मू ,(आरएनएस)।** 29 जून को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ रही है। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को 1,477 श्रद्धालुओं का एक और जत्था जम्मू से कश्मीर के लिए रवाना हुआ। इसी के साथ अब तक अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की कुल संख्या 4.66 लाख हो गई है।अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू हुई थी। यह 52 दिनों के बाद 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा और रक्षाबंधन के त्यौहार के साथ समाप्त होगी। मंगलवार को 1,477 तीर्थयात्रियों का जत्था दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से रवाना हुआ।अधिकारियों ने बताया, 377 यात्रियों को लेकर 13 वाहनों का पहला सुरक्षा काफिला सुबह 3.25 बजे उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। 1,100 यात्रियों को लेकर 39 वाहनों का दूसरा सुरक्षा काफिला भी उसी समय दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ।

# 69 हजार शिक्षक भर्ती -विधानसभा घेराव की तैयारी में जुटे अभ्यर्थी



**लखनऊ,(हि.स.)।** 69 हजार शिक्षक भर्ती आरक्षण घोटाले के मामले को लेकर पीड़ित आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी विधानसभा घेराव और धरना प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। उसका मुख्य कारण यह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान 69 हजार शिक्षक भर्ती में हुए घोटाले के आरोप को निराधार बताया, जिसको लेकर अभ्यर्थियों में आक्रोश है।

अभ्यर्थियों का आरोप कि इस मामले में मुख्यमंत्री योगी ने जो टिप्पणी की है वह ठीक नहीं है क्योंकि यह मामला अभी कोर्ट में है। जब तक निर्णय नहीं आ जाता तब तक यह दावा कैसे किया जा सकता है कि भर्ती निष्पक्ष हुई है। जबकि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने भर्ती में व्यापक स्तर पर आरक्षित वर्ग नौकरी देने से वंचित करने की पुष्टि की है। वही स्वयं विभाग के अधिकारियों ने आरक्षित वर्ग की अभ्यर्थियों की एक 6800 की सूची भी जारी कर यह स्वीकार किया था कि भर्ती में नियमों का पालन नहीं हुआ है। इन सभी पीड़ित आरक्षित वर्ग के 6800 अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जाएगी। इस सम्बंध में स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पीड़ित आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों से मुलाकात की थी। अब मुख्यमंत्री के बयान से पीड़ित अभ्यर्थी आहत है और उनमें आक्रोश भी है।

शुरू से ही आंदोलन व धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे 6800 की सूची में चयनित अभ्यर्थी अमरेंद्र पटेल ने मुख्यमंत्री योगी द्वारा अभ्यर्थियों को सपा का मोहरा बताए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि इस भर्ती में व नियुक्ति की मांग कर रहे अभ्यर्थी किसी दल के नहीं बल्कि इस प्रदेश के नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि इस भर्ती में बहुत से ऐसे अभ्यर्थी शामिल हैं जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व विद्यार्थी परिषद से भी जुड़े हुए हैं, लेकिन उनकी पहुंच शासन सत्ता तक नहीं थी और वह दलित पिछड़े समाज से आते हैं इसलिए उन्हें भी नौकरी से वंचित कर दिया गया।

वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव समाने था ऐसे में अभ्यर्थियों का विरोध देखते हुए मुख्यमंत्री योगी ने हम अभ्यर्थियों से मुलाकात की और अधिकारियों को आदेश दिया कि इस मामले का निस्तारण किया जाए और वंचित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाए। इस पर विभाग ने नियुक्ति पाने से वंचित आरक्षित वर्ग (एससी-ओबीसी ) के 6800 अभ्यर्थियों की एक लिस्ट जारी की लेकिन नियुक्ति नहीं दी। जिस कारण हम आरक्षित वर्ग के चयनित अभ्यर्थी मानसिक रूप से बहुत प्रताड़ना झेल रहे हैं।

नियुक्ति की मांग को लेकर आरक्षित वर्ग के सभी अभ्यर्थी लखनऊ धरना स्थल इको गार्डन में लगातार 640 दिन तक धरना प्रदर्शन भी किया। साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य राज्य एवं केंद्र के मंत्रियों के यहां जाकर ज्ञापन दिया। मामले के निस्तारण का निवेदन किया, लेकिन हमें न्याय के बदले लाठी और डंडे मिलते रहे। आंदोलन में शामिल महिलाओं को सड़कों पर घसीटा गया। पुलिस द्वारा पीटा गया। फिर भी सरकार अपनी हठधर्मिता पर अड़ी रही। आज तक हमें न्याय नहीं मिला।

## नेताजी के अवशेषों को जापान से वापस लाने के लिए पीएम से अपील, राहुल व खड़गे को बोस ने लिखा पत्र

**कोलकाता, (हि.स.)।** प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के भतीजे चंद्र कुमार बोस ने मंगलवार को कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से जापान के टोक्यो स्थित रेनकोजी मंदिर से नेताजी के अवशेष वापस लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील करने का आग्रह किया।लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे अलग-अलग पत्रों में बोस ने इस मामले में हस्तक्षेप कर केंद्र सरकार से अपील करने का आग्रह किया। बोस ने इन दोनों नेताओं से प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस के अवशेषों को टोक्यो से भारत लाने की प्रक्रिया में तेजी लाने की अपील करने को कहा।

# अरविंद केजरीवाल की जान खतरे में है

**● इंडिया ब्लॉक रैली में पत्नी सुनीता ने लगाए कई बड़े आरोप, कहा-रची जा रही साजिश**



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** सुनीता केजरीवाल ने 'इंडिया' गठबंधन की रैली में कहा कि भाजपा की राजनीति नफरत और दिल्ली के लोगों का काम रोकने की है, अरविंद केजरीवाल लोगों के लिए लड़ रहे हैं। सुनीता केजरीवाल ने 'इंडिया' गठबंधन की रैली में आरोप लगाया कि भगवान का शुक्र है कि मेरे पति के साथ कोई अनहोनी नहीं हुई। उनकी जान खतरे में है। दिल्ली के मुख्यमंत्री को एनडीए के सांसद के झूठे बयान पर ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। जब ट्रायल कोर्ट ने उन्हें जमानत दी तो ईडी अपने वकील के ही भाई की कोर्ट में जाकर जमानत रुकवा दी। फिर छ्वढ्ढ ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया।सुनीता केजरीवाल ने कहा कि जेल में केजरीवाल जी की शुगर 50 से नीचे चली जाती है जो उनकी जिंदगी के लिए खतरनाक है और एलजी कहते हैं कि केजरीवाल जी जानबूझकर इन्सुलिन नहीं ले रहे हैं। क्या कोई अपनी खुद की जान खतरे में डालता है? ये अरविंद केजरीवाल जी को साजिशन गिरफ्तार कर, दिल्ली के काम रोकना चाहते हैं क्योंकि वो इनसे लड़कर दिल्ली के लोगों के कामों को करवा लेते हैं।आप नेता संजय सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी की तानाशाह सरकार ने दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन को जेल डालकर रखा है। नरेंद्र मोदी को मैं कहना चाहूंगा कि अगर आप तानाशाह हैं तो हम आप के सिपाही हैं। आज जेल में अरविंद केजरीवाल जी का स्ह्वद्दड्डह्म् द्यद्ग1द्गद्य कई बार 50 के नीचे जा चुका है और वहां उनकी तबीयत के साथ बीजेपी खिलवाड़ कर रही है। लेकिन इसके बावजूद केजरीवाल जी तानाशाह से डर नहीं रहे हैं।

## मेरठ में हाईटेंशन लाइन से टकराई 35 फुट ऊंची कांवड़, सात झुलसे

**मेरठ, (हि.स.)।** ऊंची कांवड़ पर रोक के बाद भी मंगलवार को हरिद्वार से दिल्ली ले जाई जा रही 35 फुट ऊंची कांवड़ बागपत रोड बाईपास फ्लाईओवर पर हाईटेंशन लाइन से टकरा गई। करंट की चपेट में आकर सात कांवड़िये झुलस गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए और कांवड़ियों का हालचाल पूछा।स्थानीय पुलिस के मुताबिक दिल्ली के हैदरपुर से 20 कांवड़ियों का जत्था 35 फुट ऊंची कांवड़ लेकर आ रहे थे। सोमवार को यह कांवड़ सिवाया पार करके मोदीपुरम पहुंची थी। उस समय पुलिसकर्मियों की सूचना पर 220 केवीए बिजलीघर के कर्मचारियों ने हाईटेंशन लाइन की सप्लाई बंद कर दी।

# जया बच्चन को जया अमिताभ बच्चन कहकर संबोधित किए जाने पर भड़कीं जया बच्चन बोलीं यह कुछ नया है



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** सोमवार को समाजवादी पार्टी की राज्यसभा सदस्य जया बच्चन ने उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह द्वारा उनके पति के नाम का इस्तेमाल किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई। हरिवंश नारायण ने सदन में बोलने के लिए उन्हें बुलाते हुए कहा, ÷श्रीमती जया अमिताभ बच्चन जी, कृपया।÷ इस पर जोरदार तरीके से पलटवार करते हुए अभिनेत्री से नेता बनीं जया बच्चन ने कहा, ÷सर, सिर्फ जया बच्चन बोलते तो काफी होता।हरिवंश नारायण सिंह ने बताया कि संसद के रिकॉर्ड में उनका नाम आधिकारिक तौर पर जया अमिताभ बच्चन के रूप में दर्ज है। सिंह ने कहा, ÷आपका पूरा नाम यहां लिखा गया था, मैंने बस वही दोहराया।जया बच्चन ने अपनी असहमति जताते हुए कहा, ÷यह कुछ नया है, कि महिलाओं को उनके पति के नाम से पहचाना जाएगा। उनका (महिलाओं का) कोई अस्तित्व या अपनी कोई उपलब्धि नहीं है।बच्चन दिल्ली के कोचिंग सेंटर में तीन यूपीएससी उम्मीदवारों की मौत पर बोलने के लिए खड़े हुए थे और पार्टियों से ऐसे मामलों में तुच्छ राजनीति से ऊपर उठने को कहा था। उन्होंने कहा, ÷यह बहुत दर्दनाक घटना है और हमें इस मामले में राजनीति नहीं लानी चाहिए।÷ उन्होंने कहा कि निर्भया कांड के बाद पहली बार वह किसी मुद्दे पर इतनी तीखी बहस देख रही हैं। इस घटना में मारे गए आईएएस उम्मीदवारों की पहचान उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद की श्रेया यादव (25), तेलंगाना की तान्या सोनी (25) और केरल के एर्नाकुलम के नेविन डेल्विन (24) के रूप में हुई है।

# 538 सीटों पर डाले गए और गिने गए वोटों में बड़ा अंतर, रिपोर्ट ने मचाई सनसनी

**● लोकसभा चुनाव 2024**



**नई दिल्ली , (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव 2024 में 538 सीटों में पड़े कुल वोटों और गिने गए वोटों की संख्या में अंतर का दावा किया गया है। यह दावा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (छ्वक्र) ने किया है। एडीआर के संस्थापक प्रो. जगदीप छोकर ने रिपोर्ट जारी करते हुए दावा किया कि 362 सीटों पर डाले गए कुल मतों में से 5 लाख 54 हजार 598 वोट कम गिने गए हैं। उन्होंने कहा कि 176 सीटों पर डाले गए कुल 35 हजार 93 वोट अधिक गिने गए हैं।एडीआर रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2019 के आम चुनाव की तुलना में 2024 के लोकसभा चुनाव में डाले गए कुल मतों और गिने गए वोटों की संख्या में काफी अंतर है। प्रो. जगदीप छोकर ने लोकसभा चुनाव में हो रही गड़बड़ियों पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इस चुनाव में मतदान का अंतिम आंकड़ा जारी करने में अत्याधिक देरी और मतदान केंद्रों के अलग-अलग आंकड़ों का अभाव और अंतिम मिलान किए गए आंकड़ों के आधार पर चुनाव परिणाम जारी किए गए या नहीं? ये सभी सवाल देश की जनता के मन में उठ रहे हैं।कई सवालों का जवाब देने में चुनाव आयोग असमर्थ÷ एडीआरएडीआर की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चुनाव आयोग ने काउंटिंग के आखिरी डेटा को अब तक जारी नहीं किया है। वहीं, आयोग अब तक डाले गए वोट और गिने हुए वोट में अंतर पर जवाब देने में असमर्थ है। मत प्रतिशत में वृद्धि कैसे हुई है। इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।रिपोर्ट में कहा गया है कि आम चुनाव 2024 के परिणामों में 538 संसदीय क्षेत्रों में डाले गए और गिने गए मतों में काफी विसंगतियां सामने आई, अमरेली, अत्तिंगल, लक्षद्वीप और दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव को छोड़कर।रिपोर्ट में कहा गया है, सूरत संसदीय सीट पर कोई मुकाबला नहीं था। इसलिए 538 संसदीय सीट पर कुल 5,89,691 मतों की विसंगति है। स्वतंत्र पत्रकार पूनम अग्रवाल ने भी प्रेस वार्ता में कहा कि डाले गए मतों और गिने मतों के आंकड़ों का विश्लेषण करने पर उन्हें भी बिल्कुल यही परिणाम मिला।बता दें कि चुनाव आयोग ने 7 जून को लोकसभा चुनाव 2024 में कुल वोटिंग का आंकड़ा जारी किया था। इस बार कुल मिलाकर 65.79 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यह 2019 चुनाव के मुकाबले 1.61 प्रतिशत कम है। पिछली बार कुल आंकड़ा 67.40 प्रतिशत था। रिपोर्ट में साल 2019 के लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि गया कि 195 सीटें पर डाले गए मतों और काउंटिंग किए गए मतों में किसी प्रकार की विसंगतियां नहीं थी। बताते चलें कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटें मिली थी। वहीं, कांग्रेस को 99 सीटें मिली थी।

## हाथ से मैला उठाने की प्रथा को समाप्त करने के लिए कोई विधेयक प्रस्तावित नहीं - सरकार

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि सीवरेज की सफाई के पूर्ण मशीनीकरण और हाथ से मैला उठाए जाने की प्रथा को समाप्त करने संबंधी कोई विधेयक प्रस्तावित नहीं है।लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि सुरक्षित सफाई प्रथाओं के लिए संस्थागत व्यवस्था को औपचारिक रूप देने के उद्देश्य से हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 में संशोधन करने का प्रस्ताव था।उन्होंने कहा कि केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई राष्ट्रीय मशीनीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र (नमस्ते) स्कीम को ध्यान में रखते हुए हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 में संशोधन नहीं करने का निर्णय लिया गया।

# ताजमहल में जल चढ़ाने पहुंचे कांवड़िए, मच गया हड़कंप, कहा- भगवान शिव ने सपने में आकर कहा



**लखनऊ,एजेंसियां।** सावन का महीना चल रहा है। ऐसे में कावड़ यात्री जल लाकर मंदिरों में चढ़ाते हैं। ऐसे में खबर सामने आई है कि ताजमहल में जल चढ़ाने की कोशिश की गई है। एक महिला कांवड़िया कावड़ लेकर ताजमहल के गेट तक पहुंच गई। हालांकि पुलिस ने ताजमहल में जैसे-तैसे तांडव होने से रोक लिया। मीना राठौड़ ने कहा कि मैं तेजोमहालय में गंगाजल चढ़ाने आई थी। भगवान शिव ने मुझे सपने में बुलाया और मैं तेजो महालय पर चढ़ाने के लिए, कांवर ले आई। लेकिन पुलिसकर्मियों ने मुझे अंदर जाने से रोक दिया। महिला कांवड़ लेकर ताजमहल के गेट तक पहुंच गई। महिला कांवड़ यात्री के इस कदम से पुलिसवालों के भी हाथ पांव फूल गए। पुलिसवालों ने महिला को गेट पर ही रोक दिया।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) ताज सुरक्षा, सैयद अरीब अहमद ने बताया कि राठौड़ को पश्चिमी गेट बैरियर पर रोका गया और ताज महल में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। अहमद ने कहा कि कुछ समय बाद, उन्होंने खुद ही राजेश्वर मंदिर में %गंगाजल% चढ़ाने का फैसला किया। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रवक्ता संजय जाट ने राठौड़ का समर्थन करते हुए कहा कि जिस स्थान पर वे भगवान शिव का मंदिर होने का दावा करते हैं, वहां %गंगाजल% चढ़ाना उनका ÷अधिकार÷ है।ताज महल में %गंगा जल% चढ़ाना हमारा अधिकार है क्योंकि यह %तेजो महालय%, भगवान शिव का मंदिर है। वह कासगंज के सोरों जी से कांवर लेकर आई और दो दिन बाद आगरा पहुंच गई। ताज महल अक्सर विवादों में घिरा रहता है, कुछ समूह इसे शिव मंदिर होने का दावा करते हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने 2017 में इस दावे का खंडन करते हुए कहा कि स्मारक एक मकबरा है, मंदिर नहीं।

## गुरुद्वारों पर नहीं लगेगा केसरिया ध्वज, अब निशान साहिब का रंग होगा बसंती या सुरमई

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** देश-विदेश में स्थापित गुरुद्वारा साहिबानों पर लहराने वाले झंडे का रंग अब बसंती या सुरमई होगा। केसरी (भगवा) रंग के झंडे अब गुरुद्वारा साहिबानों पर नहीं फहराए जाएंगे। यह फैसला अकाल तख्त साहिब के पांच सिंह साहिबानों की बैठक में लिया गया, जिसके बाद शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है।पंजाब-हरियाणा समेत देश-विदेश में स्थापित ज्यादातर गुरुद्वारों में केसरी रंग के झंडे लगे हैं। इसे लेकर पिछले कई महीनों से अकाल तख्त साहिब के पास शिकायतें आ रही थीं। केसरी रंग के झंडे एक अन्य हिंदूवादी संगठन के साथ मेल खाने के कारण यह विवाद चला हुआ है। लंबी बहस के बाद पांचों तख्तों के सिंह साहिबानों ने एक बैठक करके गुरुद्वारा साहिबानों पर झुलाए जाने वाले निशान साहिब (झंडे) का रंग तय कर दिया है।

# विधान परिषद : वेल में धरने पर बैठ गये नेता प्रतिपक्ष

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** विधान परिषद में मंगलवार को शून्यकाल के दौरान अचानक से अभूतपूर्व स्थिति पैदा हो गई जब नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव विपक्षी सदस्यों के साथ दो बार वेल में पहुंचकर धरने पर बैठ गए। इससे कुल 18 मिनट तक दो बार सदन में गतिरोध उत्पन्न हुआ और सदन का कामकाज भी प्रभावित हुआ। हालांकि दोनों ही बार सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह की ओर से अपील की गई कि नेता सदन अपनी सीट पर बैठें, नेता प्रतिपक्ष वेल में नहीं जाया करते हैं। पूर्व में ऐसी कोई परंपरा नहीं रही है। फिर भी नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव अड़े रहे और वेल में ही धरने पर बैठे रहे।

दरअसल, यह विरोध सपा की कार्यस्थगन की सूचना पर सवाल खड़े किए जाने पर हुआ। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार पर सवाल न पूछने देने का भी आरोप लगाया। इस दौरान नेता सदन और नेता प्रतिपक्ष एक-दूसरे को सदन की परम्परा और नियमों का पाठ भी पढ़ाते रहे। शून्यकाल शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव सवाल पूछने के लिए खड़े हुए। सभापति ने उनको बैठने के निर्देश दिए। ऐसा कई बार हुआ तो लाल बिहारी ने कहा कि मैं नेता प्रतिपक्ष हूं। आप हर बार बैठा देते हैं। बोलने ही नहीं दिया जा रहा।


सभापति ने कहा कि कोई भी सवाल नियमों के तहत उठाया जाएगा। लाल बिहारी ने कहा कि औचित्य का सवाल वह पूछ रहे हैं। सभापति ने कहा कि औचित्य का प्रश्न भी पहले से सूचित किया जाता है। व्यवस्था के प्रश्न पर आप पूछ सकते हैं। लाल बिहारी ने कहा कि अब वह नेता प्रतिपक्ष हैं। सिर्फ सपा के नेता नहीं हैं। शून्य काल में नेता प्रतिपक्ष कोई भी सवाल पूछ सकते हैं। सभापति ने कहा कि नियम के तहत ही पूछ सकते हैं। इस पर लाल बिहारी सभी सपा सदस्यों के साथ वेल में आ गए और धरना देकर बैठ गए।

करीब 10 मिनट के गतिरोध के बाद सपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र चौधरी ने नेता प्रतिपक्ष को हाथ पकड़ कर उठाकर उनकी कुर्सी तक लाए और उन्हें बैठने का अनुरोध किया। इसके बाद सपा ने कार्यस्थगन के तहत शिक्षा के गिरते स्तर का मुद्दा उठाया।

# 12 हजार 209 करोड़ से प्रदेश के विकास को लगेंगे पंख

- वित्तमंत्री ने विधानसभा के पटल पर प्रस्तुत किया 12 हजार 209 करोड़ 93 लाख का अनुपूरक बजट
- प्रस्तावित अनुपूरक बजट का आकार इस वर्ष के मूल बजट का 1.66 प्रतिशत
- अनुपूरक बजट में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार पर विशेष फोकस

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश के विकास को और गति देने, युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने के लिए विधानसभा में मंगलवार को 12 हजार 209 करोड़ 93 लाख का अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया।

यह बजट वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा के पटल पर रखा। इस दौरान उन्होंने बताया कि अनुपूरक बजट में राजस्व लेखा व्यय 4 हजार 227.94 करोड़ और पूंजी लेखा का व्यय 7,981.99 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित अनुपूरक बजट का आकार इस वर्ष के मूल बजट का 1.66 प्रतिशत है।

**प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए दिये साढ़े सात हजार करोड़**

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने अनुपूरक बजट में 7500.81 करोड़ औद्योगिक विकास, 2000 करोड़ ऊर्जा विभाग, एक हजार करोड़ परिवहन विभाग को नई बसें खरीदने के लिए बजट प्रस्तावित किया है। इसके साथ ही नगर विकास विभाग की अमृत योजना की सहायता के लिए 600 करोड़, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए 200 करोड़, ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपन जिम के लिए 100 करोड़, माध्यमिक शिक्षा विभाग के तहत 284 राजकीय इंटर कॉलेजों में लैब की स्थापना के लिए 28.40 करोड़, 1040 राजकीय इंटर कॉलेज में आईसीटी लैब की स्थापना के लिए 66.82 करोड़ की व्यवस्था अनुपूरक बजट में की गयी है। इसके अलावा संस्कृति विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए 74.90 करोड़, अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना के लिए 53.85 करोड़ रुपए दिये हैं। इनमें आवासीय एवं अनावासीय भवनों के अनुरक्षण के लिए 2.79 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे।

**रोजगार मिशन समिति के गठन और योजना संचालन को दिये 49.80 करोड़**

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रदेश में युवाओं को राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन समिति के गठन एवं योजना के संचालन के लिए 49.80 करोड़, विधानसभा सचिवालय के डाटा सेंटर के नवीनीकरण के लिए 3.25 करोड़, विधानसभा मंडप के डिजिटल कम्युनिकेशन सिस्टम और सहवर्ती उपकरणों के विस्तार के लिए 1.98 करोड़ और विधानसभा लाइब्रेरी परिसर में डिजिटल सीसीटीवी सर्विलांस व कैमरा प्रणाली की स्थापना, उपकरणों के विस्तार के लिए 2.45 करोड़ दिये हैं। वहीं अनुपूरक मांगों में 319.95 करोड़ रुपए नई मांगों और अन्य योजनाओं के लिए हैं।

# जनगणना का विषय केंद्र सरकार से संबंधित : केशव

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** विधान परिषद में सपा के सदस्यों की तरफ से जातिगत जनगणना पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जनगणना की विषयवस्तु केंद्र सरकार से संबंधित है। राज्य सरकार को जनगणना के संबंध में अलग से कोई प्रावधान करने का अधिकार नहीं है।

सपा के डॉ. मान सिंह यादव, लाल बिहारी यादव, आशुतोष सिन्हा, मुकुल यादव व शाहनवाज खान के अलावा तत्कालीन विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य ने नौ फरवरी 2024 को नियम-105 के तहत यह सूचना देते हुए सदन की कार्यवाही रोककर चर्चा कराए जाने की मांग की थी। नेता सदन ने कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की ओर से सदस्यों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनगणना की विषयवस्तु भारत के संविधान की 7वीं अनुसूची (संघीय सूची) के क्रमांक 69 पर अंकित है। केंद्र सरकार द्वारा देश की जगगणना के लिए जनगणना अधिनियम-1948 एवं जनगणना अधिनियम 1990 बनाई गई है, जिसके तहत जनगणना का कार्य केंद्र सरकार द्वारा कराया जाता है।

इससे पहले सपा के सदस्यों ने कहा था कि जातिगत जनगणना का विरोध उन लोगों द्वारा किया जा रहा है, जो सभी के लिए समान अधिकार नहीं चाहते हैं। जातिगणना होने से राज्य में रहने वाले दलित व पिछड़े वर्ग के लोगों की संख्या का पता चलता है और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं बनाने में आसाना रहती है। देश के संविधान के अनुच्छेद 340 में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों की हालत की जांच कराए जाने का प्रावधान है।

# महिला सुरक्षा के लिए समाजवादी स्वंय एक गंभीर खतरा : सीएम योगी आदित्यनाथ

- विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल सुरक्षा के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी पर किया बड़ा प्रहार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधान सभा में महिला सुरक्षा के मुद्दे पर बोलते हुए समाजवादी पार्टी पर करारा हमला किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर है। इस गंभीरता का परिणाम है कि महिला और बाल अपराध से जुड़े मामलों में लगातार कमी आ रही है। अपराधियों के मन में कार्रवाई का भय है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के अंदर सरकार आने के बाद सबसे पहले हमने शोहदों पर लगाम कसने के लिए जो कार्रवाई की, एंटी रोमियो स्क्वाड इसका एक उदाहरण है। बताते हुए दुख होता है कि एंटी रोमियो स्क्वाड का जब गठन हुआ तब सबसे पहले इसका विरोध समाजवादी पार्टी ने ही किया था। ये बोलने में भी कोई संकोच नहीं है कि महिला संबंधी अपराधों के मामलों में डायरेक्ट या इनडायरेक्ट समाजवादी पार्टी से जुड़े लोग ही इनवॉल्व पाए जाते हैं। महिला संबंधी अपराध में ये उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने कहा था कि लड़के हैं गलती कर देते हैं। ये लोग सुरक्षा की बात क्या करेंगे। महिला सुरक्षा के लिए ये समाजवादी खुद ही एक गंभीर खतरा हैं। इसलिए महिला सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह सचेत और सक्रिय है। हमारी सरकार प्रदेश में हर बेटी को और हर व्यापारी को सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**2016 की तुलना में महिला अपराधों में आई उल्लेखनीय कमी**

महिला सुरक्षा से संबंधित एक प्रश्न का जवाब देते हुए सीएम योगी ने सदन में कहा कि महिला और बाल सुरक्षा से जुड़े मुद्दे दो प्रकार के होते हैं। एक घर के अंदर और दूसरा घर के बाहर। दोनों मुद्दों को ध्यान में रखकर सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। 2016 से तुलना करें तो सभी तरह के मामलों में कमी देखने को मिलेगी। 2016 की तुलना में दहेज जैसी घटनाओं के बारे में देखें तो 2023-24 के बीच में लगभग 17.5 प्रतिशत की कमी आई है।

**5 वर्षों में की महिला पुलिस कार्मिकों की दोगुनी भर्ती**

सीएम योगी ने बताया कि 2020 से हमारी सरकार ने मिशन शक्ति के अभियान को आगे बढ़ाया है। इसके अंतर्गत पिछले 7 वर्ष में लगभग डेढ़ लाख पुलिस कार्मिकों की भर्ती की गई है। 2017 के पहले तक कुल 10 हजार महिला कार्मिकों की भर्ती हुई थी, जबकि 2017 से 2022-23 के बीच प्रदेश में 20 हजार से अधिक महिला पुलिस कांस्टेबल की भर्ती करने में सफलता प्राप्त हुई है। यानी आजादी के बाद 70 वर्षों में जितनी महिला पुलिस कार्मिकों की भर्तियां हुई थीं, उससे दोगुनी भर्ती महज 5 वर्षों में हमने की है।

पुलिस की भर्ती में महिलाओं को 20 प्रतिशत हॉरिजेंटल रिजर्वेशन की व्यवस्था प्राप्त हो सके, इसको अनिवार्य रूप से लागू किया गया। लखनऊ, गोरखपुर और बदायूं में महिला पीएसी के गठन की कार्रवाई को आगे बढ़ाया। जो पुलिस कार्मिक महिलाएं भर्ती हुईं वो केवल ऑफिस या थाने तक ही सीमित न रहें।

**सीएम योगी ने अखिलेश और शिवपाल पर कसा तंज**

सदन की कार्यवाही के दौरान जब नव नियुक्त नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने सीएम योगी से महिला सुरक्षा संबंधी मुद्दे पर जवाब मांगा तब सीएम योगी ने उन्हें नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने की बधाई देते हुए इशारों ही इशारों में अखिलेश यादव और शिवपाल यादव पर व्यंग्य बाण चला दिए। सीएम योगी ने सदन में व्यंग्य कसते हुए कहा कि आपके चयन के लिए बधाई देता हूं। ये अलग विषय है कि आपने चचा को गच्चा दे ही दिया। चचा बेचारा हमेशा ही ऐसे मार खाता है। उनकी नियति ही ऐसी है, क्योंकि भतीजा हमेशा भयभीत रहता है। दरअसल, सीएम योगी ने यह व्यंग्य इसलिए दिया, क्योंकि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चाचा शिवपाल यादव की जगह माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष के लिए चयनित किया। इसी पर उन्होंने शिवपाल यादव पर चुटकी ली।

**महिला अपराधों के निस्तारण में यूपी नंबर वन**

सीएम योगी ने बताया कि प्रदेश में इस दिशा में कई अन्य प्रयास भी हुए हैं। इन्वेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फॉर सेक्सुअल ऑफेंसेज को लेकर भारत सरकार ने जो अपना पोर्टल तैयार किया है उसको हमने 2018 में ही एक्टिव कर दिया है। इसके तहत प्रदेश के अंदर प्रॉपर मॉनीटरिंग की गई है, जिसका परिणाम है कि पेंडेंसी रेट में तेजी से कमी दर्ज की गई है। पेंडेंसी रेट में उत्तर प्रदेश, देश में दूसरे स्थान पर है, जबकि इन मामलों के तहत अपराधियों को सजा दिलाने के मामले में उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर है। ई प्रॉसीक्यूशन में उत्तर प्रदेश देश में नंबर एक स्थान पर है। महिला और बाल अपराध संबंधी अभियोगों के निस्तारण में यूपी देश में प्रथम स्थान पर है। इस दौरान लगभग 98 प्रतिशत से अधिक मामलों का निस्तारण किया गया है। घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए 181 की सेवा है, जबकि बाहर के अपराधों के लिए 1090 की सेवा उपलब्ध कराई गई है। इन सब सेवाओं को 112 के साथ इंटीग्रेड किया गया है। यही नहीं, प्रदेश के अंदर हर जनपद में एक महिला थाना स्थापित करने के साथ ही एक अतिरिक्त थाने की जिम्मेदारी भी महिला थानाध्यक्ष को उपलब्ध कराई गई है।

**रसोइयां, आंगनबाड़ी, बीसी सखी से जुड़ी महिलाओं को अतिरिक्त आय से जोड़ रही सरकार**

परिषदीय स्कूलों में रसोईयों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय से जुड़े एक सवाल पर सीएम योगी ने फिर एक बार सपा पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि 2012 से 17 तक प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार थी और तब रसोईयों को जो मानदेय मिलता था वो 500 रुपए से भी कम था। आप लोगों ने दूसरा अन्याय उनके साथ ये किया कि जिनके बच्चे नहीं पढ़ेंगे उनको सेवा से हटा दिया जाएगा, वहीं इनके चयन में भी भेदभाव होता था। हमारी सरकार ने 2022 में उनके मानदेय को न्यूनतम 2 हजार रुपए किया। इन सभी ने कोरोना कालकंड में अपनी सेवाओं के माध्यम से शासन की योजनाओं को प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने में अभिनंदनीय काम किया है। यही वजह है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री हों या आंगनबाड़ी सहयोगी हों, इन सब के मानदेय में वृद्धि भी की है और इन्हें टैबलेट से आच्छादित करने के साथ साथ अतिरिक्त आय का प्रावधान भी किया है। हमने प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सचिवालय का निर्माण किया है। इसका उद्देश्य ये है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गांव को ही स्वावलंबी बनाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार किया जा सके। वहां पर कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में पंचायत सहायक रखा गया है। बीसी सखी रखी गई है, जो गांव के अंदर बैंकिंग लेनदेन का कार्य करती है। हमने 6 महीने के लिए उन्हें एक निश्चित मानदेय के साथ जोड़ा, लेकिन जब बैंक से उनका कमीशन बन गया तो वह अच्छी आय अर्जित कर रही हैं। सुल्तानपुर की एक बीसी सखी अब तक साढ़े 15 लाख रुपए से अधिक का कमीशन प्राप्त कर चुकी है। पंचायत सहायक को भी हम 6 हजार रुपए प्रतिमाह देते हैं। साथ ही जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, खतौनी की नकल और अन्य सभी योजनाओं को जिनकी वह ऑनलाइन सर्विस उपलब्ध करा रहा है एक अतिरिक्त आय भी होती है।

## पेरिस ओलंपिक में दूसरा पदक जीतने पर सीएम योगी ने दी बधाई

**लखनऊ।** पेरिस ओलंपिक-2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतिस्पर्धा (मिक्स्ड टीम) में प्रख्यात शूटर सरबजोत सिंह और मनु भाकर ने कांस्य पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों भारतीय शूटर्स को बधाई दी। इससे पहले मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत का पहला पदक दिलाया था। मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 221.7 स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया था। मिक्स्ड टीम की इस जीत पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेरिस ओलंपिक-2024 में आयोजित 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर देश के प्रख्यात सरबजोत सिंह एवं मनु भाकर को हार्दिक बधाई एवं स्वर्णिम भविष्य हेतु मंगलकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा कि आप दोनों की इस उपलब्धि से समूचा राष्ट्र हर्षित एवं गर्वित है।

# विधान परिषद : विधान परिषद सदस्य के फर्जी पत्र की एक माह में होगी जांच

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** सरकार एमएलसी के लेटर हेड के दुरुपयोग की एक महीने में जांच कराकर सदन को अवगत कराएगी । विधान परिषद में मंगलवार को नेता सदन केशव मौर्य ने यह आश्वासन सदन को दिया। दरअसल विधान परिषद में भाजपा सदस्य अनूप कुमार गुप्ता ने प्रश्नकाल में उनके लेटरहेड के दुरुपयोग का मामला उठाकर सरकार को ही कटघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने समाज कल्याण विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठा दिए। कहा, उनके लेटर हेड पर किसी ने फर्जी पत्र तैयार कार्यदायी संस्थाओं को बदलने का अनुरोध किया है। इसी संबंध में उन्होंने प्रश्न लगाया है लेकिन जो जवाब सरकार की तरफ से मिला है उसमें अधिकारियों ने उस पत्र का जिक्र ही नहीं किया है जबकि इस बारे में वे स्वयं समाज कल्याण मंत्री से मिलकर एक पत्र सौंप चुके हैं। श्री गुप्ता ने पूछा कि मंत्री को पत्र सौंपकर भी क्या अब उनसे रिसीविंग लेनी पड़ेगी?

उन्होंने दूसरा गंभीर आरोप यह लगाया कि जिन पत्रों का जिक्र इसमें किया गया है, उन तारीखों में उन्होंने कोई पत्र ही नहीं दिया। मेरे लेटर हेड पर किसी ने फर्जी पत्र तैयार किया। इस पर शिक्षक दल के नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने भी कहा कि सदन के सदस्य का फर्जी पत्र तैयार किया जाना गंभीर विषय है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि हालांकि जिन पत्रों का इसमें जिक्र किया गया है, उनमें कार्यदायी संस्था बदलने का अनुरोध किया गया है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग ने पहले से जिस संस्था को काम दिया है, उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया। सभापति के निर्देश पर नेता सदन केशव मौर्य ने कहा कि यह मामला सदस्य के लेटर हेड के दुरुपयोग का है, जो गंभीर प्रकरण है। अतः इस मामले की एक महीने के अंदर जांच कराई जाएगी और सदन को अवगत कराया जाएगा।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत दो पौधे लगाने की अपील : धर्मवीर प्रजापति

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, धर्मवीर प्रजापति ने मंगलवार को प्रातः 8:30 बजे मण्डलीय प्रशिक्षण केन्द्र, होमगार्डस, लखनऊ के परिसर में 'पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ' अभियान के अन्तर्गत वृक्षारोपण के कार्यक्रम में एक रूद्राक्ष का और एक चन्दन का पौधा रोपित किया। तत्पश्चात वृक्षारोपण कार्यक्रम अभियान 2024 के अन्तर्गत 'एक पौधा मां के नाम' को सफल बनाये जाने के दृष्टिगत इस इकाई पर सभी अधिकारियों द्वारा एक एक पौधा रोपित किया गया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश का वनावरण बढ़ाने के लिए वृहद वृक्षारोपण जन अभियान का संकल्प लिया था, जिसके तहत 36.50 करोड़ पौधे रोपित किये गये। प्रधानमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का संकल्प लिया था। जिसके तहत पूरे प्रदेश मे देशी एवं अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। इसी क्रम में मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने मंगलवार को पौधरोपित करके विभागीय अधिकारियों को कम से कम 02 पौधे लगाने की अपील की। इसके पश्चात मंत्री द्वारा इस इकाई पर चल रहे 90 दिवसीय आधार भूत प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षुओं को सम्बोधित किया गया। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे वातावरण के लिए अति आवश्यक है, जिनसे हमें प्राथमिक आवश्यकता प्राणवायु आक्सीजन की प्राप्ति होती है। हमें अपने जीवन में अधिक से अधिक वृक्षों को लगाना चाहिये एवं अन्य लोगों को भी पेड़-पौधे लगाने हेतु प्रेरित करना चाहिए। इसके पश्चात मण्डलीय कमाण्डेन्ट कार्यालय कक्ष में मण्डलीय कमाण्डेन्ट अजय कुमार पाण्डेय, मण्डलीय प्रशिक्षण केन्द्र, होमगार्डस, लखनऊ के द्वारा मंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर विजय कुमार मौर्य, कमाण्डेन्ट जनरल, होमगार्ड्स, धर्मवीर पुलिस महानिरीक्षक, विवेक कुमार सिंह, संयुक्त महासमादेष्टा, विनय कुमार मिश्रा, स्टाफ आफिसर टू कमाण्डेन्ट जनरल, आर0के0 आजाद, वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी अवनीश कुमार सिंह, कनिष्ठ स्टाफ अधिकारी अमरेश कुमार, जिला कमाण्डेन्ट लखनऊ संजय शर्मा, जिला कमाण्डेन्ट रायबरेली उपस्थित रहे।

# परिवहन निगम की बसों में जल्द उपलब्ध होगी कोरियर और पार्सल सेवा

- उत्तर प्रदेश परिवहन निगम और मेसर्स एवीजी लॉजिस्टिक लि. दिल्ली के मध्य पांच वर्षों के लिए किया गया अनुबंध

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार उत्तर प्रदेश में परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों के माध्यम से प्रदेश के लोगों को कोरियर/पार्सल सेवा की सुविधा प्रदान करने जा रही है। इसके लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम और मेसर्स एवीजी लॉजिस्टिक लि. दिल्ली के मध्य पांच वर्षों के लिए अनुबंध किया गया है। इस व्यवस्था को संचालित करने के लिए 9 सितंबर, 2024 तक आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर लिया जाएगा। इस सुविधा का लाभ परिवहन निगम की साधारण व एसी दोनों प्रकार की बसों में मिलेगा। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रदेश में साधारण व एसी बसों को मिलाकर कुल 11000 बसों का प्रयोग इस सेवा के लिए किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से आगरा, गाजियाबाद, मेरठ, सहारनपुर, अलीगढ़, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, इटावा, कानपुर रीजन में झांसी सम्मिलित है जहां ज्यादा बुकिंग होने की संभावना है।

**अनुबंध के प्राविधानों का अनुपालन किया जाएगा सुनिश्चित**

परिवहन मंत्री द्वारा परिवहन निगम के अधिकारियों को अनुबंध में निहित प्राविधानों का शत् प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा है कि यातायात अधीक्षक/निरीक्षक द्वारा मार्ग में यात्री टिकटों के निरीक्षण के साथ लगेज का भी निरीक्षण कराया जाना सुनिश्चित करें। यदि परिचालक द्वारा अवैध रूप से पार्सल की बुकिंग की जाती है तो दोषी कार्मिकों के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि समस्त सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एवं स्टेशन प्रभारी यह सुनिश्चित करेंगे कि बसों के चालकों/परिचालकों द्वारा निर्धारित बस स्टेशन पर गाड़ी रोक कर कोरियर पार्सल सेवा के प्रतिनिधि से पार्सल बुक कराएंगे तथा बुकिंग रसीद भी प्राप्त करेंगे। फर्म द्वारा पार्सल रखने के लिए बसों पर आरक्षित स्थान एवं वजन के अतिरिक्त शेष स्थान निगम के यात्रियों के सामान रखने हेतु रहेगा। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि बस स्टेशनों पर जो भी सामान बुक किया जाए वह कोरियर सर्विस के माध्यम से बुक किया जाए तथा कुलियाना द्वारा अनाधिकृत रूप से बसों में लोड ना किया जाए, यह उत्तरदायित्व सहायक प्रबंधक का होगा।

# एसएसबी ने राज्यपाल को गिनाई महिला कार्मिकों की उपलब्धियां



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय के महानिरीक्षक रत्न संजय ने मंगलवार को राज्यपाल से भेंट की। उन्होंने सीमा बल की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ (हीरक जयंती) के अवसर पर महिला कार्मिकों की उपलब्धियां बताईं। साथ ही महिला सशक्तीकरण पर प्रकाशित पुस्तिका 'स्वयंसिद्धा' भेंट की। इस दौरान महानिरीक्षक ने राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल को सशस्त्र सीमा बल की कार्य प्रणाली बताई। यह भी बताया कि वर्ष 2007 में एसएसबी ने कॉम्बेट भूमिका के लिए महिलाओं को भर्ती किया। ऐसा करने वाला एसएसबी पहला सशस्त्र पुलिस बल था।

# हिंदी में आया प्रश्न, अंग्रेजी वाला शासनादेश पढ़ने लगे ओपी राजभर, विधानसभा में हो गई फजीहत

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में सुभासपा प्रमुख और योगी सरकार में पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मंत्री ओमप्रकाश राजभर सपा विधायक महबूब अली के सवाल का जवाब देते समय अपनी फजीहत करा बैठे। मदरसा शिक्षकों पर महबूब अली के सवाल का जवाब देते हुए ओपी राजभर अंग्रेजी में लिखा शासनादेश पढ़ने लगे। अंग्रेजी में लिखा शासनादेश पढ़ने में राजभर फंसने लगे। इस पर सपा महासचिव शिवपाल यादव समेत अन्य विधायक हंसने लगे। इस पर स्पीकर ने भी राजभर से जीओ न पढ़ने और प्रश्न पूछने वाले महबूब अली को देने का निर्देश दे दिया। दरअसल महबूब अली ने सवाल पूछा था कि मदरसा आधुनिकीकरण योजना के तहत राज्यांश बंद होने के बाद कितने मदरसा शिक्षक बेरोज़गार हुए हैं। इन्हें कहीं समायोजित करने की योजना है या नहीं। महबूब अली ने शासनादेश की जानकारी भी मांग ली थी।

महबूब अली के सवालों का तो ओपी राजभर ने एक-एक कर जवाब दे दिया। इसके बाद शासनादेश के लिए पहले तो खुद ही कहा कि हम विधायक को ही दे देते हैं। लेकिन विधायक की तरफ से कहा गया कि इसे सदन में पढ़ दिया जाए। इस पर ओपी राजभर शासनादेश को पढ़ने लगे। अंग्रेजी ने लिखे शासनादेश का अभी एक दो लाइन ही उन्होंने पढ़ा था कि बार-बार अटक रहे थे। इस पर सपा विधायकों ने उनकी हंसी उड़ाने की कोशिश की तो प्रभारी स्पीकर ने राजभर से शासनादेश को बिना पढ़े ही महबूब अली को देने को कह दिया। इस पर महबूब अली ने यहां तक कह दिया कि मंत्रीजी यह नहीं कह पा रहे कि मुझे पढ़ने में दिक्कत है। इतना बोलने में क्क्या जा रहा है। इस पर स्क्पीकर ने राजभर का बचाव करते हुए कहा ऐसी बात नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### मानसिक रूप से परेशान बुजुर्ग ने फांसी लगाई

**लखनऊ।** अलीगंज में सोमवार को मानसिक रूप से बीमार बुजुर्ग ने फांसी लगा ली। शव फंदे से लटका देख लोगों के होश उड़ गए। भाई मो. अमीन ने बताया कि अलीगंज के पाण्डेय टोला निवासी भाई मो. अहमद उर्फ कल्लू (70) एक वर्ष से बीमार चल रहे थे। उनका मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं था। सोमवार को भाई मो. अहमद ने घर में फांसी लगा ली। पत्नी की पांच वर्ष पहले मौत हो चुकी है। इंस्पेक्टर अलीगंज विनोद तिवारी के मुतबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई जाएगी।

### एयरपोर्ट पर आधी रात को मॉकड्रिल से परखी सुरक्षा

**लखनऊ।** एयरपोर्ट पर बीती सोमवार-मंगलवार आधी रात सुरक्षा व्यवस्था परखी गई। मॉकड्रिल के दौरान विभिन्न एजेंसियों के 120 सुरक्षाकर्मी सुरक्षा इंतजाम परखे। टर्मिनल 3 (टी3) पर हुए अभ्यास का उद्देश्य यह देखना था कि किसी घटना पर एजेंसियां कितनी तत्परता से कदम उठाती हैं। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार मॉक ड्रिल 11:35 बजे शुरू हुई और 11:52 बजे तक चली। अभ्यास में विमान बचाव, अग्निशमन, टर्मिनल संचालन, एयरलाइंस, स्थानीय पुलिस और नजदीकी अस्पताल के कर्मचारी शामिल थे। अभ्यास में देखा गया कि कितनी तेजी से टर्मिनल को खाली कराया जा सकता है। प्रमुख एजेंसियों की टीमों की दक्षता और सुरक्षा प्रणाली में शामिल कर्मचारियों की सतर्कता की परीक्षा हुई।

### शराब पिला कर पीटने का आरोप

**मोहनलालगंज।** कोल्ड ड्रिंक में शराब मिलाकर पिलाने के साथ दोस्तों ने एक युवक की पिटाई कर दी। युवक की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अहमदखेड़ा में रहने वाली सुनीता ने बताया कि सोमवार की शाम गांव का रहने वाला सूरज उनके बेटे अमन को अपने साथ बुलाकर गांव के किनारे नहर कोठी ले गया। जहां सूरज के दो दोस्त गौरा निवासी कुलदीप व रोहन मौजूद थे। जहां सूरज थोड़ी देर बाद आने की बात कह कर चला गया। आरोप है वहां मौजूद कुलदीप व रोहन ने अमन को कोल्ड्र ड्रिंक में शराब मिलाकर पिला दी। इसके बाद दोनों ने नहर कोठी के कमरे में बंद कर अमन की पिटाई कर दी।

### रोजगार मेला में छह कम्पनियों में 128 युवाओं का हुआ चयन

**लखनऊ।** लालबाग स्थित क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर में मंगलवार को आयोजित रोजगार मेले में 128 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया गया। इस मेले में छह कम्पनियों ने हिस्सा लिया। मेले में 410 अभ्यर्थी शामिल हुए। सहायक निदेशक (सेवायोजन) सूर्यकांत कुमार ने बताया कि साक्षात्कार और शैक्षिक योग्यता के अनुसार छह कम्पनियों ने 128 अभ्यर्थियों का कस्टमर केयर मैनेजर, मल्टीपल प्रोफाइल्स, बीडीई डिलीवरी एक्जिक्यूटिव, कस्टमर सर्विस एसोशिएट, अप्रेंटिस इंजीनियर , सुपरवाइजर, डाटा एंट्री आपरेटर जैसे पद पर चयनित किया। उन्होंने बताया कि अगला रोजगार मेला क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लालबाग परिसर में छह अगस्त को आयोजित किया जाएगा।

### स्वंय सेवक संघ की शाखा लगाने पर धमकी, पथराव

**लखनऊ।** छोहरिया मंदिर में आरएसएस की शाखा लगती है। जिसे लगाने पर दबंगों ने शाखा संचालक को धमकी दी। बात नहीं मानने पर शाखा परिचालन के वक्त पथराव कर दिया। यह आरोप लगाते हुए शाखा संचालक ने चिनहट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। चिनहट निवासी युवराज प्रजापति के मुताबिक छोहरिया माता मंदिर के प्रांगण में शाम 5.30 से 6.30 के मध्य आरएसएस की शाखा लगती है। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। युवराज के अनुसार 27 जुलाई की शाम शाखा संचालन के वक्त शाकिब अपने एक दर्जन साथियों के साथ आ धमका। जिसने शाखा लगाने पर आपत्ति जताई। युवराज के मना करने पर वह कुछ सुनने को तैयार नहीं हुआ। आरोपी और उसके साथी पथराव करने लगे जिससे भगदड़ मच गई। यह आरोप लगाते हुए युवराज ने चिनहट कोतवाली में शाकिब और उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### चोरों ने घर से जेवर और कपड़े उड़ाये

**लखनऊ।** रहीमाबाद में सोमवार रात दीवार फांदकर घर में घुसे चोरों ने लाखों रुपये के जेवर और कपड़े पार कर दिये। बक्शा घर से कुछ दूर खेत में पड़ा मिला। परिवार वाले छत पर सो रहे थे। पीड़ित की तहरीर पर जांच कर रही है। रहीमाबाद के तिलक खेड़ा निवासी किसान बाबूलाल के मुताबिक सोमवार रात में परिवार वाले छत पर सो रहे थे। सुबह उठकर नीचे आए तो मुख्य गेट बंद था। कमरे का सामान फैला पड़ा था। चोर बक्शे का ताला तोड़कर उसमें रखे लाखों रुपये के जेवर कपड़े चोरी कर ले गए थे। रहीमाबाद थाना प्रभारी के मुताबिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मोहनलालगंज में करंट से छात्र झुलसा

**मोहनलालगंज।** घर में पंखा लगाते समय करंट की चपेट में आने से आठवीं कक्षा का छात्र मामूली रूप से झुलस गया। परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जबरौली में रहने वाला अंश अपर प्राइमरी स्कूल जबरौली में आठवीं कक्षा का छात्र है। पिता रमेश व मां मंगलवार की दोपहर घर पर नही थे। अंश से वापस आ गया और पंखा का प्लग लगाने लगा जिससे करंट की चपेट में आ गया। मां जब वापस घर आई तो उसे बेहोश पड़ा देखा। परिजन उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### लोहिया में छोटे चीरे से 1000 कैंसर सर्जरी की

**लखनऊ।** लोहिया संस्थान ने छोटे चीरे से 1000 यूरोलॉजी कैंसर सर्जरी की है। इससे मरीजों को काफी राहत मिली है। छोटा चीरा लगने से रक्तस्राव कम होता है। मरीज को पीड़ा कम सहनी पड़ती है। अस्पताल से जल्द छुट्टी हो जाती है। निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि लोहिया में प्रदेश भर से मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। यूरोलॉजी विभाग में लगातार मरीजों का ग्राफ बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक विभाग में 1000 किडनी, प्रोस्टेट, ब्लैडर, एड्रेनल और यूरोथेलियल कैंसर पीड़ितों का ऑपरेशन किया जा चुका है। छोटे चीरे से मरीजों का ऑपरेशन किया गया। यूरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. ईश्वर राम दयाल ने बताया कि जटिल प्रकृति मानी जाने वाली रैडिकल प्रोस्टेटेक्टॉमी और पार्शियल ने फरेक्टॉमी के प्रत्येक 175 मामलों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। विभाग ने मिनिमलइन वेसिवतरी के ब्लैडरऔर एड्रेनल कैंसर के 100 मरीजों का सफलता इलाज किया है।

### पुल पर बाइक छोड़ इन्दिरानहर में कूदे युवक का शव मिला

**गोसाईंगंज।** गोसाईंगंज स्थित इन्दिरानहर पुल से कूदने वाले युवक का शव एनडीआरएफ गोताखोरों ने मंगलवार को तलाश लिया। मंगलवार सुबह छह बार गोताखोरों ने प्रयास किया। तलाशी अभियान के दौरान इन्दिरानहर पुल से करीब पांच किमी दूर शव उतराता मिला। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पुराना चबूतरा सआदतगंज निवासी फहद (22) एक युवती से प्रेम करता था। फहद ने माता-पिता से शादी की बात कही थी। इसके लिए वह लोग तैयार नहीं हुए। इस बात से नाराज होकर फहद घर से बिना कुछ कहे बाइक लेकर चला गया। सिठौली गांव इन्दिरानहर पुल के पास उसने बाइक खड़ी की। इसके बाद इन्दिरानहर में छलांग लगा दी। इंस्पेक्टर के मुताबिक पुलिस को नहर पटरी पर फहद का मोबाइल और डायरी भी मिली थी। जिसमें फहद ने आत्महत्या करने की वजह लिखी थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### जोगीपुरा बिजनौर इंतजामियां कमेटी को नोटिस

**लखनऊ।** वक्फ दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द जोगीपुरा बिजनौर के इंतजामियां कमेटी के अध्यक्ष और सचिव से दरगाह पर अनियमितताओं को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। इसमें बताया गया है कि दरगाह के बैंक अकाउंट में पर्याप्त पैसा होने के बावजूद जानबूझ कर बोर्ड की छवि को धूमिल करने के लिए बिजली का बिल जमा नहीं किया जा रहा है। इस मामले में बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देश का पालन न करने पर और जायरीन की शिकायतों के बाद चेयरमैन कमेटी की कार्यप्रणाली और मनमानी पर यह यह कार्रवाई की गई है।

# गोबर नाली में बहाने और नालियां चोक करने पर हटाई गयीं अवैध डेरी

लोकमित्र ब्यूरो






**लखनऊ।** नगर आयुक्त के निर्देशानुसार मंगलवार को थाना पारा जोन 6 अंतर्गत आदर्श विहार, गदीयाना तथा आस पास क्षेत्र पर नगर निगम द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध डेरी हटाने का अभियान पुलिस बल, प्रवर्तन दल तथा कैटल कैचिंग कर्मचारियों के सहयोग से पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में चलाया गया जिसमे मौके पर कुल 4 गाय, 11भैंस को पकड़कर नगर निगम द्वारा संचालित ऐशबाग़ स्थिति कांजी हाउस में निरुद्ध किया गया, जिन्हे नियमानुसार कार्यवाही के बाद ही रिहा किया जायेगा। कई डेरी संचालक पशुओं को लेकर भाग गए। अवैध डेयरीयाँ पुर्नस्थापित ना हो इस हेतु उच्च न्यायलय के आदेशानुसार नगर निगम की तरफ से सम्बंधित पुलिस उपायुक्त को पत्र भी प्रेषित किया जायेगा। डेरी संचालकों द्वारा गाली गलौज तथा झड़प भी की गयी,डेरी संचालकों द्वारा टीम का घेराव करने की कोशिश के साथ गाडी से पशु उतारने की कोशिश भी की गयी, कुछ जगह पर डेरी संचालक पशुओं को घर के अंदर बंद करके ताला लगाकर भागने लगे।

अवैध डेरी संचालकों द्वारा पशुओ को खाली प्लॉट पर बाँध कर अतिक्रमण किया गया था,तथा गोबर सडक पर बहाया जा रहा था जिससे मुख्य मार्ग बाधित हो रहा था और आवागमन प्रभावित होने के साथ साथ कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बना हुआ था। उक्त क्षेत्रों से निरंतर गंदगी फैलाने और गोबर नाली में बहाने की शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि द्वारा निरंतर प्राप्त हो रही थी,जिससे नालियां चोक हो रही थी तथा कई जनसूचना अधिकार, तथा ढ्ढत्रक्र के तहत कार्यवाही भी लंबित थी और चेतावनी तथा नोटिस देने के बाद भी डेरी संचालकों द्वारा डेरी नहीं हटाई गयी थी। उच्च न्यायलय के आदेशानुसार नगर निगम आवासीय क्षेत्रों में डेरी व्यवसाय की अनुमति नहीं है। नगर निगम लखनऊ द्वारा अधिकतम दो गाय लाइसेंस के साथ पालने की अनुमति है। नगर निगम अधिनियम 1959 के अनुसार भैंस को अपदूषण कारक पशु माना गया है अतः नगर निगम द्वारा भैंस पालने की अनुमति नहीं दी जाती है। उक्त क्षेत्र से अवैध डेरी हटाने का अभियान निरंतर चलाया जाएगा।

# व्हाट्सएप मैसेज भेज पत्नी को दिया तीन तलाक

- आरोपी पति ने तेजाब फेंकने की दी धमकी
- सआदतगंज कोतवाली में महिला ने पति पर दर्ज कराया मुकदमा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मेडिकल स्टोर संचालक ने दहेज में 15 लाख रुपये नहीं मिलने पर व्हाट्सएप मैसेज भेज कर पत्नी को तीन तलाक दे दिया। विवाहिता के विरोध करने पर आरोपी तेजाब फेंकने की धमकी देने लगा। यह आरोप लगाते हुए महिला ने पति के खिलाफ सआदतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

कैम्पबेल रोड निवासी महिला का निकाह वर्ष 2010 में मलिहाबाद कसमंडी कला निवासी सदफ मुनीर के साथ हुआ था। शादी के कुछ वक्त बाद से ही ससुराल में महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। सदफ मुनीर को मेडिकल स्टोर खोलना था। इसके लिए महिला पर मायके से दस लाख रुपये लाने का दबाव बनाया गया। बात नहीं मानने पर गर्भवती होने के बाद भी से घर से निकाल दिया गया। मायके पहुंच कर महिला ने पति और ससुराल वालों की हरकतों के बारे में पिता को बताया। काफी प्रयास के बाद महिला के पिता ने 10 लाख रुपये का इंतजाम कर सदफ को दिया।

**सुलह के प्रयास करने पर तेजाब फेंकने की दी धमकी**

बेटी का घर बिखरते देख परिवार वालों ने सुलह का प्रयास किया। कुछ वक्त पूर्व महिला दो बेटों के साथ ससुराल पहुंची, लेकिन उसके घर में घुसने नहीं दिया गया। सदफ ने पत्नी को धमकाते हुए तेजाब फेंकने की धमकी दी। जिससे पीड़िता सहम गई। इस बीच आरोपी ने बच्चों के स्कूल पहुंच कर हंगामा किया। यह आरोप लगाते हुए महिला ने सआदतगंज कोतवाली में पति सदफ मुनीर और उसके परिवार वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### आरएलबी और बीआरडी अस्पताल में पानी का संकट

**लखनऊ।** शहर के दो प्रमुख अस्पतालों में पानी का संकट गहराया हुआ है। राजाजीपुरम के रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त अस्पताल (आरएलबी) और महानगर के भाऊराव देवरस संयुक्त अस्पताल (बीआरडी) में बोरिंग खराब हो गई है। इस वजह से मरीजों, तीमारदारों और कर्मचारियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रशासन से जुड़े अफसरों का दावा है कि वैकल्पिक रूप से पानी की व्यवस्था कर काम चलाया जा रहा है। जल्द ही बोरिंग सही करवा दी जाएगी। आरएलबी 100 बेड का अस्पताल है। यहां पर 50 से अधिक मरीज रोजाना भर्ती रहते हैं। पिछले सप्ताह इस अस्पताल में तीन दिन तक पानी का संकट बना हुआ था। मरीज, तीमारदार पानी को तरस गए थे। अस्पताल प्रशासन ने जलकल के टैंकर परिसर में खड़े करवाए थे। ठेकेदार ने बोरिंग कराई थी। आरोप है कि बोरिंग अधिक गहराई तक नहीं की गई। कम दूरी तक बोरिंग होने से पानी उतर गया। नतीजतन पानी की बोरिंग फेल हो गई है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जेल में बंद पूर्व विधायक से मिले





लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को जिला जेल में बंद पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता इंदल रावत से मुलाकात कर हालचाल लिया। पूर्व विधायक धोखाधड़ी के मामले में जेल में बंद हैं। जेल के मुलाकात कक्ष में प्रदेश अध्यक्ष समेत तीन लोगों ने पूर्व विधायक से करीब सात मिनट मिले। जिला जेल के अधीक्षक बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मंगलवार सुबह करीब 10 बजे पूर्व विधायक से मिलने आए। उन्होंने दो अन्य लोगों के साथ सामान्य बंदियों के मुलाकातियों की तरह ऑनलाइन पंजीकरण कराया। बकायदे आधार कार्ड की प्रति दी। इसके बाद अजय राय ने मुलाकात कक्षा में अन्य बंदियों के साथ इंदल रावत से मुलाकात की। मुलाकात से पहले जेल प्रशासन ने इनकी तलाशी करायी और मोबाइल बाहर रखवा दिये। जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कर चार करोड़ की धोखाधड़ी में गिरफ्तार कांग्रेसी नेता इंदल रावत को एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम पीयूष त्रिपाठी ने सात अगस्त तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया था।

# केजीएमयू में निजी मेडिकल स्टोर पर लगा ताला

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** केजीएमयू में करीब 30 वर्षों से संचालित निजी मेडिकल स्टोर पर मंगलवार को ताला लग गया। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद की सख्ती के बाद सीएमएस डॉ. बीके ओझा और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार ने ताला लगवाकर दवाओं की बिक्री पर रोक लगाई। जल्द से जल्द स्टोर खाली करने का अल्टीमेटम भी दे दिया।

केजीएमयू परिसर में ओपीडी के नजदीक अमा मेडिकल सेंटर खुला था। ओपीडी के नजदीक होने से सेंटर में सुबह से दवा के लिए मरीजों की कतार लग जाती थी। यहां 20 से 26 प्रतिशत कम कीमत पर मरीजों को दवा मिल रही थी। केजीएमयू अधिकारियों का कहना है कि गरीब मरीज, डॉक्टर व कर्मचारियों को लोकल परचेज से दवा देने का प्रावधान है। इसकी जिम्मेदारी भी निजी मेडिकल स्टोर पर थी। आरोप हैं कि दवाएं तय समय पर नहीं मिल रही थीं। इससे शासन प्रशासन में केजीएमयू की खूब किरकिरी हुई।

कर्मचारियों ने कई बार हंगामा व शिकायत की। इसके बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। आखिरकार कुलपति के निर्देश पर सीएमएस ने सेंटर बंद करने संबंधी आदेश दिया। 22 जुलाई तक सेंटर बंद करना था। इसके बावजूद 29 जुलाई तक जब स्टोर बंद नहीं हुआ तो सीएमएस व चिकित्सा अधीक्षक ने सख्ती बरती और सेंटर में ताला बंद करा दिया। स्टोर के बाहर दो सुरक्षाकर्मियों को भी बैठा दिया।

केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि अब यहां हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड (एचआरएफ) का सेंटर खोला जाएगा। इसमें मरीजों को 60 से 80 फीसदी कम दामों पर दवाएं मिलेंगी।

### पुरानी पेंशन बहाल न करने पर निकाय कर्मचारी नाराज

**लखनऊ।** पेंशन बहाली समेत अन्य मांगों के न माने जाने से स्थानीय निकाय के कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ रही है। कर्मचारी नेताओं ने बैठक कर राज्य और केंद्र सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र ने बैठक को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार द्वारा जारी बजट की निंदा की। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार कर्मचारियों की मांगों को नजर अंदाज कर रही है। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त से 24 अगस्त तक जनजागरण के बाद निर्णायक आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा। महासंघ के प्रदेश महामंत्री राकेश अग्निहोत्री और कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत मिश्र ने वित्तमंत्री के बजट भाषण को कर्मचारी विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री को पुरानी पेंशन बहाली, राष्ट्रीय वेतन आयोग के गठन और अकेंद्री सेवा नियमावली, दैनिक वेतन,संविदा कर्मियों का नियमितिकरण और आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा की मांग की जाती रही है।

# टेरा खास क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनाने की मांग



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ जनकल्याण महासमिति ने चिनहट-सतरिख रोड पर टेरा खास रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज/अंडरपास निर्माण की मांग की है। महासमिति सचिव रूप शर्मा ने मंगलवार को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर कहा कि लखनऊ से सतरिख रोड जाने वाली सड़क पर वाहनों का आवागमन अधिक होता है। उत्तर रेलवे की जनवरी 2023 की गणना अनुसार सतरिख रोड पर स्थित टेरा खास रेलवे क्रॉसिंग संख्या 184 एसपीएल पर वाहनों का आवागमन 1,57,258 है। इस क्रॉसिंग पर उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे की गाड़ियों का आवागमन अधिक है। हर आधे घंटे में क्रॉसिंग बंद होती है। उन्होंने बताया कि चिनहट बाजार में सड़क चौड़ी है, लेकिन चौराहे पर सिंगल रोड है। इससे अक्सर जाम लगता है। नतीजतन वाहन चालकों को काफी दिक्कत होती है। उन्होंने बताया कि यह रास्ता लखनऊ से बाराबंकी को जोड़ने का वैकल्पिक मार्ग है।

# अवैध सिमबॉक्स संचालित करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने अवैध सिम बॉक्स संचालित करने वाले गिरोह के सदस्य समीउल्लाह खान को लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। समीउल्लाह के विरुद्ध लुक आउट सर्कुलर के अलावा न्यायालय द्वारा गैर जमानतीय वारंट (एनबीडब्ल्यू) भी जारी किया गया था।

आजमगढ़ के सरायमीर थाना क्षेत्र स्थित बखरा गांव का रहने वाले 29 वर्षीय समीउल्लाह खान कुवैत से लौटा था। उसके कब्जे से पासपोर्ट के अलावा आधार कार्ड, कुवैत का पहचान पत्र, यूपी से जारी ड्राइविंग लाइसेंस, कुवैत से जारी ड्राइविंग लाइसेंस, कुवैत से दुबई का एक एयर टिकट, दुबई से लखनऊ का एक एयर टिकट, एक मोबाइल फोन और 1500 रुपये नकद बरामद हुए हैं। एटीएस ने 2023 में अवैध सिम बॉक्स संचालित करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश कर अभियुक्त सरफराज आलम को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से भारी मात्रा मे सिम बॉक्स व संबंधित उपकरण बरामद किए गए थे द्य सरफराज भी आजमगढ़ के सरायमीर थाना क्षेत्र स्थित बखरा गांव का रहने वाला है। सरफराज के विरुद्ध एटीएस के लखनऊ थाने में आईपीसी की धारा -420 व 120 बी, भारतीय तार अधिनियम 1885 की धारा 4, 20, 21 व 25, भारतीय बेतार यांत्रिकी अधिनियम-1933 की धारा 3 व 6 तथा सूचना प्रद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 66 व 66 डी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना व गिरफ्तार अभियुक्त से हुई पूछताछ से एक अन्य अभियुक्त समीउल्लाह खान का नाम प्रकाश में आया था। तभी से एटीएस उसे तलाश रही थी। बुधवार को एटीएस को सूचना मिली कि समीउल्लाह खान दुबई से लखनऊ आया है और उसे चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट अमौसी पर रोक लिया गया है। इस सूचना पर यूपी एटीएस की टीम तत्काल एयरपोर्ट पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया।

# मृतक रितिक के परिजनों संग भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष गृह सचिव व डीजीपी से मिलें

मित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** बंथरा में हुए रितिक पांडे हत्याकांड के बाद हत्यारोपी पक्ष की ओर से सोमवार रात एक समाज के लोगो के द्वारा किए गए प्रदर्शन से पीड़ित परिवार दहशत में आ गया है। डरे सहमे मृतक के पिता व बड़े भाई ने भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ मंगलवार को प्रमुख सचिव गृह और पुलिस महानिदेशक से मुलाकात की। भाजयुमो नेताओ ने पीड़ित परिजनों को तत्काल सरकारी सुरक्षा,शस्त्र लाइसेंस व दोषियों पर अविलंब कड़ी कार्रवाई कराये जाने की मांग की है। बताते चलें कि रितिक हत्याकांड के आरोपियों के पक्ष में बंथरा इलाके में एक समाज के सैकड़ो लोगो ने इकट्ठा होकर प्रदर्शन करते हुये हत्यारोपी लवी सिंह को निर्दोष बताते हुये जिंदाबाद के नारे लगाये थे।

प्रदर्शनकारियो ने बथरा थाने पहुंचकर हंगामा करते हुये आरोपियों के परिवार को परेशान ना करने की भी मांग की थी।

हालाकि पुलिस ने प्रदर्शनकारियो को समझा बुझाकर शांत करा दिया था। हत्यारोपियो को बचाने के लिये लामबंद हुये एक समाज के लोगो से डरे सहमें मृतक रितिक पांडेय के पिता इंद्र कुमार पांडेय व बड़े भाई अभिषेक ने मंगलवार को भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी प्रांशुदत्त द्विवेदी व जिलाध्यक्ष धीरू पांडेय, मीडिया सह प्रभारी अमन मिश्रा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य नौमीष त्रिपाठी समेत अन्य पदाधिकारियो के साथ मंगलवार को प्रमुख सचिव गृह दीपक कुमार और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार से मुलाकात की।

जहां भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने अधिकारियो से पीड़ित परिवार को सरकारी सुरक्षा व शस्त्र लाइंसेंस दिलाये जाने समेत दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग की। उन्होंने दोनों अधिकारियों को बताया कि पीड़ित परिवार सोमवार देर शाम हत्यारोपियो के बचाव में लामबंद हुये एक समाज के लोगों द्वारा किए गए प्रदर्शन से पुरा परिवार ओर ज्यादा दहशत में आ गया है। उन्होंने प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की।

कहा कि अगर इनके खिलाफ कार्रवाई न हुई तो पीड़ित परिवार के साथ फिर कोई बड़ी घटना हो सकती है। पीड़ित परिजनों की बात सुनकर दोनों अधिकारियों ने उनकी सुरक्षा के लिए उन्हें शस्त्र लाइसेंस दिलाने के साथ ही आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही अधिकारियों ने हत्यारोपियों के पक्ष में प्रदर्शन करने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### एनएचएम कर्मचारियों ने निदेशक कार्यालय पर मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** स्थानांतरण और वेतन विसंगति समेत अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने मंगलवार को निदेशक कार्यालय का घेराव किया। विधानसभा सत्र के चलते रोक के बावजूद बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने आकर मिशन कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय के मुताबिक लगभग पांच हजार संविदा कर्मचारियों ने निदेशक कार्यालय पर आकर अपना विरोध जताया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अनिल गुप्ता ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्थानांतरण नीति, वेतन विसंगति, स्वास्थ्य बीमा, प्रोत्साहन राशि, नियमित नियुक्ति, पेट्रो कॉर्ड, वित्तीय सहभागिता और इपीएफ का लाभ जैसी समस्याओं को लेकर कई बार पत्राचार किया गया। शांति ढंग से वार्ता और पत्राचार के बावजूद जिम्मेदारों के कान पर जूं नहीं रेंग रहा था। प्रदेश संयोजक सुनैना अरोड़ा और अर्चना सिंह ने कहा कि समस्याओं के समाधान की बजाय कर्मचारियों की उपेक्षा से आक्रोश बढ़ रहा है।

# अखिलेश ने बाबू सिंह कुशवाहा को लोकसभा में उपनेता बनाया

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने सांसद बाबू सिंह कुशवाहा को अब बड़ी जिम्मेदारी दी है। वह अब लोकसभा में पार्टी के उपनेता होंगे। समाजवादी संसदीय पार्टी के नेता अखिलेश यादव पहले से ही हैं। इसके अलावा सांसद धर्मेंद्र यादव को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

जौनपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से सांसद बाबू सिंह कुशवाहा को अखिलेश ने समाजवादी संसदीय पार्टी का उपनेता नियुक्त किया है। वहीं आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सपा सांसद धर्मेंद्र यादव को मुख्य सचेतक का जिम्मा दिया गया है। सदन में नेता की गैरमौजूदगी में उप नेता सारा काम देखते हैं। अब अगर लोकसभा में अखिलेश यादव किसी कारण से नहीं हैं तो बाबू सिंह कुशवाहा ही उनके दायित्व निभाएंगे। यह दो पद अखिलेश ने पीडीए के नाम कर दिए हैं। धर्मेंद्र यादव व बाबू सिंह कुशवाहा दोनों ओबीसी हैं। इनमें धर्मेंद्र यादव को अखिलेश यादव के चचेरे भाई हैं। हाल में अखिलेश यादव ने यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की बागडोर एक ब्राह्मण को दी तो इस पर सवाल उठने लगे लेकिन संसद में सपा ने पूरी तरह पीडीए को ही तवज्जो दी है। अखिलेश लोकसभा में विपक्षी सीटों पर सबसे आगे बैठते हैं और अपने बगल में फैजाबाद से सांसद अवधेश प्रसाद (पासी) को बिठाते हैं।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार कक्ष में एक गोष्ठी का किया गया आयोजन

लोकमित्र संवाददाता




**एटा।** गत दिवस को विश्व हैपेटाईटिस दिवस मनाये जाने के उपलक्ष्य में मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी एटा कार्यालय सभागार कक्ष में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के समस्त कार्यक्रमों के नोडल अधिकारियों एवं जनपद के समस्त सामु0 स्वा0केन्द्र एंव प्रा0 स्वा0 केन्द्रों के अधीक्षकों, प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों, डी0पी0एम0यू0 यूनिट के समस्त अधिकारी एंव कर्मचारियों के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के अनेक स्वास्थ्य कर्मियों अर्बन की समस्त ए0एन0एम0 एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मीगण के द्वारा प्रतिभाग किया गया।मुख्य वक्ता के रूप में डा0 चेतन्य चौहान, चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय एटा एवं डा0 रामसिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एंव नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय वायरल हैपेटाईटिस नियंत्रण कार्यक्रम के द्वारा समस्त प्रतिभागियों को हैपेटाईटिस बीमारी के बारे में लक्षणों, स्क्रीनिंग, उपचार एवं फालोअप के बारे में विस्तार से बताया गया। मुख्य रूप से हैपेटाइटिस बी एवं सी के बारे में चर्चा करते हुए समय से बीमारी की पहचान, उपचार एवं फालोअप पर विशेष रूप से बताया गया। राष्ट्रीय वायरल हैपेटाईटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व शतप्रतिशत जॉच किया जाना है। समस्त हाईरिस्क समूहों एवं क्षेत्रों में स्क्रीनिंग कैम्प लगाकर सर्दिग्ध मरीजों की पहचान की जानी है। विशेष रूप से पूरे वर्ष में ऐसे दो कैम्प जिला कारागार एवं चार कैम्प अन्य हाईरिस्क समूहों एंव क्षेत्रों में आयोजित किये जाने है। स्क्रीनिंग में पॉजिटिव पाये गये समस्त मरीजों को अन्य जाँचों एवं इलाज हेतु ट्रीटमेन्ट सेन्टर (जिला अस्पताल) एवं मॉडल ट्रीटमेन्ट सेन्टर (मेडिकल कालेज) पर सन्दर्भित किया जायेगा। गोष्ठी में डा0 सुधीर मोहन, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा0 सर्वेश कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा0 सतीश चन्द्र नागर, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा0 गौरव यादव, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### आंगनबाड़ी की विभागीय मीटिंग में आंगनबाड़ी हुई बेहोश



**एटा।** एक तरफ केंद्रीय विद्यालय में उमड़ा गर्मी से बेहोश हुए बच्चो की घटना से प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी । वही बाल विकास विभाग की एटा अर्बन परियोजना में विभागीय बैठक के दौरान कई आंग्मबादियों की तबियत खराब होने की खबर है ।बताया जाता है स्वास्थ विभाग से संबंधित एक मीटिंग के दौरान आंगनबाड़ी उमस और गर्मी से बेहाल हो गई लालपुर की आंगनबाड़ी बेहोश हो गई जिसे मीटिंग से बाहर खुली हवा में ले जाकर स्थानीय स्तर पर घरेलू उपचार किया गया। बताते है परियोजना कार्यालय में पंखे खराब हैं जिसको सही कराने के लिए अधिकारियों ने कोई उपाय नहीं किए है और आए दिन मीटिंग रख कर उमस और गर्मी से बेहाल आंगनबाड़ी स्थानीय अफसरों को कोसती रहती हैं।लगता है बाल विकास विभाग के अफसरों की संवेदन हीनता से केंद्रीय विद्यालय की तरह कोई अनहोनी हो सकती है।

# केन्द्रीय विद्यालय में भीषण गर्मी के चलते दो दर्जन बच्चे बीमार मेडिकल कॉलेज में भर्ती

लोकमित्र ब्यूरो





**एटा।** जनपद के थाना मलावन क्षेत्र के ग्राम हरचंदपुर पर स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में आज यानी मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब लगभग दो दर्जन बच्चे भीषण गर्मी के चलते योग करते समय बीमार हो गए। बच्चों को सांस लेने में दिक्कत होने की समस्या पर लगभग एक दर्जन बच्चों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।वहीं, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य रजनी पटेल स्वयं सूचना पर अपनी टीम के साथ विद्यालय पहुंच गई। उन्होंने शेष बच्चों का उपचार प्रारंभ कर दिया है।उन्होंने बताया भीषण गर्मी तथा उमस के चलते बच्चे फुल कपड़े पहने हैं बटन बंद है इस कारण डिहाईड्रेशन की समस्या हुई है स्थिति खतरे से बाहर है।लगभग दो दर्जन बच्चों के बीमार होने की सूचना पर जिलाधिकारी प्रेम रंजन तथा वरिष्ठ अधीक्षक श्यामलाल भी मौके पर पहुंच गए।एटा जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने बताया जैसे हमें जानकारी हुई है कि आज विद्यालय में दो बार पीटी कराई गई।भीषण गर्मी और उमस के चलते कुछ बच्चे बेहोश होकर गिर पड़े। जिस पर कॉलेज की प्राचार्य साधना शरन ने सभी बच्चों को मेडिकल कॉलेज भेजवाया।जहां चार बच्चों के ड्रिप लग रही है शेष को ऑक्सीजन दी जा रही है। सभी बच्चों की हालत खतरे से बाहर है।सभी बच्चों की हालत खतरे से बाहर है।जिलाधिकारी ने कहा कि, विद्यालय में आज दो बार पीटी या योगा क्यों कराया गया? इसकी जांच कराई जाएगी। केंद्रीय विद्यालय में चिकित्सकों की टीम भी भेजी गई है।जिसमें अन्य बच्चों के स्वास्थ्य का भी परीक्षण कराया जा रहा है। अभी एक दर्जन बच्चे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। वहीं छात्र-छात्राओं ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में गर्मी से राहत के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं की गई है। बच्चों को दबाव बनाकर गर्मी में बैठाया जाता है।

### केन्द्रीय विद्यालय संबंधी प्रकरण में जांच कमेटी गठित

**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने सूचित किया है कि मुख्य चिकित्साधीक्षक, जिला चिकित्सालय सम्बद्ध स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एटा की रिपोर्ट के अनुसार चिकित्सा महाविद्यालय के आकस्मिक विभाग में घबराहट, बेचेनी एवं जी मिचलाना की समस्या के साथ केन्द्रीय विद्यालय एटा के 33 छात्र/छात्राएं भर्ती हुए। अतः उक्त बच्चों के बीमार पड़ने के कारणों का पता लगाने हेतु तीन सदस्यीय समिति गठित का गठन किया गया। डीएम के आदेशानुसार तीन सदस्यीय समिति में अपर जिलाधिकारी प्रशासन, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक हैं। डीएम ने समिति से अपेक्षा की है कि प्रकरण के संबंधित सभी पहलुओं का अनुशीलन कर अपनी सुस्पष्ट आख्या विलम्बतम एक सप्ताह में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण योजनान्तर्गत करें ऑनलाइन आवेदन

**एटा।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ0 अजीत कुमार ने जनपद एटा के समस्त दिव्यांगजनों एवं उनके सहयोग के लिए कार्यरत सामाजिक कार्यकर्ता तथा संस्थाओं को सूचित किया है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के लिए सामान्य छड़ी/स्मार्ट छड़ी, चलने में सहायता के लिए वॉकर, कान की मशीन तथा एम0आर0 किट एवं सी0पी0 चेयर (मानसिक दिव्यांगता से सम्बन्धित दिव्यांगजनों के लिए), ए0डी0एल0 किट (कुष्ठ रोग के कारण उत्पन्न हुई दिव्यांगता के अन्तर्गत आने वाले दिव्यांगजनों के लिए) इत्यादि सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किये जाते हैं। यह योजना अब ऑनलाइन है जिसके लिये किसी भी जनसेवा/लोकवाणी केन्द्र से विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कराया जा सकता है।

## नायब तहसीलदार और लेखपाल पर रिश्वत का आरोप लगाकर किया हंगामा

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा सदर तहसील के नायब तहसीलदार और लेखपाल पर किसानों नें रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। रिश्वत मांगने का वीडियो भी सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा है, जिसको लेकर सोमवार क़ो भारतीय किसान यूनियन के साथ किसानों नें डी एम कार्यालय पर पहुंच कर हंगामा किया। इस सम्बन्ध में आरोपियों के खिलाफ कार्य वाई की मांग क़ो लेकर ज्ञापन भी सौपा गया है। साथ ही, जल्द ही कार्य वाई नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की भी चेतावनी किसानों नें दी है।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरबीर नागर नें बताया है की सदर तहसील के लेखपाल राजेश शर्मा नें एक किसान से उसकी जमीन का दाखिल ख़ारिज करने की एवज में 20 हजार रूपये की रिश्वत मांगी है। जिसका वीडियो भी पीड़ित की ओर से बना लिया गया था, जो शोसल मिडिया पर वायरल हो रहा है। शिकायत करने पर नायब तहसील दार नें भी लेखपाल का साथ दिया है। साथ ही पीड़ित किसान क़ो धमकी दी है। इसे लेकर किसानों नें सोमवार क़ो डी एम कार्यालय पर पहुंच कर हंगामा किया। बाद में मांगो से संबंधित ज्ञापन भी डी एम क़ो सौपा गया इस दौरान वहाँ मौजूद अधिकारीयों नें जाँच के बाद दोषियो के खिलाफ कार्यवाही करने का अस्वासन दिया है। आरोप है की एस डी एम से भी दोनों की शिकायत की गई। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई किसानों का कहना है की जल्द ही दोनों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई तो वह एकत्रित हो कर डी एम कार्यालय के सामने अनिश्चित कालीन प्रदर्शन करेंगे।

# स्टेटमेंट निकलबाने को भटक रहे है बैंक के उपभोक्ता, पासबुक प्रिंटर भी खराब

> जरा से कार्य के लिए घण्टो लाइन खड़े रहते हैं उपभोक्ता, नियम कानून बने मखौल

लोकमित्र ब्यूरो



**जलेसर/एटा।** एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर में डिजिटल इंडिया को लेकर बड़े -बड़े दावे कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर नगर स्थित एसबीआई की मुख्य शाखा ग्राहकों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। बैंक शाखा के हालात ये हैं कि शाखा मे सफेद कागज तक नही हैं। उपभोक्ता आईटीआर भरने के लिए बैंक शाखा में अपने खाते के स्टेटमेंट निकलबाने के कई दिनों से भटक रहे हैं। मगर बैंक शाखा में सफेद कागज न होने की वजह से उपभोक्ताओं को बार बार चक्कर लगाने के बाबजूद स्टेटमेंट उपलब्ध नहीं हो पा रहा हैं। बैंक शाखा में काउंटरों की स्थिति भी बद से बदतर बनी हुई है। शिकायत करने पर शाखा प्रबंधक द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण करने की बजाय असंतोषजनक रवैया अपनाया जाता है। नगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की कृषि व्यवसायिक शाखा इन दोनों बैंक ग्राहकों के लिए मुसीबत का पर्याय बनी हुई है। आयकर विभाग द्वारा आयकरदाताओ के लिए आईटीआर भरने की लिए अंतिम तारीख 31 जुलाई निर्धारित की गई है। जिसके चलते सैंकड़ो बैंक उपभोक्ता अपने खाते का स्टेटमेंट निकलबाने के लिए बैंक आते हैं। मगर बैंक में सफेद कागज न होने की कहकर स्टेटमेंट की प्रिंट न निकलने की बैंक सहायक द्वारा ग्राहकों को बोल दिया जाता है। वही बैंक शाखा के बाहर लगी पासबुक प्रिंटर मशीन भी खराब पड़ी हुई है। जिससे पासबुक पर भी एंट्री नही हो पा रही है। ऐसे में बैंक ग्राहको अपना स्टेटमेंट निकाले जाने के लिए काफी भटकना पड़ रहा है। इस संबंध में जब एक उपभोक्ता द्वारा शाखा प्रबंधक राजीव रंजन से बात की तो उन्होंने ग्राहक की समस्या कस निस्तारण करने की बजाय हड़का दिया। शाखा प्रबंधक राजीव रंजन का कहना था कि कागज नही तो मैं क्या करूँ, अपने घर से सफेद कागज लेकर आना था। या फिर नेट बैंकिंग शुरू कराओ शाखा में आने की जरूरत नही पड़ेगी। मेरे पास फ्री में स्टेटमेंट निकलबाने आते हैं। मैं स्टेटमेंट की एक -दो कॉपी हो या अधिक तुम्हारे खाते से 118 रुपये काटूँगा। अबतक 8-10 स्टेटमेंट निकाल चुका हूँ। सभी के खाते से काटूँगा। मजबूरन ग्राहकों को 118 रुपये खाते से कटबाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यदि बैंक की पासबुक एंट्री मशीन सही रहे तो ग्राहकों को खाते से रुपये कटबाने की आवश्यकता नही पड़ेगी। वही मथुरा जनपद में तैनात क्षेत्र के गांव नगला मीरा के पुलिस कर्मी सहित अन्य कुछ ग्राहकों ने बताया कि कोई लेनदेन हो अथवा अन्य किसी बैंकिंग कार्य को पूरा करने के लिए बैंक में कई घंटे तक लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। ऐसी स्थिति में बुजुर्ग एवं महिला बैंक ग्राहकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यही नहीं एक-दो काउंटर तो नित्य पूरी तरह से खाली पड़े रहते हैं।

जिन पर खड़े होकर ग्राहक, साहब का आने का इंतजार करते रहते हैं। नगर के अनुराग कुमार बताते हैं कि एसबीआई की ब्रांच में जाकर कोई बैंकिंग कार्य कराना एक बड़ी मुसीबत से कम नहीं है। एक छोटे से छोटे कार्य के लिए बैंक में कई घंटे तक लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। भारी भीड़ भाड़ के चलते धक्का मुक्की का भी सामना करना पड़ता है। बैंक कर्मी अपने परिचितों का काम बगैर लाइन में लगे ही कर देते है। जबकि लाइन में खड़े ग्राहकों घण्टो खड़े रहकर अपनी बारी आने का इंतजार करते हैं।

दुग्ध व्यवसायी अमित कुमार का कहना है कि जब से बैंकों को डिजिटल किया गया है तब से ग्राहकों की समस्या कम होने की बजाय बढ़ गयी है। बैंक के डिजिटल होने के चलते कभी नेटवर्क ना होने की समस्या रहती है तो कभी कुछ और तकनीकी खराबी का सामना करना पड़ता है। स्कूल प्रबंधक दुष्यंत कुमार बताते है कि जलेसर नगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की कृषि व्यवसायिक शाखा सबसे पुरानी एवं सबसे बड़ी शाखा है। इस शाखा में अधिकांश सभी सरकारी तथा बड़े व्यापारी वर्गों के खाते संचालित हैं। परिणामस्वरूप इस शाखा में नित्य लाखों करोड़ों का लेनदेन होता है। फिर भी नये शाखा प्रबंधक का ग्राहकों के प्रति बर्ताब संतोषजनक नही है।

## संक्षिप्त खबरें

### पाकेट 7 के कई फ्लैटों में एक ही रात हुई चोरी

**नोएडा।** सेक्टर 82 पाकेट 7 जनता फ्लैट में 20-21 जुलाई की रात में 6 फ्लैटों में ताला तोड़कर चोर सामान उठा ले गए। लेकिन आज एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद भी पुलिस के हाथ कुछ भी नहीं लगा। पाकेट वासियों में इस बावत काफी गुस्सा भरा हुआ है। इसी संदर्भ में आज आर डब्लू ए उपाध्यक्ष रवि राघव के नेतृत्व में डिप्टी कमिश्नर से मुलाकात की और अपनी सोसाइटी मे पिछले सप्ताह हुई चोरी की घटनाओं के विषय में बातचीत की और अभी तक अपराधियों के न पकड़े जाने पर रोष व्यक्त किया। डिप्टी कमिश्नर ने आश्वासन दिया कि पुलिस अपना कार्य कर रही है और अपराधी अति शीघ्र पकड़े जाऐंगे, इस अवसर पर गोरे लाल, सुशील पाल,दीपक तिवारी, अनूप सिंह,अंगद सिंह तोमर,श्री राम त्रिपाठी,मनोज झा,रणवीर सिंह,रमेश चन्द्र शर्मा आदि पदाधिकारी एवं पॉकेटवासी उपस्थित रहे।

### फंदे से संदिग्ध अवस्था में लटका मिला किशोर का शव

**इंदिरापुरम।** कोतवाली क्षेत्र के कनावनी गांव के एक मकान में रविवार शाम साढ़े सात बजे 17 वर्षीय संदीप तिवारी का शव फंदे से लटका मिला। घटना के समय किशोर की मां सामान बाहर निकालकर मकान खाली कर रही थी। पुलिस ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने बताया कि शाहजहांपुर के थाना मोहन्दी स्थित बहनी राजापुर के रहने वाले उमाकांत तिवारी पुत्र रामसनेही निजी कंपनी में सुरक्षा गार्ड हैं। वह कनावनी गांव में आंबेडकर पार्क के पास धीरज गौतम के मकान में किराये पर रहते हैं। रविवार की शाम उमाकांत की पत्नी रजनी मकान खाली करने के लिए सामान निकाल रही थी। इस बीच उनका 17 साल का बेटा संदीप कमरे में बैठा हुआ था। कुछ देर बाद रजनी अंदर गई तो देखा कि कमरे में संदीप का शव फंदे से लटका हुआ है। रजनी ने पुलिस को बताया कि बेटा एक महीने से कहता था कि यदि इस मकान को खाली करके दूसरी जगह गए तो वह अपनी जान दे देगा। इंदिरापुरम एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि किशोर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

### देवभूमि लायंस, रामपुर ने एक प्वाइंट से मारी बाजी

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल लीग में सोमवार को अलीगढ़ ड्रिब्लर्स और देवभूमि लायंस, रामपुर के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें देवभूमि लायंस ने मात्र एक प्वाइंट से बाजी मारी और मैच जीता। दोनों टीमों के बीच 80-79 प्वाइंट का स्कोर रहा जिसमें अलीगढ़ ड्रिब्लर्स एक प्वाइंट से मात खा गई। वहीं, दूसरा मुकाबला भारतीय वॉरियर्स, गाजियाबाद और दी स्पोर्ट्स हब, कानपुर के बीच खेला गया। तीसरा मुकाबला शुभम स्मैशर्स, मेरठ और एएसपी फिटनेस लखनऊ के बीच हुआ। सोमवार रात दस बजे के बाद तक मुकाबले खेले गए। जिसमें सभी खिलाड़ियों ने अपनी टीम की जीत के लिए दम लगाया। दो अगस्त को समाप्त होने वाली इस लीग में प्रतिदिन तीन मुकाबले खेले जाएंगे।

### अप्रैन्टिस मेले आज

**एटा।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने बताया है कि राजकीय आई0टी0आई0 एटा में अप्रैन्टिस मेले का आयोजन 31 जुलाई 2024 को प्रातः 10.30 बजे से सांय 03 बजे तक किया जायेगा। जिसमें मुख्य रूप से इलैक्ट्रीशियन, फिटर, कोपा, वायरमैन, मैके0 मोटर व्हीकल आदि व्यवसायों से आई0टी0आई0 उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी जिनकी आयु न्यूनतम 14-27 वर्ष है और वह अप्रैन्टिस प्रशिक्षण करने के इच्छुक हैं वह बेवसाइड https://www.apprenticeshipindia.gov.in पर अपना पंजीकरण कर 31 जुलाई 2024 को आयोजित मेले में अपने समस्त शैक्षिक व तकनीकी मूल प्रमाण पत्र एंव उसकी छाया प्रतियों का एक सैट, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज-2 फोटो व बैंक पास बुक की फोटो कापी तथा रिज्युम के साथ इस मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। मेले में प्रतिभाग करने हेतु किसी भी प्रकार का कोई भत्ता देय न होगा।

# जो अधिकारी भ्रष्ट है उनको हमसे कष्ट है पुलिस हो या नोएडा प्राधिकरण

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** पूरे देश में पूरे विश्व में पौधारोपण अभियान चल रहा है 7 लेकिन पौधारोपण के लिए जमीन नहीं है 7 जी हां मैं बात कर रहा हूं सेक्टर 44 नोएडा रॉयल रेजीडेंसी व कार्तिक कुंज सोसाइटी के सामने पार्क बनना है 7 नोएडा प्राधिकरण के नक़्शे मे ये पार्क की जमीन है लेकिन कयी वर्षों से नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा उस पर अवैध अतिक्रमण करवा रखा है जिससे कि नोएडा प्राधिकरण के लिए भूलेख विभाग एवं लीगल विभाग दोनों विभागों की कार्यशाली पर प्रश्न चिन्ह है। इसी तरह नोएडा प्राधिकरण के सामान्य प्रशासन विभाग के वेंडर जोन मे भी यही हाल है। कुछ अधिकारी सुनते हैं कुछ अधिकारी नहीं सुनते कुछ अधिकारी फाइलों को दबाकर बैठ जाते है।

कुछ अधिकारी भूमाफियाओं से मिलकर अवैध अतिक्रमण करवाते हैं चाहे वह सडक हो या खाली मैदान। अतिक्रमण होने पर अपनी अवैध झूगियो मे कौन रह रहा है उसमे बिजली की चोरी हो या उसमे कोई भी अवैध कमर्शियल एक्टिविटी हो या झुग्गीयों में रह रहे लोग कहा से आये है किसको इन झुग्गी मे रहने दिया जा रहा है इनका कोई पुलिस सत्यापन नहीं है आये दिन झुग्गी मे रहने वालो की लड़ाई होना व पुलिस कों बुलाना यह रिहायशी सेक्टरो मे किस की मिलीभगत से चल रहा है।

इन सभी पर प्रशासनिक अधिकारी इस का संज्ञान लेकर इस पर कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं करते।

### रोजगार मेले आज

**एटा।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, एटा एवं प्रकाश महाविद्यालय, पी0ए0सी0 रोड, एटा के संयुक्त तत्वाधान में 31 जुलाई को प्रकाश महाविद्यालय, पी0ए0सी0 रोड, एटा में पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा, जिसमें प्रतिष्ठित कम्पनियाँ 18 से 35 वर्ष तक की आयु के हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आई0टी0आई0 उत्तीर्ण पुरुष व महिला अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर रोजगार हेतु चयन करेंगी। रोजगार मेले में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल (rojgaarsangam.up.gov.in) एवं एन0सी0एस0 पोर्टल पर कराकर अपनी शैक्षिक योग्यता, आयु, वर्ग के अनुसार पोर्टल पर प्रदर्शित कम्पनियों में ऑनलाइन आवेदन अवश्य कर दें।

## युवा शक्ति ने किया समाज कल्याण अधिकारी गौतमबुद्ध नगर का स्वागत



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** चैलेंजर्स ग्रुप ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रिंस शर्मा और वाईएसएस फाउंडेशन के संस्थापक सचिन गुप्ता ने विकास भवन, गौतमबुद्ध नगर में समाज कल्याण अधिकारी सतिश कुमार का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर दोनों संगठनों के प्रतिनिधियों ने गौतमबुद्ध नगर में चल रही समाज कल्याण योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सहयोग करने की बात कही।

प्रिंस शर्मा ने कहा युवाओं का समाज सेवा के प्रति समर्पण देखकर मैं बहुत प्रेरित हूं। हम मिलकर बुजुर्गों, असहायों और जरूरतमंदों की मदद करेंगे। सचिन गुप्ता ने बताया की यह सहयोग गौतमबुद्ध नगर के लिए एक नई शुरुआत है। हमारी संस्थाएं मिलकर कई नए कार्यक्रम शुरू करेंगी।

समाज कल्याण अधिकारी ने इस सहयोग के लिए दोनों सदस्यों का धन्यवाद किया और कहा कि युवाओं की ऊर्जा से समाज कल्याण के क्षेत्र में बहुत कुछ किया जा सकता है।

### दिव्यांगजन शादी प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत करें आवेदन

**एटा।** जनपद एटा के समस्त दिव्यांगजनों एवं उनके सहयोग के लिए कार्यरत सामाजिक कार्यकर्ता तथा संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत दम्पति में युवक के दिव्यांग होने की दशा में रू0 पन्द्रह हजार युवती के दिव्यांग होने की दशा में रू0 20000 तथा युवक व युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में रू0 35000 की धनराशि प्रोत्साहन स्वरूप दम्पति के संयुक्त बैंक खाते में प्रदान की जाती है। उक्त योजनान्तर्गत जनपद एटा में निवासरत ऐसे दिव्यांगजन जिनका विवाह गतवर्ष या वर्तमान वित्तीय वर्ष में संपन्न हुआ हो, वे अपना आवेदन पत्र किसी भी जनसेवा/लोकवाणी केन्द्र से विभागीय पोर्टल http://divyangjan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन कराकर उसकी हार्डकापी समस्त आवश्यक अभिलेखों सहित कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला पंचायत परिसर, एटा में जल्द से जल्द जमा कराकर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## चोरी के शक में कांवड़ियों ने किन्नर को बेरहमी से पीटा



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट के पास चोरी के शक में कांवड़ियों ने एक किन्नर को जमकर पीटा। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने किन्नर को बचाया और पूछताछ की। सिहानी गेट क्षेत्र में मेरठ रोड पर एक कांवड़ शिविर में सोमवार रात चोरी के शक ने कांवड़ियों ने एक किन्नर की बेरहमी से पिटाई कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी से किन्नर को कांवड़ियों से बचाया और पीआरवी में बैठाकर थाने ले गई। जहां पूछताछ के बाद चोरी के आरोप गलत निकले। पूछताछ के बाद पुलिस ने किन्नर को छोड़ दिया।एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह ने बताया कि किन्नर मूल रूप से दिल्ली निवासी है। हाल में गाजियाबाद में रहते हैं। सोमवार रात चोरी के शक में कांवड़ियों ने किन्नर को घेरकर पिटाई कर दी। पुलिस बचाते हुए ले गई। इसी दौरान कुछ लोगों ने छीनने का भी प्रयास किया। हालांकि, कांवड़ियों को समझाकर मामला शांत कराया और थाने ले जाकर पूछताछ की गई।

# सेवा भारती के सौजन्य से श्री अग्रवाल सेवा समिति के द्वारा फ्री सैनेट्री पैड वितरित किए

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत इस माह का फ्री सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम दिनांक मंगलवार, 30 जुलाई 2024 को श्री अग्रवाल सेवा समिति , राजनगर एक्सटेंशन एवम् सेवा भारती, महानगर गाजियाबाद के सौजन्य से राजनगर रेजीडेंसी, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद के रॉयल क्लब मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित करीब 75 महिला सफाई कर्मचारी, हाउस-मेड, महिला गार्ड आदि को उनकी आवश्यकता अनुसार 150 से भी ज्यादा फ्री सैनेट्री पैड वितरित किए गए।

सभी उपस्थित महिला कर्मियों को सेनेटरी पैड को इस्तमाल करने के फायदे और निस्तारण के बारे में सेवा भारती की शुभ्रा जैन जी के दिए निर्देश के अनुसार महिला शारीरिक स्वच्छता संबंधित अन्य जानकारी सभी उपस्थित महिलाओं को विस्तार में दी गई तथा सभी उपस्थित महिला कर्मियों से भविष्य में आयोजित होने वाले स्वच्छता कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए भी अनुरोध किया गया । कार्यक्रम में राजनगर रेजीडेंसी से श्री अग्रवाल सेवा समिति, राजनगर एक्सटेंशन महिला प्रतिनिधि रेणुका गुप्ता, रैनी अग्रवाल एवम् निधि सिंघल उपस्थित रहीं।सेवा भारती, महानगर गाजियाबाद, राजनगर एक्सटेंशन के वितरण कार्यक्रम के संयोजक मनोज अग्रवाल ने सभी रेजिडेंट्स से अपील करते हुए कहा है कि प्रत्येक रेजिडेंट्स को अपने यहां कार्य कर रही मैड्स को स्वच्छता मिशन अंतर्गत होने वाले स्वास्थ और शारीरिक स्वच्छता संबंधी कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए प्रेरित करना चाहिए। संयोजक अग्रवाल ने बताया इस तरह का अगला कार्यक्रम 30 अगस्त 2024 को होना निश्चित हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरों ने पार किए मन्दिर के घण्टे व पूजा के बर्तन

**पाटन उन्नाव।** बिहार थाना से मात्र दो सौ मीटर की दूरी पर स्थित देवाधिदेव महादेव के नर्मदेश्वर मंदिर धाम में सावन के दूसरे सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने मंदिर में टंगे पीतल की घंटी व घंटा सहित पूजा की सामग्री व तांबे के छोटे बड़े बर्तन तथा महादेव का कलश चोर चुरा ले गए।जिनकी कीमत हज़ारो रुपये बताई गई वही स्टील के कुछ बर्तन मंदिर से कुछ दूर फेक कर चले गए। चोरी की घटना की शिकायत मंदिर के पुजारी ने पुलिस को प्रार्थना देकर की है। बताते चले कि बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई चोरियों की घटनाओं का खुलासा न होने से चोरों के हौसले बुलंद है और आए दिन भैंस चोरी सहित अन्य चोरी की घटनाओं को चोर बेधड़क होकर लगातार अंजाम दे रहे है जिससे लोगों की रातों की नींद हराम है वही क्षेत्रीय लोगों की माने तो चोरी की घटना का खुलासा करना तो दूर चोरी की घटना का मुकदमा तक पंजी कृत नही किया जाता है। वही चोरी की दूसरी घटना थाना क्षेत्र के ग्राम ककरारी में घटी जहाँ चोरों ने सुधा सिंह पत्नी स्व0अमर बहादुर सिंह के खेत मे सिंचाई हेतु सोलर पंप लगा है जिसके दो अदद सोलर पैनल गुरुवार को चोर चुरा ले गए थे।

### भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बीघापुर।** तहसील प्रशासन द्वारा लगातार किसानों की समस्याओं की अनदेखी किए जाने से फसल चिकित्सक बृजेन्द्र सिंह व भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के पदाधिकारियो ने जिला मुख्यालय पहुंच उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। फसल चिकित्सक बृजेन्द्र सिंह व भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी रणबीर सिंह को ज्ञापन सौपते हुए अवगत कराया कि कई बार प्रशाशनिक अधिकारियों को किसानों की मूलभूत समस्या जिनमे अन्ना गोवंश से निजातका, नहरों में पर्याप्त पानी, डलमऊ बी पम्प व शारदा नहर से बीघापुर व सुमेरपुर के किसानों को तेल तक पानी, विद्युत व्यवस्था में सुधार, लेखपालों द्वारा किसानों से धन उगाही, फसल बीमा केला, पपीता, आम बागवानी वाली फसलों में लागू करने की बात से अवगत कराया गया था लेकिन कोई हल नही निकला। 16 जून की किसान यूनियन भानू गुट द्वारा दिये धरने में अधिकारियो द्वारा 20 दिन में नहरों में पानी पहुचाने की बात कही गयी थी जो निरर्थक साबित हुई।ज्ञापन देने वालों में भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष पवन शुक्ला, जिला प्रभारी अंबुज चौहान , जिला मीडिया प्रभारी कार्तिकेय दीक्षित, अर्जुन सिंह, अंकित सिंह आदि रहे।

### रोजगार सेवकों ने मांगों से संबंधित पत्र डीएम को भेजा

**बीघापुर उन्नाव।** ब्लॉक के रोजगार सेवकों ने अपनी विभिन्न मांगो को लेकर



जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा । सोमवार को विकास खण्ड बीघापुर में ग्राम रोजगार सेवकों ने ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद शंकर जिला मीडिया प्रभारी रामजी यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी व कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा को सम्बोधित ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी बीघापुर विनोदमणि त्रिपाठी को दिया जिसमें उन्होंने मांग की कि लगभग 6 माह से मानदेय से वंचित रोजगार सेवकों को जल्द मानदेय दिया जाए । कई वर्षों का बकाया ईपीएफ की धनराशि उनके खाते में जमा की जाये। राज वित्त व चौदहवें वित्त को भी मनरेगा में शामिल किया जाए। ज्ञापन देने वालो में प्रमुख रूप से एपियो पीयूष गुप्ता, महामंत्री शशिकांत, नरेंद्र कुमार, सुरेश यादव, अभिषेक, अनीता, नीतू आदि मौजूद रहे ।

### मामूली बात पर भाईयों ने युवक को उतारा मौत के घाट

**बाराबंकी।** कुर्सी थाना क्षेत्र के धरसंडा गांव निवासी हंसराज यादव कुर्सी विद्युत उपकेंद्र पर प्राइवेट लाइनमैन का काम करता था।सोमवार रात को बेहडपुरवा गांव के निकट पान की गुमटी पर अब्बास नगर निवासी शरीफ अंसारी से सिगरेट पिलाने को लेकर कहा सुनी हो गई। विवाद के बाद शरीफ ने अपने भाई को फोनकर मौके पर बुला लिया। जिसके बाद दोनों ने पास स्थित होटल से बांस की लाठी व लोहे के राड से मिलकर हंसराज पर हमला बोल दिया।सिर पर लोहे का राड लगने से हंसराज लहुलुहान होकर मौके पर गिर गया। मौके पर मौजूद लोग ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने घायल को लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।उधर घटना के बाद दोनों आरोपित मौके से फरार हो गए।थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### पुलिस ने चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी के दृष्टिगत जनपद के थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र की विभिन्न बैंक शाखाओं, एटीएम एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर बैंकों के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई। बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी। बैंक डियूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिये गये।

### जनपद के थानों पर की गयी जनसुनवाई

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में मंगलवार को जनपद के थानों पर प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा जनसुनवाई की गयी। इस दौरान थानों पर आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया व शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। राजस्व सम्बन्धी विवादों में राजस्व टीम के साथ समन्वय स्थापित कर विवादों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये।

### प्रतिभा खोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमेठी।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जनपद में गतिमान अमेठी प्रतिभा



खोज कार्यक्रम के अंतर्गत 30/07/2024 को प्रतियोगिता के द्वितीय चरण (विकास खंड स्तर) का आयोजन किया गया। प्रथम चरण का आयोजन दिनांक 20/07/2024 को न्याय पंचायत स्तर पर किया गया था, जिसमें विजेता कुल 1782 छात्र छात्राओं द्वारा विकास खंड स्तर पर प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 06 विधाओं यथा गायन, नृत्य, निबंध, कला, कविता एवं भाषण में किया गया। प्रति विकास खंड प्रति कक्षा (6,7,8) प्रथम स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को विजेता घोषित किया गया, अर्थात प्रति विकास खंड 18 छात्र छात्राएं विजेता घोषित हुए। सभी विजेता छात्र छात्राएं अब तहसील स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। उक्त कार्यक्रम हेतु जिलाधिकारी द्वारा जनपद स्तर के अधिकारियों को कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु नामित किया गया था। जिसके क्रम में विकास खंड अमेठी में जिला विकास अधिकारी, संग्रामपुर में जिला विद्यालय निरीक्षक, भादर में जिला कार्यक्रम अधिकारी, भेटुआ में जिला पंचायत राज अधिकारी, गौरीगंज में परियोजना निदेशक डीआरडीए, शाहगढ़ में जिला कृषि अधिकारी, जामों में जिला समाज कल्याण अधिकारी, मुसाफिरखाना में डीसी मनरेगा, जगदीशपुर में जिला पूर्ति अधिकारी, शुकुलबाजार में जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, सिंहपुर में जिला प्रोबेशन अधिकारी, तिलोई जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं बहादुरपुर में सहायक श्रमायुक्त द्वारा प्रतिभाग कर प्रतिभागी बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया एवं विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया।

## गोवंश को ट्रैक्टर से बधाकर खींचे जाने में ग्राम विकास अधिकारी निलंबित

- खंड विकास अधिकारी को कारण बताओ नोटिस
- सीडीओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए की कार्यवाही

**लोकमित्र ब्यूरो**



**उन्नाव।** सीडीओ ने गाय को ट्रैक्टर में गाय को बांधकर खींचे जाने के मामले को संज्ञान में लेकर कार्यवाही के निर्देश दिए तब जिम्मेदारों ने ग्राम विकास अधिकारी को मामले में दोषी पाते हुए निलंबित किया है। खण्ड विकास अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

सोशल मीडिया पर तेजी से एक वीडियो वायरल हो रहा था जिसमें ट्रैक्टर से गोवंश को बांधकर निर्दयता और तेजी से खींचा जा रहा है। वायरल वीडियो फतेहपुर चैरासी क्षेत्र का बताया गया था। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने तमाम तरह की प्रतिक्रिया दी। वीडियो से एक बात साफ जाहिर हो रही थी कि समाज में इंसानों सहित जानवरों के प्रति भी लोगों की संवेदनाएं मरती चली जा रही हैं। हालांकि इसके पहले वायरल हुई वीडियो में अफसरो ने पल्ला झाड़ा था। सीडीओ ने मामले को संज्ञान में लेकर कार्यवाही के निर्देश दिए तब जिम्मेदारों ने ग्राम विकास अधिकारी को मामले में दोषी पाते हुए निलंबित किया है। खण्ड विकास अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए 38 सेकेंड के वीडियो में फतेहपुर चैरासी के भड्सर नौशहरा गांव गौशाला का बताया जा रहा है। इस वीडियो में एक ट्रैक्टर चालक एक गोवंश गाय को पीछे बांधकर रफ्तार में खींचता हुआ जाता दिखाई दे रहा है। वायरल वीडियो की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा ने मामले का संज्ञान लेते हुए गहनता से जांच कराई। जिला विकास अधिकारी संजय पांडेय को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कार्यवाही करते हुए बताया कि उक्त घटना से यह स्पष्ट हो रहा है कि क्षेत्रीय ग्राम विकास अधिकारी शुभम वर्मा द्वारा उक्त गौशाला का प्रबंधन सही ढंग से नहीं किया जा रहा है। उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिससे शासन-प्रशासन की छवि धूमिल हुई हैं। यह स्थिति अत्यन्त ही खेद जनक हैं। अपने कर्तव्यों व दायित्वों का निर्वहन न करने, शासन की मंशा के प्रतिकूल कार्य करने, उच्चाधिकारियो के आदेशों की अवहेलना करने आदि आरोपों के लिए प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। फतेहपुर चैरासी ब्लॉक में सम्बद्ध रहेंगे। वही बीडीओ अनिल कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कार्रवाई की है।

## कैफे चाय दोस्ती का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन

**फ्तेहपुर।** शहर के जयराम नगर चौराहे में कैफे चाय दोस्ती का शुभारंभ पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मुखलाल पल भी मौजूद रहे। वही संचालक बलकेश कुमार ने बताया कि हमारे इस कैफे में लोगों को ऐसी चाय मिलेगी जिसको पीने के बाद लोगों को एहसास होगा की काफी दिन बाद एक अच्छी चाय की चुस्ती लिया। उन्होंने कहा इसके साथी लोग यहां पर बैठकर बर्गर, चाऊमीन सहित अन्य लजीज व्यंजनों कका लुत्फ उठा सकते हैं।इस दौरान उन्होंने कहा की कुल्हड़ में चाय पीने का आनंद ही कुछ और है इसलिए वह कुल्हड़ में चाय देंगे और लोग घंटो बैठकर सुकून का भी एहसास कर सकेंगे।इस अवसर पर भाजपा नगर दक्षिणी के अध्यक्ष रितेश गुप्ता,अखिलेश सिंह, बच्चा तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज शुक्ला, विवेक श्रीवास्तव, स्वामी शरण पाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## शहर में गंदगी को हटाने की जिम्मेदारी ओम ट्रेडर्स को मिली

- डीएम और विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**उन्नाव।** सुबह और शाम दो शिफ्ट में घर-घर कूड़ा उठाने के लिए जिम्मेदारी ओम ट्रेडर्स को सौंपी गई । मंगलवार को सदर विधायक और डीएम ने हरी झंडी दिखाकर योजना का शुभारंभ कराया। शहर को गंदगी मुक्त कराने का निर्णय लिया गया।

शहर में 32 वार्ड में घर-घर कूड़ा उठाने की कोई व्यवस्था नहीं थी। वर्ष 2019 में तत्कालीन ईओ ने एक कार्यदायी संस्था को जिम्मा दिया था। इसके बाद छह माह तक कुछ घरों से उठान की व्यवस्था पटरी पर दिखी। फिर वह व्यवस्था भी ध्वस्त होती चली गई। 2022 तक कोई काम इसके लिए पालिका ने नहीं किए। चुनाव बाद नई सरकार बनी तो वर्ष 2023 में तत्कालीन ईओ ओम प्रकाश ने ओम टेडर्स नामक एक संस्था को घर घर कूड़े को उठाने की जिम्मेदारी सौंपी।

इसके लिए सर्वे कर कुछ वार्ड भी चयनित हुए। चार-छह माह बीते की यह भी बेपटरी हो गई। व्यवस्था सुचारू दिखे, इसके मद्देनजर नवनियुक्त अध्यक्षा श्वेता मिश्रा ने एसबीएम व 15वें वित्त से जारी करीब 70 लाख रुपए के बजट से 35 ई- रिक्शे, हाई राइस ट्रिपर खरीद लिए। धरातल पर उठान के लिए इसकी रणनीति बनती की आचार सहिंता लग गई। पालिका ने इसी नियम का फेर बताकर इन रिक्शों को जलकल कार्यालय में खड़ा करा दिया था।

अब अधिसूचना हटे दो माह बीते तो सवाल खड़े होने लगे। अध्यक्षा श्वेता मिश्रा ने चालकों की भर्ती करने के बाद चार्जिंग स्टेशन बनाकर इन्हें सड़क पर दौड़ाने की योजना बनाई थी। मंगलवार को सदर विधायक पंकज गुप्ता, डीएम गौरांग राठी ने हरी झंडी दिखाकर ई-रिक्शे को रवाना किया। अब रोस्टर बनवाया। 32 वार्डों में कूड़ा उठाने का काम शुरू हो गया है। डीएम ने कहा स्वच्छ शहर के लिए घरों से कूड़ा उठान आवश्यक है। सुंदर शहर के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।

## एंबुलेस ने सुरक्षित प्रसव से जच्चा बच्चा स्वस्थ

**लोकमित्र ब्यूरो**



**बीघापुर उन्नाव।** प्रसव पीड़ा बढ़ने पर एंबुलेस में सुरक्षित प्रसव कराया गया है। मामला बीघापुर क्षेत्र का है। घाटमपुर कलां गांव निवासी प्रवीण कुमार की पत्नी कामिनी को सोमवार देर शाम को प्रसव पीड़ा हुई। प्रसव पीड़ा होने पर प्रवीण ने अस्पताल जाने के लिए एंबुलेस सेवा 108 पर कॉल किया। मामले की सूचना तुरंत एंबुलेंस को दी गई।

एंबुलेस के चालक ने बताया कि 10 मिनट के अंदर ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गई तथा कामिनी और परिजनों को लेकर बीघापुर पीएचसी के लिए निकली।

जैसे ही एंबुलेंस रुजिहई गांव के पास पहुंची तो कामिनी को प्रसव पीड़ा अत्यधिक बढ़ गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एंबुलेंस पर तैनात ईएमटी शोभित कुमार ने चालक हेमराज यादव को एंबुलेंस साइड में लगाने को कहा । एंबुलेंस साइड में लगाने के बाद ईएमटी शोभित कुमार ने एंबुलेंस में उपलब्ध डिलीवरी किट की मदद से सुरक्षित प्रसव कराया। कामिनी ने बेटी को जन्म दिया है। । इसके बाद एंबुलेंस ने जच्चा व बच्चा को सुरक्षित बीघापुर पीएचसी में भर्ती कराया । जहां जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

## हत्या को बीमारी से मौत बताने पर भड़के परिजन, हाइवे पर लगाया जाम

**लोकमित्र ब्यूरो**



**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत लखापुर के मजरा रामगंज निवासी एक युवक को फोनकर बुलाया गया। देर शाम उसे मारपीट कर मौत के घाट उतार दिया गया। जिसमें पुलिस ने युवक की मौत बीमारी से होना बताया। जिस पर परिजन भड़क गये और पीएम के बाद हाइवे पर शव रखकर जाम कर दिया।

मदन सिंह 28 पुत्र अर्जुन सिंह निवासी रामगंज को रविवार शाम करीब चार बजे कानपुर रामादेवी से किसी ने फोन कर त्रिभुवन खेड़ा बुलाया। जहां हाइवे स्थित एक पेट्रोल पंप पर उसे मारा पीटा। जिसके बाद अंग्रेजी शराब ठेके के पास उससे मारपीट की घटना हुई। रात करीब आठ बजे डकारी गांव के पास एक खुले नाले में औंधे मुंह बाइक सहित मरणासन्न हालत में पाया गया। ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद उसे कानपुर निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गंगाघाट पुलिस ने रात ही में शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा था। सोमवार दोपहर बाद शव पीएम के बाद घर पहुंचा। परिजन लखनऊ कानपुर हाइवे पर शव रखकर जाम लगा दिया और लगभग दो घंटे से अधिक हंगामा होता रहा। पुलिस जाम हटवाने में असफल रही। वहीं आने जाने वाला हर वाहन सवार परेशान रहे। जाम की सूचना पर जिले के आलाधिकारी पहुंचे और जाम लगाये लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने किसी की नहीं सुनी। इस दौरान ईंट पत्थर भी चला दिये। जिस पर पुलिस लाठी पटकते हुये जाम लगाये लोगों को खदेड़ दिया। जिसके बाद हाइवे पर जाम हट सका और वाहन रेंगना शुरू हुये।

देर शाम तक हाइवे पर जाम की स्थिति बनी रही। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

### रील्स बनाते समय युवती पुल से यमुना में गिरी

**किशनपुर, फ्तेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पहाड़पुर गांव निवासी जुगल किशोर शुक्ला की (22 वर्ष) पुत्री शालिनी देवी अपनी छोटी बहन प्रिया के साथ कपड़े खरीदने बाजार गई थी। दोनों बहने किशनपुर से दांदो को जोड़ने वाले ओवर ब्रिज पर चढ़कर मोबाइल फोन से रील्स बना रही थी। इसी दौरान बड़ी बहन शालिनी देवी का शारीरिक संतुलन बिगड़ गया और वह पुल से नीचे यमुना नदी में गिर गई। शालिनी के गिरते ही छोटी बहन प्रिया जोर जोर से चीखने चिल्लाने लगी। शोरगुल सुन मौजूद नाविकों की नजर यमुना में गिरी युवती पर पड़ी। जिसके बाद नाविकों ने बिना देर लगाए यमुना में डूब रही युवती को सकुशल बाहर निकाल लिया। कुछ देर बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती की हालत को गंभीर देखते हुए इलाज के लिए भेजा। वहीं किशनपुर प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि सूचना पर पहुंच युवती को इलाज के लिए भेज दिया गया है।

## चकबंदी कार्यों को लेकर डीएम ने की बैठक

**लोकमित्र संवाददाता**



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने मंगलवार कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद में चल रहे चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने टाइमलाइन के अनुसार कार्य करने के साथ ही पुराने गांव जो चकबंदी में चल रहे है उनको शीघ्र कब्जा परिवर्तन कराने जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने चकबंदी विभाग को निर्देश देते हुऐ कहा कि टाइमलाइन के अनुसार काम किया जाना है जो अधिकारी टाईमलाइन से कार्य नहीं करेंगे उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। इस कार्य में किसी भी प्रकार कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। डीएम ने सहायक चकबंदी अधिकारी, बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी, उप संचालक चकबंदी अधिकारी को टाइमलाइन से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही गांव का कब्जा परिवर्तन कराए जाएं। उन्होंने निर्देश दिये है कि पुराने गांव चकबंदी में चल रहे है उनको शीघ्र कब्जा परिवर्तन किया जाये ताकि किसान को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करने पड़े। चकबंदी अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में 52 ग्रामों में चकबंदी की जानी है जिसके सापेक्ष 03 ग्रामों की धारा 52 कर चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा 5 ग्रामों का कब्ज परिवर्तन कर दिया गया है। टाइमलाइन बनाकर कार्य किया जा रहा है तथा शीघ्र ही इन गांवों को कब्जा परिवर्तन करा दिया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्र, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह, चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## सफाई कर्मचारी की है पोस्टिंग पर नही कर रहा सफाई का कार्य

- गांव में बजबजा रही है नालिया, सफाई का नही है कोई पुरसाहाल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मौरावां-उन्नाव।** विकाशखण्ड हिलौली के ग्राम पंचायत संदाना में लगभग दो दशक से तैनात सफाई कर्मी की तानाशाही से ग्राम पंचायत के लोगो काफी त्रस्त है जिसकी लिखित शिकायत कई बार ब्लॉक मुख्यालय पर की गई लेकिन अपनी मजबूत पकड़ होने से इसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे सफाई कर्मी के तेवर सातवें आसमान पर रहते हैं और सफाई के नाम पर बिल्कुल शून्य है और पूरी पंचायत में नालियां उफान मारकर बह रही है जिससे पूरी ग्राम पंचायत में बीमारियां बढ़ रही है और प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत के सभी गांवों में बनपुरा, बाबखेड़ा, समाखेड़ा, संदाना, बखरी, रामपुर, शिवराजखेड़ा में सभी गलियों की नालियां उफान मार कर बह रही है जिसको साफ करने के लिए सूचना बार बार देने पर भी सफाई कर्मी कभी नाली नही साफ करता है जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ा हुआ है

संदाना ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मी हरी राम यादव की पहली पोस्टिंग संदाना में हुई थी जो लगातार दो दशक से अंगद की तरह पैर जमाये है और पूरी पंचायत में सफाई का काम न करके राजनीति करता है मानों उसको इस ग्राम पंचायत से चुनाव लड़ना हो जब भी कभी की चुनाव आता है तो इसकी शक्रियता राजनीति में बहुत बढ़ जाती हैं लेकिन जिस कार्य के लिए था लगभग बीस सालों से तैनाती हैं वो काम बिल्कुल शून्य हैं इसकी कार्य शैली से नाराज ग्राम पंचायत वासी भाजपा नेता अजय कुमार कश्यप,मुरलीधर, सुरेन्द्र कुमार तिवारी, श्याम जी, सूर्य कुमार शुक्ल, अनुज कुमार गौतम, राजकुमार सहित दो दर्जन लोगों ने इसकी लिखित शिकायती पत्र कई बार ब्लॉक मुख्यालय पर खण्ड विकास अधिकारी को दिया जब कोई इसकी सुनवाई नही हुई तो कई पत्र ब्लॉक प्रमुख दिलीप कुमार दीक्षित को दिया गया लेकिन कार्यवाही शून्य ही रही फिर इसकी लिखित सुचना मुख्य विकास अधिकारी, व जिलाधिकारी उन्नाव को दी गई लेकिन इसकी मजबूत पकड़ होने से इसका बाल भी बांका नही हुआ और पूरी तरह तानाशाही से जब भी कोई इससे कहता है कि सफाई कर दो तो यह तानाशाह सफाई कर्मी ग्रामीणों से गाली गलौज करने लगता है और धमकी देकर कहता है कि मैं सफाई करने के लिए नही आया हूँ और न ही करूंगा।

## सावन के सोमवार पर हुवे महाकाल के दर्शन

- मोटेश्वर महादेव मंदिर : महाकाल की तर्ज पर होता है अद्भुत श्रृंगार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सफीपुर-उन्नाव।** श्रावण मास का सोमवार पर शिवालयों व मंदिरों में भक्तों का ताँता लगा रहा सावन मास में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व हैं वहीं सावन के सोमवार को उज्जैन के प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर के तर्ज पर कस्बा स्थित मोटेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का भव्य श्रृंगार किया गया। इस अलौकिक श्रृंगार को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

सफीपुर कस्बे के स्थित मोटेश्वर महादेव मंदिर मे महाकालेश्वर की तर्ज पर होने वाला भव्य श्रृंगार आकर्षण का केंद्र है।जहां पर मोटेश्वर मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित मनोज पांडे बताते हैं कि मंदिर सिद्ध स्थानों में से एक है जहां सावन में विशेष तैयारी होती हैं उज्जैन के महाकालेश्वर की तर्ज पर महादेव का श्रृंगार किया जाता है संध्या कालीन श्रृंगार के बाद भगवान महादेव की आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होता है यहां भगवान शिव की आराधना से हर मनोरथ पूर्ण होते हैं । मोटेश्वर महादेव श्रृंगार समिति के शिवमोहन सहित भक्त गण मिलकर इस



अलौकिक श्रृंगार को अंतिम रूप देते हैं प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव के अलग-अलग रूप के रूप में उन्हें सजाया जाता है कभी दूल्हे के रूप में श्रृंगार किया जाता है तो कभी महाकाल के रूप में तो कभी अर्धनारेश्वर तो कभी बजरंगबली के रूप में भगवान महादेव का श्रृंगार होता है इस अंगार को देखने के लिए कस्बे में सैकड़ों की संख्या में बच्चे महिलाएं पुरुष एकत्र होकर भगवान शिव की महा आरती करते हैं। इसके अलावा सावन में प्रत्येक दिन मोटेश्वर महादेव ने बेहद भीड़ होती है जहां लगभग प्रतिदिन रुद्राभिषेक के कार्यक्रम होते रहते हैं। शिवलिंग पर श्रृंगार के बाद कई प्रकार के व्यंजन, फल इत्यादि चढ़ता है जो आने वाले भक्तों को प्रसाद स्वरूप भेंट किया जाता है।

### महाकाल के रूप में श्रंगार में क्या होता है खास

मंदिर के पुजारी पंडित मनोज पांडे बताते हैं कि मोटेश्वर महादेव में इस प्रसिद्ध महाकाल की तर्ज पर श्रंगार विशेष होता है जहां पुष्पों बेलपत्र से सजाने जाने के बाद हेलो मिठाइयों से भोग लगाया जाता है महादेव की शिवलिंग को बेसन से उनका आकार दिया जाता है तत्पश्चात आंखें व चेहरे का रूप दिया जाता है साथ में स्थापित नंदी को भी सजाया जाता है वही महादेव पर चांदी का बड़ा सा मुकुट प्रतिमा पर चार चांद लगाता है।

### दर्शन हेतु होती हैं बेहद भीड़

कस्बा स्थित मोटेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव के दर्शन एवं उनकी पूजा अर्चना हेतु भक्तों की बेहद भीड़ होती हैं जहाँ कस्बे के अलावा दूर दूर से भी भक्त दर्शन हेतु आते हैं।

## सूख रहीं फसलें, किसानों को सता रहा सूखे का डर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** जुलाई माह में बारिश औसत से भी कम होने के कारण जनपद में सूखे के आसार बढ़ गए हैं। धान की फसलें सूख रही हैं। खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं। ऐसे में किसानों को अब भारी नुकसान का डर सताने लगा है। फसल को सूखने से बचाने के लिए किसान निजी संसाधनों से सिंचाई करने का जुगाड़ जुटा रहे हैं। हालांकि इससे लागत काफी महंगी साबित हो रही है। खेतों में पानी न होने से किसान अभी भी धान की रोपाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे हैं।जिले में कई जगह सिंचाई के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। यहां की खेती बारिश पर ही निर्भर रहती है। जुलाई माह में इस वर्ष बारिश न होने के कारण सूखे का डर किसानों को सता रहा है। निजी संसाधनों से जो किसान धान की रोपाई कर भी चुके



हैं, उनके खेत में पानी की कमी के कारण पत्तियां पीली पड़ने लगी हैं। बारिश न होने से धान के खेतों में दरारें पड़ गईं हैं। अमेठी रजवहे में पानी रामनगर के आगे नहीं आता है , जगह-जगह बंधा लगाकर नहर को अवरोध कर दिया जाता है, जब नर ही सुखी है तो अल्पिकाओं में पानी आने की बात ही बेमानी है अमेठी विधानसभा के किसानों ने कहा कि केवल बादल आते हैं और थोड़ी बूंदा-बांदी कर चले जाते हैं। किसान परेशान है किसान परेशान है,इस हालात में धान की खेती चौपट हो रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### इनामिया गैंगस्टर चढ़ा पुलिस के हत्थे



**लखीमपुर-खीरी।** दस हजार रुपये के इनामी बदमाश रफीउल्ला पुत्र पुत्तन को फरधान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के उदयपुर नहर पुलिया के पास हिरासत में लिया है हालांकि काफी समय से इनामी गैंगस्टर पुलिस के साथ आंख मिचौली का खेल, खेल रहा था हालांकि इनामी बदमाश की गिरफ्तारी से फरधान पुलिस ने राहत की सांस ली है। एसपी खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना फरधान पुलिस ने इनामिया घोषित गैंगस्टर रफीउल्ला पुत्र पुत्तन को थाना फरधान क्षेत्र के उदयपुर नहर पुलिया के पास से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया इनामिया गैंगस्टर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इनामिया गैंगस्टर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव,उप निरीक्षक राजेन्द्र यादव,हेड कांस्टेबल अशोक कुमार, कान्स्टेबल विकास कुमार, कान्स्टेबल कामेश राठौर शामिल रहे।

### पुलिस मुठभेड मे बदमाश को मारी गोली, साथी भाग निकला



**आगरा।** आगरा पुलिस कमिश्नरी में बदमाशों के हौसले पस्त करने के लिए शहर से लेकर देहात तक पुलिस मुठभेड़ में बदमाशों को दबोचा जा रहा है।सिटी जोन में 25 जुलाई की रात को लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों के साथ कमला नगर पुलिस की मुठभेड़ हो गई। उधर, पूर्वी जोन के थाना बाह क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर बिजकौली स्टेशन रोड पर पुलिस व एसओजी टीम की बाइक सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे दबोच लिया, जबकि उसका साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि 21 जुलाई को धायपुरा के नवल किशोर की पत्नी से बाइक सवार दो बदमाशों ने बैग लूटने की घटना को अंजाम दिया था। बैग में 900 रुपये और कागजात रखे थे। मंगलवार की दोपहर थाना बाह के बिजकौली में रेलवे स्टेशन रोड पर एसओजी और पुलिस की बाइक सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। बदमाशों एवं पुलिस के बीच मुठभेड़ में डौकी के नूरपुर मेहरा गांव के सूरज निषाद के पैर में गोली लग गई, जबकि उसका साथी पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने घायल बदमाश के पास से बाइक और तमंचा बरामद किया है। घायल बदमाश को पुलिस ने बाह के सीएचसी में भर्ती कराया है। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे एसएन मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया।

### नई शिक्षा नीति हेतु प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**अलीगंज/एटा।** मंगलवार को अलीगंज क्षेत्र के पी. डी. एस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नई शिक्षा नीति और एन. सी. एफ. प्रशिक्षण के लिए वर्कशॉप क्लास का आयोजन किया गया। इस दौरान अध्यापक और अध्यापिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।अलीगंज कस्बे के प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान पी. डी. एस. सीनियर सेकण्डरी स्कूल मे अध्यापक और अध्यापिकाओं को प्रशिक्षण देने के लिए एस. चाँद पब्लिकेशन्स लिमिटेड नई दिल्ली के द्वारा नई शिक्षा नीति और एन. सी. एफ. प्रशिक्षण हेतु वर्कशॉप क्लास का आयोजन कराया। इस सत्र के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, एन. सी. एफ. और पाठ्य स्तर पर विशेष चर्चा की और अध्यापकों को महत्वपूर्ण टिप्स भी दिये। एस. चाँद की ओर से श्रीमती श्वेता सिंह, प्रोडक्ट मैनेजर रिसोर्स पर्सन रही। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश वर्मा ने सत्र के दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया कि आधुनिक समय का एक प्रतिष्ठित अध्यापाक ही एक आधुनिक समाज को नई राह दे सकता है। इस मौके पर प्रधानाचार्य एम. के. शर्मा ने बताया कि विद्यालय प्रति माह अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करता है। इस मौके पर अध्यापक एवं अध्यापिकाओं में दीपक यादव, धीरज सिंह, आत्माराम वर्मा, अरविन्द चतुर्वेदी, अजय कुमार, विनय कुमार, ललित कुमार, मनमोहन सिंह, नितिन कुमार, इशरत खान, शिवम कुमार, अंकित श्रीवास्तव, रंजीत सिंह, सूर्यदेव सिंह, दीपिका दीक्षित, पाली सिंह, श्रेया तिवारी, सुप्रिया सोलंकी, अंकिता, प्रीती, दीक्षा, सुनैना, शालू. निधी शाक्य, कल्पना, विनीता राजपूत, आदि शिक्षक, शिक्षिकाऐं उपस्थिति रहे।

### चोरों ने तोडकर दो बैट्री चोरी की

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के सिक्स लेन 19पर ग्राम उझियानी में लगे जियो टावर का ताला अज्ञात चोरों ने तोडकर दो बैट्री चोरी कर ले गये। जिसका मुकदमा दर्ज कराया गया। औसान सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी पीपी होल्डिग्स मंगल पांडेयनगर मेरठ ने बकेवर थाना पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि रिलायन्स जियो का टावर ग्राम उझियानी में लगा हुआ है। जिसका 10 जून 2024 को अज्ञात चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर टावर के अंदर घुस गये उसमें लगी दो एक्सिमों की 100 एएच की बैटरी चोरी कर ले गया। जिसका जब अलार्म मुझे मिला तो जाकर देखा तो चोर चोरी कर ले गये। इसकी सूचना डायल 112 पर दी लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। तब थाना बकेवर पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र दिया तो इस चोरी का मुकदमा डेढ माह बाद दर्ज करके जांच प्रारंभ की।

# बिजली को लेकर क्षेत्र में मारामारी, लोग रात रात जागकर करते हैं इंतजार

- विभागीय व उच्चाधिकारी जिम्मेदार बेख़बर
- भीषण गर्मी में बिजली कटौती से क्षेत्र में मचा हड़कंप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**धौरहरा-खीरी।** सन 2017 के पहले बिजली विभाग की लापरवाही से क्षेत्र पूरी तरह कराह उठा तब मुश्किल से उपभोक्ताओं को रोस्टर के हिसाब से कटौती समेत बिजली सप्लाई होती थी। फ़रवरी 2017 के पहले बिजली कटौती की मारामारी कि मुद्दा विधान सभा में उठ चुका था। बाद में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी सरकार गठन के बाद शहरों से लेकर गांव स्तर तक बिजली पर काम हुआ व तत्कालीन ऊर्जा मंत्री ए0 के0 शर्मा द्वारा जिला मुख्यालय तहसील मुख्यालय से लेकर गांव तक सप्लाई की समय सीमा निर्धारित हो गई थी। तत्कालीन उर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने जिला मुख्यालय को 24 घंटे तहसील मुख्यालय को 22 घंटे व ग्रामीण स्तर पर 16 घंटे विद्युत आपूर्ति करने का फरमान सुनाया था।

भाजपा राज में बिजली की समस्या से छुटकारा दिलाने पर आम लोग सरकार की तारीफ करते नही थकते थे। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की दुबारा प्रदेश में सरकार गठन के बाद से बिजली विभाग द्वारा शहर से लेकर ग्रामीण स्तर तक भारी कटौती व पूर्व में बनाये गये रोस्टर से अनजान व लापरवाह विभागीय जिम्मेदारो द्वारा किए जा रहे अंधाधुंध कटौती से परेशान होकर प्रदेश सरकार व विभागीय अधिकारियों को कोसते रहते हैं। क्या मौजूदा समय में तैनात जिम्मेदार अधिकारियों को पिछली सरकार के समय हुई सप्लाई व रोस्टर से अनजान हैं।इस बात पर आम उपभोक्ताओं द्वारा बताया गया कि बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ही शाशन द्वारा जारी रोस्टर को मजाक बना दिया गया है। ज्ञात हो कि पूर्व उर्जा मंत्री श्री कांत शर्मा द्वारा जिला मुख्यालय 24 घंटे तहसील मुख्यालय 22 घंटे व ग्रामीण स्तर पर 16 घंटे सरकारी दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। तहसील मुख्यालय पर कटौती सहित मुश्किल से 12 से 14 घंटे तक सीमित है और ग्रामीण स्तर की बात कुछ और है।

इस बाबत जब जेई साहब को सम्पर्क किया गया तो साहब ने फ़ोन उठाना ही मुनासिब नही समझ।

## अंधाधुंध बिजली कटौती से परेशान विद्युत उपभोक्ता

**लोकमित्र संवाददाता**



तिकुनियां-खीरी। भयंकर गर्मी मे बिजली कर्मचारियों की मनमानी कटौती और रोस्टिंग से बॉर्डर क्षेत्र के आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को विद्युत उपकेंद्र तिकुनिया का घेराव कर नारेबाजी की और एसडीओ को ज्ञापन सौंपा है। पिछले कई हफ्तों से विद्युत विभाग की मनमानी कटौती से परेशान होकर मंगलवार को 11 बजे क्षेत्र के कई गांवों के लोगो ने तिकुनियां पावर हाउस को घेर लिया और एसडीओ को बुलाने व ज्ञापन उन्ही को देने की मांग की। इस दौरान भीड़ ने नारेबाजी भी की। भारतीय सिख संगठन के विधान सभा अध्यक्ष गुरमीत सिंह रंधावा ने बताया कि पावर हाउस से बीते कई हफ़्तों से रोस्टिंग के नाम पर वेवजह कटौती की जा रही है, सप्लाई के दौरान भी जमकर ट्रिपिंग की जाती है किसी भी फाल्ट को रोस्टिंग के दौरान ना सुधार कर सप्लाई के दौरान ही सुधारा जाता है जिससे 18 घंटे मिलने वाली सप्लाई मात्र 5 घंटे ही मिल पा रही है। जिसके कारण बॉर्डर क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त इलाको में विद्युत उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। विद्युत विभाग की इसी लापरवाही को लेकर आज उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट गया और उपभोक्ताओं ने विद्युत उपकेंद्र को घर लिया ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए एसडीओ एसके रावत और जेई दिलीप पटेल मौके पर पहुंचे और विद्युत उपभोक्ताओं से ज्ञापन लिया।

### वैलोसिस सिस्टम कम्पनी के समक्ष सीटू के बैनर तले श्रमिकों ने किया धरना प्रदर्शन

**नोएडा।** गैर कानूनी तरीके से नौकरी से निकल जाने के विरोध में वैलोसिस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड ए-11 व 25, सेक्टर- 67, नोएडा के संविदाकार मैसर्स पोमाइंड इन्टीग्रेटेड मैनेजमेंट के माध्यम से कार्यरत श्रमिकों ने कांटेक्ट लेबर इंप्लाइज यूनियन सीटू के बैनर तले यूनियन के महामंत्री व सीटू जिला महासचिव रामसागर, जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, सचिव रामस्वारथ, सदस्य विवेक कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कंपनी के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। धरनारत श्रमिकों को कंपनी के संविदाकार और श्रम विभाग द्वारा समस्या के समाधान का लिखित आश्वासन दिए जाने और मुद्दे के समाधान के लिए अपर श्रम आयुक्त गौतम बुद्ध नगर के समक्ष 06 अगस्त 2024 को पक्षो को नोटिस जारी कर वार्ता की तारीख निश्चित किया गया। उक्त आधार पर यूनियन ने वैलोसिस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के समक्ष चल रहा धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया। सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि यदि ,06 अगस्त 2024 को अपर श्रम आयुक्त के समक्ष प्रस्तावित वार्ता में समस्या का समाधान नहीं निकला तो कंपनी के समक्ष फिर से आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

### बाइक सवार युवक टक्कर से घायल

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के सिक्सलेन-19 पर औरैया से आ रहे वाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने कट मार दिया जिससे वाइक सवार युवक कुड़रिया रजवाह के निकट सड़क पर गिर घायल हो गया। फ़िरोजाबाद मुख्यालय के प्रेमनगर मुहाल निवासी टिंकू पुत्र राधा रमन श्रीवास्तव मंगलवार की दोपहर औरैया मुख्यालय के ओम नगर मुहाल अपनी ससुराल से वाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहा था जैसे ही वाइक सवार युवक बकेवर थाना क्षेत्र के सिक्सलेन-19 पर कुड़रिया रजवाह के पास पहुँचा कि तभी अज्ञात वाहन चालक ने उसकी वाइक में कट मार दिया जिससे उसकी वाइक का संतुलन बिगड गया और वाइक सहित सिक्स लेन पर घसिटता हुआ डिवाइडर में जाकर टकरा गया जिससे वाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हेल्मेट लगाये होने के कारण वाइक सवार की जान बच गयी। घटना की सूचना वाइक सवार युवक ने 112 नम्बर पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल वाइक सवार टिंकू को एंबुलेंस बुलाकर इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवा जहाँ डॉक्टर द्वारा घायल युवक का इलाज किया गया।

## मुरादाबाद के पवन और उमेश को कानपुर की अदालत ने फरार किया घोषित

- न्यायालय की पत्रावली में लिखित पते से गायब हैं मुरादाबाद के अपराधी अभियुक्त पवन और उमेश भातू, तलाश में जुटी हरबंस मोहाल पुलिस

**सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** लगातार समन वारंट के बाद भी पेश नहीं होने पर दो अभियुक्तों को न्यायिक मजिस्ट्रेट, की अदालत ने फरार घोषित कर दिया है। इनमें से एक अभियुक्त की मृत्यु हो चुकी है। यह मामला हरबंस मोहाल थाना क्षेत्र से संबंधित है ,जहां धारा 401 आईपीसी में दर्ज मुकदमा न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम द्विवेदी की अदालत में विचाराधीन है।

अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए चर्चित और न्यायालय के आदेश का अक्षरशः अनुपालन करने में अग्रणी हरबंस मोहाल के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि अभियुक्तगण पवन पुत्र जय किशन भातू व उमेश पुत्र उजागर भातू निवासी आदर्श कॉलोनी जिला मुरादाबाद के वर्णित पते पर निवास नहीं करते हैं। जिस पर न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को फरार घोषित किया है।

इनमें से एक अभियुक्त ज्ञान सिंह की मृत्यु हो जाने के कारण उसके विरुद्ध वाद की कार्यवाही स्थगित की जा चुकी है। जब शेष अभियुक्तगण पवन पुत्र जय किशन भातू व उमेश पुत्र उजागर भातू निवासी आदर्श कॉलोनी जिला मुरादाबाद न्यायालय में पेश नहीं हो रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि यह दोनों अभियुक्त पत्रावली पर वर्णित पते पर निवास नहीं करते हैं, जिस पर संबंधित न्यायालय ने धारा 82 (2) (2) के तहत पवन पुत्र जय किशन भातू व उमेश पुत्र उजागर भातू निवासी आदर्श कॉलोनी जिला मुरादाबाद को फरार घोषित करते हुए आगामी 4 अगस्त 2024 को उनकी पत्रावली पेश करने को कहा है। इस पर पुलिस ने न्यायालय के आदेश अनुसार कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

## लेखपालों की अभद्र टिप्पणी से भड़के पत्रकार



- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम व क्षेत्राधिकारी धौरहरा को सौंपा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**धौरहरा-खीरी।** जनपद में आई भीषड़ बाढ से खराब हुए हालातों पर प्रशासन की नजर है और पूरे मनोयोग से जिला प्रशासन से लेकर तहसील प्रशासन पीड़ित परिवारों को राहत किटे व फसल अनुदान सर्वे चलाया जा रहा है इसी कडी में तहसील प्रशासन द्वारा क्षेत्र में बाढ से पूर्व ही बाढ चौकी व बाढ राहत केन्द्रो का गठन किया गया था। इसी कडी में सोमवार को तहसील के लेखपाल शैलेन्द्र वर्मा व इरफान उनके निजी अजीर पिंटू द्वारा बाढ पीड़ितों को राहत किटे वितरण कार्यक्रम के दौरान कटौली क्षेत्र के पत्रकार माधव राम पाण्डेय कमला कांत व धर्मेंद्र कुमार को कवरेज करने से मना करने व जान माल की धमकी देने के मगंलवार को तहसील परिसर में एकत्र हुए आल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऐप्जा के बैनर तले लगभग एक दर्जन पत्रकारो द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एस डी एम धौरहरा राजेश कुमार को सौंपकर कार्रवाई करने की बात कही।

इस दौरान ऐप्जा के तहसील अध्यक्ष राम बाबू,ओमनारायण शुक्ला,डाक्टर कमल किशोर,रासिद खान,पठान मुफीद,डाक्टर राम सुमेर शर्मा,ओंकार शुक्ला,मेराज अली,हरवेन्द कुमार,रमाकांत व पत्रकार एकता महासभा के अध्यक्ष बुद्धेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे। दूसरी तरफ पत्रकारो द्वारा क्षेत्राधिकारी धौरहरा प्रीतम पाल सिंह ज्ञापन सौंपकर तहसील धौरहरा में तैनात लेखपाल शैलेन्द्र वर्मा व लेखपाल इरफान उनके निजी अजीर पिंटू के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई करने की माँग की।

## अपर पुलिस अधीक्षक क्राइम ने परखी पुलिस लाइन परिसर की व्यवस्थाएं

- साथ ही पुलिस कर्मियों की शारीरिक दक्षता व आधुनिक वैपन सिखलाई तथा बलवा ड्रिल का कराया गया अभ्यास

**लोकमित्र ब्यूरो**



**एटा।** मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा योगेंद्र सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड में मंगलवार की परेड के दौरान सलामी के उपरान्त परेड का निरीक्षण कर उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को शारीरिक दक्षता व आधुनिक वैपन सिखलाई तथा बलवा ड्रिल का अभ्यास करा समस्त पुलिस कर्मियों को पुलिस विभाग में ड्यूटी के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनता के प्रति सदव्यवहार बनाये रखने के निर्देश दिये गये। परेड के उपरान्त अपर पुलिस अधीक्षक अपराध ने पुलिस लाइन स्थित शस्त्रागार, वर्दी स्टोर, चिकित्सालय, परिवहन शाखा, क्वार्टर गार्ड, बैरिकों, पुलिस कैंटीन, भोजनालय, बारबर शॉप आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान कुछ जगह खामियां मिलने पर प्रतिसार निरीक्षक को उनके शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया साथ ही भोजनालय आदि में बेहतर साफ-सफाई मिलने पर संबधित कर्मियों की सराहना की गयी।

उक्त मौके पर समस्त शाखा प्रभारी तथा कर्मचारीगण, डायल 112 के कर्मचारीगण, क्यूआरटी तथा प्रतिसार निरीक्षक श्री किशन लाल गौतम व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय तस्करी रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य पर सुथना बरसोला में जागरूकता निकाली गई रैली




**लोकमित्र ब्यूरो**


**तिकुनियां-खीरी।** अंतर्राष्ट्रीय तस्करी रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य पर सुथना बरसोला गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में एसएसबी,पुलिस,मानव सेवा संस्थान सहित स्कूल के बच्चें भी शामिल रहे।

मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय मानव तस्करी रोकथाम दिवस पर प्राइमरी स्कूल बरसोला खुर्द के बच्चों ने रैली निकाली। रैली में बच्चे मानव तस्करी की रोकथाम से जुड़े नारे लगा रहे थे। रैली ने पूरे गांव का भ्रमण कर जागरूकता अभियान चलाया। 70वी बटालियन बरसोला कला के निरीक्षक विवेक कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली के वापस आने पर उन्होंने इस अभियान पर अपने विचार रखते हुए कहा कि किसी को भी मानव तस्करी,नशीला पदार्थ आदि से जुड़ी कोई सूचना मिले तो उसे हम लोगो तक अवश्य पहुंचाए। रैली मे कोतवाली तिकुनिया के उपनिरीक्षक आलोक राय, हेड कांस्टेबल अनिरुद्ध मौर्या, कांस्टेबल शिवकुमार, एसएसबी 70वी बटालियन बरसोला कलां के इंस्पेक्टर विवेक कुमार, एसआई पल्लवी जग्गा,एएसआई अमित कुमार घोष, हेड कांस्टेबल संजय कुमार दुबे, अविनाश कुमार, रविंद्र सिंह,उत्तम कुमार, सुमन देवी, मानव सेवा संस्थान के सेंटर इंचार्ज , अवधेश कुमार, काउंसलर अंजली, रोमा, वालंटियर चंदा, निधि, विद्यालय के प्रधानाध्यापक ब्रजेश गौड़ ग्राम प्रधान शफीक अहमद, इमरान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## तीन सप्ताह से गायब लड़की, नहीं हुआ मुकदमा दर्ज

- हल्का दरोगा राम सुख पाण्डेय के लिये मायने नहीं रखते पुलिस अधीक्षक के आदेश
- लड़की को बहला-फुसलाकर घर से भगा ले जाने का आरोप, 24 दिन बाद मुकदमा दर्ज
- 21 वर्षीय लड़की हुई थी लापता, 24 दिन तक हल्का दरोगा का चक्कर लगाता रहा मजबूर पिता
- सामने आया हल्का दरोगा का सुस्त रवैया, तीन हफ्ते पहले लड़की घर से हुई गायब, नहीं हुई कोई कार्रवाई! एसपी से शिकायत के बाद केस दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**




**लखीमपुर-खीरी।** महिला एवं बाल अपराधों के प्रति विशेष संवेदनशील पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा पीड़ित पक्ष के संवेदनापूर्वक शीघ्र कार्यवाही के निर्देश समय-समय पर सभी मातहतों को दिये जाते रहते हैं जिसके बावजूद भी कई मामलों में बेहतर तरीके से कार्यवाही नहीं हो पा रही है भले ही सरकार पुलिस महकमे और नागरिकों को हर सुविधा उपलब्ध कराने का दावा कर रही हो, लेकिन सुशासन की पुलिसिया कार्यशैली पर उप निरीक्षक रामसुख पाण्डेय की कार्यशैली से सवालिया निशान उठ रहे हैं।

आपको बता दें कि यह मामला बीती रात 05 जुलाई 2024 तारीख का है जहां थाना क्षेत्र फूलबेहड के सरवा टापर निवासी असगर पुत्र छोटकन्न ने बताया के उनकी लड़की 05 जुलाई से लापता है जिसकी लिखित सूचना पुलिस को भी दी गई है किंतु काफी दिनों तक हल्का दरोगा जी दौड़ाते रहे आजकल-आजकल करते हुए चक्कर लगवाते रहे किन्तु अभी तक न लड़की बरामद की गई न ही किसी से पूछताछ की गई हालांकि पीड़ित पिता की बातों से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि हल्का दरोगा राम सुख पाण्डेय महिला अपराध को लेकर कितना संजीदा है।

पीड़ित पिता बताया कि मेरी बेटी 05 जुलाई 2024 की बीती रात पेशाब के लिए गई किन्तु काफी समय तक वापस नही आई तब पूरा परिवार खोजने लगा किन्तु काफी खोजबीन के बाद भी लड़की का अता पता नहीं चला पीड़ित पिता ने लिखित तहरीर मे बताया कि लोगों से जानकारी मिली कि बांध पर रह रहे शिव बालक का साला निवासी ग्राम फुटहा थाना भीरा जनपद खीरी लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया मेरी लड़की को भगवाने में गांव की एक महिला व एक व्यक्ति का पूरा हाथ है।

हालांकि पीड़ित हल्का दरोगा राम सुख पाण्डेय पर गम्भीर आरोप लगाए कि दारोगा जी तहरीर लेकर तीन सप्ताह तक गणेश परिक्रमा करवाते रहे किन्तु कार्यवाही शून्य रही हालांकि पीड़ित पिता हल्का दरोगा राम सुख पाण्डेय की सुस्त कार्यशैली व लापरवाही से आजिज होकर 24 दिन बाद पुलिस अधीक्षक खीरी से न्याय की गुहार लगाते हुए मीडिया से अपनी पीड़ा बताई हालांकि प्रभारी निरीक्षक फूलबेहड़ आलोक धीमान तत्काल पीड़ित पिता को फूलबेहड कोतवाली बुलाकर तहरीर के आधार पर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हैं लड़की को बरामद व आरोपित पर विधिक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## डीएम की अध्यक्षता में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत धान खरीद की समीक्षा सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**



**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत धान खरीद की समीक्षा बैठक की गई। डीएम ने समीक्षा के दौरान जनपद में वर्तमान विपणन वर्ष हेतु जिला खरीद अधिकारी के रूप में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को नामित किया गया। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि जिले में इस वर्ष धान खरीद हेतु 26 केन्द्र बनाये जायेंगे। इस वर्ष धान खरीद का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये प्रति कुंतल (कॉमन धान) एवं 2320 रूपये प्रति कुंतल (ग्रेड-ए) भारत सरकार द्वारानिर्धारित किया गया। धान खरीद शासन के निर्देशानुसार जनपद में 01 अक्टूबर से शुरू की जाएगी। डीएम ने कहा कि धान खरीद हेतु खाद्य विभाग, सहकारिता, पीसीयू, पीसीएफ, मण्डी, भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर किसानों से सम्पर्क किया जाए। किसानों के साथ बैठक कर उन्हें खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीयन हेतु प्रेरित किया जाए।

क्योंकि शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि जिन किसानों को पंजीयन पोर्टल पर होगा, उन्हीं किसानों से धान खरीद हो सकेगी। इसलिए प्रथम दृष्टया किसानों का अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराने हेतु किसान पाठशालाओं का भी युद्ध स्तर पर आयोजन कर पंजीयन हेतु प्रेरित किया जाए।

जिससे कि अधिक से अधिक संख्या में किसान खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराकर अपने धान की विक्री जनपद में निर्धारित केन्द्रों पर कर सकें और न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ ले सकें। डीएम ने समीक्षा बैठक में मौजूद खाद्य विभाग, सहकारिता, पीसीयू, पीसीएफ, मण्डी, भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान खरीद हेतु अभी से तैयारियां शुरू कर दें। जहां भी जिस क्षेत्र में जाएं किसानों से सम्पर्क अवश्य करते हुए उन्हें पंजीयन हेतु प्रेरित करें। इसके साथ ही जनपद में धान खरीद हेतु अनुमोदित किए गए केन्द्रों की सूची भी उपलब्ध कराई जाए, जिससे कि नजदीकी केन्द्र पर जाकर अपने धान की विक्री कर सकें। धान क्रय केन्द्रों पर शासन की मंशानुसार किसानों के बैठने, छाया, पीने के पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष रूप से फोकस किया जाए। बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी नन्द किशोर, एआर कॉपरेटिव सतीश चन्द्र, मण्डी सचिव अरूण कुमार, भारतीय खाद्य निगम के डिपो प्रबंधक फैलाराम, जिला प्रबंधक पीसीएफ, जिला प्रबंधक पीसीयू, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## हजरत मोहम्मद इलाही शहीद बाबा रहमतुल्लाह अलैह का 100 वाँ सालाना उर्स हुआ सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मयाबाज़ार -अयोध्या।** गोशाईगंज नगर के उत्तरी छोर पर रेलवे लाइन के किनारे शहीदवारी मोहल्ले में स्थित हज़रत मोहम्मद इलाही शहीद बाबा रहमतुल्लाह अलैह के आस्ताने पर सोमवार को सालाना उर्स जश्न के माहौल में धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सुबह कुरानख्वानी, ग़ुस्ल, सन्दल व, चादरपोशी, गागर शरीफ, नजरों- नियाज़ वा लंगरे - आम देर रात तक चलता रहा। तथा कव्वाल सुल्तान साबरी जौनपुरी और कव्वाला उज्मा नाज़ अयोध्या के बीच पूरी रातभर जवाबी कव्वाली का शानदार मुकाबला चलता रहा।और अन्त में सुबह 4 बजकर 13 मिनट पर कुलशरीफ का प्रोग्राम सम्पन्न हुआ। जिसमें जिगिनियाँ सरजमीं आस्ताने के ख़ादिम मास्टर मुबारक़ अली इदरीशी, खादिमे - खास मोहम्मद कैफ इदरीशी, अय्यूब वारसी , हाफ़िज़ वा कारी नियाज़ अहमद, हाफ़िज़ वासिद अली,जुम्मन अली, मन्टू, इरफान अली , वा मोहम्मद अरमान सहित बड़ी संख्या में लोगों ने मुल्क में अमन चैन कायम रहने वा मुल्क की सलामती के लिये दुआयें माँगी।

## गोसाईगंज डाकघर में आधार कार्ड न बनाए जाने से क्षेत्रीय जनमानस परेशान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमसिन-अयोध्या।** गोसाईगंज डाकघर में आधार कार्ड न बनाए जाने से क्षेत्रीय जनमानस परेशान है इस भयंकर गर्मी में चार-पांच दर्जन बच्चे बूढ़े महिलाएं आधार कार्ड बनवाने के लिए प्रतिदिन डाकघर का चक्कर लगाकर वापस लौट जाते हैं लगभग दो माह से आधार कार्ड बनाने वाली मशीन खराब है मशीन को ठीक करने के लिए मुख्य डाकघर भेजा गया है परंतु अभी तक ना तो मशीन को ठीक करवाया गया ना ही दूसरी मशीन गोसाईगंज डाक घर में आधार कार्ड बनाने के लिए भेजा गया। प्रवर डाक अधीक्षक अयोध्या से वार्ता पर उन्होंने बताया कि एल टू का मैटर था, देखते हैं पता करवाते हैं, फिर उसको ठीक करवाते हैं। नगर पंचायत गोसाईगंज के पूर्व सभासद देवी प्रसाद गुप्ता भाजपा नेता प्रशांत गुप्ता समाजसेवी अजय गुप्ता आदि ने जनहित में तत्काल गोसाईगंज डाकघर में आधार कार्ड बनाने की व्यवस्था करने की मांग की है।

## कंपोजिट विद्यालय में अनियमितताओं का बोलबाला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमानीगंज -अयोध्या।** स्थानीय विकासखंड अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय ढोली आसकरन में अव्यवस्थाओं एवम् अनियमितताओं का बोलबाला है शासन की सख्ती के बावजूद विभागीय अधिकारियों की लचर कार्य प्रणाली से यहां के अध्यापकों के मनमानी जारी है इस विद्यालय में कुल 13 अध्यापक दो शिक्षामित्र तथा तीन अनुदेशक कार्यरत है जो कभी भी समय से विद्यालय नहीं आते हैं देर से आना जल्दी जाना बारी बारी गायब होना उनकी दिनचर्या हो गई है इस विद्यालय के अध्यापकों के लापरवाही का आलम यह है की उपस्थिति पंजिका में एक दूसरे का हस्ताक्षर भी बनाते हैं विद्यालय के कुछ अध्यापक जिला मुख्यालय से प्रतिदिन विद्यालय आते जाते हैं जो कभी भी समय से विद्यालय नहीं पहुंचते इसके बावजूद उपस्थिति पंजिका पर समय अनुकूल हस्ताक्षर करते हैं अध्यापकों की मनमाने पन से विद्यालय में छात्रों की संख्या प्रतिवर्ष घटती चली जा रही है इसलिए पिछले कुछ वर्षों में छात्र संख्या 450 से 500 के बीच थी जो वर्तमान में 250 से भी कम हो गई है फिर भी जिम्मेदारों की आंखों पर पट्टी बंधी हुई है उक्त संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या से बात करने का प्रयास किया गया परंतु मोबाइल पर पहुंच से बाहर है जवाब मिलता रहा।

## ग्राम समाधान दिवस में अपात्रों के राशन कार्ड निरस्त करने का निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पूरा बाजार -अयोध्या।** ग्राम मड़ना में ग्राम समाधान दिवस पर सरकार जनता के द्वार के तहत चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनकर समाधान किया गया जिला कृषि अधिकारी ओ पी मिश्रा सहित एक दर्जन विभाग के अधिकारियों एव कर्मचारियों ने चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुना ।ग्रामीणों ने समस्याओं में मुख्य रूप से कहा कि अधिकतर राशन कार्ड अपात्रों का बना दिया गया है वे उसका दुरुपयोग कर रहे हैं इसलिए जिन्हें राशन कार्ड की आवश्यकता है उनके लिए अपात्रो का राशन कार्ड निरस्त कर पात्रों का राशन कार्ड बनाया जाए जिला कृषि अधिकारी ने दूरभाष पर जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्रा को बताया कि ग्राम मडना में चौपाल लगाकर जांच कराके अपात्रों का राशन कार्ड निरस्त कर पात्रों का राशन कार्ड बनाया जाए जिससे पात्र उसका लाभ ले।

समाधान दिवस में चार शिकायते आई जिसमें एक का निस्तारण हुआ तीन को जिला स्तर पर समाधान के लिए भेजा गया समाधान चौपाल में डॉ यश चौधरी डॉ विनय कुमार मिश्रा प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव कोटेदार बृजेंद्र यादव ग्राम पंचायत सचिव नीरज सिंह सरोज भारती उषा वर्मा सहित दर्जनों विभाग के कर्मचारी मौजूद थे ग्राम प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव ने गांव में चौपाल लगाकर समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों का आभार व्यक्त किया ।

## ग्राम समाधान दिवस का हुआ आयोजन,सफाईकर्मी न आने की हुई शिकायत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मवई-अयोध्या।** जिलाधिकारी के निर्देश के बाद मंगलवार को मवई ब्लाक के 10 और रुदौली ब्लाक के 18 ग्राम पंचायतों में ग्राम समाधान दिवस आयोजित हुआ।मवई ब्लाक के मवई ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत सचिव अंकुर यादव ने ग्राम पंचायत मवई के पंचायत भवन में ग्राम प्रधान ख़िताबुल निशा की अध्यक्षता में ग्राम समाधान दिवस का आयोजन कर, ग्रामीण जनता की समस्याओं को सुना, इस अवसर पर एडीओ (आइएसबी) श्रीकांत ने चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना और उनके समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का समाधान कराने का निर्देश दिया। इस दौरान मवई ग्राम पंचायत में तैनात सफाईकर्मी के द्वारा सफाई न करने को लेकर ग्रामीणों ने शिकायत किया। इसी प्रकार से लोगों ने मुख्य रूप से आवास न मिलने, हैंडपंप मरम्मत,शौचालय बनवाने, नाली, सड़क आदि की समस्या उठाई गयी।

ग्राम पंचायत सचिव अंकुर यादव ने बताया कि मौके पर तीन शिकायतें आई थी जिनके निस्तारण के लिए उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी गई है। ग्राम समाधान दिवस के मौके पर लेखपाल वेद प्रकाश,कृषि विभाग से उमाशंकर वर्मा,एएनएम प्रियंका, रेनू कुमारी,आशा बहू विमला देवी,अफसरी खातून,प्रदीप कश्यप,रज्जब अली,मनोज कुमार, संजय यादव, समसेर यादव, राहुल कसौधन, आसिफ ठाकुर, मुदस्सिर,सादाब, मन्नन, दुखरन ,छोटका आदि मौजूद रहे।

# केन्द्र व प्रदेश सरकार ने परियोजनाओं के माध्यम से अयोध्या में विकास की अभूतपूर्व गाथा लिख दी है-लल्लू सिंह

**▸▸ अयोध्या का वैभवशाली व विकसित होना कभी विपक्ष को अच्छा नहीं लगा**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व मागदर्शन में अयोध्या को देश के विकसित शहरों में एक बनाने परिकल्पना को साकार स्वरुप दिया गया है। 2014 में सांसद बनने के बाद अयोध्या को उसके वृहद स्वरुप में लाने के संकल्पों को लेकर रणनीति तैयार की गई। अयोध्या के स्वरुप को लोग जानते थे। लेकिन उसकी सांस्कृतिक सीमा 84 कोसी के बारे में श्रद्धालु व लोग परिचित नहीं थे। जिसको लेकर दिल्ली में 2019 में अयोध्या पर्व के माध्यम से वैश्विक स्तर पर इसको प्रसारित किया गया। जिसका परिणाम आज अयोध्या के सर्वांगीण विकास के रुप में जनता के सामने आया।उन्होंने बताया कि 2014 में सांसद बनने के बाद अयोध्या में राममंदिर निर्माण होने को लेकर पर्यटन सुविधाओं के विकास पर कार्य करना शुरु कर दिया गया। जिसमें वृहद स्तर पर जिले के बुद्धजीवियों, संतो व आम जनता से सुझाव लिए गये। जिसके बाद विकास की वृहद रणनीति तैयार की गई। 2015 में अयोध्या से सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कैबिनेट मंत्री नितिन गड़करी ने शिलान्यास किया। 2016 में तत्कालीन पर्यटन व संस्कृति मंत्री महेश शर्मा के द्वारा विकास की 133 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इसी वर्ष अयोध्या से जगदीशपुर फोरलेन का शिलान्यास, तत्कालीन रेल राज्यमंत्री मनोज सिन्हा के द्वारा अयोध्या बाराबंकी जफराबाद रेलवे लाईन का दोहरीकरण, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का निर्माण समेत रेलवे की कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। यह परियोजनाएं अयोध्या के विकास की महज एक शुरुआत थी। जो आने वाले समय में वृहद स्वरुप लेती गयी। जनता के सुझावों के आधार पर 2014 में विकास की डाली गई नींव आज एक इमारत का स्वरुप ले चुकी है।केन्द्र व प्रदेश सरकार ने परियोजनाओं के माध्यम से अयोध्या में विकास की अभूतपूर्व गाथा लिख दी है। विकास के पथ पर अयोध्या को अग्रसर करने की परिकल्पना में श्रद्धालुओं के साथ यहां के संतो व आम जनता की अपेक्षाओं को समाहित किया गया। इसके लिए केन्द्र सरकार के दो व वर्तमान कार्यकाल एवं प्रदेश सरकार के पिछले व वर्तमान कार्यकाल में संतो व जनता की अपेक्षाओं को निरंतर सम्बंधित विभाग, मंत्रालय के पटल पर रखने का कार्य किया गया। जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। आज अयोध्या आने वाला श्रद्धालु व पर्यटक पिछले कुछ वर्षो के दौरान अयोध्या में हुए परिवर्तन को महसूस कर रहा है व अपने गृह क्षेत्र वापस जाकर इसकी तारीफ कर रहा है।

उन्होंने बताया कि विपक्ष ने कभी सकारात्मक राजनीति नहीं की। केवल गुमराह करने की राजनीति को अपना आधार बनाते हुए जनता के सामने गलत आंकड़े प्रस्तुत किए। अयोध्या का वैभवशाली व विकसित होना कभी विपक्ष को अच्छा नहीं लगा। विकास के पथ गतिशील अयोध्या के मार्ग पर हमेशा रुकावटे लाने का कार्य विपक्ष ने किया। विपक्ष की इस साजिश का जवाब जनता के



बीच किये कार्यो व विकास को लगातार गतिशील बनाते हुए दिया जाएगा। विकास की कोई परियोजना की गति को मंद नहीं पड़ने दिया जाएगा। सभी परियोजनाएं अपने समय पर पूर्ण होंगी व जनता को समर्पित की जाएगी। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं, यहां के संत व जनता की अपेक्षाओं को लगातार आगे पहुंचाया जाएगा। जिससे अयोध्या के विकास में सभी के सुझावों को सम्मलित होने का सिलसिला थमने न पाये। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार के पिछले दो व वर्तमान कार्यकाल एवं प्रदेश सरकार के कार्यकालों में किए विकास के कार्य निम्नलिखित है।


### सरकार द्वारा किये गये विकास के कार्य

1.अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन प्रथम फेज-241 करोड़,द्वितीय फेज-480 करोड़, 2. महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा-1175 करोड़, 3- राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज दर्शननगर अयोध्या-245 करोड़,4.राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज दर्शननगर अयोध्या में ट्रामा सेण्टर का निर्माण- 33.10 करोड़,5. अयोध्या जगदीशपुर फोरलेन मार्ग का निर्माण-1530 करोड़ 6. क्रासिंग संख्या- 105 सूर्यकुण्ड, 107 दर्शननगर, 108॒ अयोध्या दर्शननगर मार्ग, 108॒ष्ट पंचकोसी परिक्रमा मार्ग, 111 टेढ़ी बाजार, 112 बड़ी बुआ, 118 लालबाग, 121 मोदहा तथा 156 दरियाबाद पर रेल उपरिगामी सेतु (ऋह्वक्क) का निर्माण- 725.61 करोड़,7. ष्टढ्ढक्कश्व्र (सीपेट कॉलेज) का निर्माण- प्रथम फेज 39.60 करोड़,8. अयोध्या के रूदौली में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज का निर्माण- 49 करोड़,9. पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की स्वदेश दर्शन स्कीम से 133 करोड़ से अयोध्या बस अड्डा का निर्माण, गुप्तारघाट व लक्ष्मणघाट का निर्माण तथा राम की पैड़ी का सौन्दर्यीकरण10. अयोध्या में लालडिग्गी/सन्ध्या कुण्ड, ब्रहमकुण्ड, मनुमनि कुण्ड, विद्याकुण्ड, दशरथकुण्ड, अग्निकुण्ड, सीताकुण्ड तथा खजुआकुण्ड सहित अन्य कुण्डों का सौन्दर्यीकरण व विकास,11. विल्हरिघाट में कोल साइडिंग का निर्माण- 39 करोड़12. सलारपुर में माल साइडिंग का निर्माण-130.83 करोड़,13. बाराबंकी-अयोध्या-अकबरपुर-जफराबाद रेलवे ट्रैक का दोहरीकरण- 1792.44 करोड़,14. अमृत भारत स्टेशन स्कीम से दर्शननगर, भरतकुण्ड व रामघाट हाल्ट का निर्माण- 44 करोड़15. रामपथ, भक्तिपथ, रामजन्मभूमिपथ व धर्मपथ का निर्माण- लागत लगभग 1000 करोड़,16. टेढ़ी बाजार, कौशलेश कुंज, जलकल अमानीगंज व कचेहरी अयोध्या के पीछे पार्किंग व जनसुविधा का निर्माण- लागत लगभग 90 करोड़17. सूर्यकण्ड का विकास व सौन्दर्यीकरण- लागत 23.81 करोड़,18.गुप्तारघाट का विकास व सौन्दर्यीकरण पार्क व पार्किंग- लागत 54.79 करोड़,19.रूदौली में अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण-लागत 66.44 करोड़,20. अयोध्या-अकबरपुर-वाराणसी फोरलेन मार्ग का निर्माण - लागत 725 करोड़,21.चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग का 4-लेन निर्माण- लागत 1140.24 करोड़,22 पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का 4-लेन निर्माण-लागत 773.22 करोड़,23. एनएच-27 से मोहबरा बाजार होते हुए टेढ़ीबाजार तक 4-लेन मार्ग का निर्माण- लागत 44.98 करोड़,24. एनएच-330 से हवाई अड्डा तक 4-लेन मार्ग का निर्माण- लागत 20 करोड़,25. ग्रीनफील्ड टाउनशिप (नव्य अयोध्या) क्षेत्रफल 119.4 एकड़- लागत 3000 करोड़,26. अयोध्या से दशरथ समाधि स्थल होते हुए अयोध्या-अकबरपुर मुख्य मार्ग तक 4-लेन मार्ग का चौड़ीकरण।,27. एबी बन्धा का निर्माण-,28. सीएसआर फण्ड से देश का पहला मंदिर संग्रहालय बनेगा। जिसके लिए सरकार जमीन देगी। 650 करोड़ मंदिर संग्रहालय निर्माण पर सीएसआर फण्ड से एवं 100 करोड़ टाटा सन्स करेगी।,29. 28000 घरों को सीवेज सिस्टम से जोड़ा जायेगा, इसके लिए 351 करोड़ रूपये खर्च होंगे।30. 6 प्रवेश द्वारों और सार्वजनिक सुविधाओं का निर्माण-लागत 73.40 करोड़।

प्रस्तावित कार्य

1. अयोध्या कैण्ट रेलवे स्टेशन का नवनिर्माण,2. अयोध्या कैण्ट से प्रयागराज रेलवे ट्रैक का दोहरीकरण,3. अयोध्या कैण्ट से लालगंज-रायबरेली नई रेलवे लाइन का निर्माण। अयोध्या से प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग 330 का 6-लेन चौड़ीकरण। महाकुम्भ 2025 के बाद।

## अवध विवि में बीपीएड व एमपीएड प्रवेश के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षण सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की बीपीएड एवं एमपीएड प्रवेश के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षण सोमवार की शाम परिसर के मैदान में संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित बीपीएड व एमपीएड के प्रवेश शारीरिक दक्षता परीक्षण में बीपीएड में 578 के सापेक्ष 268 व एमपीएड में 282 में से 189 छात्र-छात्राओ ने दक्षता परीक्षण दिया। प्रवेश परीक्षा के सहायक समन्वयक डॉ. त्रिलोकी यादव ने बताया कि परिसर में बीपीएड एवं एमपीएड का प्रवेश के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षण दो दिवस में संपादित किया गया, जो सोमवार की शाम तक चला। यह प्रवेश शारीरिक दक्षता परीक्षण बाह्य विशेषज्ञ डॉ. नीरज जैन, डॉ. भास्कर शुक्ल एवं विषय विशेषज्ञों में डॉ. अनिल कुमार मिश्र, डॉ. कपिल कुमार राणा, डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ. अनुराग पांडे, कुमार मंगलम सिंह, स्वाति उपाध्याय, मोहनी पांडे, संघर्ष कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार वर्मा एवं कर्मचारियों की देखरेख में सम्पन्न हुई। मौके पर आवासीय प्रवेश समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, सह समन्वयक डॉ0 अनिल कुमार, डॉ. महेंद्र कुमार सिंह डॉ. अंकुर श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायतो के पंचायत भवन पर आयोजित हुआ ग्राम समाधान दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बीकापुर - अयोध्या।** ग्रामीणों की शिकायत और समस्या का गांव स्तर पर ही त्वरित निस्तारण के लिए मंगलवार को रोस्टर के अनुसार बीकापुर विकासखंड क्षेत्र के 16 बड़ी ग्राम पंचायतो के पंचायत भवन पर ग्राम समाधान दिवस का आयोजन किया गया। विकासखंड के तोरो माफी, रामपुर भगन, असकरनपुर, रसूलपुर, मंगारी, गुधौर, पातूपुर, खजुरहट, कोदैला, मलेथू कनक, कोछा, असरेवा, बैतीकला, भैरोपुर टिकरा, सराय भनौली, बछराम पुर, पंचायतो में ग्राम समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसके लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए थे। कई जगह पर राजस्व कर्मी मौजूद नहीं मिले। गुंधौर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम समाधान दिवस के नोडल अधिकारी डीएफओ प्रणव जैन द्वारा शिकायतों को सुना गया। इस दौरान मात्र तीन शिकायत आई। नोडल अधिकारी द्वारा समस्या के निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी भीम सिंह रौनक, ग्राम



प्रधान और पंचायत कर्मी मौजूद रहे। तोरो माफी ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम चौपाल में नोडल अधिकारी सहायक विकास अधिकारी आईएसबी बद्रीनाथ पांडे, पंचायत अधिकारी नसीम खान द्वारा शिकायतों को सुना गया इस मौके पर प्रधान अहमद रजा सहित राजस्व कर्मी एवं पंचायत कर्मी मौजूद रहे। रामपुर भगन ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम चौपाल में नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त सहकारिता द्वारा लोगों की शिकायतों को सुना गया। इस दौरान प्रधान बलवंत सिंह राजस्व कर्मी और पंचायत कर्मी मौजूद रहे। पातू पर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर आयोजित समाधान दिवस के दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। यहां 36 शिकायतें आई। जिसमें 30 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। किसान सम्मन निधि से संबंधित कर्मियों को तत्काल दुरुस्त किया गया। अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए आश्वासन दिया गया। यहां नोडल अधिकारी उपमुख पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शांति प्रकाश द्विवेदी, प्रधान मुकुल आनंद सहित पंचायत कर्मी मौजूद रहे। असरेवा ग्राम पंचायत में नोडल अधिकारी एडियो पंचायत रवींद्र वर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी राजकुमार यादव द्वारा शिकायत को सुना गया। इस मौके पर प्रधान सूर्यभान यादव सहित पंचायत कर्मी मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी ध्रुव खड़िया द्वारा भैरवपुर टिकरा ग्राम पंचायत में समाधान दिवस के दौरान शिकायत को सुना गया। अन्य कई ग्राम पंचायत में भी ग्राम समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम समाधान दिवस में अधिकतर शिकायतें आवास, जल निकासी की नाली, शौचालय, किसान सम्मन निधि और राजस्व मामले से संबंधित आई। पंचायत विभाग से संबंधित अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया है।

## अवध विविः बीएड व एमएड की मुख्य परीक्षा शुरू



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की बीएड व एमएड मुख्य परीक्षा सोमवार को सात जिलों के 23 परीक्षा केन्द्रों पर शुरू हुई। विश्वविद्यालय की दो पालियों की परीक्षा में सचलदल द्वारा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। वहीं दूसरी ओर परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने विश्वविद्यालय परिसर के प्रचेता भवन केन्द्र का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर केन्द्राध्यक्ष डॉ0 डीएन वर्मा व अन्य मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय के 23 केन्द्रों पर बीएड व एमएड परीक्षा शुरू हो गई, जिनमें 37 हजार परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे। कुलपति के निर्देश पर परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सचलदल द्वारा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। प्रथम दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न हुई ।

## रजिस्ट्रार, फर्म्स सोसाइटीज एंड चिट्स से माननीय उच्च न्यायालय ने मांगा स्पष्टीकरण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एंड चिट्स पर उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना पर स्पष्टीकरण मांगा गया है । माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 11/03/2024 के जारी आदेश में प्रकरण को 8 हफ्ते में निस्तारित करने का निर्देश जारी किया गया था , कई महीने बीत जाने एवम कार्यालय द्वारा तारीख पर तारीख लगने पर याचक ने माननीय उच्चन्यायालय में जारी किए गए आदेश को लेकर प्रार्थना की तो माननीय उच्च न्यायालय द्वारा रजिस्ट्रार पर आदेश की अवहेलना पर निर्देश जारी कर दो हफ्ते के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है । याचक विवेक कुमार गोयल ने बताया कि हमारे बाबा द्वारा सन 1955 से बसंत लाल विद्यालय ट्रस्ट से वर्तमान बसंत लाल इंटर कॉलेज स्थापित व संचालित है। जिसमें ट्रस्ट मेंबर दिनेश गोयल व उनके सहयोगियों द्वारा कूटराचित तरीके से एक अन्य समान नाम की सोसायटी बसंत लाल इंटर कॉलेज एजुकेशनल व वेलफेयर सोसाइटी का पंजीकरण कार्यालय से करा , कूटरचित सोसाइटी से विद्यालय का संचालन कर रहे है ,जो पूर्णतया गलत है ,इसकी जानकारी सन 2021 में होने पर मैने कई बार रजिस्ट्रार कार्यालय अयोध्या को सूचित किया , कोई कार्यवाही ना होने पर माननीय उच्चन्यायालय की शरण ली तब प्रकरण का संज्ञान लेते हुए उच्चन्यायलय द्वारा 11/03/2024 को 8 सप्ताह में विपक्षी को सुनकर प्रकरण का निस्तारण का आदेश जारी किया , रजिस्ट्रार द्वारा कई बार पत्र पर विपक्षी स्वयं हाजिर नहीं हुए, और तारीख पर तारीख लगाई गई , नियमानुसार यदि कोई संस्थान ट्रस्ट से संचालित है तो उस पर कोई अन्य समिति या कमेटी बलात कब्जे संचालित नहीं की जा सकती है , दिनेश गोयल व उनके सहयोगियों ने षड्यंत्र रच कूटरचित तरीके से ट्रस्ट की चल अचल संपत्ति पर कब्जा करने के उद्देश्य से अन्य सोसायटी का रजिस्ट्रेशन करा लिया। यह कूटरचित सोसायटी , सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के नियम 12ष्ठ के अनुसार पूर्णतया निरस्तीकरण योग्य है , कई बार रजिस्ट्रार के समक्ष प्रस्तुत होने व निवेदन करने पर भी अधिकारी द्वारा तारीख पर तारीख लगाई गई । रजिस्ट्रार माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते रहे, निराश व हताश हो मैंने दोबारा न्यायालय की शरण ली और माननीय द्वारा आदेश की अवमानना को लेकर रजिस्ट्रार को 2 सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण देने का निर्देश जारी किया गया है ।

## मण्डलायुक्त ने गुप्तारघाट के सौंदर्यीकरण के कार्यों का किया भौतिक निरीक्षण

**▸▸ संबंधित अधिकारियों को तीव्र गति से कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने साकेत सदन में यू0पी0पी0सी0एल0 द्वारा कराये जा रहे जीर्णोद्धार के कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान पूर्व से निर्मित ऐतिहासिक भवन में सुर्खी चूना से कराये जा रहे कार्यो का अवलोकन किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को ऐतिहासिक धरोहर को सजोते हुए कार्य को तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण परिसर में स्ट्रीट लाइट सहित अन्य लाइटों में 3000 केल्विन वाली वॉर्म लाइट का ही प्रयोग किया जाय। उन्होंने साकेत सदन की रिटेनिग वाल को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए रामायण कालीन आकृतियों के म्यूरल्स आदि के प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश दिये तथा परिसर के पाथ-वे में निर्धारित पैटर्न के अनुसार टाईलो में आकर्षक ग्रूव काटते हुये बनाने के निर्देश दिये। इस दौरान यूपीपीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत



कराया गया कि साकेत सदन के जीर्णोद्धार का 48 फीसदी कार्य कर लिया गया है, शेष कार्यो को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर लिया जायेगा। अगले चरण में मण्डलायुक्त ने बंधा मार्ग पर सरयू नदी के दाये तट पर गुप्तारघाट व राजघाट के मध्य नये पक्के घाटों एवं पूर्व निर्मित घाटों पर पुनरोद्धार के कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यू0पी0पी0सी0एल0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को घाट के अलावा शेष बची जमीन पर वाहन पार्किग बनाने के निर्देश दिये तथा घाट के सौंदर्यीकरण के कार्यो को पूर्ण गुणवत्ता के साथ दिसम्बर 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। सम्बंधित प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि प्रस्तावित 300 मीटर घाट की सीढ़ियों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और सीढ़ियों पर पत्थर लगाने का कार्य प्रगति पर है। अगले चरण में मण्डलायुक्त ने यू0पी0पी0सी0एल0 द्वारा गुप्तारघाट में कंपनी गार्डन के सामने गुप्तारघाट के सौंदर्यीकरण के तृतीय चरण के कार्यो का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जन सुविधाओं के लिए बने आकृतियों की दीवालों में निर्धारित पैटर्न का अनुसरण करते हुए ग्रूव काटने के निर्देश दिये तथा लगाये जाने वाले पत्थरों में समुचित क्लैडिंग करते हुए फिनिशिंग के कार्यो को बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने आकर्षक छोटे पौधों के साथ ही परिसर में अमलतास,जकरंदा,आफिकन ट्यूलिप तथा बाउण्ड्रीवाल के साथ साथ बोगनवेलिया के पौधे लगवाने के लिए कहा। सम्बंधित प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि प्रस्तावित सौन्दर्यीकरण के कार्यो के अन्तर्गत टायलेट ब्लाक, कैफेटेरिया, ओपेन एयर थियेटर, राम सेतु, राम दरबार, रावण वध स्टैच्यू, हनुमान स्टैच्यू, जटायु स्टैच्यू, मेडिटेशन सेंटर, सीता कुटिया/पम्परूम, वशिष्ठ आश्रम, पार्किंग एरिया का विकास कार्य सहित अन्य कार्य कराये जाने है। वर्तमान में कार्य की प्रगति 45 फीसदी है जिसको मार्च 2025 तक पूरा कर लिया जायेगा। अगले चरण में मण्डलायुक्त ने यू0पी0 पी0सी0एल0 द्वारा राम की पैड़ी पर कराये जा रहे सौन्दर्यीकरण के कार्यो का अवलोकन किया तथा सभी कार्यो को पूर्ण गुणवत्ता एवं अच्छी फिनिशिंग के साथ दीपोत्सव के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये। अन्त में मण्डलायुक्त ने सेतु निगम के अधिकारियों के साथ रेलवे सम्पार 108 ए0सी0 हलकारा का पुरवा व दर्शननगर रेलवे सम्पार के कार्यो का निरीक्षण कर पूर्ण गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# सरकारी स्कूलों की भांति निजी माध्यमिक कर्मचारियों को मिले सम्मानजनक मानदेय- रीता

## डीआईओएस कार्यालय पर माध्यमिक वित्तविहीन संघ ने धरना प्रदर्शन



**बलरामपुर।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ वित्त विहीन गुट की जिला इकाई ने निजी माध्यमिक स्कूलों की समस्याओं को लेकर डीआईओएस कैंपस में धरना प्रदर्शन किया है निजी विद्यालयों के शिक्षकों के साथ संघ पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री संबोधित जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद को 10 सूत्री ज्ञापन सौंपा है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट की प्रांतीय सचिव रीता चौधरी की अगवाई में जिला विद्यालय निरीक्षक कैंपस में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया धरना प्रदर्शन में संघ के पदाधिकारी के साथ जिले के निजी माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक समस्याओं के समाधान को लेकर शामिल हुए हैं प्रांतीय सचिव ने कहा कि निजी माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालय बच्चों के शिक्षार्थ कार्य में जुड़े हुए हैं उन्हें देश हित में नियंत्रण आगे बढ़ा रहे हैं ऐसे में उनको भी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की बात सुविधा मिलनी चाहिए उन्होंने कहा कि निजी माध्यमिक विद्यालय संचालन में विभिन्न तरह की समस्याएं आती हैं जिसे प्रबंधक प्रधानाचार्य कोई से गुजरना पड़ता है सरकार भी सरकारी स्कूलों की भर्ती निजी माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक कर्मचारियों की समस्याओं से रूबरू होकर समाधान करें प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष चंद्रभान वर्मा ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि निजी माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक कर्मचारियों की समस्याओं को सरकार को गंभीरता से समाधान करना होगा संघ पदाधिकारी ने समस्याओं को लेकर सीएम संबोधित 10 सूत्री ज्ञापन जिला विद्यालय शिक्षक मृदुला आनंद सौंपा है। ज्ञापन में मुख्य रूप से निजी माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षक कर्मचारियों का सेवा नियमावली बनाया जाए शिक्षक कर्मचारियों को सम्मानजनक मानदेय दिया जाए नवीन मान्यता की शर्तों को समाप्त कर पुरानी मान्यता पर माध्यमिक स्कूलों की मान्यता दी जाए। कक्षा 9 एवं 11वीं के कस्टर्ड छात्रों का ₹10 प्रति छात्र विद्यालय को वापस किया जाए परिषदीय अध्यापकों के ऑनलाइन हाजिरी को तत्काल वापस लिया जाए सरकारी कर्मचारी का पुरानी पेंशन बहाल किया जाए तदर्थ शिक्षकों को समायोजित किया जाए मदरसा को बंद करने का आदेश वापस लिया जाए आदि मांग शामिल है इस दौरान शैलेंद्र कुमार अजय वर्मा प्रहलाद सुरेश उमेश कुमार चौधरी पहलाद संगीता चौधरी अर्जुन कुमार प्रदीप शुक्ला राजू कुमार पांडेय ,दिनेश कुमार, रवि कुमार रामसागर आदि निजी माध्यमिक स्कूलों के शिक्षक कर्मचारी शामिल रहे हैं।

> सीएम संबोधित 10 सूत्री ज्ञापन डीआईओएस को सौंपा

### 5 साल में 4 करोड़ युवाओं को मिलेगी नौकरीः शंकर गिरि

**सुल्तानपुर।** भाजपा प्रदेश मंत्री शंकर गिरि ने पयागीपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस में वित्तीय वर्ष 2024- 25 के पूर्ण बजट की सराहना करते हुए कहा यह बजट मजबूत भविष्य व विकसित भारत की गारंटी है। उन्होंने कहा बजट में सरकार ने 5 साल में 3 करोड़ गरीबों के लिए नए घर बनाने का संकल्प लिया है।5 साल में 4 करोड़ युवाओं को नौकरियां व रोजगार मिलेंगे। महिलाओं को 3 लाख करोड़ व युवाओं के रोजगार सृजन के लिए 2 लाख करोड़ की सौगात दी गई है। सरकार ने 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की गारंटी दी है।इंफ्रास्ट्रक्चर पर 11.11 लाख करोड़ खर्च करना बताता है कि देश विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है।उन्होंने कहा 2047 तक विकसित भारत बनाने की नींव डालने वाला बजट है। यह बजट सबका साथ-सबका विकास को चरितार्थ कर रहा है। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने केन्द्रीय बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा केंद्रीय बजट से प्रदेश 3 ट्रिलियन इकोनामी के संकल्प को हासिल करेगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, विजय त्रिपाठी, घनश्याम चौहान, संदीप सिंह, राजेश सिंह, चन्दन नारायन सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, अरूण द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# हेपटाइटिस के विरूद्ध जंग जारी, 2030 तक समूल नाश करने का लक्ष्य-डां.विवेक कुंवर

## विश्व में 1.34 करोड़ हेपटाइटिस संक्रमितों की संख्या :डां एसके पांडेय



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** विश्व में हेपटाइटिस के मरीजों की संख्या जितनी तेजी के साथ बढ़ रही है, उतनी ही तेजी के साथ इस बीमारी को नियंत्रित करने का विश्व स्तर पर प्रयास भी किया जा रहा है, इसके लिए जनपद में गोष्ठियां आयोजित की जा रही है। एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम बनाकर हेपटाइटिस ए.बी सी.डी.और ई संक्रमित मरीजों का इलाज किया जा रहा है। बीते सोमवार को मेडिकल कॉलेज में मुख्य चिकित्साधिक्षक डां.एसके गोयल और ब्लडबैंक प्रभारी डां.आरके मिश्रा की मौजूदगी में हेपटाइटिस बीमारी के रोकथाम को लेकर एक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें डां.विवेक कुंवर नोडल प्रोग्राम, डां.एसी गुप्ता नोडल उपचार और डां.एसके पांडेय नोडल जांच मौजूद रहे,डां एसी गुप्ता ने बताया कि जिले में हेपटाइटिस संक्रमितों की संख्या 58 है। जिसमें हेपटाइटिस-बी 35 और हेपटाइटिस-सी 23 का उपचार किया जा रहा है, वही डां.एसके पांडेय ने बताया की विश्व में हेपटाइटिस संक्रमित मरीजों की संख्या 1.34 करोड़ पहुंच गई है। डां.पांडेय ने बताया कि इसपर नियंत्रण के लिए विश्व स्तर पर काम हो रहा है। मुख्य चिकित्साधिक्षक डां.एसके गोयल ने अपने संबोधन में कहाकि 28 जुलाई को हम विश्व हेपटाइटिस-डे के रूप में मनाते है, उन्होनें कहाकि हमें लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संकल्पित भी होना होगा तभी हम भारत देश से हेपटाइटिस बीमारी को खत्म कर सकते है। वहीं ब्लडबैंक प्रभारी आरके मिश्रा ने कहाकि हेपटाइटिस संक्रमण के कई प्रकार है, जिनमें कुछ अधिक घातक होते है, इसके लिए प्रचार-प्रसार और जनजागरण बहुत आवश्यक है।

अंत में नोडल प्रोग्राम डां.विवेक कुंवर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए संगठित प्रयास की बात कही।

> जनपद में हेपटाइटिस-बी के-35 और हेपटाइटिस-सी-23 कुल 58 मरीज है-डां.एसी गुप्ता

# भीषण गर्मी को देखते हुए बेसिक स्कूलों के समय परिवर्तन की मांग

## विशिष्ट बीटीसी संघ प्रतिनिधि ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**बलरामपुर।** मंगलवार को विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन जिला इकाई प्रतिनिधि मंडल ने भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय परिवर्तन को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से अनुरोध किया है कि स्कूल टाइम में ग्रामीण क्षेत्र की बिजली कटौती चरम पर है वहीं स्कूलों में पंखे पर्याप्त नहीं है उमश भरी गर्मी में बच्चों को पर्याप्त मात्रा में बैठने के लिए डेक्स बेंच की व्यवस्था नहीं है चटाई पर बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। कमरे में लगी ऊंची खिड़कियां जमीन पर बैठ कर पढ़ाई करने वाले बच्चों को हवा देने में विफल साबित हो रहे हैं भीषण गर्मी से शिक्षक कर्मचारी भी परेशान हैं बच्चों का स्वास्थ्य भी बिगड़ता जा रहा है बीते शनिवार को कई विद्यालयों में गर्मी के कारण बच्चे बेहोश भी हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया ऐसे में विद्यालयों का समय परिवर्तन किया जाना बच्चों अभिभावकों एवं शिक्षकों के हित में होगा विद्यालय जो मौजूदा समय में 7:30 से 2:30 बजे तक संचालित हैं उनका समय परिवर्तन सुबह 7:30 से 12:00 तक कर दिया जाए ताकि छात्रों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके। ज्ञापन देने के दौरान संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार चौहान जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार शुक्ला जिला मंत्री तुला रामगिरी जिला मीडिया प्रभारी निर्मल द्विवेदी डॉक्टर उत्तमचंद गुप्ता शिवाकांत विनोद कुमार चौहान प्रदीप कुमार चौहान सुभाष चंद्र मिश्रा चंद्रेश मिश्रा रामानुज वर्मा शिवाकांत त्रिपाठी शंकर शुक्ला विजेंद्र दुबे आदि शामिल रहे हैं।

# रवीन्द्र भालोटिया बने लघु उद्योग भारती के जिला संयोजक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रभारी तथा भारत विकास परिषद सुल्तानपुर शाखा के प्रांतीय उपाध्यक्ष व मारवाडी समाज सुल्तानपुर के अध्यक्ष, काफी समय से व्यापार मंडल की विभिन्न गतिविधियों में शामिल रहने वाले प्रवीन्द्र भालोटिया को लघु उद्योग भारती का जिला संयोजक बनाया गया है।

श्री भालोटिया जी उद्योग और व्यापार से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उद्योग बंधु की बैठक में लगातार उठाते रहते है, उनके द्वारा लघु उद्योग भारती का जिला संयोजक बनाए जाने के पश्चात मज़बूती से उद्योग से जुड़ी हुई प्रत्येक समस्या प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने का कार्य संभव होगा। सुल्तानपुर निश्चित रूप से उद्योग की दिशा में काफी पिछड़ा हुआ है और उद्योग लगाने के लिए औद्योगिक क्षेत्र यहां पर नहीं है।उन्होनें बताया कि बिजली की समस्या इस समय शहर में अत्यंत ख़राब है जिसके बाबत प्रदेश स्तर पर बातचीत की जा रही है, तथा नए उद्योग लगाने के लिए बैंकों से ऋण मिलने की बहुत बड़ी समस्या है, इसी प्रकार के बहुत से अन्य बिंदु है जिसको जनपद से लेकर प्रदेश स्तर तक वार्ता करके हल करवाया जाऐगा। श्री भालोटिया के लघु उद्योग भारती के द्वारा जिला संयोजक बनाऐ जाने पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय, क्षेत्रिऐ प्रभारी अमर बहादुर सिंह, जिला अध्यक्ष विजय प्रधान, व वरिष्ठ जिला महामंत्री अम्बरीश मिश्रा ने खुशी जाहिर करते हुऐ पूरे संगठन की तरफ से प्रवीन्द्र भालोटिया को पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाऐं प्रदान की।

# मकान को लेखपाल ने पड़ोसी के नाम किया घरौनी दर्ज

## पीडिता ने लेखपाल बासदेव तिवारी पर लगाए गंभीर आरोप

**सुल्तानपुर।** चन्द पैसो की लालच में राजस्व कर्मी किस हद तक उतर जाय शायद इसका अंदाजा हर किसी को है। बल्दीराय तहसील में राजस्व कर्मी यही कर रहे है। क्षेत्र के धनपतगंज में एक गरीब महिला ने आबादी में बने घर को राजस्व लेखपाल के ऊपर षड्यंत्र करने का आरोप लगाया है। मामला धनपतगंज थाना क्षेत्र व बाजार लोहांगी ग्राम पंचायत का है, गाव निवासिनी सीता देवी पत्नी सतनाम शर्मा धनपतगंज थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि धनपतगंज बाजार में पति सतनाम के द्वारा बाजार में मकान बनाया गया था जिसका 816 मकान नंबर दर्ज है। आरोप है कि जिसको रविशंकर पुत्र मुन्ना लाल पीड़िता का मकान हड़पने की नियत में है, मकान संख्या 816 हलियापुर कूरेभार मार्ग व धनपतगंज बाजार के बीच होने के चलते बेशकीमती है और मकान चौहद्दी पड़ोसियों के नाम सहित लिखा गया है पर निगाह गड़ा रखी है, घरौनी होते समय रविशंकर ने हल्का लेखपाल, वासुदेव तिवारी ने षड्यंत्र करते हुए मकान नंबर 186 को रवि शंकर ने अपने नाम घरौंनी दर्ज कर वा लिया। जब प्रार्थीनी ने रविशंकर व हल्का लेखपाल से इस बारे में पूछा तो रवि शंकर ने गालियां देते हुए पीडिता को जान से मारने की धमकी दी कहा मकान दर्ज करवा लिया है तुमको जो करना है कर लो, प्रार्थनी ने हल्का लेखपाल वासुदेव तिवारी के पास गई और पूछा तो मेरा मकान राम शंकर के नाम रविशंकर के नाम क्यों दर्ज हो गया तो लेखपाल पीडिता को डांटकर तहसील से भगा दिया। थाना प्रभारी पंडित त्रिपाठी ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांचकर कार्यवाही की जायेगी। उपजिलाधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रकरण की जांच करा रहे हैं दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जिला स्वास्थ्य शासी निकाय की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

**जौनपुर ।** जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार माँदड की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य शासी निकाय की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रसव इकाइयों पर उपलब्ध मानव संसाधन, केद्रो पर उपलब्ध मानव संसाधन, दवाओं की उपलब्धता, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम ए0एन0सी0 एवं मातृ मृत्यु ऑडिट, टीकाकरण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि की समीक्षा की जिसमें प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में खुटहन की प्रगति कम पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नियमित फीडिंग कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने आरबीएसके के डा0 प्रमोद कुमार को अस्पताल में प्रायः अनुपस्थित रहने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि इनके खिलाफ चेतावनी जारी करने के साथ ही विधिक कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह को निर्देशित किया कि ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील रहे। उन्होंने कहा कि डेंगू वार्ड तैयार कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिया कि सभी अस्पतालों में प्रभारी चिकित्साधिकारी सुनिश्चित करें कि चिकित्सक नियमित रुप से समय से उपस्थित होकर मरीजों का ईलाज करें। अस्पतालों में बेडशीट सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए।

# ताइक्कांडो प्रतियोगिता में दो स्वर्ण अर्जित कर बढाया मान

**सुलतानपुर।** सीआईएससी जोनल्स ताइक्कांडो प्रतियोगिता में सुल्तानपुर की तरफ से गुरचरण कौर पब्लिक स्कूल से प्रतिनिधित्व करते हुए कार्तिकेय अग्रहरि 17 वर्षीय 45 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक एवं कशिश हमीद खान 17 वर्षीय बालिका 70 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिभाग करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया। जिला ताइक्कांडो संघ सुल्तानपुर सचिव प्रणय चंद्र शुक्ल ने बताया खिलाड़ियों का चयन जोन स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है जो कि आगामी 22 अगस्त से गाजियाबाद में प्रस्तावित है स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले दोनों खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे।




खिलाड़ियों की उपलब्धि पर विद्यालय प्रधानाचार्य तेजिंदर कौर, प्रबंधक जगजीत सिंह छंगू सुल्तानपुर ताइक्कांडो संघ अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र प्रताप दुबे बधाई एवं आशीर्वाद दिया।

# अविश्वास प्रस्ताव पर विवाद, अधिकांश ओडीसी के फर्जी हस्ताक्षर के आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करौदीकला/सुल्तानपुर।** जनपद सुल्तानपुर में भारतीय जनता पार्टी के करौंदीकला ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव ने राजनीतिक माहौल में उथल-पुथल मचा दी है। ब्लाक प्रमुख ने इस प्रस्ताव को निराधार बताते हुए दावा किया कि उनके पास पर्याप्त संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्यों का समर्थन है। उन्होंने कहा मुझे क्षेत्र पंचायत के अधिकतर सदस्यों का विश्वास मत प्राप्त है। यह प्रस्ताव कुछ स्वार्थ सिद्ध करने के लिए लोगों द्वारा कूट रचित तरीके से पेश किया गया है, जिनके पास पर्याप्त समर्थन नहीं है। ब्लाक प्रमुख विनोद गौतम ने आरोप लगाया कि यह प्रस्ताव कुछ सहरंग दबंग किस्म के लोगों द्वारा उनके ऊपर दबाव बनाने के लिए आरोप लगाया गया है।

उन्होंने कहा कि ये लोग गरीब जनता की योजनाओं का स्वयं लाभ लेने के लिए नियम विरुद्ध कार्य कराने हेतु, लगातार दबाव बना रहे थे, और जब मैं उनके इस दबाव में नहीं आया, तो इन लोगों ने मेरे खिलाफ कूट रचित अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया।

'पूर्व में हाईकोर्ट जा कर लगाया था आरोप'

इसके अतिरिक्त सूत्रों के हवाले से खबर है कि प्रस्ताव पेश करने वाले सदस्यों पर आरोप है कि उन्होंने अधिकांश क्षेत्र पंचायत सदस्यों के हस्ताक्षर खुद ही बनाए हैं। यह पहला मौका नहीं है जब इन सदस्यों पर ऐसे आरोप लगे हैं इसके पूर्व में भी इन पर इसी तरह के फर्जी एंव कूट रचित कार्य करने के आरोप लगे थे। यहां तक कि विरोधियों ने पहले हाई कोर्ट में भी गौतम के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, जो अदालत में साबित नहीं हो पाए। इन घटनाओं ने जिले की राजनीति में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सभी की नजरें जिला प्रशासन की जांच और आगामी निर्णय पर टिकी हुई हैं।

# अर्न्तविभागीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न



**जौनपुर ।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वाकांक्षी पहल है, इसका उद्देश्य देश के स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों में कृमि संक्रमण को नियंत्रित करना है। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा चलाया जा रह है।

कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल क्रियान्वयन हेतु अर्न्तविभागीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होंने समस्त सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया कि आपस में समन्वय कर कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पादित कराये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह ने बताया कि कृमि संक्रमण एक सामान्य स्वास्थ्य समस्या है जो बच्चों में एनीमिया, बीमारी और शैक्षिक प्रदर्शन में कमी का कारण बन सकती है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य इन प्रभावों को कम करना और बच्चों के समग्र स्वास्थ्य और शिक्षा परिणामों में सुधार करना है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम समस्त स्कूल एवं आंगनबाडी कार्यकर्ताओ के माध्यम से 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों और किशोर-किशोरियों को अल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाई जाएगी।

कृमि मुक्ति अभियान 10 अगस्त 2024 और मॉप-अप दिवस 14 अगस्त 2024 को है। मॉप अप दिवस पर छुटे हुए किशोर किशोरियों और बच्चों को दवा खिलाई जाएगी।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी विभाग स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पंचायती राज विभाग है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, एमओआईसी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नाले के पानी में डूबने से अधेड़ की मौत

**बलदीराय/सुलतानपुर।** बल्दीराय थाना क्षेत्र के रामनगर मजरे गोबिंदपुर गांव निवासी लल्लन पुत्र शरीफ़(60) गाव के बाहर खेत मे भैंस चराने गया था वही स्थित नाले में उसका पैर अचानक फिसल गया आस पास खेतो में काम कर रहे लोगों ने जब देखा तो उसे निकालने का प्रयास किया लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। गांव वालो ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा कर लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के 5 नाबालिकों सहित 8 बच्चे है। परिवार मे कोहराम मचा हुआ है। थाना प्रभारी आरबी सुमन ने बताया कि शव का पंचनामा करवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापार बंधु की बैठक हुई आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में व्यापारियों द्वारा बताया गया था कि विजय नारायण हत्याकाण्ड से सम्बन्धित घटनास्थल के आस-पास के दुकानदारों का जो डी0वी0आर0 जमा कराया गया था उसे अभी तक वापस नहीं किया गया है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदया द्वारा सी0ओ0 सिटी को उचित कार्यवाही पूर्ण करते हुए डी0वी0आर0 वापस करने हेतु निर्देशित किया गया। व्यापारियों द्वारा अवगत कराया गया था कि पंचरास्ता से लखनऊ नाका की ओर पुल की तरफ जलभराव रहता है, जिससे आवागमन बाधित होता है गत बैठक में भी इस समस्या से अवगत कराया गया था,

परन्तु फिर भी इस समस्या का निस्तारण नही हुआ। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदया द्वारा अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर को जलभराव की समस्या को पुनः देखने एवं अपनी टीम लगाते हुये शीघ्र ही इस समस्या को दूर कराना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।व्यापारियों द्वारा बताया गया था कि शेम्फोर्ड स्कूल होकर गुजरने वाली महुवरिया रोड अत्यन्त खराब स्थिति में है जिससे गभड़िया से लखनऊ वाराणसी हाईवे तक जाने वाले राहगीरों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है इस सम्बन्ध में अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर द्वारा सभा को अवगत कराया गया कि इस सड़क एवं उसकी नाली बनने का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है।

शीघ्र ही बजट आते ही कार्य शुरू करा दिया जायेगा। व्यापारियों द्वारा अवगत कराया गया था कि बस अड्डे से एसपी आवास तक जाने वाली सड़क पिछले 10 वर्ष से बहुत ही खराब स्थिति में है एवं बड़े-बड़े गढ्ढे हैं, जिससे वहां बढ़ैयावीर में रहने वाली घनी आबादी के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इस सम्बन्ध में अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर द्वारा सभा को अवगत कराया गया कि इस सड़क का भी प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है परन्तु व्यापारियों द्वारा बताया गया कि सड़क अत्यन्त खराब है

इसलिए जिलाधिकारी महोदया द्वारा अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर को निर्देश दिये गये कि जब तक शासन से बजट की स्वीकृति नही आती है तब तक मार्ग की पैचिंग करा दें।व्यापारियों द्वारा सभा को अवगत कराया गया कि पल्टन बाजार में व्यापारियों के ज्यादातर गोदाम बेसमेन्ट में स्थित हैं।

बरसात के मौसम में नाली जाम होने से जलभराव की प्रबल आशंका है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदया द्वारा अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर को उस एरिया में नाली की सफाई हेतु निर्देश दिये। व्यापारियों द्वारा सभा को अवगत कराया गया कि डिहवा क्षेत्र में सड़क नीचे है एवं नाली ऊपर है जिससे बारिश में जलभराव हो जाता है।जिलाधिकारी महोदया द्वारा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर को इसे ठीक कराने हेतु निर्देशित किया गया। व्यापारियों द्वारा अवगत कराया गया कि नगर पालिका परिषद द्वारा अवैध पार्किंग संचालित किये जाने, शहर के विभिन्न जगहों पर लोडिंग/अनलोडिंग के नाम पर वसूली हो रही है।

इस समस्या हेतु अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर को इसके निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुलतानपुर, मुख्य राजस्व अधिकारी, सुलतानपुर, उपायुक्त उद्योग, सहायक आयुक्त राज्य कर, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत सुलतानपुर, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग, आबकारी निरीक्षक, जिला सूचना अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, प्रमुख बैंकों के प्रबन्धक, जिले के प्रमुख व्यवसायी, उद्यमी व अन्य विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# मार्केट के कमरों पर कब्जा को लेकर बहरिया में खूनी संघर्ष

## गोली लगने से एक की मौत, बीडीसी की हालत गंभीर




**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया।** बहरिया बाजार के नया चौराहे पर बने आठ कमरे के मार्केट पर कब्जा करने को लेकर दो पक्षों में जम कर खूनी संघर्ष हो गया। गोली चलने से एक पक्ष के दो लोग जख्मी हो गए। जिसमें अस्पताल ले जाते समय एक की मौत हो गई है। जबकि दूसरे को गंभीर हालत में एसआरएन में भर्ती कराया गया है। बहरिया दांदूपुर रोड पर धमौर मोड़ के सामने आठ कमरे के मार्केट बना है। कालूपुर उर्फ फाजिलाबाद निवासिनी कल्ले पत्नी स्व वाजिद अली ने मऊआइमा के सुल्तानपुर खास निवासी वीरसेन यादव व अभिषेक यादव के पक्ष में 2 जुलाई 2024 को इन कमरों को बैनामा किया था। इसी मार्केट का बैनामा 12 जुलाई को कालूपुर के ही बचऊ अहमद ने मऊआइमा थाना क्षेत्र उधौपुर खगहिया के प्रधान रमाशंकर यादव और गमरहटा निवासी सुरेंद्र कुमार यादव को कर दिया। बैनामा लेने के बाद ही रमाशंकर यादव और सुरेंद्र यादव ने मार्केट के कमरों ताला लगा कर कब्जा कर लिया। मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे अभिषेक यादव कई गाड़ियों से दर्जनों लोगों के साथ असलैहों से लैस होकर पहुंचे और मार्केट के बंद कमरों के तालों को तोड़वा दिया और कमरों को खाली करवा दिया। सामने की दीवार को नीले रंग से पेंटिग करवा दी। करीब ढाई बजे दूसरे पक्ष के लोग गमरहटा निवासी शशीकांत यादव के साथ पहुंचे और कब्जा करने का विरोध करने लगे। बात बढ़ने पर फायरिंग शुरू हो गई। गोली की तडतड़ाहट से बाजार में सनसनी फैल गई और सभी दुकानदार अपनी दुकानों के शटर को बंद कर दिए।

सामने से गोली चलने से शशीकांत यादव के पक्ष के सारीपट्टी निवासी मुलायम 28 पुत्र रामा यादव और अभईपुर निवासी बीडीसी जितेंद्र यादव 35 पुत्र पारस नाथ यादव को गोली लग गई। दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों पक्ष के लोग भागने लगे। पुलिस ने मौके से आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। गोली लगने से तड़प रहें दोनों घायलों को एसआरएन भेजा गया। पेट में गोली लगने से मुलायम की रास्ते में ही मौत हो गई।

जबकि जितेद्र को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी होने पर डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती और एसीपी फूलपुर उदय प्रताप सिंह भी पहुंचे। थानाध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह ने बताया कि आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को देखा जा रहा है। इससे पता चलेगा कि गोली दोनों तरफ से चलाई गई है या एक पक्ष ने गोली चलाई है। अभी तक किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दिया है। मौके से कुछ लोगों को पकड़ा गया है। उनसे पूछ ताछ की जा रही है।

## दोनों पक्षों की राजनीति में है गहरी पैठ

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया।** बहरिया बाजार में हुए खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों की राजनीति में गहरी पैठ है। इस लिए पुलिस फूंक फूंक कदम रख रही है। अभिषेक यादव भाजपा नेता हैं और वर्तमान में मऊआइमा से जिला पंचायत सदस्य हैं। वहीं शशीकांत यादव की पत्नी राजकुमारी यादव बहरिया से जिला पंचायत सदस्य हैं। दोनों पक्ष विवादित जमीन का बैनामा लेकर कब्जा करने और विवाद करने के मामले विख्यात हैं।जिसके चलते इन लोगों पर कई मुकदमें भी दर्ज हैं।

## थानाध्यक्ष ने की पत्रकार से अभद्रता

लोकमित्र ब्यूरो
बहरिया । इस दौरान खबर को कवरेज करने गए एक सम्मानित अखबार के पत्रकार संजीव कुमार मौर्य के साथ थानाध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह ने अभद्रता करते हुए मोबाइल को छीनकर मौके की सभी फोटो और वीडियो को डिलीट कर दिया। थानाध्यक्ष की इस कार्यप्रणाली से स्थानीय पत्रकारों ने गहरा रोष जताया है।

मामले की जानकारी मिली है। खबर को कवरेज करने से किसी भी पत्रकार को रोका नहीं जा सकता है। थानाध्यक्ष बहरिया द्वारा पत्रकार के साथ की गई अभद्रता को लेकर गुरूवार की सुबह 10 बजे पुलिस कमिश्नर, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी और डीसीपी गंगानगर से मिलकर थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की जाएगी। पत्रकार के साथ अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
**डॉ. उमेशचंद्र द्विवेदी**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष**
**भारतीय पत्रकार संघ।**

# पी एम श्री विद्यालय में नामांकन मेला व प्रवेश उत्सव हुआ आयोजित




**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** आज पी एम श्री सं0वि0 सोरों में नामांकन मेला एवं प्रवेशोत्सव सम्पन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण , सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत बच्चों द्वारा गाकर किया गया। ग्राम पंचायत सोरों में निवास करने वाले मुसहर जाति के 82 बच्चों का नामांकन जिला बे0 शि0 अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा स्वयं अपने हाथों से किया गया जिसे देखकर ग्रामवासियों में ख़ुशी की लहर दौड़ गई।
बीएसए प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज की रीढ़ है। जिसकी पहुंच समाज के प्रत्येक वंचित तबके तक सरल एवं सुलभ हो, विभाग एवं शासन की ऐसी ही मंशा है जिसको धरातल पर उतारने का पुनीत कार्य पी एम श्री सं0 वि0 विद्यालय सोरों के अध्यापकों एवं मैथिली ग़रीब कल्याण समिति के सदस्यों ने मिलकर किया। जिसके लिए ये सभी बधाई के पात्र हैं। तदोपरांत बीएसए एवं खण्ड शि0 अधिकारी प्रतापपुर विश्वनाथ प्रजापति, खण्ड शि0अ0 फूलपुर प्रभाशंकर पांडे एवं ग्राम प्रधानपति राजित राम यादव द्वारा मुसहर जाति के बच्चों को पुस्तकों का सेट, यूनिफॉर्म, बैग ,कॉपी, कलम वितरित किया गया।
मैथिली ग़रीब कल्याण समिति के पदाधिकारी बालकेश्वर प्रजापति, रमेश सरोज, संदीप एवं राजेश सरोज व अन्य सदस्यों को भी बुके, अंगवस्त्रम आदि भेंटकर इस पुनीत कार्य हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शानदार संचालन वरिष्ट ए आर पी सत्येन्द्र द्विवेदी ने किया।कार्यक्रम से पूर्व सुबह ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज, खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतापपुर एवं मैथिली ग़रीब कल्याण समिति के सदस्यगण व इंचार्ज प्र0 अ0 मुसहर बस्ती में स्वयं जाकर बच्चों एवं अभिभावकों से मिलकर शिक्षा एवं स्कूल चलो अभियान के प्रति जागरूक किया एवं अपने समक्ष बच्चों के बाल भी कटवाए एवं उन्हें स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति जागरूक किया। उपरोक्त जानकारी अटेवा प्रदेश आईटी सेल प्रभारी सैयद दानिश ईमरान ने दिया
कार्यक्रम में जू0 शि0 संघ के ज़िला अध्यक्ष विनोद पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह, ब्लॉक मंत्री दिलीप कुमार यादव, ब्लॉक अध्यक्ष प्रा0 शि0 स0 प्रतापपुर डॉ हरीशचंद्र, मंत्री अतीक अहमद, टी एस सी टी प्रदेश महामंत्री ज़िले से वरिष्ट ए आर पी जय सिंह, शशिकांत, सुदेश पांडे, पूर्व ए आर पी रविराज तिवारी, पूर्व समन्वयक दिनेश यादव,ब्लॉक स्काउट मास्टर अमरेन्द्र कुमार एवं ब्लॉक के समस्त शिक्षक संकुल, सैकड़ों शिक्षक एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# स्वयंसिद्धा संस्था ने आयोजित किया रंगारंग तीज महोत्सव कार्यक्रम




**प्रयागराज।** स्वयंसिद्धा संस्था प्रयागराज द्वारा ÷आया सावन झूम के÷ थीम पर रंगारंग तीज महोत्सव कार्यक्रम मंगलवार को सिविल लाइंस प्रयागराज के एक होटल में आयोजित किया गया।
संस्था की संस्थापिका आशा अस्थाना के मार्गदर्शन में कॉर्डिनेटर रेखा जायसवाल, दीपा सेठ, किरण जायसवाल ने अत्यंत ही मनमोहक कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि श्रीमती पुष्पा स्वरूप पूर्व चेयरपर्सन इनर व्हील संगीता खोसला रही।
गणेश वंदना, राजस्थानी डांस, संदेशवाहक स्किट पेड़ बचाओ बॉलीवुड डांस, कुछ कॉमेडी की झलकियां, शिव तांडव कार्यक्रम के आकर्षण रहे। संस्था की पीआरओ ममता अग्रवाल ने संस्था के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दिया।इस अवसर पर प्रेसिडेंट ज्योति सेठ, सचिव रूबी पुरवार, नीरजा अग्रवाल, जस्टिस विजय लक्ष्मी, मीना मध्यान, प्रिया नारायण, मीना, प्रीति, अल्पना, नीना, निधि,अनिता,नीतू, कविता,किंशुक, खुशबू, सविता, मोहिनी,अवनी, अंशु संध्या, रश्मि ऋद्धिता, अलका, कंचन, तुलसी, ऊर्मिला, गुंजन आदि लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन दीपा सेठ ने किया।

# परमात्मा चित्र नहीं भक्त का चरित्र देखता है- सतानंद जी महाराज

## महारुद्राभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग का किया गया निर्माण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** कर्तव्य पथ परिवार के तत्वाधान में आयोजित में मुंशी राम प्रसाद की बगिया नारायण वाटिका मुट्ठीगंज में श्री शिव महापुराण की कथा के सप्तम दिवस पर कथा का रसपान कराते हुए पूज्य श्री सतानंद महाराज ने शिव पार्वती विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि माता मैना भगवान शिव का रूप देखकर भयभीत हो जाती हैं और शादी न करने का ठान लेती है। भगवान विष्णु और ब्रह्मा ने माता मैंना को मनाया और भगवान शिव अपने चंद्रमौलिश्वर स्वरूप का दर्शन दिया। माता मैना ने भगवान शिव का चंद्रमौलिश्वर रूप को देखा तो विवाह के लिए राजी हुई और और भगवान शिव और माता पार्वती का परिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ। व्यास जी ने कहा कि भगवान शिव के अनेको स्वरूप है पर अपने हर स्वरूप में भक्तों के भाव से दर्शन देते हैं क्योंकि परमात्मा चित्र नहीं भक्त का चरित्र देखता है।
कथा के मुख्य यजमान सपना आर्या , राजेश केसरवानी, सतीश चंद्र केसरवानी, राम जी केसरवानी रहे।मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया की कथा के पूर्व महा रुद्राभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया। आज की कथा की आरती में रईस चंद्र शुक्ला, कुमार नारायण, राजेंद्र प्रसाद केसरवानी, मोहित केसरवानी, साधना चतुर्वेदी, उर्मिला केसरवानी, शैलेंद्र गुप्ता, सांई बाबा, पिंटू कुमार, अजय अग्रहरि, आशा केसरवानी, उषा केसरवानी आदि सैकड़ों भक्तगण रहे।

# पुरानी रंजिश को ले कर दो पक्षों में मार पीट एक का सिर फटा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी ।** झूंसी थाना के अंतर्गत कोहना पुरानी झूंसी में पुरानी रंजिश को ले कर बाजार से लौट रहे एक पक्ष के व्यक्ति को दूसरे पक्ष ने अपने मकान के सामने पकड़ कर जम कर पिटाई कर दिया। जानकारी के मुताबिक कोहना पुरानी झूंसी निवासी अशोक कुमार भारतीय पुत्र स्व मुन्नू लाल भारतीय सोमवार की देर रात बाजार से अपने घर लौट रहा था जैसे ही अमित कुमार के घर के सामने पहुंचा था कि पहले से घात लगाकर बैठे हमला वर अमित कुमार रितेश कुमार पिंटू पुत्र मन्नी लाल ने हमला कर दिया लिखित तहरीर के मुताबिक अशोक भारतीय को लाठी डडो से मरने लगे सोर गुलसुन अशोक के पुत्र सोनू रोहित व उनका भाई सुनील मौके पर पहुंच कर बीच बचाव करने लगे दबंगों ने उन्हें भी मारा पीटा जिससे सुनील कुमार को सिर में चोटे आयी। जहा भुक्तभोगी अपने भाई को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया जहा इलाज चल रहा था।सुबह होते ही अशोक कुमार ने झूंसी थाने में लिखित तहरीर दे कर न्याय की गुहार लगाई। वही पीड़ित सुनील कुमार भारतीय का जांच के लिए मेडिकल भेज दिया।

# सांप काटने से छात्रा की मौत, घर पर मचा कोहराम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के बसगित गाँव में सांप काटने से छात्रा की मौत हो गई जिससे घर पर कोहराम मचा हुआ है। बसगित गांव निवासी जंग बहादुर की पुत्री नीता जो पूर्व माध्यमिक विद्यालय बसगित में कक्षा 8 की छात्रा थी। बताया जाता है कि वह रात को सोई हुई थी तभी करैत सांप निकल कर उसे डंस लिया। थोड़ी देर में उसे उलझन होने लगी जिससे उसकी नींद खुल गई। घर वालों को आशंका हुई तो टार्च लेकर देखा तो सांप चारपाई के नीचे बैठा हुआ था। सांप देखते हैं घर वालों के पैरों के नीचे जमीन खिसक गई। नीता को लेकर अस्पताल भागे लेकिन काफी देर हो चुकी थी जिसको उसकी मौत हो गई। मौत से घर वालों में कोहराम मच गया। घर वाले बिटिया का शव ले जाकर दफन कर दिया है।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत परिवार एसीपी थरवई से की शिष्टाचार भेंट




**लोकमित्र ब्यूरो**
**थरवई ।** थाना थरवई एसीपी चंद्रपाल सिंह से शिष्टाचार भेंट करते हुए महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा विधिक सलाहकार अशोक कुमार मिश्रा तहसील अध्यक्ष हंडिया नकुल पटेल तहसील अध्यक्ष हरगोविंद सिंह यादव ब्लॉक अध्यक्ष जियालाल आदि पदाधिकारी किसानों ने किसानो की समस्याओं को एसीपी थरवई को रूबरू कराते हुए संहसो ब्लॉक में ब्लाक कर्मचारियों द्वारा किए गए यूनियन के लोगों के साथ अभद्र व निंदनीय व्यवहार को लेकर एसीपी को शिकायती पत्र सोंपते हुये जांच कर कारवाई किये जाने की मांग की।

# मंत्री नंदी के बेटे-बहू का आगरा एक्सप्रेस वे पर भीषण एक्सीडेंट

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता उर्फ नंदी के बेटे और बहू का कन्नौज में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर भीषण एक्सीडेंट हो गया है। बेटा और बहू गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही जिले के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें पीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया गया। इस हादसे में नंदी की बहू की नाक पर गंभीर चोट आई है। कार भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को प्राइवेट गाड़ी से लखनऊ भेज दिया गया है। यूपी सरकार के मंत्री नंद गोपाल नंदी के बेटे अभिषेक और बहू डॉ. कनिष्का कार पर सवार होकर आगरा से लखनऊ की ओर जा रहे थे। कार में पति-पत्नी ही मौजूद थे।

जैसे ही उनकी कार तिर्वा थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या-194 पर पहुंची। तभी उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। फिर पलट गई। कार एक्सीडेंट में एक्सप्रेस-वे के डिवाइडर पर लगे बिजली के 3 खम्बे भी क्षतिग्रस्त हो गए।

एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही डीएम सुभ्रान्त कुमार शुक्ला घटनास्थल पर पहुंच गए। जहां से दोनों को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। यहां दोनों का इलाज करने के बाद उन्हें लखनऊ के पीजीआई रेफर कर दिया गया है।ज्ञात हो कि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और प्रयागराज शहर में लगातार दो बार मेयर रही अभिलाषा गुप्ता नंदी के बेटे अभिषेक गुप्ता की शादी 11 जुलाई को कृष्णिका के साथ हुई थी। शादी कश्मीर के श्रीनगर में डल झील की वादियों में आयोजित की गई थी। 21 जुलाई को कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के घर आयोजित शादी समारोह में सीएम योगी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य समेत राम देव बाबा दोनों को आशीर्वाद देने पहुंचे थे।

# प्रयागराज मंडल को ऊर्जा संरक्षण के लिये ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी से मिला प्रमाणपत्र



**प्रयागराज।** मण्डल रेल प्रबंधक प्रयागराज हिमांशु बडोनी के नेतृत्व में प्रयागराज मण्डल भारतीय रेलवे के शून्य कार्बन उत्सर्जन के संकल्प में अपना योगदान पूरी क्षमता से दे रहा है। प्रयागराज मण्डल द्वारा सौर ऊर्जा के उत्पादन के प्रयास के क्रम में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 600 किलो वाट क्षमता से अधिक सोलर पैनल लगाए गए हैं । रेलवे को पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए प्रयागराज मण्डल ने अपनी ऊर्जा खपत को निरंतर कम करते हुये वैकल्पिक ऊर्जा को बढ़ावा दिया है ।
प्रयागराज मंडल अपने ऊर्जा दक्षता मानकों को बनाए रखने और सुधारने के लिए समर्पित है।इसी क्रम में बीती 20 जून को प्रयागराज मण्डल द्वारा स्थापित उत्कृष्ट एवं स्वच्छ ऊर्जा निर्माण के लिए उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक कार्यालय परिसर स्थित तीन कार्यालय भवनों - पावर हाउस, गंगा ब्लॉक एवं सरस्वती ब्लॉक को ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी द्वारा प्रतिष्ठित 'शून्य प्लस' और 'शून्य' लेबल से प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया है। भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी से सम्मान प्राप्त करने वाली यह इमारतें उत्तर मध्य रेलवे का प्रथम रेलवे कार्यालय भवन हैं । इस ऊर्जा दक्षता पुरस्कार से रेलवे की पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को प्रोत्साहन मिला है। सोलर ऊर्जा उत्पादन सयंत्रों के नियमित सफाई और गुणवत्तापूर्ण रख-रखाव से बेहतर उत्पादन क्षमता और उच्च ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित करने में मदद करता है। प्रयागराज मण्डल में स्वच्छ ऊर्जा के लिए बेहतर प्रयासों से स्थापित 4465 किलो वाट क्षमता के सोलर पैनल में से 1030 किलो वाट क्षमता के सोलर पैनल रिन्यू एनर्जी द्वारा, 2490 किलो वाट क्षमता के सोलर पैनल अजूर एनर्जी द्वारा एवं 945 किलो वाट क्षमता के सोलर पैनल स्वयं रेलवे द्वारा स्थापित किए गए हैं। प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, नैनी, कानपुर सेंट्रल, टूंडला, मानिकपुर, इटावा, दादरी, फ़तेहपुर, विंध्याचल, शिकोहाबाद, मिर्ज़ापुर एवं सूबेदारगंज स्टेशन पर सोलर पैनल कार्यरत हैं।

# रोजगार मेले में 28 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज परिसर में मंगलवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा कुल 28 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 57 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में जिला रोजगार सहायता अधिकारी चन्द्र कान्त सिंह एवं कार्यालय के मेला प्रभारी अधिकारी श्री प्रशांत तथा मेला प्रभारी श्री मारूफ अहमद व कार्यालय के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। मेले में कैरियर काउंसलिग का कार्य के0के0 कुशवाहा, अनुदेशक द्वारा किया गया। यह जानकारी सहायक निदेशक, सेवायोजन प्रयागराज ने दी है।

# विधानसभा के उपचुनाव में सपा का लहराएगा परचम- सुल्तान सिद्दीकी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** उत्तर प्रदेश के विधानसभा के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी का फिर परचम लहराएगा। वही 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा गंगा पार के जिला महासचिव सुल्तान सिद्दीकी मोहनगंज बाजार में एक प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो भाजपा की गलत नीतियों से लड़ने का सदैव काम करती चली आ रही है। समाजवादी पार्टी गरीब, किसान, नौजवानों की हितैषी पार्टी है । इसीलिए संपन्न हुए लोकसभा के चुनाव में सपा ने भाजपा को पटकनी दी है। आगामी 2027 के विधानसभा के चुनाव में निश्चित रूप से ही भाजपा का सफाया होगा। समाजवादी पार्टी सरकार बनाएगी। प्रदेशवासियों का दिन बहुरेगा ।

# रामायण आदि ग्रंथों के पाठ से बच्चों के बीच कई नई अवधारणाएं जन्म लेती हैं- न्यायमूर्ति अग्रवाल

## रानी रेवती देवी में दो दिवसीय "रामायण" बाल रंग उत्सव का शुभारंभ



**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान, अयोध्या संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन, प्रयागराज तथा रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर, प्रयागराज के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय ÷रामायण÷ बाल रंग उत्सव का प्रथम दिवस रामायण पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता से प्रारंभ हुई, तत्पश्चात डॉक्टर अंकिता चतुर्वेदी ने अपने भजनों से सभी छात्र-छात्राओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।
कार्यक्रम के समन्वयक मनोज गुप्ता ने बताया कि उक्त आयोजन में रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगितामें लगभग 600 छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। जिसमें प्रथम स्थान सलोनी ने, द्वितीय स्थान शुभम कुमार ने एवं तृतीय स्थान गरिमा ने तथा संस्कृति कृष्णा और निष्ठा साहू ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।
प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार पाने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल, अध्यक्ष बांके बिहारी पांडे, विशिष्ट अतिथि रविंद्र कुशवाहा, राकेश वर्मा एवं नगीनाराम के कर कमलों द्वारा स्मृति चिन्ह के साथ-साथ नकद पुरस्कार से भी सम्मानित किया एवं समस्त भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक रविंद्र कुशवाहा, नगीना राम एवं सत्य प्रकाश रहे।इस अवसर पर मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि रामायण आदि ग्रंथों के पाठ से बच्चों के बीच कई नई अवधारणाएं जन्म लेती हैं- जैसे धार्मिक होना, आदर्श चरित्र का अनुकरण करना, प्राचीन जीवन शैली से आज की जीवन शैली की तुलना, तार्किक बुद्धि का विकास आदि।
भजनों के क्रम में अंकिता चतुर्वेदी ने अपने भजनों की शुरुआत अपने सधे हुए स्वरों में रामायण की सुंदर चौपाइयों एवं दोहों की सुंदर प्रस्तुतीकरण से बच्चों को भी अपने साथ गायन में शामिल कर लिया। जिस पर बच्चों ने भी उनका भरपूर साथ दिया। चित्रकला प्रतियोगिता का संयोजन शशि कपूर गुप्ता ने किया।
विद्यालय के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने कलाकारों सहित समस्त अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह से तथा कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन कार्यक्रम के समन्वयक मनोज कुमार गुप्ता ने किया।

31,7,p17_Page 1.qxd 7/31/2024 12:22 AM Page 1



# महिला थाना प्रभारी निरीक्षक ने पति पत्नी के विवाद को सुलझाया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** सामाजिक रिश्तों और परिवारों के बीच छोटी-छोटी बातों को लेकर पति-पत्नी के बीच टूट रहे रिश्तों को बचाने के लिए महिला थाना प्रभारी निरीक्षक नीलम राघव और उनकी टीम की महिला कांस्टेबल विद्या यादव द्वारा हर-संभव प्रयास किया जा रहा हैं, इस कार्य में उन्हें सफलता भी मिल रहीं हैं। बीते कई दिनों से कई घर टूटने से बचाया गया। पति पत्नी के बीच सुलह समझौता कराकर एक साथ रहने को राजी किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस टीम द्वारा प्रार्थना पत्र की काउंसलिंग किया गया। जिसमें काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों की खुद की सहमति से थाने में सुलह समझौता किया गया। साथ ही पुलिस टीम ने दोनों जोड़ों को उनके जीवन के पारिवारिक कर्तव्य को बताते हुए समझाया। इस दौरान दोनों पक्षों ने बताया कि हम दोनों के बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है. अब हम लोग अपने खुद की सहमति से सुलह समझौता करना चाहते हैं। तभी पुलिस टीम ने दोनों पक्षों का मूलह समझौता कराया। दोनों पक्षों को पुलिस द्वारा एक दूसरे के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करने की सलाह दिया गया। साथ ही विपक्षी को हिदायत दिया गया, की पुरानी बातों को भूलकर अपनी पती को अपनाते हुए जीवन यापन करेंगे। यह दोनों लोग अपने बड़ों का सम्मान करते हुए अपनी जीवन की नई श रूआत करेंगे। इसके बाद थाने से दोनों लोगों को हंसी-खुशी उनके घर की तरफ शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया गया।

## मौन मंथन

जब संघर्षों से भरा हो जीवन,
तितिक्षा क्षीण हो रही हो अंतर्मन,
कट न पा रहा हो एक-एक क्षण,
व्याकुल अधीर हो रहा हो तन-मन
।
बहा रहे हो अविरल अश्रु नयन,
कष्टकारी असहनीय वेदना व चुभन,
जीवन में सता रहा हो अधूरापन,
असंतुलन कर रहा जीवन को खिन्न
।खामोशी, भय छीन रहा सुकून व चैन,
बैठा जब अप्रसन्न लगे दुःखदाई दिन रैन,
तरस रहे हो ÷आनंद÷ सुख पाने को नैन,
परेशानी कर रही हो अधिक बेचैन ।
यही परीक्षा की घड़ी है कर आत्म दर्शन,
स्वीकार कर इसे, त्याग दुःख छोड़ पतन,
कर पुनः आत्म अवलोकन व मौन मंथन,
छोड़ दे अविश्वास, रुदन, भय व क्रंदन ।

# जिलाधिकारी व भाजपा जिलाध्यक्ष ने किसान मेला,प्रदर्शनी का फीता काटकर किया शुभारंभ

## विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का किया अवलोकन

**लोकमित्र ब्यूरो**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने आज जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनातर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किसान मेला, प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया।

जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के पंजीकरण स्टॉल के अवलोकन के दौरान बताया गया कि आज 70 किसानों का पंजीकरण किया गया है। उन्होंने उद्यान विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल के अवलोकन के दौरान कहा कि जनपद में अधिक मात्रा में आम पैदा होती हैं, इस आम को अन्य राज्यों में भी निर्यात किया जाय, जिससे किसान को और अधिक आमदनी हो सकें। उन्होंने कहा कि किसानों को नैनो यूरिया के उपयोग के विषय में जागरूक किया जाय। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेंद्र कुमार तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# एण्टीरोमियों टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन मे थानाध्यक्ष थाना मंझनपुर, पिपरी, कड़ाधाम, महेवाघाट, सराय अकिल, महिला थाने की मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियों चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी, मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, गुड टच बैड टच, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

# कारागार का किया आकस्मिक निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार कौशाम्बी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरको को सघनता से चेक किया गया तथा बंदियों से वार्ता कर सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली गई तथा उनके भोजन, स्वास्थ्य आदि व्यवस्थाओं को चेक किया गया।



## आपराधिक शण्यन्त्रकर चोट पहुचाने वाले आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

कौशाम्बी। थाना पिपरी पर पंजीकृत गोकुल प्रसाद निवासी कस्बा चायल थाना पिपरी को न्यायालय जेएम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को 2000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड न अदा करने पर 01 माह के अतरिक्त कारावास की सजा दिलायी गयी।

# नारा चौकी इंचार्ज ने तिराहा पर चलाया सघन चेकिंग अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नारा, कौशाम्बी।** एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर सदर कोतवाली के नारा चौंकी के अंतर्गत नारा चौंकी इंचार्ज राम जी उपाध्याय ने तीजा तिराहा पर सघन चेकिंग का अभियान चलाया गया।

जिसमें दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहनों की चेकिंग कर व हेलमेट न लगने वाले को हिदायत देकर उनका जुर्माना उसे वसूला गया और कहा गया हेलमेट लगाना बहुत ही जरूरी है और बाकी गाड़ियों में कागज की दुरस्ती कारण करने को कहा गया जिसमें मैं हमराही राहुल कुमार व अश्विनी कुमार वाहनों की चेकिंग कर चालान भी किया।

# दहेज हत्या के आरोपी को 08 वर्षसश्रम कारावास की दिलायी गयी सजा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**कौशाम्बी।** 28 जून, 2020 को थाना मोहब्बतपुर पइन्सा परवादी द्वारा सूचना दी गयी कि मेरी बहन के ससुरालजनों द्वारा अतरिक्त दहेज की मांग की गयी नही मिलने पर जान से मारकर फासी के फंदे पर लटका दिया गया।

इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिससे सम्बन्धित आरोपी आदेश कुमार निवासी जवई पड़री थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को न्यायालय एडीजे, एफटीसी-01 जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए आरोपियों को 08 वर्षसश्रम कारावास तथा 18,000 रू0 के अर्थ दण्डसे दण्डित किया

# सहयोगी नेत्र संबंधी प्रशिक्षण से महिलाएं होगी आत्म निर्भर -डा बी के जैन

**चित्रकूट-** परम पूज्य संत रणछोड दास द्वारा संस्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट अंतर्गत संचालित विश्व ख्याति प्राप्त श्री सदगुरू नेत्र चिकित्सालय ने महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए एक पहल शुरू की है। आपको बता दे कि वैसे तो सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट अंतर्गत संचालित महिला समिति महिलाओं को सशक्त और आत्म निर्भर बनाने के लिए 25 वर्षो से काम कर रही जिसकी अध्यक्ष ऊषा जैन है। वही ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डा बी के जैन ने एक नेत्र सहयोगी कर्मी संबंधी आधुनिक पाठशाला के उद्घाटन मौके पर बताते हुए कहा कि पिछले दो वर्षो से सदगुरू नेत्र चिकितलाय ने ग्रामीण और वंचित महिलाओं को सशक्त बनाने की पहल में एक महत्वपूर्ण प्रगति की है। महिलाओं को सशक्त और आत्म निर्भर बनाने कि दिशा में सदगुरू नेत्र चिकित्सालय और मिशन फॉर विजन और वेन गिविंग फाउंडेशन मिलजुलकर काम कर रहे है। और महिलाओं को सहयोगी नेत्र संबंधी कर्मी पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण देने का काम कर रहे है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए मिशन फॉर विजन के समर्थन से दो आधुनिक कक्षाएं शुरू की गई है जिनका उद्घाटन आज किया गया है। इस समारोह में मिशन फॉर विजन के फैंकलिन डैनियल और उनकी सहयोगी रुतुल शाह उपस्थित रहे। डॉ. बी.के. जैन ने मिशन फॉर विजन की पूरी टीम और सीईओ एलिजाबेथ कुरियन के अटूट समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

## चित्रकूट विकास प्राधिकरण को मिला प्रशस्ति पत्र

**चित्रकूट-** चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में अर्जित आय के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सराहनीय कार्य करने के लिए आवास एवं शहरी नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लखनऊ स्थित आवास एवं शहरी नियोजन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभागार कक्ष में अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन रमेश गोकर्ण आईएएस एवं सचिव डॉ बलकार सिंह आईएएस द्वारा अध्यक्ष जिलाधिकारी विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण चित्रकूट को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया जो सचिव अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद द्वारा प्राप्त किया गया।

# बेकाबू ट्रेलर पलटने से रोड पर बिखरी बोरिया, लगा जाम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** .कोखराज थाना क्षेत्र के मलाक भायल हाइवे पर अचानक ट्रेलर पलट गया जिसमें मौजूद खलासी और चालक को मौके से ग्रामीणों ने सकुशल निकाल लिया आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दिया। जानकारी के मुताबिक ट्रेलर में लदी बोरिया रोड पर बिखर गयी जिससे जाम लग गया खबर लिखे जाने तक घायल खलासी और चालक का नाम पता नहीं मालूम हो सका है।



## उपखण्ड भरवारी 33/11 की सप्लाई 33केवी 10 से 4 रहेगी बाधित

कौशाम्बी। 31 जुलाई, 2024 को 33/11 केवी सब स्टेशन भरवारी में 33 केवी का ब्रेकर लगाया जायेगा। इस लिए 33 केवी सप्लाई सिराथू से सुबह 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक बाधित रहेगी अवर अभियंता उपखण्ड भरवारी नन्हे लाल यादव ने दी जानकारी लोगो से निवेदन है की जो जरुरी काम हैं वो आप सभी लोग कल सुबह 09:30 बजे तक निपटा ले और संयम रखें जैसे ही भरवारी पावर हाउस का काम पूरा हो जायेगा 33केवी सप्लाई 4 बजे चालू कर दी जायेगी कटौती की सूचना अवर अभियन्ता भरवारी नन्हे लाल यादव ने दी।

# गंगा डिग्री कॉलेज ने उद्घाटन मुकाबला जीता

## शिव और सौम्य ने खेली शतकीय पारी

**प्रयागराज।** गंगा डिग्री कॉलेज ने सेंट पीटर्स क्लब को चार रन से हराकर नंद किशोर सिंह पीजी कॉलेज अंडर-16 एवं अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया। विजेता टीम के शिवकुमार यादव (108 रन, 68 गेंद, 13 चौके, पांच छक्के) और पराजित टीम के सौम्य तिवारी (109 रन, 60 गेंद, छह चौके, 10 छक्के) ने शतकीय पारी खेली।



ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर मंगलवार से शुरू हुई प्रतियोगिता के पहले मैच में टॉस जीतकर गंगा डिग्री कॉलेज ने 30 ओवर में 9 विकेट पर 280 रन (शिवकुमार यादव 108, विकास कुमार 64, अनुराग गुप्ता 45, अश्वनी तिवारी 3/34, सौम्य तिवारी 2/31, ईशान सिंह 2/54 बनाये। जवाब में सेंट पीटर्स क्लब की टीम 30 ओवर में 9 विकेट पर 276 रन (सौम्य तिवारी 109, हर्षित तिवारी 45, पार्थवर्धन 29, अनिकेत कुमार 23, अंशु मौर्य 2/48, विवेक सिंह 2/49) ही बना सकी। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व रेलवे क्रिकेटर एवं इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की सीनियर चयन समिति के सदस्य आलोक सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। आयोजन सचिव विवेक सिंह और श्यामू भारतीय ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। संचालन विजय त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर अजीत सिंह, दिनेश पाल, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# तिल्हापुर मोड़ में लाइट की समस्या से नहीं मिल पा रहा निजात

**लोकमित्र ब्यूरो**

**तिल्हापुर मोड़, कौशाम्बी।** सरकार के साथ जिलाधिकारी भी रोस्टर के अनुसार विद्युत सप्लाई करने का निर्देश दे रहे हैं लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी रोस्टर से ग्रामीणों को बिजली नहीं दे पा रहे हैं विभाग में कहां कमियां है

यह तो जांच का विषय है लेकिन आम जनता बिजली की कटौती से परेशान है और विभाग के अधिकारी विद्युत कटौती की समस्या को सुनने के लिए तैयार नहीं है नेवादा ब्लाक के तिल्हापुर मोड (पेराई) में लाइट की बहुत बड़ी समस्या है एक तरफ गर्मी जबरदस्त पड़ रही है

लोग गर्मी से बेहाल हैं सोमवार रात 29 जुलाई को लगभग 9रू00 बजे से तिल्हापुर में विधुत सप्लाई काटने के बाद मंगलवार 30 जुलाई को लगभग 12रू00 बजे लाइट आई है पूरी रात विद्युत सप्लाई न शुरू होने से आम जनता उपभोक्ता परेशान रहे पूरी रात नगर के लोगों ने जाग कर व्यतीत किया है तिल्हापुर में लाइट की समस्या जबरदस्त है लाइट बार-बार आती जाती रहती है लाइट रुक नहीं पा रही है गर्मी से लोगों का लाइट के बिना जीना बेहाल हैं

लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी उपभोक्ताओं की बात सुनने को तैयार नहीं है मनमानी तरीके से बिजली की सप्लाई दी जाती है आखिर सरकार का आदेश बिजली विभाग के अधिकारी क्यों नहीं मान रहे हैं यह बड़ी जांच का विषय है।

# लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर गम्भीर चोट पहुचाने वाले आरोपी को अर्थदण्ड से किया दण्डित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पर पंजीकृत जितेन्द्र कुमार उर्फरमेश चन्द्र निवासी मनौरी थाना पूरामुफ्ती को न्यायालय सीजेएम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को 4000रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया ।अर्थ दण्ड न अदा करने पर 30 दिवस के अतिरिक्त करावास की सजा सुनाई गयी।

## आर्म्स एक्ट के आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

कौशाम्बी। थाना कोखराज पर पंजीकृत आर्म्स एक्ट सम्बन्धित लालजी उर्फ हथौड़ा निवासी मलाक भायल थाना कोखराज को न्यायालय सीजेएम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को जेल में बताई गयी अवधि व 1500 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड न अदा करने पर 10 माह के अतरिक्त कारावास की सजा दिलायी गयी।

## चोरी के आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

कौशाम्बी। थाना सैनी पर पंजीकृत वन संरक्षण अधिनियम से सम्बन्धित आरोपी कौशल निवासी टडहर मजरा हिसामपुर परसखी थाना कोखराज को न्यायालय सीजेएम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को 3000रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 15 दिवस के अतिरिक्त करावास की सजा सुनाई गयी।

# महाकुंभ 2025: शीघ्र ही नाइट लैंडिंग सुविधाओं से युक्त होगा प्रयागराज एयरपोर्ट



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 की भव्यता एवं प्रयागराज में पर्यटन को बढ़ाने के दृष्टिगत सिविल एयरपोर्ट पर कैट 3 एवं नाइट लैंडिंग सुविधाओं के विकास हेतु प्रयास किया जा रहा है। एयरफोर्स, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया तथा मेला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में आज मेला प्रशासन द्वारा प्रयागराज सिविल एयरपोर्ट को कैट 3 सुविधाओं से लैस करने तथा वहां नाइट लैंडिंग की फैसिलिटी विकसित करने हेतु दिए गए प्रस्ताव पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की अपेक्षित भीड के दृष्टिगत एयरफोर्स के वरिष्ठ अधिकारियों ने यहां पर दोनों सुविधायें उपलब्ध कराने के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों को ओ एल एस सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं जिसके अंतर्गत दोनों ही सुविधाएं यहां उपलब्ध कराई जा सकती हैं या नहीं इसके दृष्टिगत एक फिजिबिलिटी स्टडी अगस्त अंत तक कराई जाएगी। यदि सब कुछ सही पाया गया को तो कैट 3 एवं नाईटलैंडिक फैसिलिटी विकसित करने हेतु अग्रेतर चर्चा की जाएगी।इसी क्रम में एयरफोर्स के वरिष्ठ अधिकारियों ने महाकुंभ मेले के दौरान लगभग डेढ़ महीने के लिए एयर ट्रैफ़िक कण्ट्रोल को 24म7 चलाने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया एवं मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन के संबंधित अधिकारियों को सभी एयर लाइन्स से बात कर महाकुम्भ के दौरान उनकी कितनी फ्लाइट्स बढ़ सकती हैं इसकी जानकारी लेते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा की महाकुम्भ के दौरान सभी एयरलाइंस अपने पायलट्स को आवश्यकता पड़ने पर यहाँ कठिन परिस्थितियों में भी विमान उड़ाने के लिए मानसिक रूप से तैयार करें।

# बिना फिटनेस के वाहन चलाने वाले विद्यालयों के खिलाफ होगी कार्यवाही

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने जनपद के समस्त बोर्डो के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के वाहनों की फिटनेस, वाहन चालकों के लाइसेंस, स्कूली वाहनों में बच्चों के बैठने की निर्धारित क्षमता, वाहनों के दस्तावेजों रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण पत्र, परमिट, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र एवं चालन अनुज्ञप्ति आदि की विधिवत् जांच किये जाने के सम्बन्ध अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया। जनपद के समस्त बोर्ड माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य इन सभी मापदण्डों के अनुसार स्कूली वाहनों का परिचालन सुनिश्चित करें। यदि कोई विद्यालय वाहनों की फिटनेस, वाहन चालकों के लाइसेंस, स्कूली वाहनों में बच्चों के बैठने की निर्धारित क्षमता, वाहनों के दस्तावेजों रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण पत्र, परमिट, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र एवं चालन अनुज्ञप्ति आदि के बिना वाहनों का परिचालन करते पाया गया तो तत्काल सम्बन्धित प्रधानाचार्य, प्रबन्धक का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुये विद्यालय की मान्यता प्रत्याहरण की कार्यवाही की जायेगी। प्रधानाचार्य, प्रबन्धक दो कार्य दिवसों के अन्दर एआरटीओ कार्यालय से अपने वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त कर उसकी एक प्रति कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# दौलत हुसैन कॉलेज को पूरे अंक

**प्रयागराज।** दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज को सात विकेट से हराकर रविकांत अंदर-16 समर लीग क्रिकेट में पूरे अंक प्राप्त किये। दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर मंगलवार को खेले गए मैच में ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज ने 24.2 ओवर में 87 रन (सचिन पटेल व सिद्धांत 11-11, कृष सिंह 4/20, सिद्धार्थ वर्मा 3/23, उबैदुल्लाह 2/08) बनाए। जवाब में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 90 रन (अमीन इब्ने मोइन 54 नाबाद, मनरूप सिंह 2/17) बना लिए।

मैच में हितेश श्रीवास्तव व मोहम्मद आरिफ अंपायर एवं अंकित पाण्डेय स्कोरर रहे।

# किशोरी को भगाने के आरोप में युवक पर केस दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का युवक मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। उसके मुताबिक शनिवार को वह पत्नी के साथ खेत में मजदूरी करने गया था। इसी बीच कोखराज कोतवाली का युवक उसकी 17 वर्षीय बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया। देर शाम खेत से लौटने के बाद घर पर किशोरी को नदारत देख दंपती के होश उड़ गए। पीड़ित पिता में थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गई है।

# एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज के ग्राम महेवा मे उद्योग विभाग द्वारा इण्डियन इन्स्टीट्यूट आफ पैकेजिंग की सहायता से मूँज कारीगरों के पैकेजिंग प्रशिक्षण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मूँज से बने विभिन्न उत्पादों की गुणवत्तापूर्ण पैकेजिंग विकसित करना था। कार्यशाला मे मूँज से जुड़े कुल 30 उत्पादकों ने प्रतिभाग किया। आईआईपी दिल्ली से आए सौरभ त्रिपाठी ने मूँज पैकेजिंग के सम्बन्ध मे विस्तृत प्रशिक्षण दिया, जिसमे उन्होंने बताया कि किसी भी उत्पाद की गुणवत्तापूर्ण पैकेजिंग करने से उत्पाद की सुन्दरता बढ़ जाती है, परिवहन के दौरान उत्पाद को क्षति भी नहीं पहुँचती है तथा उस उत्पाद के दाम भी अच्छे मिलते हैं, जिससे हस्तशिल्पियों को लाभ होता है।